**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

बुधवार, 13 अगस्त , 2025 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 219, पेज 16, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com

## सतर्क रुख से 368 अंक फिसला सेंसेक्स

निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने और बैंकों के शेयरों में बिकवाली होने से सेंसेक्स 368 .49 अंक गिरकर 80,235 .59 अंक पर बंद हुआ। } 14

## हमला किया तो चुकानी होगी पाक को बड़ी कीमत

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि अगर पाकिस्तान ने भारतीय नागरिकों का खून बहाया तो उसे बहुत भारी कीमत चुकानी होगी। } 16



# अब पुराने लखनऊ में भी दौड़ेगी मेट्रो

○ ओडिशा, पंजाब और आंध्र में चार सेमीकंडक्टर संयंत्रों को मंजूरी ○ 4,594 करोड़ रुपये का होगा निवेश

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश में लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के चरण-1बी को मंगलवार को मंजूरी दे दी। इस परियोजना का कॉरिडोर 11.165 किलोमीटर लंबा होगा और इस पर 5801 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह जानकरी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी।

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, चरण-1बी के चालू होने पर, लखनऊशहर में कुल 34 किलोमीटर का मेट्रो रेल नेटवर्क संचालित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक हुई। एक बयान में सरकार ने कहा कि लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना का चरण-1बी शहर के बुनियादी ढांचे के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है और यह शहर में मेट्रो रेल नेटवर्क के एक बड़े विस्तार को साकार करता है। बयान के मुताबिक, नया कॉरिडोर 11.165 किलोमीटर लंबा होगा और कुल 12 स्टेशन होंगे, जिनमें सात भूमिगत और पांच एलिवेटेड स्टेशन शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि इसमें शहर के पुराने और सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में सुधार होगा, जहां वर्तमान में बेहतर आवागमन सुविधा का अभाव है। वहीं एक अन्य निर्णय में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में कुल 4,594 करोड़ रुपये के निवेश से चार सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की स्थापना को मंजूरी दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी ...शेष पृष्ठ 14 पर




ग्राफिक्स : शिवेन्द्र सिंह




### राजनाथ सिंह व सीएम योगी ने जताया आभार



भारत सरकार के कैबिनेट फैसले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रसन्नता व्यक्त की। सीएम ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट की ओर से आज उत्तर प्रदेश में मेट्रो रेल नेटवर्क को विस्तार देने के लिए 5,801 करोड़ रुपये की लागत से लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के फेज-1बी को मिली स्वीकृति अभिनंदनीय है। इस परियोजना की लंबाई 11.165 किलोमीटर होगी और इसमें 7 भूमिगत और 5 एलिवेटेड सहित 12 स्टेशन होंगे। विभिन्न आर्थिक, सामाजिक... शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

## अंबानी परिवार देश का सबसे अमीर घराना



मुंबई। उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाला अंबानी परिवार 28 लाख करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ देश का सबसे समृद्ध कारोबारी घराना है जबकि अदाणी परिवार 14.01 लाख करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर है। शोध एवं रैंकिंग फर्म हुरुन ने कारोबारी घरानों की संपत्ति में पिछले एक साल में आए बदलाव पर यह रिपोर्ट बार्कलेज के साथ मिलकर तैयार की है।

## फर्जी अंकपत्र गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

मेरठ। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने उच्च माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक के अंकपत्रों में अवैध रूप से अंक बढ़ाकर छात्रों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश दिलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए इसके सरगना समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह गिरोह उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय परिषद (यूपी ओपन स्कूल बोर्ड) से फर्जी तरीके से पिछली तारीखों के अंकपत्र बनवाने का काम भी करता था। एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जितेंद्र सिंह (गिरोह सरगना), शिवकुमार और निखिल तोमर के रूप में हुई है, जो सभी मेरठ जिले के रहने वाले हैं।

# फतेहपुर की घटना पर सरकार सख्त, कानून तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

## 410 नामजद, 150 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज, हर हाल में मेंटेन रहेगा लॉ एंड ऑर्डर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। फतेहपुर की घटना पर यूपी सरकार ने विपक्ष को जवाब दिया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में कहा कि कानून हाथ में लेने वालों को सख्त सजा मिलेगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार और उसका कोई भी तंत्र इस घटना में किसी भी प्रकार से शामिल नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद हैं और सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

जो भी कानून अपने हाथ में लेगा उसको सख्त सजा देने का काम हमारी सरकार करेगी। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे के सवाल का जवाब देते हुए सुरेश खन्ना ने कहा कि इस घटना में सरकार का और सरकारी तंत्र का कोई इनवॉल्वमेंट नहीं है, इसका हम पूरी तरह से खंडन करते हैं। उन्होंने कहा कि घटना के तुरंत बाद 11 अगस्त को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। इस एफआईआर में 10 नामजद आरोपियों के अलावा 150 अज्ञात लोगों को भी शामिल किया गया है। इन सभी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं धारा 190, 191(2), 191(3), 301, 196 के साथ ही आपराधिक कानून ...शेष पृष्ठ 14 पर



### विपक्षी हंगामे के बीच चला सदन

लखनऊ। यूपी विधानमंडल का मानसून सत्र का दूसरा दिन भी हंगामेदार रहा। प्रश्नकाल में स्कूल मर्जर, फतेहपुर की घटना, शिक्षक भर्ती और पत्रकार सुरक्षा के मुद्दों पर विपक्ष ने सरकार के सामने रखे। वहीं सत्ता पक्ष की तरफ से संबंधित मंत्रियों ने उनके जवाब दिए। विपक्ष के हंगामे के कारण दूसरे दिन भी विधानसभा सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल सकी और कल 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गया। सदन की कार्रवाई शुरू होने पहले विपक्ष के नेता माता प्रसाद ने विधानसभा में स्पीकर से कहा की नियमावली में बदलाव करनी चाहिए। वो फतेहपुर का मामला उठाना चाहते हैं। लेकिन नियमावली की वजह से उठा नहीं पा रहे हैं। इस पर डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने पलटवार करते हुए कहा कि कानून अपना काम कर रही है और मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने फतेहपुर में मकबरे में हुए हंगामे की घटना को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि एक पार्टी के नेता ने सात दिन पहले लोगों को आने का आह्वान किया। तय समय पर हंगामा किया। पुलिस उसको संभाल नहीं पाई। सरकार का यह मोटिव हो चुका है कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

# न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए समिति गठित

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को पद से हटाने के कई सांसदों के एक प्रस्ताव को मंगलवार को विचारार्थ स्वीकार कर लिया और उनके खिलाफ आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की और इसके साथ ही न्यायमूर्ति वर्मा पर महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हो गई।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समिति के गठन की घोषणा करते हुए कहा कि न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आरोप गंभीर प्रकृति के हैं, इसलिए उन्हें न्यायाधीश के पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू होनी चाहिए। बिरला ने कहा कि तीन सदस्यीय समिति में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनींद्र मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बी वी आचार्य शामिल होंगे। उन्होंने कहा समिति यथाशीघ्र अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। जांच समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने तक प्रस्ताव (न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने का) लंबित रहेगा। इससे पहले उन्होंने सदन को सूचित किया कि उन्हें गत 31 जुलाई को भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद और सदन में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित सत्ता पक्ष और विपक्ष के कुल 146 सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित प्रस्ताव की सूचना प्राप्त ...शेष पृष्ठ 14 पर

# पुराने वाहन मालिकों को मिली राहत

## उच्चतम न्यायालय ने दण्डात्मक कार्रवाई पर लगायी रोक

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल वाहनों और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों के मालिकों को राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को अधिकारियों को आदेश दिया कि वे उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्वाई न करें।

शीर्ष अदालत राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देश को बरकरार रखने वाले 29 अक्टूबर, 2018 के अपने फैसले को वापस लेने की मांग वाली याचिका पर विचार कर रही थी। उच्चतम न्यायालय ने एनजीटी के आदेश के अनुसार एनसीआर में राज्यों के परिवहन विभागों को 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से ज्यादा पुराने पेट्रोल वाहनों को सड़कों पर चलने से प्रतिबंधित करने का निर्देश दिया था। दूसरी ओर, एनजीटी ने आदेश दिया था कि 15 वर्ष से अधिक पुराने सभी डीजल या पेट्रोल वाहनों को सड़कों पर चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा इसका अनुपालन न करने की स्थिति में मोटर वाहन अधिनियम के तहत वाहनों को जब्त करने सहित उचित कार्वाई की जाएगी। एनजीटी ने 26 नवंबर 2014 को कहा था, यह निर्देश बिना किसी अपवाद के सभी वाहनों पर लागू होगा, अर्थात दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया, हल्के वाहन और भारी वाहन, चाहे वे वाणिज्यिक हों या अन्य। यह आदेश राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में विशेष रूप से सर्दियों के मौसम में बढ़ते वायु प्रदूषण के स्तर को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने मंगलवार को यह आदेश तब पारित किया जब दिल्ली सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से ...शेष पृष्ठ 14 पर



## जेकेएलएफ के पूर्व सदस्यों के ठिकानों पर छापेमारी

श्रीनगर। आतंकवाद के प्रकोप के दौरान 35 साल पहले कश्मीरी पंडित समुदाय की एक महिला की हत्या की जांच फिर से शुरू हो गई है और राज्य अन्वेषण अभिकरण (एसआईए) ने मंगलवार को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जेकेएलएफ के पूर्व सदस्यों से जुड़े आठ स्थानों पर छापेमारी की।

सरला भट्ट अप्रैल 1990 में सोरा स्थित शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के अपने छात्रावास से लापता हो गई थीं और बाद में श्रीनगर में मृत पाई गई थीं। वह एक नर्स थीं। अधिकारियों ने बताया कि एसआईए ने हाल में मामले की जांच अपने हाथ में ली और उसने हत्या के सिलसिले में कई ऐसे लोगों के आवासों पर छापे मारे जो पूर्व में जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) से जुड़े थे। यह कार्वाई मध्य कश्मीर में ...शेष पृष्ठ 14 पर

# 95 प्रतिशत गांवों में पहुंची कनेक्टिविटी : धामी

## मुख्यमंत्री ने लॉन्च किये डिजिटल उत्तराखंड के पांच बड़े नवाचार

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। राज्य में ऑनलाइन शिक्षा, ई-स्वास्थ्य सेवा और भूलेख डिजिटलीकरण जैसे कार्यों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। अपणी सरकार पोर्टल द्वारा 886 सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध करवाया जा रहा है। राज्य के लगभग 95 प्रतिशत गांवों में दूरसंचार कनेक्टिविटी पहुंच चुकी है। यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य सेवक सदन में आयोजित सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाओं के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री ने डिजिटल उत्तराखण्ड एप का उद्घाटन, सुरक्षित, स्केलेबल और सुगम्य (एस3वास) प्लेटफॉर्म आधारित 66 वेबसाइटों का उद्घाटन, नगरीय क्षेत्र में कूड़ा उठाने वाले वाहनों की रियल टाइम ट्रैकिंग के लिए विकसित की गई जीआईएस आधारित वेब एप का उद्घाटन, जन सुविधा के लिए संचालित 1905 सीएम हेल्पलाइन में एआई के अनुप्रयोग नवाचार का और अतिक्रमण की निगरानी के लिए वेब आधारित एप्लीकेशन का शुभारंभ किया। सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड सुंदर पहाड़ी राज्य होने के साथ ही तकनीकी रूप से दक्ष ...शेष पृष्ठ 14 पर






आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें

○ अंग्रेजी व विदेशी भाषा विवि के लिए स्थायी भूमि हस्तांतरित (पृष्ठ-02)
○ दिव्यांगजन पेंशन में आय सीमा समाप्त करने पर विचार (पृष्ठ-02)
○ गोल्ड ईटीएफ में निवेश 40 प्रतिशत घटा (पृष्ठ-14)
○ रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 87.72 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)
○ सोना रिकॉर्ड स्तर से 1000, चांदी दो हजार फिसली (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** आयकर विधेयक को सरकार दोबारा लेकर आयी और इसमें प्रवर समिति के सारे सुझावों को किया गया शामिल

# संसद ने आयकर व कराधान संशोधन विधेयक को दी मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। संसद ने मंगलवार को देश में कराधान क्षेत्र से जुड़े दो महत्वपूर्ण विधेयकों आयकर विधेयक 2025 व कराधान विधि (संशोधन) विधेयक, 2025 को मंजूरी दे दी। वहीं सरकार ने कहा कि इससे देश में कराधान संबंधित नियमों को सरल बनाने में काफी मदद मिलेगी। राज्यसभा ने इन दोनों विधेयकों पर हुई संयुक्त चर्चा और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद इन विधेयकों को ध्वनिमत से लोकसभा को लौटा दिया। लोकसभा इन्हें पहले ही पारित कर चुकी है।

उच्च सदन में इन दोनों विधेयकों के पारित होने के समय कांग्रेस सहित विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्य मौजूद नहीं थे। विपक्षी सदस्यों ने मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग पर सदन से वाकऑउट किया था। वित्तमंत्री सीतारमण ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इन दोनों विधेयकों के प्रवाधान से देश में कराधान प्रणाली को सरल बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने इस बात पर निराशा जतायी कि दोनों विधेयकों पर चर्चा के दौरान विपक्ष के सदस्य सदन में मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा कि आयकर विधेयक को सरकार दोबारा लेकर आयी और इसमें प्रवर समिति के लगभग सारे सुझावों को शामिल कर लिया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि इस विधेयक के जरिये आयकर कानून में जो नये प्रावधान किए गए हैं, उन्हें आम आदमी आयकर विभाग की वेबसाइट पर जाकर देख सकता है। सीतारमण ने फरवरी में पेश किये गए आयकर विधेयक, 2025 ...शेष पृष्ठ 14 पर



### संसद पांच दिन के लिए स्थगित

नयी दिल्ली। संसद के दोनों सदनों में कल 13 अगस्त से 17 अगस्त तक पांच दिन का अवकाश रहेगा। लोकसभा और राज्यसभा की बैठकों को सोमवार 18 अगस्त पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। संसद के मानसून सत्र के पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार, 15 अगस्त को स्वाधीनता दिवस का अवकाश है। संसद सदस्य अपने निर्वाचन क्षेत्रोंराज्यों में स्वाधीनता दिवस संबंधी कार्यक्रमों में भाग ले सकें, इसे ध्यान में रखते हुए 13 एवं 14 अगस्त को भी अवकाश पहले ही घोषित कर दिया गया था। शनिवार एवं रविवार को दोनों सदनों की बैठकें नहीं होती। अतः अब अगली बैठक 18 अगस्त को होगी। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हुआ है और इसके 21 अगस्त को संपन्न होने की घोषणा की गई है।

# बदायूं, शाहजहांपुर में सड़क दुर्घटना, चार लोगों की मौत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। बदायूं और शाहजहांपुर जिले में हुएसड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 6 लोग घायल हो गए। बदायूं जिले में सड़क हादसे में लेखपाल समेत तीन युवकों की मौत हो गई। हादसा सोमवार देर रात करीब एक बजे सिविल लाइंस क्षेत्र में बरेली-बिजनौर मार्ग पर स्थित आरटीओ कार्यालय के पास हुआ।

पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) रजनीश उपाध्याय ने बताया कि जन्मदिन की पार्टी करने के बाद चार दोस्त हर्षित सक्सेना उर्फ राजा (28), रूबल गुप्ता (25), हर्षित गुप्ता (24) और अंकित कार से लौट रहे थे तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर एक खंभे से टकरा गई। इस हादसे में लेखपाल हर्षित सक्सेना, रूबल और हर्षित गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद अंकित को बरेली रेफर कर दिया गया।

वहीं, शाहजहांपुर जिले में एक तेज रफ्तार कार ने सब्जी के ठेलों को टक्कर मार दी जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि घटना सोमवार को तिलहर थाना क्षेत्र में मंडी समिति के सामने की है जब सब्जी का ठेला लेकर जा रहे दो लोगों को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# सरकार ने एक भी विद्यालय को बंद करने का निर्णय नहीं लिया

विशेष संवाददाता (vol)



विधानसभा

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में छात्रों के नामांकन, शिक्षकों की नियुक्ति, स्कूल मर्जर, शिक्षा भर्ती और प्राथमिक स्कूलों में बच्चों की प्रवेश आयु 4 वर्ष करने जैसे मुद्दों पर विपक्ष के हमलों का बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने आंकड़ों की बौछार से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने मर्जर व्यवस्था का पूरी तरह राजनीतिकरण कर आमजन को गुमराह किया है, जबकि सच्चाई यह है कि सरकार ने

- बच्चों की प्रवेश आयु 4 वर्ष करना संभव नहीं, आरटीई नहीं देता अनुमति
- पेयरिंग के बाद 50 छात्रों तक नामांकन वाले विद्यालयों में दो शिक्षक और एक शिक्षामित्र

शिक्षा के स्तर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। मंत्री ने सदन में स्पष्ट किया कि पेयरिंग के बाद 50 तक के नामांकन वाले विद्यालयों में दो शिक्षक और एक शिक्षामित्र तैनात किए जाएंगे।

छात्र-शिक्षक अनुपात पूरी तरह संतुलित है और इसे बनाए रखने की कार्रवाई जारी रहेगी। स्कूल बंद करने के आरोपों को खारिज करते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार ने एक भी विद्यालय को बंद करने का निर्णय नहीं लिया है। सभी परिषदीय विद्यालय यथावत बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित हो रहे हैं।उन्होंने बताया कि वर्तमान में परिषदीय विद्यालयों में कुल नामांकित छात्रों की संख्या लगभग 1.48 करोड़ से अधिक है। परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों की कुल संख्या 6.28 लाख से अधिक है। प्राथमिक विद्यालयों में 1 करोड़ 4 लाख 93 हजार 389 बच्चे नामांकित हैं। इनको शिक्षा देने के लिए 3,38,590 शिक्षक और 1,43,450 शिक्षामित्र नियुक्त हैं जबकि उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 43,01,483 बच्चों को पढ़ाने के लिए 1,20,860 शिक्षक और 25,223 अनुदेशक तैनात हैं। प्राथमिक शिक्षा में 30:1 और उच्च प्राथमिक शिक्षा में 35:1 का अनुपात क अनुपालन हो रहा है। बच्चों की प्रवेश आयु 4 वर्ष करने के सवाल पर उन्होंने दो टूक कहा कि यह संभव नहीं है; क्योंकि फ्ळए के प्रावधानों के तहत देशभर में एक समान व्यवस्था लागू है। 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए आंगनवाड़ी में पढ़ाई व पोषण की व्यवस्था पहले से है। मर्जर पर मंत्री ने बताया कि 1 किमी के दायरे और 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को ही पेयर किया गया है। पेयर किये गये स्कूलों को संसाधनयुक्त विद्यालयों में समाहित किया गया है, ताकि बच्चों को बेहतर सुविधा और निकटतम स्कूल की पहुंच मिले। खाली विद्यालयों में क्ळब्क्र विभाग के साथ मिलकर प्री-प्राइमरी यानी प्ले स्कूल और नर्सरी कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। अब तक 3000 से अधिक विद्यालय आईसीडीएस के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं और इनके लिए 19,484 अउउए की संविदा पर नियुक्ति की जा चुकी है। मंत्री ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि 2017 से 2025 तक सरकार ने जितना काम किया, उतना किसी भी पूर्ववर्ती सरकार ने नहीं किया। इस वर्ष 27 लाख से अधिक बच्चों का नामांकन हुआ है। सपा सरकार के समय 3.45 करोड़ बच्चे शिक्षा से दूर थे, जबकि मौजूदा सरकार ने अभियान चलाकर बच्चों को घर से निकालकर स्कूल तक पहुँचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए मॉडल कंपोजिट विद्यालय बनाए जा रहे हैं। 30 करोड़ की लागत से प्रत्येक विद्यालय का निर्माण होगा और हर जनपद में दो विद्यालय बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी योगी सरकार शिक्षा की गुणवत्ता को ऊंचाई तक ले जाने के लिए संकल्पित है।

## समाजवादी पहले माहौल बिगाड़ते हैं, फिर सदन नहीं चलने देते

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा का छोटा सत्र फतेहपुर की घटना को लेकर लगातार दूसरे दिन हंगामे की भेंट चढ़ गया। सरकार ने सदन में स्पष्ट किया कि घटना पर एफआईआर दर्ज हो चुकी है, दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी, फिर भी विपक्ष ने सदन नहीं चलने दिया। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने विपक्ष पर जानबूझकर अराजकता फैलाने और राजनीतिक लाभ लेने के आरोप लगाए।

वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने फतेहपुर की घटना उठाई, जिस पर उन्होंने उसी वक्त विस्तृत जवाब दिया।ह्लक्राइम नंबर 319 के तहत एफआईआर दर्ज है। 10 नामजद और 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जिन धाराओं में केस हुआ है, वह गंभीर हैं और विवेचना के बाद दोषियों को सजा मिलेगी। पप्पू चौहान का नाम सामने आया है, जिन्हें समाजवादी पार्टी से निकाला गया है। यही इनका तरीका है झ पहले घटना में शामिल होना, फिर सड़क और सदन में माहौल बिगाड़ना ह्व उन्होंने कहा कि छोटा सत्र ऐतिहासिक कार्यों के लिए था, लेकिन विपक्ष ने दोनों दिन सत्र नहीं चलने दिया। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि संसदीय कार्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष के सवाल का स्पष्ट जवाब दे दिया है। सरकार की नजर मामले पर है, सभी दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है। जांच जारी है और जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। यह सरकार करप्शन हो या कानून-व्यवस्था का मामला झ जीरो टॉलरेंस पर काम करती है। उत्तर प्रदेश में किसी को माहौल खराब करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि विपक्ष ने जिस मुद्दे पर हंगामा किया, उस पर पहले से ही मुकदमा दर्ज है और कार्रवाई चल रही है। विपक्ष के पास न कोई मुद्दा है, न विजन। ये लोग गुंडागर्दी के आधार पर चुनाव लड़ते और सरकार चलाते हैं, इसलिए लोकतंत्र पर इनका भरोसा नहीं है। फतेहपुर मामले में चाहे दोषी सपा कार्यकर्ता हो या कोई और, कार्रवाई तय है। तीनों मंत्रियों ने एक स्वर में कहा कि सरकार कानून के तहत ही आगे बढ़ेगी और किसी को भी राजनीतिक या साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी। विपक्ष को तथ्यों के बाद शांत हो जाना चाहिए, लेकिन उन्होंने व्यवधान डालकर जनता के कामकाज में बाधा पहुंचाई। भारतीय अंतरिक्ष यात्री एवं ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के एक्सिओम-4 मिशन की सफलता पर उनके सम्मान में सरकार की तरफ से बधाई प्रस्ताव पारित किया गया। मौजूद सभी सदस्यों ने इसका समर्थन किया। बताते चलें कि करीब चार दशक बाद मानव अंतरिक्ष उड़ान के क्षेत्र में भारत ने वापसी की। एक्सिओम-4 मिशन के तहत लखनऊ के रहने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने सफलता पूर्वक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) से धरती पर वापसी की। ग्रुप कैप्टन शुक्ला और उनकी टीम को देशभर से शुभकामनाएं मिलीं। अब यूपी विधानसभा में बधाई प्रस्ताव भी पारित किया गया है। सदन में विपक्ष के हंगामे के बीच विधायक पल्लवी पटेल मोबाइल से वीडियो बनाने लगीं। इस पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उन्हें वीडियो न बनाने की हिदायत दी। बनाए गए वीडियो को डिलीट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी सोशल मीडिया पर सदन का कार्यवाही का वीडियो देखा तो मैं संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करूंगा।

- सरकार का रुख फिर किया स्पष्ट, यह जीरो टॉलरेंस की सरकार, दोषियों को नहीं छोड़ा जायेगा
- विपक्ष पर मंत्रियों का हमला, मुद्दा और विजन विहीन होकर अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहा विपक्ष

कानून व्यवस्था को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा। उन्होंने हत्या, छेड़छाड़, दुष्कर्म और पुलिस के उत्पीड़न के आंकड़े रखते हुए अपने सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि हर जिले में पर्याप्त फोरेंसिक टीम नहीं है। ऐसे में कैसे आमजन को सुरक्षा मिलेगी। इस सवाल पर जवाब देते हुए मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सैकड़ों मामलों में मिनिमम 22 दिन और अधिकतम 134 दिन के भीतर सजा हुई। इतनी जल्दी न्यायिक प्रक्रिया से किसी भी सरकार में सजा नहीं हुई। वर्तमान में प्रदेशभर में 12 फोरेंसिक लैब काम कर रही हैं। तीन जिलों में काम चल रहा है। बाकी तीन जिलों में जिस दिन जमीन मिल जाएगी, वहां भी फोरेंसिक लैब बना दी जाएगी।

हर मंडल में फोरेंसिक लैब बनाने का लक्ष्य है। विपक्ष के सवालों का उत्तर देते हुए मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि पुलिस विभाग में हमने 2 लाख 19 हजार से ज्यादा भर्तियां की। महिलाओं को 20 फीसदी आरक्षण दिया गया। हम पुलिसकर्मियों के रहने के लिए बैरक बना रहे हैं। जलशक्ति मंत्री के बयान पर विधायक इमरान आक्रोशित हो उठे। उन्होंने कहा कि मंत्री झूठे बयान दे रहे हैं।

आप फोन करके गांववालों से पूछ लीजिए, यदि पानी पहुंच रहा होगा तो मैं सदन से इस्तीफा दे दूंगा। उन्होंने योजना की जांच कराने की मांग की। सपा विधायक इमरान के सवाल का जवाब देते हुए जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि इमरान अपनी बीबी की कसम खाकर बताइए कि आपके गांव में पानी नहीं पहुंच रहा है। इसका विपक्ष के नेताओं ने विरोध किया। मंत्री ने आगे कहा कि जिस कंपनी को ठेका दिया गया है, उसने लिखकर दिया है कि 90 फीसदी काम पूरा कर लिया गया है। यदि काम नहीं हुआ तो कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। सपा विधायक हाथों में एक लंबा कैलेंडर लेकर पहुंचे। इसमें उन्होंने सरकार को घेरने के लिए अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ समेत विभिन्न नारे लिख रहे थे।

# दिव्यांगजन पेंशन में आय सीमा समाप्त करने पर विचार करेगी सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

विधान परिषद

**लखनऊ।** विधान परिषद में मंगलवार को शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी की ओर से दिव्यांगजन पेंशन को लेकर किए सवाल किया गया। जवाब में नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने आश्वासत किया कि दिव्यांगजनों को पेंशन के लिए निर्धारित आय सीमा समाप्त करने पर विचार करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार पेंशन के लिए निर्धारित आय सीमा समाप्त करने पर गंभीरता से विचार करेगी। ध्रुव त्रिपाठी ने प्रश्नकाल में पूछा था कि जब दिव्यांगजनों को नौकरी में आरक्षण और कोटा का लाभ बिना आय सीमा के मिलता है, तो पेंशन में यह शर्त क्यों है। उन्होंने कहा कि पेंशन का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आर्थिक सहारा देना है, जिसे आय सीमा से नहीं बांधा जाना चाहिए। उनका कहना था कि किसी सरकार या किसी व्यक्ति ने तो उन्हें दिव्यांग नहीं बनाया। वह राजमहल में रहता हो या झोपड़ी में दिव्यांग तो दिव्यांग है। उसके साथ भेदभाव कैसे किया जा सकता है। इस पर नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार दिव्यांगों के प्रति पूरी सहानुभूति रखती है। इसलिए उन्हें पीएम आवास से लेकर तमाम सुविधाओं में प्राथमिकताएं दी जाती है। पेंशन में आय की सीमा की मामले में भी सरकार का दृष्टिकोण सकारात्मक है। जल्द ही इस प्रकरण में भी सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

**पहली बार यूपी के कृषि विश्वविद्यालय को नैक रैंकिंग मिली :** विधान परिषद में मंगलवार को सरकार ने स्वीकार किया कि प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों में शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर संवर्ग में समूह-'ख' और समूह-'ग' के आधे पद खाली हैं। सभी विश्वविद्यालयों में दोनों श्रेणी के कुल 2,234 स्वीकृत पद हैं। इनमें से 1,119 पद खाली हैं। सदन में सपा सदस्य डॉ. मान सिंह यादव ने सरकार से यह सवाल पूछा था कि प्रदेश में कितने कृषि विश्वविद्यालय हैं? उनमें समूह-'ख' व समूह-'ग' कितने पद स्वीकृत हैं और कितने खाली हैं। सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में समूह-ख के 277 में से 246 और समूह-ग के 490 में से 210 पद खाली हैं। वहीं आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अयोध्या में समूह-ख के 256 में 70, समूह-ग के 563 में 364, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में समूह-ख के 153 में 69, समूह-ग के 36 में 29, सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ में समूह-ख के 204 में 78, समूह-ग के 113 में 47, सैम हिग्गिनबॉटम कृषि प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय प्रयागराज में समूह ख के 93 में 5 और समूह-ग के 40 में 1 पद खाली है। इस पर पूरक प्रश्न करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने पूछा कि जब शिक्षक ही नहीं हैं तो पढ़ाई कैसे हो रही है। आठ सालों से आपकी सरकार है, इतनी रिक्तियां कैसे हैं। जवाब में कृषि मंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों में प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों की हालत बहुत खराब थी। हमारी सरकार चरणबद्ध तरीके से भर्तियां कर रही है। पहली बार देश में यूपी के कृषि विश्वविद्यालय को नैक रैंकिंग मिली है।

**प्रोटोकॉल संबंधी आदेशों का कड़ाई से पालन कराए सरकार :** विधान परिषद में मंगलवार को सभापति ने सरकार को निर्देश देते हुए कहा कि सदन के सदस्यों के प्रोटोकॉल के सम्बंध में मुख्य सचिव की ओर से जनवरी, 2025 में जारी किए गए आदेश का कड़ाई से पालन किया जाए। इस पर नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने आश्वासन दिया कि प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करवाया जाएगा। सदन में शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी समेत कई अन्य सदस्यों ने यह शिकायत की थी कि उनके क्षेत्र में कोई कार्यक्रम होता है तो विधान परिषद सदस्यों का नाम विज्ञापन में नहीं छपता। कुछ सदस्यों की शिलापट्ट पर नाम न लिखने की शिकायत की थी।

ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने सिद्धार्थ नगर जिले के नगर पंचायतों एवं नगर पालिका परिषदों में पंचायतों एवं नगर पालिका परिषदों में सरकारी धन से निकाले गए विज्ञापन में सदन के सदस्यों के फोटो नहीं लगाए जाते हैं और इस मामले में नगर विकास मंत्री द्वारा सदन में असत्य एवं भ्रामक सूचना दिए जाने के कारण उन्होंने विशेषाधिकार हनन की नोटिस दी है। इन शिकायतों को सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने स्वीकार करते हुए उक्त प्रकरण पर कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए।

## लखनऊ के शीतला देवी मंदिर के जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण की मांग



विधान परिषद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य मुकेश शर्मा ने मंगलवार को मॉनसून सत्र के दूसरे दिन सदन में राजधानी लखनऊ स्थित मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्याकरण के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश भर में मंदिरों में सुविधाओं का विस्तार एवं सौन्दर्याकरण कार्य को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुकेश शर्मा ने विशेष रूप से राजाजीपुरम स्थित शीतला देवी मंदिर का उल्लेख करते हुए बताया कि यह आस्था का एक प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन हेतु आते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं मंदिर की गरिमा बनाए रखने के लिए मंदिर का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्याकरण आवश्यक है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इस लोकमहत्व के विषय पर संज्ञान लेते हुए शीतला देवी मंदिर में आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने और जीर्णोद्धार कार्य को शीघ्र प्रारंभ किया जाए।

# फतेहपुर विवाद पर अजय राय ने पुलिस की भूमिका पर उठाये सवाल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** फतेहपुर में हुए विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सरकार की कार्यशैली और पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़ा किया है।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने फतेहपुर हिंसा को योगी सरकार की लापरवाही बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का फतेहपुर दोआब के नाम से जाना जाता है। फतेहपुर गंगा जमुनी तहजीब के लिए देशभर में मशहूर है। यहां तक 1992 में बाबरी विध्वंस के दौरान जब पूरा देश हिंदू मुसलमान के नाम पर लड़ रहा था तब भी फतेहपुर ने अपनी गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखा और फतेहपुर को बचाया था लेकिन आज भाजपा के नेताओं ने सत्ता की हनक और पुलिस के संरक्षण के दम पर उसी फतेहपुर की गंगा जमुनी तहजीब पर एक दंश लगाने का काम किया है।अजय राय ने कहा कि जब पुलिस प्रशासन को मामले की जानकारी थी फतेहपुर भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल द्वारा वीडियो और प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लोगों से मकबरे को तोड़ने के लिए भीड़ का आह्वान किया जा रहा था तभी पुलिस प्रशासन द्वारा भाजपा नेता मुखलाल पाल के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की? अगर



वक्त रहते पुलिस प्रशासन ने भाजपा नेता की खिलाफ कार्रवाई की होती तो फतेहपुर का अमन-चैन कायम रहता। उन्होंने कहा कि योगी सरकार जीरो टॉलरेंस नीति का दावा करती है तो क्या यही जीरो टॉलरेंस है? जो उनकी पार्टी के जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, पूर्व विधायक विक्रम सिंह तमाम संगठनों को लेकर फतेहपुर को दंगों की आग में झोंकना चाहते थे। बीजेपी के इन तथाकथित नेताओं की नजर मकबरे के नाम पर दर्ज 11 बीघा की बेशकीमती जमीन पर है जिसे बीजेपी संरक्षित भू-माफिया कब्जा करके प्लाटिंग करना चाहते हैं।अजय राय ने कहा कि फतेहपुर पुलिस प्रशासन की विफलता पूरे देश ने देखा है कि कैसे पुलिस की मौजूदगी में दंगाई मकबरे तक पहुंचे और पुलिस की मिलीभगत से तोड़फोड़ की गई। भाजपा हताश है फतेहपुर में लगातार अपनी हार से पहले विधानसभा हारी फिर चेयरमैनी फिर सांसदी तो लगातार हार से हताश है इसलिए माहौल खराब करके हिदू-मुस्लिम के बीच एक खाई पैदा करने की कोशिश की है। 24 घंटे से ज्यादा का समय बीत गया है लेकिन अभी तक पुलिस प्रशासन ने किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की हैं। फतेहपुर पुलिस प्रशासन भाजपा के दबाव में काम कर रहा है जिससे की आरोपियों को बचाया जा सके।

## लखनऊ व गाजियाबाद में कूड़ा कलेक्शन के यूजर चार्ज में फर्जीवाड़ा उजागर

**लखनऊ।** लखनऊ और गाजियाबाद में डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने के लिए यूजर चार्ज वसूलने में फर्जीवाड़ा किया गया। दोनों नगर निगमों में आवासीय व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से यूजर चार्ज ही नहीं वसूला गया, इससे 71.50 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इतना ही नहीं, लखनऊ व गाजियाबाद में यूजर चार्ज वसूलने वाली फर्मों को 4.06 करोड़ रुपये अधिक भुगतान किए जाने का खुलासा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट में हुआ है। मंगलवार को विधानमंडल में रखी गई कैग की रिपोर्ट के अनुसार लखनऊ में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए अप्रैल 2017 में उपविधि बनाई गई। इसमें घरों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने के लिए यूजर चार्ज तय किया गया। लखनऊ में यह काम इको ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया। आवासीय से 40 और व्यवसायिक प्रतिष्ठान से 100 रुपये प्रति माह शुल्क लेने की व्यवस्था की गई। इसके आधार पर वर्ष 2017 से 2021 के दौरान कुल 49.15 करोड़ रुपये यूजर चार्ज के रूप में वसूला जाना चाहिए था, लेकिन 32.88 करोड़ रुपये ही वसूला गया और 16.27 करोड़ रुपये छोड़ दिया गया। इतना ही नहीं इको ग्रीन को यूजर चार्ज पूरा वसूल किए बिना ही कमीशन का पूरा पैसा दे दिया गया। इको ग्रीन को यूजर चार्ज की कुल राशि का पहले साल 50, दूसरे साल 60 और तीसरे साल 75 प्रतिशत बतौर कमीशन मासिक बिल के आधार पर दिया जाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। कैग की रिपोर्ट में कहा गया है कि जांच के दौरान लखनऊ नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाही उजागर हुई है। इसी तरह गाजियाबाद नगर निगम में भी यूजर चार्ज वसूलने में फर्जीवाड़ा किया गया। नगर निगम ने अगस्त 2017 में उपविधि बनाते हुए भवन के क्षेत्रफल के आधार पर यूजर चार्ज तय किया। गरीबी की रेखा के नीचे वाले भवनों से हर माह न्यूनतम 30 रुपये यूजर चार्ज तय किया गया। थ्री स्टार या अन्य उच्च श्रेणी के 1000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले होटलों से अधिकतम 14000 रुपये प्रति माह तक यूजर चार्ज तय किया गया। छोटे मोहल्ले की दुकानों से 70 रुपये प्रति माह यूजर चार्ज तय किया गया।

## अखिलेश ने पूर्व सीएम शिबू सोरेन को अर्पित की श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को रांची होते हुए रामगढ़ के निमरा पहुंचकर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरू स्वर्गीय शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की और स्वर्गीय शिबू सोरेन के पुत्र और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना प्रकट की।

- फतेहपुर की घटना पर भाजपा सरकार को घेरा

इस अवसर पर अखिलेश यादव ने हेमंत सोरेन की माता रूपी सोरेन और उनकी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन और परिवार के अन्य सदस्यों से भी भेंट की। इससे पूर्व रांची पहुंचने पर मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि शिबू सोरेन ने आदिवासी भाई-बहनों की परेशानी और उनके साथ हुए अन्याय को समझा। उन्होंने आदिवासी भाई-बहनों के अधिकारों के लिए जीवन भर संघर्ष किया। शिबू सोरेन ने अपने जीवन में एक पार्टी खड़ी की। नया प्रदेश बनाने के लिए संघर्ष किया। शिबू सोरेन जैसा नेता बनना बहुत मुश्किल है। उनका पूरा जीवन संघर्ष से भरा रहा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को विरासत में एक विचारधारा मिली और पिता का लम्बा संघर्ष उनके साथ है। हमें उम्मीद है कि हेमंत उस विरासत को आगे बढ़ायेंगे। अखिलेश यादव ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भाजपा जनता से मतदान का अधिकार छीनना चाहती है। भाजपा के लोग हकमारी तो करते ही हैं। अब मतमारी कर रहे हैं। एसआईआर के बहाने ये लोग बड़े पैमाने पर वोटो का हेरफेर करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि फतेहपुर की घटना के लिए सरकार को दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। वीडियो में जितने लोग दिखाई दे रहे है, सभी को जेल भेजना चाहिए। जिलाधिकारी और एसपी ने अगर कार्रवाई नहीं की है तो सरकार उन्हें तत्काल हटाये। उन्होंने कहा कि फतेहपुर में घटी घटना, तेजी से खत्म होती भाजपा की निशानी है। जब-जब भाजपा और उनके संगी साथियों की पोल खुलने लगती है, तब-तब सौहार्द बिगाड़ने की साजिश की जाती है। जनता अब इस भाजपाई चाल को समझ गयी है।

# अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विवि के लखनऊ परिसर के लिए स्थायी भूमि हस्तांतरित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अंग्रेजी एवं अन्य विदेशी भाषाओं की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से योगी सरकार द्वारा अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय, हैदराबाद (केंद्रीय विश्वविद्यालय) के लखनऊ परिसर

- उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने किया हस्ताक्षर, परिसर विभिन्न भाषाओं के पाठ्यक्रम चलायेगा विवि

की स्थापना के लिए स्थायी परिसर निर्माण के लिए भूमि हस्तांतरित की गई। यह परिसर बीए (ऑनर्स) अंग्रेजी, एमए अंग्रेजी, एमए भाषाविज्ञान, एमए अंग्रेजी साहित्य, पीजीडीटीई और पीएचडी जैसे नियमित कार्यक्रमों के साथ-साथ फ्रेंच, जर्मन, रूसी और स्पेनिश भाषाओं के अंशकालिक पाठ्यक्रम भी संचालित करेगा। वर्तमान में विश्वविद्यालय अस्थायी रूप से आरटीटीसी कॉम्प्लेक्स, कानपुर रोड, लखनऊ में संचालित है।

भूमि हस्तांतरण समारोह उच्च शिक्षा मंत्री के लखनऊ स्थित आवास पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय उपस्थित रहे। उनके साथ उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, सरोजनी नगर विधानसभा के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह, उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल, विशेष सचिव निधि श्रीवास्तव सचिव अमित त्रिपाठी, अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा



विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन. नागराजू, कुलसचिव प्रो. एम. हरिप्रसाद, निदेशक (लखनऊ परिसर) प्रो. रजनीश अरोड़ा तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को वैश्विक स्तर की भाषाई शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। यह विश्वविद्यालय भाषाई शिक्षा, साहित्य और भाषाविज्ञान के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्थायी परिसर के निर्माण से शिक्षा की गुणवत्ता और सुविधाओं में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन. नागराजू ने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भूमि हस्तांतरण संस्थान के दीर्घकालिक विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आश्वासन दिया कि लखनऊ परिसर को भाषाई शिक्षा और अनुसंधान का उत्कृष्ट केंद्र बनाया जाएगा।जिलाधिकारी लखनऊ द्वारा ग्राम चकौली, परगना बिजनौर, तहसील सरोजनी नगर, लखनऊ में कुल 2.3239 हेक्टेयर भूमि को इस परियोजना के लिए चिन्हित किया गया था। प्रारंभिक मूल्यांकन के अनुसार भूमि का मूल्य 9,29,56,000 रूपए तथा मालगुजारी 34,858.50 रूपए वार्षिक आंका गया। विश्वविद्यालय द्वारा भूमि क्रय करने में असमर्थता व्यक्त करने के बाद, योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने मंत्री परिषद से अनुमोदन प्राप्त कर इस भूमि को उच्च शिक्षा विभाग के नाम निःशुल्क हस्तांतरित करते हुए विश्वविद्यालय को 1 रूपए प्रतिवर्ष की लीज पर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। अनुमोदन के क्रम में राजस्व अभिलेखों में भूमि दर्ज कर ली गई तथा 12 अगस्त को औपचारिक लीज डीड निष्पादित की गई। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन निदेशक, लखनऊ परिसर प्रो. रजनीश अरोड़ा ने किया।

## अवशेष आवासों का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ करायें शीघ्र पूरा : एस.पी.गोयल

**लखनऊ।** मुख्य सचिव श्री एस.पी.गोयल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि अवशेष आवासों का निर्माण कार्य मानक एवं गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा कराया जाये। उन्होंने कहा कि योजना के लाभार्थियों को अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे दिव्यांगजनों के लिए मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन एवं वृद्धावस्था पेंशन आदि से जोड़ा जाए, ताकि उनका समग्र विकास सुनिश्चित हो। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत उत्तर प्रदेश में 36.57 लाख आवासों के लक्ष्य के सापेक्ष 99.37 प्रतिशत आवास पूर्ण हो चुके हैं, जबकि लगभग 23 हजार आवास अभी अधूरे हैं। आवास पूर्णता के मामले में उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। भारत सरकार के परफारमेन्स इन्डेक्स, राजमिस्त्री प्रशिक्षण, सोशल ऑडिट, एरिया ऑफिसर एप पर इन्सपेक्शन, आवास पूर्णता एवं तेजी से घर बनाया जाना आदि के मामले में उत्तर प्रदेश का देश में प्रथम स्थान है। निर्मित आवासों को कनवर्जेन्स के माध्यम से 99.39 प्रतिशत शौचालय, 93.31 प्रतिशत विद्युत कनेक्शन, 94.42 प्रतिशत एलपीजी कनेक्शन, 80.02 प्रतिशत पेयजल कनेक्शन से संतृप्त किया गया है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अन्तर्गत बिजनौर जनपद की बोक्सा जनजाति के लिए स्वीकृत 145 आवासों में से 123 पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 22 आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। प्रधानमंत्री मॉडल आवास (ग्रामीण) के अन्तर्गत 587 मॉडल हाउस का निर्माण पूर्ण तथा 190 निमार्णाधीन मॉडल हाउस का कार्य प्रगति पर है।

# बीबीडी विश्वविद्यालय में एंटी-रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत वरिष्ठ छात्रों के लिए संवादी सत्र






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बीबीडी विश्वविद्यालय में आज से एंटी-रैगिंग सप्ताह (12 से 18 अगस्त 2025) की औपचारिक शुरूआत एक विशेष संवादी सत्र के साथ हुई। यह सत्र विश्वविद्यालय के वरिष्ठ छात्रों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें एंटी-रैगिंग उपायों, छात्र आचार संहिता और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण के निर्माण पर विस्तार से चर्चा की गई। यह कार्यक्रम बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ। डीन, छात्र कल्याण एवं चीफ प्रॉक्टर प्रो. (डॉ.) एस. एम. के. रिजवी ने छात्रों के साथ संवाद करते हुए रैगिंग के कानूनी प्रावधानों, अनुशासनात्मक कार्रवाई और नैतिक जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ छात्रों की भूमिका नए छात्रों के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणादायी होनी चाहिए। बीबीडीयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. के. श्रीवास्तव ने छात्रों को संबोधित करते हुए एंटी-रैगिंग के महत्व के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण पर भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि रैगिंग मुक्त परिसर केवल नियमों से नहीं, बल्कि आपसी सम्मान और समझ से संभव है। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) एस. अहमद अली, निदेशक, आईक्यूएसी सहित विभिन्न स्कूलों के डीन एवं वरिष्ठ संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे। पूरे सत्र में विद्यार्थियों ने खुलकर अपने विचार, अनुभव और सुझाव साझा किए, जिससे यह कार्यक्रम वास्तव में संवादात्मक और प्रभावी बन सका। कार्यक्रम का समापन रैगिंग मुक्त परिसर बनाने की सामूहिक शपथ के साथ हुआ। सभी ने संकल्प लिया कि वे विश्वविद्यालय में स्वस्थ, सुरक्षित और सहयोगपूर्ण माहौल बनाए रखने में सक्रिय योगदान देंगे।

# पुराने शहर में वर्ष 2032 तक दौड़ेगी ब्लू मेट्रो

## 11.2 किमी लंबे कोरिडोर को पांच वर्षों में पूरा करने का होगा लक्ष्य, यूपीएमआरसी जल्द शुरू करेगा निर्माण कार्य के लिए टेंडर की प्रक्रिया

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी में मेट्रो रेल सेवा के विस्तार की दिशा में मंगलवार को एक बड़ा मुकाम हासिल हुआ। मेट्रो के विस्तार में फेज 1बी के अंतर्गत चारबाग से वसंतकुंज को जोड़ने वाले ईस्ट वेस्ट कोरिडोर को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी मिलने से पुराने शहर में खुशी ही लहर दौड़ गई। केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद अब मेट्रो निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू होगी जिसके लिए सबसे पहले टेंडर की प्रक्रिया आरंभ होगी। इससे पूर्व मार्च 2024 में ईस्ट वेस्ट कोरिडोर की डीपीआर को राज्य सरकार का अनुमोदन किया था। जुलाई 2024 में परियोजना को नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) से और मई 2025 में परियोजना की डीपीआर को पब्लिक इन्वेस्टमेंट बोर्ड अर्थात पीआईबी की मंजूरी मिली थी। पूरी कोशिश होगी कि ईस्ट वेस्ट कोरिडोर को भी समय से पूर्व लखनऊ की जनता को सौंपा जाए। चारबाग से वसंतकुंज के बीच ईस्ट वेस्ट परियोजना को पूरा होने में पांच वर्षों का समय लगने का अनुमान है। नार्थ-साउथ कोरिडोर पर जहां रेड मेट्रो दौड़ रही है वहीं ईस्ट-वेस्ट कोरिडोर पर ब्लू मेट्रो दौड़ेगी।

मेट्रो के नए रूट से पुराने लखनऊ के इलाकों में मिलेगी विश्वस्तरीय सुविधा मिलेगी। चारबाग से वसंत कुंज तक लखनऊ मेट्रो का ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर पुराने लखनऊ के बेहद घने बसे प्रमुख स्थानों जैसे अमीनाबाद, चौक, ठाकुरगंजआदि को कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। कोरिडोर से सिटी रेलवे स्टेशन एवं चौक स्थित केजीएमयू मेडिकल कॉलेज जुड़ेगा जहां लाखों की संख्या में लोग आते हैं। साथ ही यह कोरिडोर विस्तृत हो रहे लखनऊ शहर को वसंतकुंज तक कनेक्टिविटी प्रदान करेगा जहां बड़ी संख्या में लोग निवास करते हैं। लखनऊ के लिए बहुप्रतीक्षित इस कोरिडोर के बनने से मौजूदा 23 किमी लंबे उत्तर दक्षिण मेट्रो कोरिडोर के स्थानों को पूरी कनेक्टिविटी मिल जाएगी और लखनऊ शहर में मेट्रो का विस्तार 35 किमी का हो जाएगा।

**चारबाग मेट्रो स्टेशन इंटरचेंज स्टेशन के तौर पर काम करेगा :** चारबाग से वसंत कुंज तक प्रस्तावित ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर की कुल मार्ग लंबाई 11.165 किलोमीटर होगी, जिसमें एलिवेटेड सेक्शन 4.286 किलोमीटर तथा भूमिगत सेकशन 6.879 किलोमीटर का होगा। इस कॉरिडोर में कुल स्टेशनों की संख्या 12 है जिसमें 7 भूमिगत और 5 एलिवेटेड स्टेशन हैं। इस परियोजना की अनुमानित लागत 5801 करोड़ रुपये हैं। ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर में 12 मेट्रो स्टेशन हैं। यह कोरिडोर लखनऊ मेट्रो के मौजूदा नार्थ-साउथ कोरिडोर के चारबाग मेट्रो स्टेशन से जुड़ेगा। चारबाग मेट्रो स्टेशन इंटरचेंज स्टेशन के तौर पर काम करेगा जहां से यात्री एक दूसरे कोरिडोर में जाने के लिए मेट्रो बदल सकेंगे।

**समय से पूर्व जनता को सौंपेंगे नया कोरिडोर : एमडी ...** इस मौके पर उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि लखनऊ में मेट्रो रेल सेवा के विस्तार से यात्रियों को ईज ऑफ ट्रैवलिंग के अंतर्गत सुगम, सुरक्षित, सुविधाजनक और विश्वस्तरीय शहरी परिवहन सेवा घने बसे इलाकों में भी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि मेट्रो के विस्तार से विस्तृत होते लखनऊ को पुराने शहर की संस्कृति, खान-पान, पर्यटन, रोजगार जैसे क्षेत्रों में सुगमता का फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि लखनऊ मेट्रो को जिस तरह निर्धारित समय से पहले बनाकर तैयार किया गया था पूरी कोशिश होगी कि ईस्ट वेस्ट कोरिडोर को भी समय से पूर्व लखनऊ की जनता को सौंपा जाए। चारबाग से वसंतकुंज के बीच ईस्ट वेस्ट परियोजना को पूरा होने में पांच वर्षों का समय लगने का अनुमान है। यूपीएमआरसी ने इस कोरिडोर से जुड़े काफी ग्राउंडवर्क और रिसर्च डेटा को पहले ही तैयार कर लिया है। अभी लखनऊ में सीसीएस एयरपोर्ट से मुंशीपुलिया के बीच 21 स्टेशनों में मेट्रो की सेवा संचालित है। इस प्रोजेक्ट का 50 प्रतिशत खर्च केंद्र व राज्य सरकार मिलकर उठाएंगी। वहीं, शेष 50 प्रतिशत राशि का प्रबंध यूपीएमआरसी ऋण के माध्यम से करेगा।

**अवधी जायकों के केंद्रों, पर्यटन स्थलों और वाणिज्यिक केंद्रों को जोड़ेगा मेट्रो कोरिडोर :** मेट्रो का नया कोरिडोर राजधानी के प्रमुख पर्यटन स्थलों, वाणिज्यिक केंद्रों और अवधी जायकों के मरकजों और किंग जॉर्ज मेडिकल यूनीवर्सिटी जैसे स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण केंद्रों को भी जोड़ेगा। इन स्टेशनों के जरिये अमीनाबाद, याहियागंज और पांडेयगंज जैसे प्रमुख वाणिज्यिक केन्द्रों, बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा और रूमी दरवाजे जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों, किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय जैसे प्रमुख स्वास्थ्य केंद्रों और अपने लखनवी जायकों के लिये मशहूर चौक तथा अमीनाबाद जैसे इलाकों तक पहुंचना बहुत आसान हो जाएगी।

**यातायात भीड़भाड़ में कमी :** शहर में एक कारगर वैकल्पिक सड़क परिवहन के रूप में मेट्रो रेल और मेट्रो रेल नेटवर्क के विस्तार के रूप में चरण-1बी से यातायात की भीड़भाड़ कम होने की उम्मीद है और यह पुराने लखनऊ के अत्यधिक भीड़भाड़ वाले मार्गों पर विशेष रूप से प्रभावी होगा। सड़क यातायात में कमी से वाहनों की आवाजाही सुगम हो सकती है, यात्रा का समय कम हो सकता है और समग्र सड़क सुरक्षा में वृद्धि हो सकती है। मेट्रो रेल नेटवर्क में वृद्धि से पारंपरिक जीवाश्म ईंधन आधारित परिवहन की तुलना में कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आएगी।

**बेहतर कनेक्टिविटी से स्थानीय व्यवसायों को मिलेगा बढ़ावा**

यात्रा का समय कम होने और शहर के विभिन्न हिस्सों जैसे हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशनों और बस डिपो तक बेहतर पहुंच से लोगों को अपने कार्यस्थलों और गंतव्यों तक अधिक कुशलता से पहुंचने में मदद मिलेगी, जिससे उत्पादकता में वृद्धि हो सकती है। साथ ही, बेहतर कनेक्टिविटी स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा दे सकती है, खासकर नए मेट्रो स्टेशनों के पास के क्षेत्रों में, जिससे पहले कम पहुंच वाले क्षेत्रों में निवेश और विकास को भी आकर्षित किया जा सकता है।

**लखनऊ के तेज आर्थिक विकास में राजनाथ का योगदान :** वर्ष 2014-15 में ही राजनाथ सिंह की ओर से लखनऊ के तेज आर्थिक विकास के लिए रोड, रेल तथा हवाई सुविधाओं के विस्तार की योजना बनवायी गयी थी। यह मूलरूप से आर्थिक विकास के विश्व व्यापी सिद्धांत- जितनी तेज गति उतनी तेज प्रगति पर आधारित था। इसके अनुरूप सभी हाईवेज का 4/6 लेन में चौड़ीकरण किया गया। 104 किलोमीटर लम्बी 08 लेन चौड़ी आउटर रिंग रोड का निर्माण पूरा हुआ। कानपुर-लखनऊ को जोड़ने वाली 67 किलोमीटर लम्बी 06 लेन एलीवेटेड एक्सप्रेसवे का निर्माण प्रारम्भ हुआ, जो शीघ्र पूरा होने जा रहा है।

**भीड़भाड़ वाले मार्गों पर यातायात को सुगम बनाएगी यह परियोजना :** लखनऊ मेट्रो की यह परियोजना खासकर पुराने लखनऊ के भीड़भाड़ वाले मार्गों पर यातायात की भीड़ को कम करेगी, इससे वाहनों की सुगम आवाजाही होगी। परियोजना के परवान चढ़ने के बाद इससे यात्रा समय घटेगा और सड़क सुरक्षा में वृद्धि आएगी। पर्यावरण की दृष्टि से भी यह परियोजना महत्वपूर्ण है, इससे मेट्रो जीवाश्म ईंधन आधारित परिवहन की तुलना में कार्बन उत्सर्जन कम करेगी, जो सतत विकास की दिशा में कदम है। इसके अलावा बेहतर कनेक्टिविटी से उत्पादकता बढ़ेगी, हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन और बस डिपो तक पहुंच आसान होगी।

# गंदगी फैलाने वाले 51 लोगों पर 12700 का जुर्माना

## 11 किलो प्लास्टिक जब्त, 24 से 57 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूला

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर मंगलवार सुबह सभी अपर नगर आयुक्तों एवं नोडल अधिकारियों ने अपने-अपने जोनों में सफाई व्यवस्था का व्यापक निरीक्षण किया। विशेष सफाई अभियान के तहत हुए इस निरीक्षण में संबंधित जोनल स्वास्थ्य अधिकारियों, सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों के साथ मिलकर प्रमुख स्थानों का दौरा किया गया और जहां-जहां कमियां पाई गईं, वहां मौके पर ही सफाई सुनिश्चित कराई गई। साथ ही लापरवाही बरतने वाली संस्थाओं पर जुमार्ना और नोटिस की कार्यवाही भी की गई। इस दौरान विभिन्न जोन में गंदगी फैलाने वाले 51 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 12700 रुपए का जुर्माना लगाया गया। वहीं प्लास्टिक को लेकर भी पूरे दिन में 11 किलो प्लास्टिक विभिन्न जोन में कार्रवाई करके जब्त की गई। साथ ही 24 लोगों के खिलाफ चालान करके 57 हजार 500 रुपये का जुर्माना किया गया। अपर नगर आयुक्त ललित कुमार ने नावेल्टी चौराहा, त्रिलोकनाथ रोड, जीपीओ चौराहा, लाटूस रोड आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर नालियां सिल्ट से भरी मिलीं जिन्हें तुरंत साफ कराया गया। लालकुआ वार्ड में जुमार्ना लगाते हुए संस्था को नोटिस जारी किया गया। वहीं प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाकर 5.50 किलो प्लास्टिक जब्त की गई और अर्थदंड वसूला गया। जोन-2 में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त ने तिलक नगर कुण्डरी रकाबगंज वार्ड का निरीक्षण किया। मवैया अंडरपास, ऐशबाग रोड, मालवीय नगर और खजुआ में सफाई कार्य तत्काल कराने के निर्देश दिए। प्लास्टिक के उपयोग पर जुमार्ना लगाया गया और सीवर लाइन, टूटी सड़कों की मरम्मत के लिए जलकल एवं अभियंत्रण विभाग को निर्देशित किया गया। जोन-3 में अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह ने महानगर, भारतेंदु हरिश्चंद्र, लाला लाजपत राय, जानकीपुरम, निशातगंज और विकास नगर क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यदायी संस्था पर लापरवाही बरतने के चलते जुमार्ना लगाया गया और तत्काल सफाई कराई गई। जोन-4 में अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह एवं मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह की ओर से शहीद पथ, हुसड़िया चौराहा, सिनेपॉलिस और विभव खंड में सफाई व्यवस्था देखी। सड़क किनारे गंदगी और नालियों में सिल्ट पाए जाने पर कार्यदायी संस्था पर अर्थदंड लगाया गया। साथ ही खुले नालों को ढकने और नियमित सफाई के निर्देश दिए। जोन-5 में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त एवं मुख्य कर निर्धारण अधिकारी विनय कुमार राय ने सरोजनी नगर द्वितीय वार्ड और आजाद नगर मोहल्ले का निरीक्षण किया। ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन के नीचे, नालियों के किनारे और खाली प्लॉटों से कूड़ा हटवाने के निर्देश दिए। नियमित डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण सुनिश्चित करने को कहा गया। सफाई में लापरवाही बरतने पर कार्यदायी संस्था के देयक से कटौती के आदेश दिए गए। जोन 6, 7 और 8 में नोडल अधिकारियों एवं जोनल सेनेटरी ऑफिसर की ओर से पूरे जोन में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। जिसमें जोन 6 में मुख्य वित्त एवं लेखा अधिकारी श्री महामिलिंद लाल एवं जोनल सेनेटरी ऑफिसर श्री मनोज कुमार यादव द्वारा पूरे जोन में साफ सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया गया। जोन 7 में नोडल अधिकारी चीफ इंजीनियर सिविल श्री महेश वर्मा एवं जोनल सेनेटरी ऑफिसर श्री देवेंद्र वर्मा द्वारा सफाई अभियान पूरे क्षेत्र में चलाया गया। उधर जोन 8 में चीफ इंजीनियर आरआर मनोज प्रभात एवं जोनल सेनेटरी ऑफिसर अजीत राय की ओर से क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया गया।

## व्यापारियों ने अमेरिकी टैरिफ का विरोध किया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का विरोध किया है। नगर अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल, महामंत्री योगेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष धर्मपाल अग्रवाल एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल ने पावर कॉरपोरेशन द्वारा बिजली के दामों में बेतहाशा वृद्धि के प्रस्ताव एवं स्मार्ट मीटर का विरोध किया। इस दौरान व्यापार मंडल के विधि संयोजक अधिवक्ता शैलेन्द्र शर्मा अवध बार एसोसिएशन लखनऊ में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित होने पर व्यापारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। संगठन की लखनऊ इकाई के चेयरमैन सुमेर अग्रवाल ने मंगलवार को अपील की कि व्यापारी कोका कोला, पेप्सी, पिज्जा, कोलगेट सहित अन्य अमेरिकी वस्तुएं अपनी दुकान, रेस्टोरेंट में बिक्री के लिए न रखें और बहिष्कार करें। उन्होंने कहा कि संगठन 17 अगस्त को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला दहन करेंगे। इस अवसर पर श्याम मिश्रा, संजय जायसवाल, ममता जिंदल, गोपाल अग्रवाल, अमरीश अग्रवाल, उपाध्यक्ष मंगलेश मिश्र, विवेक अग्रवाल, पवन, प्रशांत वर्मा, सुशील जायसवाल आदि मौजूद थे।

## परिवहन मंत्री के निर्देश पर एआरएम चारबाग किए गये निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह के निर्देश पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक चारबाग गौतम कुमार को निलंबित कर दिया गया है,एवं सलाहकार (संचालन) आलमबाग बस स्टेशन निर्मल कुमार वर्मा संविदा कर्मचारी की संविदा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है। अपने दायित्वों/कर्तव्यों के प्रति घोर उदासीनता बरतने, डिपो के संचालन प्रतिफलों में गत वर्ष की तुलना में अत्यधिक गिरावट लाने, संचालन प्रतिफलों में वृद्धि लाये जाने के लिए कोई सार्थक प्रयास न करने के परिणाम स्वरूप निलंबित कर दिया गया है। यह जानकारी प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने देते हुए बताया कि परिवहन मंत्री ने 8 अगस्त 2025 को आलमबाग बस टर्मिनल के निरीक्षण के दौरान गौतम कुमार अनुपस्थित पाए गए।

# आजादी की लड़ाई साहित्य, कविता और गीतों के सहारे भी लड़ी गयी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश भर में मनाए जा रहे देश भक्ति कार्यक्रमों की कड़ी में मंगलवार को राजधानी लखनऊ की एलडीए कॉलोनी स्थित डॉ. बी.आर. अंबेडकर ऑडिटोरियम में तेरी मिट्टी सेलेब्रेटिंग तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल मौजूद रहीं। देश भक्ति के गीतों से सजी इस संगीतमयी संध्या की शुरूआत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, पद्मश्री मालिनी अवस्थी और डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर की गयी।

कार्यक्रम के दौरान सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक विविधता का भावपूर्ण संदेश दिया। अपने संबोधन में डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा, तेरी मिट्टी सिर्फ एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संकल्प और सम्मान का पर्व है। यह उस मिट्टी को नमन है, जिसने हमें जन्म दिया और जिसकी रक्षा के लिए अनगिनत वीरों ने अपने प्राण न्योछावर कर दिए।₹ उन्होंने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के नारी सशक्तिकरण, शिक्षा और जनकल्याण के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि गुजरात में ह्यशाला प्रवेशोत्सवह्ल जैसी पहल से लेकर उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों को अ++ और अ+ ग्रेड दिलाने तक, उनका योगदान अद्वितीय है।

डॉ. सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम में साहित्य और संगीत के योगदान को रेखांकित करते हुए बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय, कवि प्रदीप, सुभद्रा कुमारी चौहान और राम प्रसाद बिस्मिल जैसे महान रचनाकारों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि साहित्य ने विचार दिया, संगीत ने भावना दी और सिनेमा ने इन भावनाओं को घर-घर पहुंचाया। विशेष रूप से उन्होंने गीतकार मनोज मुंतशिर शुक्ला और पद्मश्री मालिनी अवस्थी का अभिनंदन किया। मनोज मुंतशिर के तेरी मिट्टी में मिल जावां गीत को उन्होंने हर भारतीय के दिल की धड़कन बताया, वहीं मालिनी अवस्थी के लोकसंगीत संरक्षण को गंगा-जमुनी तहजीब का अमूल्य योगदान बताया। कार्यक्रम में मनोज मुंतशिर शुक्ला, मालिनी अवस्थी, आशीष कुलकर्णी और इशिता विश्वकर्मा की देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों ने वातावरण को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों के बीच हुआ, जहां डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा, तिरंगा हमारी अस्मिता और बलिदान का प्रतीक है। इसकी रक्षा और इसे ऊँचा रखना, हम सबका कर्तव्य है। कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष, गजेन्द्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष, विधायक राकेश प्रताप सिंह, विधायक अभय सिंह, विधायक अजय सिंह, एमएलसी पवन सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, अमेठी, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान, डॉ प्रियंका मौर्या, कर्नल रविकांत एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# भारत के 100 सबसे प्रभावशाली एआई व्यक्तित्वों में डॉ. राजेश्वर सिंह का नाम शामिल

## भारत के टॉप 100 प्रभावशाली व्यक्तित्वों में 11वाँ स्थान, तकनीक से तराशा भविष्य : डॉ. राजेश्वर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह को AIM Media House ने अपनी प्रतिष्ठित सूची "Infdins 100 Most Inffluenftial People in AI – 2025 में 11वां स्थान प्रदान किया है। यह सम्मान उन दूरदर्शी नेताओं को दिया गया है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

डॉ. सिंह को यह पहचान उनके तकनीकी परिवर्तन और युवाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए गए नवाचारपूर्ण प्रयासों के लिए मिली है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार को अक और ब्लॉकचेन के नैतिक व पारदर्शी उपयोग हेतु ठोस नीतिगत सुधारों का सुझाव दिया है, जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं में ब्लॉकचेन तकनीक का समावेश और लखनऊ के लिए अक-संचालित इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का प्रस्ताव शामिल है।

**• एआई के क्षेत्र में डॉ. राजेश्वर सिंह की उड़ान**



युवा विकास को लेकर भी डॉ. सिंह के प्रयास उल्लेखनीय हैं। रणबहादुर सिंह डिजिटल एजुकेशन एंड यूथ एम्पावरमेंट सेंटर के माध्यम से उन्होंने 50,000 युवाओं को O-Level Computing, MS Office, TÔlly और अकटूल्स जैसी डिजिटल स्किल्स में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है। फिलहाल 14 केंद्र संचालित हो चुके हैं और 100 केंद्र स्थापित करने की योजना है, जो आधुनिक तकनीक, कंप्यूटर और Wi-Fi सुविधाओं से लैस होंगे। डॉ. राजेश्वर सिंह ने इस सम्मान को जनसेवा की अपनी यात्रा में मील का पत्थर बताते हुए कहा, ₹यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि सरोजनीनगर और उत्तर प्रदेश के उन युवाओं का है, जिनके सपनों ने मेरी सोच को दिशा दी और जिनके संकल्प ने मेरे प्रयासों को ऊर्जा दी। मेरा उद्देश्य एक डिजिटल रूप से सशक्त और भविष्य के लिए तैयार भारत का निर्माण करना है।

# मेट्रो चलने से पुराने लखनऊ को होगा लाभ

**लखनऊ।** चौक, अमीनाबाद, ठाकुरगंज व बालागंज सहित पुराने लखनऊ में मेट्रो चलने से व्यापारियों व ग्राहकों को अधिक लाभ मिलेगा, इसके साथ ही पुराने लखनऊ में रहने वाले लोगों को सड़क पर जाम लगने से निजात मिलेगी। मेट्रों चलने से शहर के किसी भी कोने से आसानी से आवागमन हो सकता है। पुराने लखनऊ के ज्यादातर क्षेत्रों में मेट्रो भूमिगत होने से सड़क पर लगने वाला जाम कम हो जाएगा।

## मेट्रो से छोटे दुकानदारों को होगा फायदा



पुराने लखनऊ में मैट्रो चलने से व्यापारियों को कुछ दिन तो परेशानी होगी लेकिन पुरी तरह से बनने के बाद सड़क और शहर मे गाड़ी से नही आ पाने वाले ग्राहक भी असानी से आ सकेगें। ज्यादातर ग्राहक भीड़ होने के वजह से चौक, अमीनाबाद नही आते थे लेकिन मैट्रो के बनने से कोई भी ग्राहक चारबाग, और गोमती नगर से भी आ सकता है। इससे सबसे ज्यादा फायदा छोटे दुकानदारो को होगा। ठेले पर समान लेने वालो की संख्या ज्यादा होती है। **रामबाबू रस्तोगी,** समाजिक उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष

## चिकन के कपड़ों की बिक्री बढ़ेगी



पुराना लखनऊ में सबसे ज्यादा चिकन के शर्ट, शूट और पैजामा कुर्ता बिकता है। जिसको लेने के लिए प्रदेश के बाहर से भी लोग आते है। ऐसे में चौक और अमीनाबाद में ज्यादा भीड़ होने के कारण ज्यादातर लोग नही आ पा रहे थे। लेकिन मैट्रो के चलने से कपड़ो की खरीदारी में 50 प्रतिशत का ज्यादा इजाफा होगा। मैट्रो से बच्चे और बूढे भी असानी से दुकान तक पहुंच सकते है। चौक के रहने वाले जाबेद मसूद ने बताया कि सरकार की ये अच्छी पहल है। **जाबेद मसूद,** स्थानीय निवासी

## पुराने लखनऊ में मेट्रो से ट्रांसपोर्टेशन बढ़ेगा



पुराने लखनऊ में मैट्रो चलने से जाम की समस्या 90 प्रतिशत समाप्त हो जायेगी क्योकि टैंम्पो और ई-रिक्शा सड़क पर जाम का करण बनते है। ऐसे में ज्यादातर व्यापारी दिन मे दुकान के सामने जाम लगने से परेशान रहते है। कभी आटो को हटाने में दिन गुजर जाता है तो कभी आटो वालो से लड़ाई हो जाती है। लेकिन मैट्रो के चलने से समय और जाम दोनो से निजात मिलेगा। **अमर नाथ मिश्रा,** लखनऊ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष

## पुराने लखनऊ में आना-जाना होगा आसान



चौक, अमीनाबाद के तरफ जाने के लिए खासकर महिलाओं को बहुत परेशानी होती थी, कभी आटो नही मिलता था तो कभी बच्चों को भीड़ में ले जाने पर डर लगता था। लेकिन मैट्रो के चलने से शहर में कभी भी जाना आसान हो जायेगा। घर पर रिस्तेदार भी आते थे तो कहते थे पुराने लखनऊ चलो लेकिन भीड़ ज्यादा होने के कारण गाड़ी से जाने के बाद भी पैदल चलना पड़ता था। अब ऐसे में समय और भीड़ से बचाव होगा। गर्मी हो या सर्दी कभी भी आने जाने में कोई परेशानी नही होगी। जनसेवा दल की सरोजनीनगर विधान सभा अध्यक्ष ज्योती श्रीवास्तव ने कहा कि जो सरकार अच्छा कहे उसकी सराहना करना चाहिए। **ज्योती श्रीवास्तव,** अध्यक्ष

## प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 में यूपी को मिले 54,581 नये आवास

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 की चौथी सीएसएमसी की बैठक आज वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव, कतिकीथला श्रीनिवास की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में उत्तर प्रदेश को बड़ी उपलब्धि मिली। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (बीएलसी) घटक के तहत, उत्तर प्रदेश को 54,581 नए आवासों के निर्माण की स्वीकृति मिली है। यह स्वीकृति प्रदेश में शहरी गरीबों और जरूरतमंदों को अपना घर बनाने के सपने को साकार करने में मदद करेगी। इससे पूर्व प्रदेश को प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत 1,97,895 आवासों की स्वीकृति मिल चुकी है। इस प्रकार योजना के अंतर्गत अब तक प्रदेश में कुल 2,52,476 आवासों को मंजूरी मिल चुकी है।

**पुनर्वास विवि परिसर में निकली तिरंगा रैली**

**लखनऊ।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने आयोजित किया। यह रैली प्रातः 11 बजे विश्वविद्यालय के एकेडमी ब्लॉक ए-2 से प्रारंभ हुई तथा मोहान रोड से होते हुए एडमिन ब्लॉक पर आकर समाप्त हुई।

लखनऊ विकास प्राधिकरण
(ISO 14001: 2004, ISO 9001: 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, (उ0प्र0)
टोल-फ्री : 1800 1800 5000 वेबसाइट : http://www.ldalucknow.in

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट – ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं का नाम | मूल आवंटी (मृतक) से आवेदक का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्रीमती सिया देवी | भूखण्ड संख्या-3/255 सेक्टर-ओ | मानसरोवर कानपुर रोड योजना | 18.06.2022 | श्रीमती भावना गंगवार | – | पुत्री |
| 2 | स्व0 मालती सिंह | भूखण्ड सं0-एसएस-4/196 | विभव खण्ड गोमती नगर योजना | 05.08.2003 | श्रीमती मंजू सिंह (पुत्री) | श्रीमती आशा सिंह, श्रीमती पुष्पा सिंह, श्रीमती इन्दू सिंह | पुत्रियां |
| 3 | स्व0 मनोज कुमार तिवारी | भूखण्ड सं0-7/456 रजनी खण्ड | शारदा नगर | 10.07.2017 | श्रीमती अंजली तिवारी कु0 राशि तिवारी, वरून तिवारी | – | पत्नी/पुत्री/पुत्र |
| 4 | श्री जनार्दन पन्त | भवन संख्या-सी-26/02 | पेपर मिल कालोनी | 29.03.2007 | श्री महेन्द्र पन्त | श्री चन्द्रशेखर पन्त, श्री राजेन्द्र प्रसाद पन्त, श्रीमती विमला पाण्डेय, श्रीमती लीला जोशी | पुत्रगण/विवाहित पुत्रियां |
| 5 | स्व0 विजय प्रकाश अस्थाना | भवन सं0-3/251 | विश्वास खण्ड, गोमती नगर | 13.12.2001 | श्रीमती अलका अस्थाना, श्री हिमांशु प्रकाश अस्थाना, कु0 जूही अस्थाना | – | पत्नी/पुत्र/पुत्री |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

# ईओडब्लू ने करोड़ों गबन करने वाले दो सगे भाइयों को पकड़ा

## कई कंपनियों की शाखा खोलकर की थी 50 करोड़ की ठगी





विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विभिन्न कंपनी की शाखा खोलकर 50 करोड़ रूपए का गबन करने वाले दो सगे भाईयों को ईओडब्लू की टीम ने कानपुरनगर से गिरफ्तार किया है। इन पर लखीमपुरखीरी में वर्ष 2018 में गबन को लेकर एफआईआर दर्ज है।

बताया जा रहा है कि लखीमपुर खीरी में इंफोकेयर इंफ्रंटल, इंफोकेयर एग्रो इण्डिया लि/आईसीसीएफ/इंफोकेयर एग्रीकल्चर मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड नाम से कंपनी है। उक्त कंपनी की शाखा खोलकर विभिन्न योजनाओ में अलग-अलग रुप से सावधि जमा (एफडी) व आवृत्ति जमा (आरडी) के माध्यम से कंपनी के निदेशकगण द्वारा 50 करोड़ से अधिक की धनराशि जमा कराकर गबन कर लिया गया था। जिसको लेकर वर्ष 2018 में एफआईआर दर्ज करायी गयी थी। जिसकी विवेचना के बाद ईओडब्लू की टीम ने कानपुरनगर से रवी देवल और मनीश देवल पुत्रगण रामशंकर देवल निवासी 244 एन-2 रोड हरजेन्द्र नगर, लालबंगला, थाना चकेरी कानपुरनगर को गिरफ्तार किया गया है।

**असलहा मुहैया कराने वाला दस हजार का इनामी गिरफ्तार :** चिनहट में होटल कर्मी की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी को असलहा मुहैया कराने वाले शख्स को पुलिस ने धर दबोचा है। फिलहाल पुलिस ने पूर्व में ही हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। सत्य प्रकाश ने ही हत्या के मुख्य आरोपी आकाश तिवारी को असलहा मुहैया कराया था। बीते 27 जुलाई को चिनहट क्षेत्र के विकल्प खंड स्थित ईशान-इन होटल में काम करने वाले 20 वर्षीय दिवाकर यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में पुलिस ने मंगलवार को असलहा मुहैया कराने वाले सत्य प्रकाश उर्फ प्रकाश यादव को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य हत्यारोपी आकाश तिवारी और उसकी महिला मित्र पुष्पा गौतम ने पूछताछ में सत्य प्रकाश से असलहा लेने की बात कबूली थी। आकाश व पुष्पा को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। आकाश तिवारी ने पूछताछ में अपना जुर्म इकबाल करते हुए पुलिस को बताया कि घटना में इस्तेमाल असलहा उसके मित्र गोंडा जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र स्थित पाली पोस्ट रामापुर भगाही गांव निवासी सत्यप्रकाश उर्फ प्रकाश यादव ने दिया था। जिसके बाद से पुलिस सत्य प्रकाश की तलाश कर रही थी। डीसीपी पूर्वी ने फरार चल रहे सत्य प्रकाश पर दस हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। चिनहट इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा की टीम ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर षडयंत्र में शामिल सत्य प्रकाश उर्फ प्रकाश यादव पुत्र यदुराम यादव को लौलई स्थित इंदिरा डैम के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सत्य प्रकाश के खिलाफ अयोध्या जिले में मारपीट, जानलेवा हमला व आर्म्स एक्ट सहित तीन अन्य मुकदमें दर्ज है।

# मिलावटी पेट्रोल और डीजल बेचने वाले पांच गिरफ्तार

## केमिकल मिलाकर करते थे सप्लाई, केमिकल व तीन वाहन बरामद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एसटीएफ ने पेट्रोल, डीजल में एथेनाल व साल्वेंट केमिकल मिलाकर अन्तर्राज्यीय स्तर पर पेट्रोल व डीजल की सप्लाई करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से भारी मात्रा में साल्वेंट, पेट्रोल एवं डीजल बरामद किया।

एसटीएफ को जानकारी मिली कि कुछ लोग पेट्रोल में एथेनाल व साल्वेंट केमिकल का मिश्रण कर अवैध रूप से मिलावटी पेट्रोल एवं डीजल की सप्लाई कर रहे है। सटीक जानकारी होते ही एसटीएफ की टीम ने सैरपुर थानाक्षत्र के लोधामऊ गांव के पास पांच लोगों को धर दबोचा। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपने नाम रामू यादव पुत्र सुन्दर लाल निवासी ग्राम-लोध मऊ थाना सैरपुर, सुखबीर कुमार पुत्र बृजमोहन सिंह निवासी ग्राम-रायपुर आईएम रोड थाना मडियांव, सुजीत कुमार पुत्र रघुवीर प्रसाद वर्ष ग्राम-बेलवा पोस्ट हैदराबाद थाना हैदराबाद जनपद लखीमपुर खीरी (टैंकर ड्राइवर), रिंकू सिंह पुत्र राजू यादव निवासी ग्राम मान खेडा थाना मडियांव और मोहम्मद दीनू पुत्र जान मोहम्मद निवासी ग्राम हुसैन मऊ थाना देवा, बाराबंकी बताया। जिनके कब्जे से 09 ड्रम एथेनाल, साल्वेंट, 03 ड्रम पेट्रोल, 01 ड्रम एथेनाल / साल्वेंट व पेट्रोल का मिश्रण, एक ड्रम पेट्रोल, टैंकर, महिंन्द्रा पिकप और एक मारूती डाला बरामद किया।




**75-80 रूपए की दर से करते थे सप्लाई :** गिरोह के सदस्य पेट्रोल व डीजल में केमिकल (साल्वेन्ट) मिलाकर मिलावटी पेट्रोल व डीजल हरदी व धीरेन्द्र अवस्थी के माध्यम से शहर व आस-पास के जनपदों में 75-80 रुपए की दर से उसकी सप्लाई करते है। अभियुक्त रिंकू ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ काफी समय से मिलावटी पेट्रोल व डीजल की सप्लाई करता है। वह जुलाई-2024 में इसी काम के आरोप में थाना सैरपुर, लखनऊ से जेल गया था।

दीनू के माध्यम से 30 रुपए प्रति लीटर की दर से केमिकल (साल्वेन्ट) मंगाते है। जिसे कम्पनियों के टैंकरों से पेट्रोल / डीजल निकालने के बाद उसी टैंकरों में उतने ही मात्रा में केमिकल (साल्वेन्ट) मिला देते है, जिससे कि टैंकरों में लोड पेट्रोल व डीजल की मात्रा में अंतर नहीं आता है।

## पुलिस भर्ती के लिए आवेदन शुरू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश मे अब 4542 पदों पर पुलिसकर्मी की भर्ती की जायेगी, जिसको लेकर मंगलवार को सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है, जिसमे बताया गया है कि इस भर्ती मे यूपी पुलिस में एसआई-4242, प्लाटून कमांडर पीएसी - 135, प्लाटून कमांडर (विशेष सुरक्षा बल)-60, बदायूं, लखनऊ- गोरखपुर गठित महिला पीएसी वाहिनियों के लिए 106 महिलाओ की भर्ती की जाएगी, ये भर्ती के लिए 12 अगस्त से आवेदन किया जा सकता है, जिसकी अंतिम तिथि 11 सितम्बर 2025 होंगी।

## पूर्व सांसद के मकान में चोरी

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके में चोरों ने पूर्व सांसद के बंद मकान को निशाना बना कर छत के रास्ते मकान में घुसे। चोरों ने बंद कमरे का दरवाजे का ताला तोड़कर कीमती सामान व ज्वैलरी लेकर फरार हो गये। तहरीर मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि मूलरूप से रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र निवासी पूर्व सांसद नरेंद्र कुशवाहा के अनुसार उनका आशियाना थाना इलाके स्थित औरंगाबाद में सामुदायिक अस्पताल के पास एक आवास है।

# हार्ट अटैक से आरक्षी की उपचार के दौरान मौत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** माल थानाक्षेत्र में डायल-112 पर कार्यरत आरक्षी दीपक कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। डॉक्टरों का कहना है कि सिपाही की मौत हार्ट अटैक से हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार आगरा शहर के ईदगाह मोहल्ले का रहने वाला सिपाही दीपक कुमार (30) को सोमवार रात लगभग तीन बजे सीने में दर्द शुरू हो गया। वह तेज दर्द होने पर लगभग साढ़े छह बजे बाइक स्वयं चला कर माल सीएचसी पहुंचा। जहां मौजूद डा उमेश चंद्रा ने उपचार शुरू किया। इसी बीच दीपक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। डाक्टर चंद्रा ने बताया कि सिपाही दीपक करीब साढ़े छह बजे बाइक से सीएचसी आये और सीने में तेज दर्द होने की बात कही। उपचार शुरू ही किया गया था कि पांच सात मिनट में ही उनकी सांसे थम गयीं। संभवतः दीपक को हार्ट अटैक पड़ गया। दीपक कुमार रहीमाबाद थाने में डायल-112 पर कार्यरत था और माल कस्बे में राधाकृष्ण के मकान में किराये पर रहता था। माल पुलिस ने शव का पंचनामाभर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। दीपक के परिवार को घटना की जानकारी दे दी गयी।



# एसटीएफ ने दबोचे तीन जालसाज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** छात्रों से मोटी रकम लेकर हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की मार्कशीट में अवैध रूप से कूटरचित तरीके से मार्कशीट में अंक बढाकर उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश दिलाकर ठगी की जा रही थी। जिसकी जानकारी होते ही एसटीएफ की टीम ने गैंग के तीन सदस्यों को धर दबोचा। पकड़े गए अभियुक्त ओपन स्कूल बोर्ड से फर्जी तरीके से बैक डेट की मार्कशीट बनवाने का भी खेल कर रहे थे। एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि छात्रों के अंक प्रमाण पत्रों से छेड़छाड़ कर ठगी करने की जानकारी हुई थी। जिसके बाद एसटीएफ की टीम ने छापेमारी करके मेरठ से तीन लोगों को धर दबोचा। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपने नाम जितेन्द्र पुत्र साधू सिंह निवासी सी-28 पांडव नगर, थाना सिविल लाइन, मेरठ, शिवकुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी 397/9 थाना मेडिकल और निखिल तोमर पुत्र बादाम सिंह निवासी 57 आशानगर जेल चुंगी, थाना मेडिकल मेरठ बताया। इसके पास से एक कम्प्यूटर, प्रिंटर, हार्डडिस्क, कई स्कूलों की मोहरें, 25 हाईस्कूल की मार्कशीट, 49 इंटरमीडिएट की मार्कशीट व अन्य सामान बरामद किया। अभियुक्तों ने बताया कि जिन छात्र व छात्राओं की उच्च उन संस्थानों में प्रवेश पाने मार्कशीट में प्रदर्शित प्राप्तांक एडिट कर उनके स्थान पर संस्थान में प्रवेश लेना होता है किन्तु उनके अंक पर्याप्त नहीं होते है तो उन छात्र व छात्राओं की कप्यूटर सिस्टम के माध्यम से असली प्राप्तांकों को तरीके से प्राप्तांक बढ़ाकर नई मार्कशीट तैयार कर छात्रों को उपलब्ध करा देते है. जिससे उन्हें आसानी से उनके मनचाहे संस्थान में हो जाते थे।

**जमीन कब्जाने व धोखाधड़ी का मामला दर्ज :** नगराम कस्बा निवासी किसान के साथ जमीन की धोखाधड़ी कर लाखों रूपए हड़पने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर पर नगराम पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी गई है। नगराम कस्बा के निवासी ब्राह्मण टोला निवासी स्व अफजल के लड़के अफ्फान द्वारा नगराम थाने पर दी गई तहरीर के अनुसार जमीन गाटा संख्या 622 क राजस्व अभिलेख में त्रुटि वश उसका नाम दर्ज था, जो वास्तविक रूप से 722 क होना चाहिए था। अनजाने में उसने राकेश कुमार पुत्र रामचंद्र निवासी दुल्हापुर, हुसैनाबाद जनपद लखनऊ के पक्ष में गाटा संख्या 622 क का बैनामा कर दिया था। बाद में पता चला कि त्रुटि वश उसकी जमीन 722 क के स्थान पर 622 क हो गया था। खतौनी में त्रुटि की जानकारी होने पर तहसील में तितम्मा कराकर 622 क के स्थान पर वास्तविक 722 गाटा संख्या अंकित करवा लिया था। शुद्धीकरण के दरम्यान क्रेता राकेश कुमार को बतौर समझौता गाटा संख्या 1567 क की भूमि पर कब्जा दे दिया था।

## स्कूल के लिए निकली छात्रा हुई लापता

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में घर से स्कूल के लिए निकली कक्षा-8 की छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के हनुमानपुरी निवासी का कहना है कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री कक्षा 8 की छात्रा है जो कि सुबह करीब 7:00 बजे घर से स्कूल के लिए निकली थी और वह कहीं लापता हो गई। पीड़ित का कहना है कि उनकी पुत्री हनुमानपुरी स्थित आवासीय पब्लिक स्कूल में कक्षा आठ में पढ़ती है। वह सुबह 7:00 बजे घर से तैयार होकर स्कूल के लिए निकली हुई थी। पीड़ित का कहना है कि जब वह स्कूल से वापस घर नहीं आई तो वह पता लगाने के लिए स्कूल गये, लेकिन वह स्कूल नहीं आयी थी। पीड़ित ने स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा तो वह स्कूल के गेट पर तो दिखाई पड़ रही थी, लेकिन क्लास रूम में नहीं गई। पीड़ित का कहना है कि उसकी पुत्री को अमौसी निवासी रवि लोधी के पुत्र आनंद ने उसे कहीं बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित ने इसकी सूचना सरोजनीनगर थाने में दिया। सरोजनीनगर पुलिस स्कूल में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर छात्रा का पता लगा रही है। फिलहाल आरोपी के पिता रवि को गौरी बीट इंचार्ज थाने पर लाकर पूछताछ कर रहे है।

## चौक कोतवाली में स्कूली बच्चों ने पुलिस कर्मियों को बांधी राखी



लखनऊ। ऑक्सफोर्ड पब्लिक इंटर कॉलेज के नर्सरी व पहली कक्षा की छात्राओं ने सोमवार को चौक कोतवाली में इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय समेत तमाम पुलिस कर्मियों को राखी बांधी। इस दौरान छोटी-छोटी छात्राओं के साथ स्कूल की प्रभारी कृष्णा दीक्षित व फैजा फातिमा और शिक्षिका साइमा बेग भी मौजूद रहीं। इस मौके पर पुलिस की तरफ से भी बच्चों को रिर्टन गिफ्ट दिया गया। कुछ पुलिस कर्मियों ने दो से तीन छात्राओं को सौ-सौ रुपए दिया। इंस्पेक्टर नागेश ने सभी बच्चों को गिफ्ट में स्टेशनरी का बॉक्स व चॉकलेट समेत रिफ्रेशमेंट में बच्चों व स्कूल के स्टॉफ को खस्ता व पानी की बोतलें दी।

# गलत दिशा से आ रही बाइक ने मारी टक्कर, मौत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कुंडरा निवासी विनय (45) की सड़क हादसे में मौत हो गई। मंगलवार सुबह विनय अपनी पत्नी शर्मा देवी और दो वर्षीय बेटे विराट के साथ रहीमाबाद जा रहे थे। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के भावा खेड़ा मोड़ के पास रॉन्ग साइड से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी टक्कर हो गई। हादसे में सड़क पर गिरने से विनय गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन घायल विनय को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में माता रामावती, पत्नी शर्मा देवी और बच्चे दीपिका, काजल, विक्रांत, विराट हैं। रहीमाबाद इंस्पेक्टर आनंद द्विवेदी ने बताया कि दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है। परिजनों की तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**छह माह बाद हादसे की दर्ज हुई रिपोर्ट :** आशियाना थाना इलाके में बीते जनवरी माह में एक तेज रफ्तार स्कूटी की टक्कर से युवक घायल हो गया और उसका पैर फैक्चर हो गया। वहीं पुलिस ने घटना के छह माह बाद पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि सेक्टर-डी, एल.डी.ए. कालोनी निवासी अश्वनी कुमार पुत्र स्व० बाबू लाल के अनुसार वह बीते 30 जनवरी की शाम सेक्टर-जी चौराहे से अपनी स्कूटी से अपने घर जा रहा था। आरोप है कि उस दौरान स्प्रिंग डेल स्कूल के पास तिराहा पार करते समय दूसरी तरफ से तेज गति से आ रही स्कूटी संख्या यूपी32एमआर-7607 चालक ने उसकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार फरार हो गया। जिसके पश्चात सड़क पर गिर गंभीर रूप से चोटिल हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां जांच के बाद डाक्टरों ने दाये पैर में फैक्चर की बात कही। जिसके पश्चात उसने अपना उपचार कराने के बाद स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से उक्त स्कूटी नंबर के आधार पर पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर गाडी नंबर के आधार पर आरोपित स्कूटी चालक की तलाश की जा रही है।

## कार हटाने को लेकर दबंगों ने युवक को पीटा

**लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके स्थित जोनल पार्क पर दबंगों ने कार हटाने को लेकर कहासुनी के बाद कार सवार युवक की जमकर पिटायी कर दी। विरोध करने पर दबंग से जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये7 आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि कृष्णानगर भोला खेड़ा निवासी मनजीत कुमार सिंह पुत्र योगेन्द्र सिंह के अनुसार वह बीते 9 अगस्त शनिवार की शाम वह आशियाना थाना इलाके स्थिति जोनल पार्क पार्किंग के पास अपनी कार में बैठा था। आरोप है कि उस दौरान प्रगेश पांडेय, अभिमन्यु गिरी, आदित्य विश्वकर्मा, गोलू अचानक पार्किंग में शराब के नशे में आए और उसे पार्किंग से गाडी तुरन्त हटाने के लिए कहने लगे। वहीं पीड़ित का कहना था कि उक्त लोगों ने विरोध करने पर गाली गलौज करने के साथ उसकी जमकर पिटायी कर दी। शोर मचाने पर वह जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर गाली-गलौज मारपीट धमकी की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## सूचना

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में मेरा नाम गबर सिंह बेडवाल (GABAR SINGH BEDWAL) दर्ज है जो कि सत्य है। मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम गबर सिंह (GABAR SINGH) दर्ज हो गया है। मेरे पासपोर्ट में मेरा सही नाम गबर सिंह बेडवाल (GABAR SINGH BEDWAL) दर्ज कर दिया जाये। गबर सिंह बेडवाल पुत्र खन्तू सिंह नि.-नियर जयपुरिया स्कूल ई2/411, विनीत खण्ड गोमती नगर, लखनऊ उ.प्र.।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बड़ोखर बुजुर्ग विकास खण्ड महुआ, बांदा**

**पत्रांक मेमो/12.08.2025-26** **दिनांक-12.08.2025**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

केन्द्रीय वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बड़ोखर बुजुर्ग में प्रभु यादव के घर से छोटे कुशवाहा के खेत तक एवं बारात घर से प्रगति श्रीवास्तव के घर/बांड़ा तक नाला सफाई/खुदाई कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, पी.डब्लू.डी., लघु सिंचाई एवं जिला पंचायत आदि में पंजीकृत ठेकेदार/पंजीकृत आपूर्तिकताओं से दिनांक 13.08.2025 से 17.08.2025 के समय 04.00 बजे तक मुहरबंद निविदा/कुटेशन आमंत्रित की जाती है, जो उस दिन अपरान्ह 05.00 बजे तक आपूर्तिकताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 13.08.2025 से 17.08.2025 तक ग्राम पंचायत बड़ोखर बुजुर्ग से की जाएगी। बिना कारण बताए सभी निविदाएं निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की लागत | केन्द्रीय वित्त/राज्य वित्त योजना | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रभु यादव के घर से छोटे कुशवाहा के खेत तक एवं बारात घर से प्रगति श्रीवास्तव के घर/बांड़ा तक नाला सफाई/खुदाई कार्य | 3.18 लाख | | एक माह |

**शर्तें-** 1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नही होंगी। 3. सामग्री की मांग आवश्यकतानुसार घट-बढ़ सकती है। 4. आपूर्तिकर्ता/कुटेशन डालने से पहले कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें। 5. सामग्री आपूर्ति निर्धारित अवधि मे पूर्ण न करने पर बिना नोटिस दिए अनुबंध समाप्त कर दिया जायेगा। 6. नियमानुसार स्टांप ड्यूटी एवं अन्य देयकर आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत बड़ोखर बुजुर्ग**
**विकास खण्ड महुआ, बांदा**

## जेद्दा जाने वाले विमान में आई तकनीकी खराबी

**लखनऊ।** सरोजनीनगर के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर लखनऊ से जेद्दा फ्लाइट में टेक ऑफ से पहले विमान में तकनीकी खराबी आ गयी। जिसके बाद विमान को 2:15 घंटे बाद रवाना किया गया। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट लखनऊ से सऊदी अरबिया एयरलाइंस की फ्लाइट एसवी -893 जेद्दा के लिए टेकऑफ कर रहा था। पायलट को टेकऑफ से दो मिनट पहले ही विमान में तकनीकी खराबी का पता चला। विमान में 286 यात्री सवार थे। पायलट को तकनीकी खराबी का पता चलते ही वह तुरंत एटीसी और एयरलाइंस अधिकारियों को सूचित किया। एयरलाइंस ने तुरंत इंजीनियरों की टीम को बुलाया। विमान में तकनीकी खराबी को ठीक करने में इंजीनियरों को करीब दो घंटे लग गया। इस दौरान सभी यात्री विमान में ही बैठे रहे। खराबी दूर होने के बाद विमान को सुबह 4:45 पर जेद्दा के लिए रवाना किया गया। यह फ्लाइट सामान्य दिनों में रात 2:15 बजे रवाना होकर सुबह 6:00 बजे जेद्दा पहुंचती है। विमान में तकनीकी खराबी आने से यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। सबसे ज्यादा नाराजगी लखनऊ से दिल्ली जाने वाले इंडिगो फ्लाइट के यात्रियों को देखी गयी। जो तय समय से दो घंटे बाद उड़ान भर पाए। एयरपोर्ट से जुड़े सूत्रों ने बताया कि दिल्ली और अहमदाबाद समेत करीब आधा दर्जन उडाने लेट रहीं।

## साली के बेटे के साथ युवती फरार

**लखनऊ।** मानकनगर थाना इलाके में रहने वाली एक 19 वर्षीय युवती बीते गुरुवार को घर से बाजार जाने के लिए निकली और वह लापता हो गई। वहीं लापता युवती के पिता ने अपनी साली के बेटे पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित न्यू, शांतीपुरम कालोनी निवासी गिरजा प्रसाद पुत्र स्व राम बिहारी के अनुसार बीते सात अगस्त की शाम उनकी 19 वर्षीय पुत्री घर से बाजार गयी थी। उसके बाद घर नहीं लौटी। उनका आरोप है कि उन्हें अपनी लापता पुत्री की खोजबीन के दौरान पता चला कि संकेत कश्यप उर्फ विशु उसे अपने साथ लेकर गया है। संकेत कश्यप पीड़ित पिता की साली का लड़का है और पिछले डेढ़ महीने से उनके घर में रुका हुआ था। वहीं पीड़ित पिता का कहना था जब संकेत कश्यप की मां से अपनी बेटी के बारे में जानकारी ली, तो उन्होंने कहा कि लड़की वापस नहीं मिलेगी और फोन काट दिया।

# हुक्काबार पर पुलिस का छापा




**लखनऊ।** कैसरबाग पुलिस ने अवैध हुक्काबार चलाकर हुक्का परोसने वाले 14 अभियुक्तों को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मौके से भारी मात्रा में हुक्का व अन्य सामान बरामद किया है।

कैसरबाग पुलिस के मुताबिक अकबर अली निवासी गेरांवा हैदरगढ बाराबंकी, यासिद खान निवासी शिवलोक त्रिवेणीनगर अलीगंज, रिजवान खान निवासी 538 (अ)/116 दीनदयाल नगर खदरा, शाह फैजल निवासी छठामील शेरपुर, मोहम्मद असनैन निवासी रुसतमनगर सहादतगंज, मोहम्मद हारुन निवासी विकासदीप हुसैनगंज, अयान निवासी बैंसबाड़ा मऊ, दानिश निवासी करीमुद्दीनपुर मऊ, माज निवासी घोसी मऊ, आरिफ हुसैन निवासी मेडिकल रोड शाहपुर गोरखपुर, मोहम्मद जैद, घोसी मऊ मोहम्मद शाबान निवासी दीनदयाल नगर खदरा, मोहम्मद युसुफ निवासी तरन्नुम मार्केट खदरा मदेयगंज और शोयेब हैदर निवासी 390/69 दरगाह नजफ रोड़ सहादतगंज को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्त सिटी होटल पर स्थित कैफे टेल में थाना कैसरबाग पर हुक्का पी रहे थे। जिसकी जानकारी होते ही कार्रवाई की गयी है।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम**
**अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सूचना** **दिनांक: 11.08.2025**

**निविदा सं-एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. ई-निविदा संख्या 48 एच (एफ) (कार्य)/2025-26:- अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-अयोध्या धाम, अयोध्या को विभागीय कार्यों के लिए एक अदद डीजल चलित वाहन मय चालक 36 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 8000.00।
2. ई-निविदा संख्या 49 एच (एफ) (कार्य)/2025-26 :- अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड-फेसू 1 को विभागीय कार्यो के लिए एक अदद डीजल चलित वाहन मय चालक 36 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 8000.00।
3. ई-निविदा संख्या 50 एच (एफ) (कार्य)/2025-26:-अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड-अयोध्या को विभागीय कार्यो के लिए एक अदद डीजल चलित वाहन मय चालक 36 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 8000.00।
4. ई-निविदा संख्या 51 एच (एफ) (कार्य)/2025-26 :- अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-रूदौली, अयोध्या के अधीन उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड-सोहावल को विभागीय कार्यो के लिए एक अदद डीजल चलित वाहन मय चालक 36 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 8000.00।
5. ई-निविदा संख्या 52 एच (एफ) (कार्य)/2025-26 :- अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-दर्शननगर, अयोध्या के अधीन उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड-गोसाईगंज को विभागीय कार्यो के लिए एक अदद डीजल चलित वाहन मय चालक 36 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 8000.00।
6. ई-निविदा संख्या 53 एच (एफ) (कार्य)/2025-26 :- अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड-अयोध्या के अधीन सहायक अभियन्ता (मीटर), विद्युत परीक्षण प्रयोगशाला द्वितीय अयोध्या को विभागीय कार्यो के लिए एक अदद डीजल चलित वाहन मय चालक 36 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 8000.00।

**ई निविदा की अंतिम तिथि: 25 अगस्त 2025, 17.00 बजे।**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या**

**"राष्ट्रहित में बिजली बचायें" (पत्रांक : 6652, दिनांक : 11.08.2025)**

# जन्माष्टमी : जरी मोती, मणि-माणिक की पोशाक पहनेंगे कान्हा





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कॉन) सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ में 16 अगस्त दिन शनिवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महा महोत्सव मनाया जाएगा। जन्माष्टमी महोत्सव की शुरूआत मंगला आरती से की जायेगी। दोपहर 12 बजे से रात्रि 12 बजे तक महा अभिषेक दूध दही घी शहद व 1008 तीर्थों के जल से श्री राधा कृष्ण का महा अभिषेक मंदिर में होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 5 बजे से सांस्कृतिक पंडाल में सम्पन्न होंगे। इसके अलावा वैदिक एवं प्रहलाद गुरुकुल के बच्चों द्वारा नाट्य प्रस्तुतियां, आइजीएफ ग्रुप द्वारा भजन एवं नृत्य की प्रस्तुतियाँ की जायेंगी। शिक्षण संस्थानों के बच्चों द्वारा भजन, नाटक एवं नृत्य प्रस्तुतियां होंगी।

जरी मोती मणि माणिक की विशेष पोशाक वृंदावन के विशेष कारीगरों द्वारा निर्मित से श्री श्री राधा रमण बिहारी जी का श्रंगार किया जायेगा। इस्कॉन, भक्त मंडली द्वारा अविरल कीर्तन प्रातः 09:30 से शाम 06:30 तक होगा। उक्त कार्यक्रम के विजेता भक्तों को मंदिर अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी स्वयं पुरस्कार के साथ सम्मानित करेंगे। 27 अगस्त को दोपहर 01:30 बजे नंद उत्सव विशेष रूप से 5 दही हांडियों के साथ भव्यता से मनाया जाएगा। नंद उत्सव एवं श्रील प्रभुपाद जी की 128 वीं व्यास पूजा आविर्भाव महोत्सव के दिन 256 तरह के भोग अर्पित होंगे एवं



विशाल भंडारा का आयोजन दोपहर 02:00 बजे से हरि इच्छा तक चलेगा।

**याहियागंज बाजार बना कृष्ण भक्तों की पहली पसंद:** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व के अवसर पर लखनऊ के बाजारों में सजावट देखी जा रही है। यहां का यहियागंज बाजार खरीदारी के लिए कृष्ण भक्तों की पहली पसंद है। यहां वो होलसेल के दर पर सस्ते में और कई विविध प्रकार के सामानों की वैरायटी की खरीदारी कर सकते हैं राजधानी लखनऊ के बाजार कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व के लिए सज गए हैं। यहां का यहियागंज बाजार भक्तों की पहली पसंद है। यहां वो होलसेल के दर पर सस्ते में और विविधता से भरपूर सामान खरीद सकते है। यह बाजार भक्तों के लिए एक आकर्षक विकल्प है जहां वो खरीदारी का आनंद उठा सकते हैं। इस बाजार में आपको श्री कृष्ण से जुड़े सभी सामान मिलेंगे, उनके वस्त्र, बांसुरी, बिस्तर या पगड़ी लेनी हो, आपको यहां विविधता मिलेगी जैसे रंग-बिरंगे कपड़े, आकर्षक बांसुरी, सुविधाजनक बिस्तर और प्रचीन पगड़ी। यह सभी सामान आपको एक स्थान पर मिलेंगे और उनकी कीमत 6 से 10 रुपये से शुरू होती है। लड्डू गोपाल के भक्त उनकी ही तरह चंचल होते हैं और उन्हें अपने बच्चों, दोस्त और प्रिय साथी की तरह देखभाल करते है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर वो उनके लिए उत्कृष्ट सामान खरीदते हैं ताकि उनका अच्छे से श्रृंगार कर सकें। इससे वो उनके प्रति अपने प्रेम और भक्ति को प्रकट करते हैं लड्डू गोपाल के वस्त्र भक्तों को खूब पसंद आ रहे हैं। इन वस्त्रों की खूबसूरती, रंगों की विविधता और उनके आकर्षक डिजाइन लोगों का मन मोह रहे हैं। यह वस्त्र भक्तों को आनंद और धार्मिक अनुभव प्रदान कर रहे हैं। इन वस्त्रों की कीमत मात्र 20 से 40 रुपये है, उन्हें इस मार्केट से आसानी से खरीदा जा सकता है। लड्डू गोपाल के भक्तों को मोर पंखी बांसुरी और उनके जेवर भी बहुत पसंद आ रहे हैं। इस बाजार में खरीदारी करने वालों की भीड़ उमड़ रही है। यदि आप भी लड्डू गोपाल के लिए खरीदारी करना चाहते हैं तो आपको यहियागंज बाजार आना होगा।

## गणेशगंज की डिजिटल मूविंग झांकी में होगा दही हांडी उत्सव

- 16 अगस्त से छह दिन तक रोज बदलेगी लाइट एंड साउंड झांकी
- ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित सेल्फी प्वाइंट में टैंक होगा आकर्षण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** मित्तल परिवार की ओर से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव डिजिटल मूविंग झांकी न्यू गणेशगंज अमीनाबाद रोड पर 16 अगस्त से शुरू होगी। छह दिन चलने वाले उत्सव में रोज भगवान कृष्ण की लीलाओं के अलग-अलग रूप प्रदर्शित किए जाएंगे। छठी उत्सव पर फूलों की होली के संग सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे। सांस्कृतिक मंच पर क्षेत्रीय बच्चों को हुनर दिखाने का मौका भी मिलेगा। इस बार झांकी में दही हांडी उत्सव का खास आकर्षण जोड़ा गया है। ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित सेल्फी प्वाइंट लोगों ने देशभक्ति का जज्बा भरेगा।

कृष्ण जन्मोत्सव की झांकियों में इस बार पहले दिन श्री कृष्ण के जन्म का प्रसंग देखने को मिलेगा। 17 अगस्त को गोकुल भ्रमण, 18 अगस्त को गो चारण लीला, 19 अगस्त को श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह, 20 को माखन चोरी और 21 को बरसाने की होली के प्रसंग देखने को मिलेंगे। डिजिटल मूविंग झांकी के तहत लाइट एंड साउंड के इफेक्ट के साथ स्वचालित मूर्तियां एक्शन करती हुई दिखाई देंगी। परंपरागत झूले पर विराजमान राधा कृष्ण के अलावा कालिया मर्दन की स्थायी झांकी भी लगेगी। 20 फीट ऊंचे शिवलिंग के अलावा सीना चीरते हनुमान जी की स्वचालित झांकी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। भालू-बंदर नचाते और सांप का खेल दिखाते मदारी की झांकी के साथ राम नाम जपते तुलसीदास, माखन चोरी करने पर कन्हैया को छड़ी लेकर दौड़ाती यशोदा माता की चलती फिरती झांकी सबको लुभाने को तैयार है। अंतिम तीन दिनों में यह उत्सव आकर्षक रंग में रंगेगा। 19 अगस्त को तीसरे दिन दही हांडी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। करीब 20 फुट ऊंचाई पर बंधी मटकी को फोड़ने के लिए कई टीमें जोर आजमाइश करेंगी। जो टीम मटकी को फोड़ने में सफल होगी उसे मटकी में रखी राशि मिलेगी बल्कि पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया जाएगा। 20 अगस्त को यहां सांस्कृतिक मंच सजाया जाएगा जहां क्षेत्रीय बच्चे नृत्य गायन व अन्य क्षेत्र में अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे। 21 अगस्त को छठी उत्सव मनाया जाएगा। इस दिन स्थानीय कलाकारों के द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे जिसमें राधा कृष्ण का मयूर नृत्य समेत कई प्रस्तुतियां एवं शंकर जी का तांडव और राधा कृष्ण का रूप धरे बच्चे फूलों की होली खेलकर बरसाने की होली की याद ताजा करेंगे। पुरस्कार वितरण समारोह में प्रतिभावान बच्चों और झांकी को यादगार बनाने में योगदान देने वालों को सम्मानित भी किया जाएगा। हर बार की तरह इस बार भी नाका चौराहे से न्यू गणेश गंज तक मुख्य सड़क को एलईडी लाइटों और गेट से सजाया जा रहा है। झांकी के दोनों ओर बने गेट माहौल को भव्यता प्रदान करेंगे। इस मौके पर करीब 500 मीटर के रास्ते पर मेले जैसा माहौल होगा जिसमें चाट बताशे से लेकर खेल खिलौने और घरेलू सामान बेचने की दुकानें सजेंगी। झूले और दूसरे खेल खिलाने वाले भी यहां अपनी दुकानें सजाएंगे और लोगों का मनोरंजन करेंगे।

# अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिनों ने रखा कजरी तीज का व्रत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पति की दीघार्यु और समृद्धि की कामना के पर्व कजरी तीज पर मंगलवार को महिलाओं ने व्रत कर भगवान शंकर और माता पार्वती की पूजा की। घरों में केले के पत्ते से मंडप बनाकर गौरी गणेश की पूजा की गई।

कजरी तीज पर व्रती महिलाओं ने स्नान के बाद भगवान शिव और माता गौरी की मिट्टी की मूर्ति बनायी और माता गौरी और भगवान शिव की मूर्ति को एक चौकी पर लाल रंग का वस्त्र बिछाकर स्थापित किया। इसके बाद माता गौरी को सुहाग के 16 सामग्री अर्पित की, और भगवान शिव को बेल पत्र, गाय का दूध, गंगा जल, धतूरा, भांग आदि चढ़ाया। उसके बाद धूप और दीप आदि जलाकर आरती करने के बाद भगवान शिव और माता पार्वती की कथा सुनी और विधि विधान से पूजा-अर्चना की। मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्या गिरि की ओर से पूजन का आयोजन किया है। मां गौरी स्वरूप कजरी की आकृति बना कर व्रती महिलाओं ने पूजन किया। पूजन के दौरान महिलाएं हरे रंग की साड़ी धारण किये हुए थीं।

राजेन्द्र नगर के महाकाल मंदिर में भी महिलाओं ने पूजन किया। संयोजक अतुल कुमार मिश्रा ने बताया कि मंदिर को हरे रंग की रोशनी से सजाया गया था। इंद्रलोक कॉलोनी के इंद्रेश्वर और तुलसी मानस मंदिर में भी पूजन किया गया। आशियाना में पूजा मेहरोत्रा की ओर से पूजन किया गया। पति अमित मेहरोत्रा ने कजरी की कथा सुनाई। महानगर में अनुराधा की ओर से पूजन किया गया।

**इसलिए मनायी जाती है कजरी तीज:** कजरी तीज मुख्य रूप से दांपत्य जीवन में मधुर संबंधों पर आधारित पर्व है। पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि इस पर्व को लेकर ये पौराणिक मान्यता है कि इसी दिन माता पार्वती ने सालों तक अपने कठोर तप से भगवान शिव को अपने पति के रूप में प्राप्त किया था। तभी से मान्यता अनुसार सभी शादीशुदा महिलाएं अपने दांपत्य जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति हेतु व अपने पति की दीघार्यु के लिए निर्जल रहकर इस दिन मां पार्वती के लिए व्रत करती हैं। इसके साथ ही इस दिन अविवाहित कन्याएं भी भगवान शिव की भांति वर पाने और जल्द विवाह की कामना से इस व्रत को रखती हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, महिलाओं के व्रत से प्रसन्न होकर भगवान शिव और माता पार्वती उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती से सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करती हैं। ऐसी भी माना जाता है कि अगर किसी लड़की की शादी में कोई बाधा आ रही है तो इस व्रत को जरूर रखे।

## भविष्य की पीढ़ियों को दें सुरक्षित पर्यावरण : बिन्दू बोरा





- प्रकृति वन्दन कार्यक्रम में पौधों को बांधी राखी, लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प
- एकल अभियान महिला शाखा और राधा स्नेह दरबार का संयुक्त आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रकृति के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर आज एकल अभियान की महिला शाखा तथा राधा स्नेह दरबार की ओर से प्रकृति वन्दन कार्यक्रम किया गया। मंगलवार को जानकीपुरम के छुइयापुवा स्थित टंकी पार्क में फलदार, फूलदार और छायादार पौधों का रोपण, और पौधों को राखी बांधकर संस्था पदाधिकारियों व स्थानीय जनों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। हर घर तिरंगा अभियान के दृष्टिगत लोगों में तिरंगा भी वितरित किया गया। एकल अभियान महिला शाखा व राधा स्नेह दरबार की अध्यक्ष बिन्दू बोरा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। स्वच्छ हवा, पानी और भोजन के लिए, पारिस्थितिक तंत्र को संतुलित रखने के लिए, भविष्य की पीढ़ियों को भी स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण देने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। कार्यक्रम में संगठन पदाधिकारीगण श्रीमती सीमा गोयल, बीना गोयल, कविता अग्रवाल, आदर्श गोयल, सुनीता गोविला, अंजना अग्रवाल, मृदुला अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, राखी अग्रवाल, विभा जालान, वन्दना, बिन्दू अग्रवाल, अनुराधा गोयल, नमिता अग्रवाल, दीपाली मित्तल, सरोज गोयल आदि के साथ ही संजय तिवारी, सतीश वर्मा, बृजकिशोर पांडेय, राकेश पांडेय, कृपाशंकर मिश्रा, मयंक मिश्रा, राकेश सिंह, सुनील गुप्ता, शशि लोधी, अरविंद लोधी, नगर निगम के उद्यान अधीक्षक गंगाराम गौतम, वन विभाग की ओर से प्रत्यूष वर्मा, डी.के. सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बच्चों ने गीत-संगीत के जरिए शहीदों को किया नमन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** सन्मार्ग इवेंट एक्सपर्ट और अन्य सामाजिक संस्थाओं के द्वारा एसएनए के सभागार मे एक शाम वतन के नाम के अंतर्गत शहीदों की याद में सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने युवाओं का आवाहन करते हुए कहा कि आजादी मिलने के बाद भी देश को नौजवानों के संघर्ष और बलिदान की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमको स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की आकांक्षाओं के अनुरूप एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण करना है। मुरलीधर आहूजा ने कहा कि जिन अमर शहीदों ने देश के लिए बलिदान दिया है उन्हें हम कभी भुला नहीं सकते।

मुख्य वक्त के रूप में पूर्व विभागाध्यक्ष डॉक्टर शक्ति कुमार पांडेय ने कहा कि अभी कल 11 अगस्त को ही आजादी की लड़ाई के सबसे युवा नायक खुदीराम बोस की पुण्यतिथि थी। यह वीर योद्धा 18 वर्ष की आयु में भारत माता की जय बोलते हुए फांसी के फंदे पर झूल गया। उन्होंने कहा कि देश और समाज की सेवा के लिए योग्य, चरित्रवान और कर्मठ नौजवानों की आवश्यकता है। अपर आयुक्त इनकम टैक्स बालकृष्ण यादव ने भी युवा पीठी का आह्वान किया। भाजपा के युवा नेता नीरज सिंह ने भी इस अवसर पर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ हरिओम, प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा, ने भी उपस्थित जन समूह को संबोधित किया। इस अवसर पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें एनसीसी के छात्रों के अलावा एमिटी स्कूल, सिटी स्कूल, डांस एंड म्यूजिक ग्रुप, रंग दे बसंती डांस ग्रुप, इंस्टिट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट, शिल्ड डिफेंस एकेडमी, स्टार मेकर्स आदि के बच्चे शामिल थे।

विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों के लिए कुछ विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया गया, जिनमें सुश्री रोली त्रिपाठी, सृष्टि उत्तराखंडी प्रवीण शर्मा, जिया मिश्रा, सोनाली मिश्रा, रजनीश गुप्ता, अभिषेक खरे, मनोज रस्तोगी, अभिनव चौबे, पंडित शेखर दीक्षित, पंकज भार्गव, आशा मिश्रा, रुबी राज सिन्हा, मधु सिंह, मधु तिवारी, मोहनीश त्रिवेदी शीलू श्रीवास्तव, और अनुपम मिश्रा शामिल थे।

## झुंझुनूं वाली दादी जी का 22 वां झूला उत्सव कल से

लखनऊ। श्री दादी परिवार लखनऊ की ओर दो दिवसीय झूला उत्सव 14 और 15 अगस्त को निरालानगर में धूमधाम से मनाया जायेगा। महामंत्री सुनील तुलस्यान ने बताया कि इस बार झुंझुनूं वाली दादी जी का 22 वां झूला उत्सव है। पहले दिन मंगल कलश निकाली जायेगी। यात्रा में 251 महिलाएं कलश उठायेंगी। सुनील तुलस्यान ने बताया कि संस्था का प्रयास है कि कलश यात्रा भव्य निकाली जाये कि हर कोई दादी की भक्ति में रंग जाये। कलश यात्रा बाबूगंज से शाम 4 बजे शुरू होगी। यात्रा आठ नम्बर चौराहा स्थित होटल रेगनेंट पर समाप्त होगी। उत्सव के दूसरे दिन 15 अगस्त को झूला उत्सव निरालानगर स्थित होटल रेगनेंट में प्रातः 10 बजे श्री नारायणी चरित्र मानस महामंगल पाठ शुरू होगा।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहराइच

**पत्रांकः 510/ रा.वि.आ.-पा.नि./ नि.कार्य /ई-टेण्डर/ 2025-26 दिनांक : 11 अगस्त 2025**

**ई-निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक-509/रा.वि.आ.-पा.नि./नि.कार्य/ई.टेण्डर/2025 दिनांक 11 अगस्त, 2025 द्वारा रा.वि.आ./पा.नि. के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगर पालिका परिषद, बहराइच के स्वीकृत कार्यों में से रु. 10.00 लाख से अधिक के 02 निर्माण कार्य हेतु जी.एस.टी. रहित आनलाइन निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 12 अगस्त, 2025 को अपरान्ह 02.30 बजे से दिनांक 02 सितम्बर, 2025 को अपरान्ह 03.30 बजे तक निर्माण कार्यों के लिए वर्ष 2025-26 में नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ-साथ अन्य विभागों में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों से प्रतिशत दर के आधार पर निर्धारित नियम व शर्तों के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि आर.टी.जी.एस./नेफ्ट के माध्यम से नगर पालिका परिषद, बहराइच के इण्डियन बैंक शाखा डिगिहा स्थित खाता सं.-50383894033 IFSC Code IDIB000C601 में आनलाइन जमा की जायेगी अथवा एफ.डी.आर./टी.डी.आर./एन.एस.सी./सी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच के पदनाम से बन्धक हो, भी स्वीकार किये जायेंगे । निविदा मूल्य आनलाइन ही जमा करना होगा। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि/निविदा मूल्य जमा रसीद (बैंक स्टेटमेन्ट), हैसियत/चरित्र प्रमाण-पत्र/पंजीकरण प्रमाण-पत्र इत्यादि) को ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 02 सितम्बर, 2025 को अपरान्ह 04.00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई-निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये जाने वाले निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। सम्बन्धित विस्तृत निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट www.bahraich-npp.in पर उपलब्ध है।

**(प्रमिता सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**

**(सुधा देवी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**


## भातखण्डे से निकली तिरंगा साइकिल यात्रा, प्रतियोगिता में जीते पुरस्कार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की ओर से हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा सायकिल यात्रा निकाली गई। कुलपति प्रो मांडवी सिंह ने विश्वविद्यालय परिसर से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

सायकिल यात्रा विश्वविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर शहीद स्मारक तक की गई। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में कैरम प्रतियोगिता हुई। जिसमें 30 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। पहला स्थान आदित्य वर्मा, दूसरा प्रदीप राय एवं तीसरा स्थान आदित्य विक्रम और राज वर्मा को मिला। इसके अलावा राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में एंटी रैगिंग सप्ताह का शुभारम्भ भी किया गया। कुलपति प्रो. माण्डवी सिंह ने रैगिंग मुक्त विश्वविद्यालय परिसर के नियमों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में एंटी रैगिंग सप्ताह 12 अगस्त से 18 अगस्त मनाया रहा है।

जिसके अंतर्गत एंटी रैगिंग से संबंधित अनेक प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिससे विश्वविद्यालय परिसर में समस्त छात्र छात्राओं के लिए एक सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण का निर्माण हो। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में तिरंगा मेले का आयोजन किया गया और तिरंगा म्यूजिकल कंसर्ट प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के 17 बच्चों ने प्रतिभाग किया।

# परमात्मा रूपी रस की अनुभूति करना ही रास है : बालभरत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर में वैकुण्ठवासी सुप्रसिद्ध समाजसेवी श्री रूपनारायण अग्रवाल बच्चे लाला की पावन पुण्य स्मृति में चल रही श्रीमद्भागवत के छठवें दिन की कथा में रासपंचाध्यायी की व्याख्या करते हुए क्रांतिकारी कथाव्यास स्वामी बाल भरत जी महाराज ने कहा कि परमात्मा रूपी रस की अनुभूति करना ही रास है क्योंकि उपनिषदों में परमात्मा को ही रस कहा गया है रसो वै सः अर्थात परब्रह्म ही रस है उसी की रसानुभूति को रास कहा जाता है। इसी क्रम में कंस वध की कथा सुनाते हुए कहा कि कंस की भरी सभा मे भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का बाल पकड़कर ऊँचे मंच से नीचे फेंक दिया। इसी क्रम में उद्धव गोपी संवाद का अति मार्मिक वर्णन किया गया और कंस की दोनों रानियां अस्ति और प्राप्ति दोनों जरासन्ध की बेटियां थी अतः कंस के मरने के बाद वे दोनों अपने पिता के घर चली गयी और जरासन्ध आगबबूला होकर मथुरा पर सत्रह बार आक्रमण किया और हर बार उसको पराजय का सामना करना पड़ा क्योंकि सदाचार मानवता और सिद्धांतों के सामने केवल धन और बल ही सदा विजयी नही हुआ करते। इसी क्रम में विश्वकर्मा ने समुद्र में द्वारिका पुरी का निर्माण किया जिसमें समस्त प्रजा को लेकर श्रीकृष्ण और बलराम द्वारिका पुरी में निवास करने लगे। रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाते हुए व्यास जी ने कहा कि रुक्मिणी साक्षात लक्ष्मी की अवतार थी और महाराष्ट्र के विदर्भ में महाराजा भीष्मक के घर मे पुत्री के रूप में अवतरित हुईं। कथा के मुख्य यजमान लखनऊ के समाज सेवी प्रदीप कुमार अग्रवाल ने रुक्मिणी विवाह का भव्य आयोजन किया जिसमें कन्यादान में अनेकानेक स्वणार्भूषण जैसी सामग्री भेंट स्वरूप समर्पित की। कथा के आयोजन प्रतीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि बुधवार को सुदामा प्रसंग के साथ कथा का समापन होगा।

# कई ट्रेनें निरस्त तो कुछ के मार्ग बदले, यात्री होंगे परेशान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के अण्डाल जं. स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के कमीशनिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में प्री-नॉन इंटरलॉकिंग/नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं रि-शिड्यूलिंग किया जायेगा।

मार्ग परिवर्तन के तहत सियालदह से 24 अगस्त को चलने वाली 13105 सियालदह-बलिया एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बर्द्धमान-आसनसोल- झाझा-किऊल के स्थान पर परिवर्तित मार्ग खाना जं.-रामपुरहाट-गुमानी-किऊल के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी पानागढ़, दुगार्पुर, अण्डाल जं., आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, सिमुलतला, झाझा, गिद्धौर, जमुई एवं मननपुर स्टेशनों पर नहीं रूकेगी। बलिया से 24 अगस्त को चलने वाली 13106 बलिया-सियालदह एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग किऊल-झाझा-आसनसोल-अण्डाल जं.-खाना जं. के स्थान पर परिवर्तित मार्ग किऊल-गुमानी-रामपुरहाट-खाना जं. के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी मननपुर, जमुई, गिद्धौर, झाझा, सिमुलतला, जसीडीह, मधुपुर, चित्तरंजन, आसनसोल, अण्डाल जं., दुगार्पुर एवं पानागढ़ स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।

रि-शिड्यूलिंग के तहत लालकुआँ से 23 अगस्त को चलने वाली 12354 लालकुआँ-हावड़ा एक्सप्रेस लालकुआँ से 70 मिनट रि-शिड्यूल कर २चलाई जायेगी।

दूसरी ओर रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण मध्य रेलवे के पापट पल्लि-डोर्नकल स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन के निर्माण कार्य के परिप्रेक्ष्य में प्री-नॉन इंटरलॉकिंग/नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण किया जायेगा।

निरस्तीकरण के तहत गोरखपुर से 10 एवं 12 अक्टूबर को चलने वाली 12511 गोरखपुर-तिरुवनन्तपुरम उत्तर (कोच्चुवेली) एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। तिरुवनन्तपुरम उत्तर (कोच्चुवेली) से 14 एवं 15 अक्टूबर को चलने वाली 12512 तिरुवनन्तपुरम उत्तर (कोच्चुवेली)-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। बरौनी से 13 अक्टूबर को चलने वाली 12521 बरौनी-एरणाकुलम एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। एरणाकुलम से 17 अक्टूबर को चलने वाली 12522 एरणाकुलम-बरौनी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

## पूर्वोत्तर रेलवे के 114 स्टेशनों पर लगे इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग

**लखनऊ।** संरक्षित, सुरक्षित एवं सुगम टेज्न संचालन सुनिश्चित करने हेतु सतत आधुनिकीकरण किया जा रहा है, इसी क्रम में, स्टेशनों पर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे में अभी तक 114 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली स्थापित की जा चुकी है। डिजिटलाइजेशन की दिशा में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम एक महत्वपूर्ण कदम है, जो टेज्नों के संचालन को सुरक्षित और सुगम बनाती है। इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग मानवीय त्रुटि की सम्भावना को कम करता है, जिससे संरक्षा में सुधार होता है, यह सिस्टम तेजी से कार्य करता है, जिसके फलस्वरूप ट्रेनों का आवागमन बेहतर होता है, इसका मेंटेनेंस कम है, भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये इस सिस्टम को अपडेट करना आसान है तथा इसे कम स्थान पर स्थापित किया जा सकता है। पूर्वोत्तर रेलवे के 114 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली स्थापित हो चुका है, जिसमें लखनऊ मंडल के 44, वाराणसी मंडल के 56 तथा इज्जतनगर मंडल के 14 स्टेशन सम्मिलित हैं। इन स्टेशनों पर रूट की सेटिंग माउस के एक क्लिक से सम्भव हुआ है।

## ब्लॉक के कारण नियंत्रित होकर चलेंगी ट्रेनें

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु देवरिया सदर-नूनखार खंड के डाउन लाइन तथा देवरिया सदर-बैतालपुर के अप लाइन पर इंजीनियरिंग कार्य हेतु ब्लॉक दिये जाने के कारण निम्नलिखित गाड़ियों को पुनर्निर्धारित, नियंत्रित एवं मार्ग परिवर्तन कर चलाया जाएगा। पुनर्निर्धारण के तहत गोरखपुर छावनी से 13 अगस्त को चलने वाली 55042 गोरखपुर छावनी-सीवान सवारी गाड़ी गोरखपुर छावनी से 90 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जाएगी। नियंत्रण के तहत अयोध्या धाम से 13 अगस्त को चलने वाली 65116 अयोध्या धाम-भटनी सवारी गाड़ी मार्ग में 70 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएगी। बढ़नी से 13 अगस्त को चलने वाली 05028 बढ़नी-देवघर विशेष गाड़ी मार्ग में 60 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। बरौनी से 13 अगस्त को चलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी मार्ग में 20 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के तहत दरभंगा से 13 अगस्त को चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग सीवान-थावे-कप्तानगंज-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलाई जायेगी।

## चेकिंग के दौरान पकड़े गये 126 बेटिकट यात्री



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सोमवार को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी के नेतृत्व में लखनऊ मंडल पर सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 15120 जनता एक्सप्रेस में लखनऊ से प्रतापगढ़ के मध्य तथा 15127 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस में प्रतापगढ़ के मध्य गहन टिकट जांच की गई।

अभियान में 6 टिकट चेकिंग स्टाफ, 2 आरपीएफ कर्मी एवं 2 मुख्य वाणिज्य निरीक्षक शामिल रहे।

टिकट जांच के दौरान बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा करने वाले 126 यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई तथा 65,730/- की राशि रेलवे राजस्व के रूप में वसूल की गई।

- रेलवे ने 65,730 रुपये जुर्माना के तौर पर वसूला

इस अभियान का उद्देश्य यात्रियों को वैध टिकट के साथ यात्रा करने के प्रति जागरूक करना एवं रेलवे राजस्व की हानि रोकना है। लखनऊ मंडल द्वारा यात्रियों से अपील की गई है कि वे सदैव वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें, जिससे यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

## भाजपा महानगर ने कई स्थानों पर निकाली भव्य तिरंगा यात्रा




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महानगर में आज विभिन्न स्थानों पर भव्य तिरंगा यात्राओं का आयोजन मंगलवार को किया गया जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक नोएडा पंकज सिंह के नेतृत्व में पश्चिम मंडल दो में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह के नेतृत्व में इंजीनियरिंग कॉलेज से मंगल पांडे पार्क तक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में चंद्र नगर आलमबाग में दीवान ऑटोमोबाइल से, सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा के नेतृत्व में मध्य विधानसभा में, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा उत्तर मंडल 4 में विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह के साथ आयोजित तिरंगा यात्राओं में सम्मिलित हुए।

पंकज सिंह के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा बालागंज चौराहा स्थित मण्डल कार्यालय से आरम्भ होकर दुबग्गा चौराहा होते हुए आईआईएम रोड स्थित शहीद स्मारक पर समाप्त हुई।

## कुलपति ने रैगिंग मुक्त परिसर के लिए निकाली जागरूकता रैली

### लविवि कुलपति ने रैगिंग मुक्त परिसर के उद्घोष के साथ शुरू किया एंटी रैगिंग सप्ताह

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लविवि में कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने रैगिंग मुक्त परिसर के लिए जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर एंटी रैगिंग सप्ताह की शुरूआत की। उन्होंने इस अवसर पर छात्रों एवं शिक्षकों के मध्य रैगिंग मुक्त परिसर का संदेश देते हुए कहा कि रैगिंग एक गंभीर समस्या है जो न केवल छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि शैक्षणिक संस्थानों की प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचाती है। यह सप्ताह हमारे छात्रों को यह समझने में मदद करेगा कि रैगिंग न केवल अनैतिक है, बल्कि कानूनी रूप से भी दंडनीय अपराध है। उन्होंने कहा, हम आप सभी को इस कार्यक्रम में भाग लेने और रैगिंग के खिलाफ अपनी आवाज उठाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। साथ में, हम एक सुरक्षित और सम्मानजनक विश्वविद्यालय बना सकते हैं जहां सभी छात्र सीखने और बढ़ने के लिए स्वतंत्र महसूस कर सकें।

कुलानुशासक, प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया, यह एक महत्वपूर्ण पहल है जो लखनऊ विश्वविद्यालय में रैगिंग के खिलाफ एकता को दर्शाती है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित गतिविधियां 12 अगस्त से 18 अगस्त तक चलेंगी और विश्वविद्यालय के एंटी-रैगिंग सेल, प्रॉक्टर कार्यालय द्वारा समन्वित की जाएंगी। प्रो. द्विवेदी ने सभी छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि हैं कि वे इस अभियान का हिस्सा बनें और रैगिंग को रोकना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने # अफक्कङ्ग४३ॅअॅल्ल२३प्रॅल्ल हैशटैग के साथ एक सोशल मीडिया अभियान भी शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को एक मंच प्रदान करना है जहां वे रैगिंग के खिलाफ अपने विचार साझा कर सकें और एकजुटता दिखा सकें। लखनऊ विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में 12 से 18 अगस्त तक एंटी रैगिंग सप्ताह की शुरूआत छात्रों के मध्य अभिमुखीकरण कार्यक्रम के तहत की गयी। यह महत्वपूर्ण पहल विश्वविद्यालय में रैगिंग के खिलाफ एकता को दर्शाती है और छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाने का एक सराहनीय प्रयास है। उद्घाटन के दौरान छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए, विश्वविद्यालय के एंटी-रैगिंग सेल के सदस्य डॉ कमर इकबाल ने बताया कि विश्वविद्यालय ने रैगिंग की शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। साथ ही, एक ऑनलाइन शिकायत पोर्टल भी शुरू किया गया है जहां छात्र गुमनाम रहकर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## भाजपा नेताओं ने जताया राजनाथ का आभार



**लखनऊ।** लखनऊ के सांसद एवं केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रयासों से लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के फेस-1 बी को स्वीकृति मिलने पर वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह और लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में शाम को हजरतगंज चौराहे पर रक्षा मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं के हाथों में रक्षा मंत्री का कट आउट और लखनऊ में मेट्रो शुभारंभ के समय के पोस्टर थे। सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, विधायक ओपी श्रीवास्तव, योगेश शुक्ला, महामंत्री पुष्कर शुक्ला, प्रवीण गर्ग, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, विपिन सोनकर अमित त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे सभी ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर लखनऊ वासियों को बधाई दी और मोदी और रक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया।

## शिक्षा का मूल उद्देश्य ही विश्व एकता : स्वतंत्र देव



**लखनऊ।** सीएमएस के राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय इंटरनेशनल इंटरफेथ कांफ्रेंस के दूसरे दिन मंगलवार को उद्घाटन मुख्य अतिथि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ ज्ञान अर्जन ही नहीं अपितु विश्व एकता है और इसी प्रकार धर्म का उद्देश्य सामाजिक समरसता, प्रेम व शान्ति है। उन्होंने भावी पीढ़ी का आह्वान किया कि धर्म के मर्म को समझकर एकता व शान्ति की भावना से राष्ट्रनिर्माण में योगदान दें। विदित हो कि इस अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक समन्वय सम्मेलन में इजिप्ट, अमेरिका, लेबनान, ब्राजील एवं भारत के विभिन्न प्रान्तों से पधारे विद्वजन प्रतिभाग कर रहे हैं। सम्मेलन के दूसरे दिन आज विभिन्न धर्मों के अनुयाइयों, विचारकों, दार्शनिकों, धमार्चार्यों व शिक्षाविदों की एक मंच पर उपस्थिति ने सर्वधर्म समभाव का अनूठा आलोक बिखेरा। इस अवसर पर विद्वजनों ने अपने सारगर्भित विचारों द्वारा यह संदेश दिया कि धर्म एकता व शांति से रहने की प्रेरणा देता है। विश्व के सभी धर्मों का उद्देश्य विश्व एकता व मानव मात्र में प्रेम का संचार करना है। सम्मेलन के दूसरे दिन का शुभारम्भ स्कूल प्रार्थना एवं सर्वधर्म प्रार्थना एवं वंदे मातरम की सुमधुर प्रस्तुतियों से हुआ।

## सीएमओ ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

### इटौंजा सीएचसी का भी किया भ्रमण, 24 घंटे निगरानी रखने के निर्देश दिए

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी.सिंह ने बक्शी का तालाब (बीकेटी) ब्लाक के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों लासा, बहादुरपुर और हरदा बाढ़ चौकी का भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस मौके पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.पी.सिंह, बीकेटी के सीएचसी अधीक्षक डॉ. जे.पी.सिंह, इटौंजा सीएचसी के प्रभारी डॉ. किसलय बाजपेयी मौजूद रहे ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दोनों अधीक्षकों को क्षेत्र में 24 घंटे निगरानी रखने के निर्देश दिए और कहा कि यहां पर आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएँ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के नागिरकों को ओआरएस, जिंक, क्लोरीन की गोलियों सहित आवश्यक दवाएं मुहैया कराएं। इन क्षेत्रों में 24 रोस्टरवाइज स्वास्थ्य कार्यकताओं की उपस्थित सुनिश्चित करें। इसके साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने निर्देश दिए कि लोगों को साफ सफाई रखने, साफ पानी पीने आदि को लेकर जागरूक किया जाये एवं स्वास्थ्य शिक्षा दी जाये। इसके साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सीएचसी इटौंजा का निरीक्षण किया और सीएचसी अधीक्षक को साफ सफाई रखने, जननी सुरक्षा योजना(जेएसवाई) के तहत आशा और लाभार्थियों का सही समय पर भुगतान करने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि सीएचसी पर सभी आवश्यक सेवाओं और योजनाओं की जानकारी दीवारों पर चस्पा करें। समुदाय को सभी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दें जिससे कि वह उनका लाभ ले पायें । सीएचसी पर आने वाले लोगों को सभी स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कराएं।

## राजधानी में 29 को एक दिन, एक मिशन- हर नगर पंचायत में हरिशंकरी रोपण

विशेष संवाददाता (vol)



- रोपण को लेकर जिला प्रशासन, लोक भारती और विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ डीएम ने की बैठक

**लखनऊ।** जिला प्रशासन, लोक भारती एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त प्रयास से हरिशंकरी (पीपल, बरगद, पाकड़) रोपण को लेकर कार्ययोजना बैठक का आयोजन जिलाधिकारी सभागार में किया गया। बैठक में तय किया गया कि 29 अगस्त को लखनऊ के सभी 10 नगर पंचायतों के वार्डों, गोमती एवं कुकरेल नदी के किनारे स्थित गांवों तथा बख्शी का तालाब क्षेत्र के 98 गांवों में एक ही दिन पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान हरिशंकरी पौधों का रोपण बड़े पैमाने पर किया जाएगा और सभी की जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से निर्धारित की गईं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि हरिशंकरी न केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा और हरियाली का उपहार भी है। हम चाहते हैं कि यह अभियान जन आंदोलन का रूप ले। लोक भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बृजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि यह सिर्फ पौधे लगाने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि प्रकृति से जुड़ने और लखनऊ को हरित बनाने का संकल्प है। सभी संगठनों की भागीदारी इस अभियान को ऐतिहासिक बनाएगी। क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारी ने नगर पंचायतों के लिए अधिशासी अधिकारियों तथा ब्लॉकों के लिए विकासखंड अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय वन अधिकारी, लोक भारती, गायत्री परिवार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पतंजलि, आर्ट ऑफ लिविंग, ब्रह्माकुमारी, व्यापार मंडल, अधिवक्ता परिषद सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। विशेष रूप से हरिशंकरी के संरक्षक नरेंद्र सिंह, संयोजक गोपाल ओझा (गायत्री परिवार), डॉ. सुधीर सिंह (आरएसएस), रणंजय सिंह, डॉ. लवकुश पटेल, विपिन सक्सेना एवं गजेंद्र कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## भाषा विवि ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा



**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा विश्वविद्यालय कैंपस से आरंभ होकर चक्करपुरवा गांव होते हुए पुनः विश्वविद्यालय परिसर में आकर संपन्न हुई। इस दौरान आस-पास के गांवों के लोग भी बड़ी संख्या में यात्रा में शामिल हुए। हजारों की संख्या में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं कर्मचारी इस तिरंगा यात्रा का हिस्सा बने। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने देशभक्ति के नारों और तिरंगे के साथ पूरे मार्ग को राष्ट्रभक्ति के रंगों में रंग दिया। यात्रा के साथ-साथ देशभक्ति से जुड़े सिंगिंग और डांसिंग प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## रिमोट सेंसिंग दिवस पर 60 मेधावी छात्र पुरस्कृत

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशंस सेंटर, उत्तर प्रदेश एवं इंडियन सोसाइटी ऑफ रिमोट सेंसिंग लखनऊ चैप्टर द्वारा भारतीय अंतरिक्ष के जनक प्रो. विक्रम सारा भाई के जन्म दिवस पर मंगलवार को रिमोट सेंसिंग दिवस का आयोजन किया गया। रिमोट सेंसिंग दिवस पर डा. एमएस यादव ने सभी छात्र-छात्राओं, अध्यापकों एवं मुख्य अतिथि डा एएन सिहं, पूर्व निदेशक का स्वागत किया।

भाषण प्रतियोगिता एवं क्विज में 16 विद्यालयों के 80 छात्रा-छात्रओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा एएन सिंह, पूर्व निदेशक, आरएसएसी, यूपी ने अंतरिक्ष में भारत की उड़ान विषयक छात्रों द्वारा दिये गये भाषण की सराहना की एवं छात्र-छात्राओं के भाषण को सुनकर कहा कि इससे हमकों भी सीखने को मिला। मुख्य अतिथि डा एएन सिंह एवं डा एमएस यादव, सचिव द्वारा स्कूली छात्र छात्राओं के लिए आयोजित भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

भाषण प्रतियोगिता में महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल, जानकीपुरम विस्तार की छात्रा समृद्धि गौतम ने प्रथम पुरस्कार, लखनऊ पब्लिक कालेज, सहारा स्टेट के छात्र तेजस्वी मिश्रा एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल, जानकीपुरम के छात्र सर्वज्ञ द्विवेदी ने द्वितीय, रेड रोज सीनियर सेकन्ड्री स्कूल, राजाजी पुरम की छात्रा प्रेरणा मिश्रा एवं सीएमएस, गोमती नगर की छात्रा आद्या सिंह ने तृतीय, आईटी कालेज की छात्रा अनीजा फैजल ने चतुर्थ तथा आरएलबी मेमोरियल सेकेंड्री स्कूल विकास नगर की छात्रा काव्या मिश्रा एवं महावीर इंटर कालेज कुर्सी रोड लखनऊ के छात्र सूरज यादव ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। स्कूली छात्र छात्राओं के लिए एक प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गयी। प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में रिमोट सेंसिंग सोसायटी लखनऊ चैप्टर की उपाध्यक्ष डा. उपमा चतुर्वेदी द्वारा विचार प्रकट किये।

इस अवसर पर सोसाइटी के समस्त सदस्य एवं आरएसएसी, यूपी के समस्त वैज्ञानिक एवं कार्मिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अमित सिन्हा, वैज्ञानिक द्वारा किया गया।

## रंगोली में दिखी ऑपरेशन सिंदूर की झलक



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में मंगलवार को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित हर घर तिरंगा अभियान के दौरान रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें छात्रों ने रंगोली को ऑपरेशन सिंदूर के नाम समर्पित किया। आकर्षक कलाकृति के जरिये मां भारती को उकेरा तो उस पर ऑपरेशन सिंदूर को दशार्या। इसके अलावा रंगोली के जरिये नारी सशक्तिकरण, भारत की अखण्डता, एकता, हर घर तिरंगा अभियान की झलक देखने को मिली। रंगों के बेहतरीन संयोजन से रंगोली को कुलपति प्रो जेपी पाण्डेय ने सराहा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत जरूरी है। छात्र न केवल इनसे बहुत कुछ सीखते हैं बल्कि देश प्रेम की भावना भी उनमें प्रवाहित होती है। प्रतियोगिता में फैकल्टी ऑफ फॉमेर्सी, फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर और रामस्वरूप कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। रंगोली का मूल्यांकन शुभी पाण्डेय, डॉ. सिद्धार्थ और अंजलि सिंह ने किया। विजेता टीम को स्वतंत्रता दिवस पर पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर वित्त अधिकारी एवं कार्यवाहक कुलसचिव केशव सिंह ने भी छात्रों का उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता का संयोजन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो ओपी सिंह एवं समन्वय असिस्टेंट रजिस्ट्रार आयुष श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान परीक्षा नियंत्रक प्रो दीपक नगरिया, प्रो केएस वर्मा, अमित मलिक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाषा विवि में एंटी रैगिंग सप्ताह का शुभारंभ

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशन में एंटी रैगिंग सप्ताह का उद्घाटन कुलपति प्रो. अजय तनेजा की अध्यक्षता में हुआ। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ल ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, विधि संकाय के डॉ. पीयूष द्विवेदी ने रैगिंग से संबंधित विभिन्न कानूनी प्रावधानों एवं दंडात्मक कार्यवाहियों पर विस्तार से चर्चा की। कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ल ने बताया कि वरिष्ठ छात्रों द्वारा कनिष्ठ छात्रों के साथ सामान्य व्यवहार से भिन्न कोई भी असामान्य, शारीरिक या मानसिक पीड़ा पहुंचाने वाला आचरण रैगिंग की श्रेणी में आता है। वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य डॉ. मनीष कुमार ने संचालन करते हुए विद्यार्थियों को सूचित किया कि विश्वविद्यालय में एंटी रैगिंग सेल सक्रिय रूप से कार्यरत है। यदि किसी छात्र या छात्रा को किसी प्रकार की परेशानी हो, तो वह एंटी रैगिंग सेल अथवा प्रोटोरियल बोर्ड को अपनी शिकायत दर्ज करा सकता/सकती है।

## विपक्षी झूठ का भी पर्दाफाश करना है




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा अवध क्षेत्र की संगठनात्मक बैठक में मंगलवार को प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने जिलास्तर पर शक्तिकेन्द्र व बूथ गठन की समीक्षा तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की। भाजपा अवध क्षेत्र कार्यालय लखनऊ में आयोजित बैठक में धर्मपाल सिंह ने कहा कि मजबूत बूथ संरचना तथा सतत जनसंवाद ही विजय का आधार है। उन्होंने कहा कि हमें प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपते हुए जबाबदेही तय करना है। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, त्रयम्बक त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री संजय राय, प्रदेश मंत्री शंकर लोधी, अर्चना मिश्रा, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा सहित अवध क्षेत्र के जिलाध्यक्ष व जिला प्रभारी सम्मिलित रहे। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि विपक्ष लगातार झूठ व भ्रम के अपने एजेंडे पर काम कर रहा है। ऐसे में हमें सक्रियता के साथ प्रत्येक घर और प्रत्येक व्यक्ति तक संवाद के माध्यम से सत्य भी पहुंचाना है। विपक्षी झूठ का भी पदार्फाश करना है और केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व ऐतिहासिक निर्णयों को भी जनता के बीच पहुंचाना है। यह बूथ की मजबूत संरचना से ही संभव है। उन्होंने कहा कि बूथ समितियों में प्रत्येक पदाधिकारी व सदस्य का कार्य निर्धारण और जबाबदेही तय करके रणनीति के तहत काम करना है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि संगठन अपने अभियानों व कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार जनता के बीच है।

संक्षेप

## गुंडा घोषित, 4 जिला बदर

**कुशीनगर।** अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक प्रेम कुमार राय ने हर्षित सिंह पुत्र अनिल सिंह वार्ड नंबर 5 गांधी नगर कस्बा खड्डा थाना खड्डा, वाहिद रजा पुत्र मोनू शेख लाला गुरवलिया शेख टोला थाना तुर्कपट्टी, राजा शेख पुत्र शफीक लाला गुरवलिया शेख टोला, थाना तुर्कपट्टी, मुन्ना पुत्र रामदास रामपुर गोनहा थाना खड्डा कुशीनगर को गुंडा नियंत्रण अधिनियम की धारा 3/4 के अंतर्गत जिनके विरुद्ध जमानती वारंट जारी करने के बावजूद न्यायालय अनुपस्थित है तथा उनके विरुद्ध संबंधित थाने से गंभीर अपराध पंजीकृत हैं, को लोक शांति के दृष्टिगत गुंडा घोषित कर जनपद की सीमा से 6 माह के लिए निष्कासित कर जनपद देवरिया के लिए जिला बदर किया गया है।

## 8 जुआरी पकड़े गये

**रायबरेली।** कोतवाली पुलिस ने पूरे गुलाब मजरे सेमरपहां गांव से 8 जुआरियों को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से लगभग 8000 की नकदी भी बरामद किये जाने का दावा किया है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि उन्हे कई दिनो से पूरे गुलाब मजरे सेमरपहां गांव में जुएं की फड़ लगने की सूचना मिल रही थी। जिसके बाद पुलिस ने उक्त स्थान पर छापा मारते हुए मौके से 8 लोगो को रंगेहाथ पकड़ लिया।

# राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान जन-जन तक पहुंचाना यात्रा का उद्देश्य



**देवरिया।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में तिरंगा यात्रा निकाली जिसमें उत्साही युवाओं ने हाथों में तिरंगा लिए भारी संख्या में भाग लिया। तिरंगा यात्रा के क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में बैतालपुर नगर पंचायत क्षेत्र के ब्लाक परिसर से गोविनापुर चौराहे तक तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। यात्रा के दौरान जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार का मकसद है कि हर नागरिक अपने घर पर तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाए और राष्ट्रीय एकता का संदेश दे। इसके तहत ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से लोगों को जोड़ा जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना को और मजबूत करना और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान को जन-जन तक पहुँचाना है। इस दौरान पूर्व विधायक डा सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, भाजपा नेता सज्जन मणि त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख प्रभाकर राय, जिला मंत्री अरविंद पांडे बबुना, राधेश्याम शुक्ला, गोविंद चौरसिया, अनिल मणि त्रिपाठी, विजय बेलदार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तिरंगा यात्रा मुख्य रूप से जनपद के रामपुर कारखाना विधानसभा के बरियारपुर मंडल में जिला उपाध्यक्ष गंगा सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में बरियारपुर चौराहे से खुशहरी मोड तक निकाली गई जिसमें मंडल अध्यक्ष दिवाकर यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष नागेशपति त्रिपाठी, कृष्णानंद गिरी, रामनिवास पाण्डेय , प्रेमनिवास पाण्डेय, शैलेंद्र उपाध्याय विजय कुमार, जितेन्द्र मिश्र, शशिभूषण मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**बरहज,देवरिया।** क्षेत्र के बरहज देहात मंडल में आजादी के अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने बरौली चौराहे से बारा दीक्षित चौराहे तक तिरंगा यात्रा निकाला। इस यात्रा के दौरान लोगों के मध्य देश की आजादी में बलिदानियों के संदेश दिया। यात्रा के समापन के समय कार्यकर्ताओं एवं लोगों के बीच मिठाइयां बाटकर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। इस दौरान नीरज शाही, अंगद तिवारी,प्रमोद सिंह,राजेश मिश्रा, काशिपति शुक्ला,जितेंद्र तिवारी, शत्रुघ्न सिंह विशेन, रामजोखन निषाद, प्रमोद सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

**कुशीनगर।** डीएम महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक दौरान डीएम ने शैक्षणिक सत्र 2025 में नवभारत साक्षरता मिशन, स्कूल हर दिन आए कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों में नव प्रवेशित बच्चों की संख्या के बारे में पूछताछ की तथा ऑपरेशन कायाकल्प के संतृप्तिकरण तथा सभी पैरामीटर के बारे में आवश्यक पूछताछ की। उन्होंने शहरी क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग हुए निर्माण कार्य की भी जानकारी ली तथा राइट टू एजुकेशन ( आर टी ई ) योजना के तहत निजी विद्यालयों में नामांकन के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि यदि कोई विद्यालय आनाकानी करता है तो उसकी रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत करें ताकि प्रभावी कार्यवाही की जा सके। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के नव संरचनात्मक विकास पर जोर देते हुए कहा सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का सर्वे करा लिया जाए तथा जो खामियां हैं उन्हें सूचीबद्ध कर संरचनात्मक विकास के कार्य भी कराए। डीएम ने प्राथमिक विद्यालयों में कम छात्रों वाले बच्चों को निकटवर्ती विद्यालय में मर्ज किए जाने के संबंध में सभी जानकारी लेते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में लगभग 13 हजार बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र के अभाव में आधार फीडिंग का कार्य प्रभावित होने की जानकारी देने पर डीएम ने सभी जन्म प्रमाण पत्रों से संबंधित छात्र/ छात्राओं की सूची उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिए, ताकि सभी एसडीएम से वार्ता कर प्रभावी कार्यवाही किया जा सके। बाल बाटीका की समीक्षा दौरान किसी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल संज्ञान में लाए जाने का निर्देश दिए गए। निपुण भारत अभियान अंतर्गत अध्यापकों की उपस्थिति 95ट एवं छात्रों की उपस्थिति 75% होने की जानकारी दी गई। मध्यान्ह योजना तहत पोर्टल पर बच्चों की संख्या अपलोड नकरने पर डीएम ने निर्देशित किया कि जिन विद्यालयों द्वारा पोर्टल पर फीड नहीं किया जा रहा है, उस विद्यालय के प्रधानाचार्य के वेतन आहरण पर रोक लगाई जाय। छात्रवृत्ति योजना, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के निर्माण कार्यों, रसोइया भुगतान, डीआईओएस से निर्माण कार्यों की पूछताछ, टैबलेट वितरण सहित जर्जर भवनों के संबंध में निर्देशित किया कि जो विद्यालय मरम्मत की श्रेणी में हैं उसपर होने वाले खर्च का आंकलन तैयार करायें।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकली भव्य तिरंगा रैली



**देवरिया।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत नोडल बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, देवरिया से हुआ। रैली की शुरूआत में राजकीय इंटर कॉलेज एवं बेसिक शिक्षा विभाग, देवरिया के लगभग 5000 बच्चों ने 133 फीट लंबे तिरंगे के साथ कतारबद्ध होकर भाग लिया। प्रधानाचार्य रामकिंकर मिश्रा के नेतृत्व में स्काउट और एनसीसी के कैडेट हाथों में तिरंगा एवं उद्घोष बैंड लेकर उपस्थित रहे। इस रैली में बेसिक शिक्षा के महाराणा प्रताप संविलयन विद्यालय, बेगम रहमत नूरी विद्यालय तथा अंजुमन इस्लामिया विद्यालय सहित विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। रैली का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष पं0 गिरीश चंद्र तिवारी एवं नगर पालिका परिषद बरहज की अध्यक्ष श्वेता जायसवाल ने फीता काटकर तथा हरी झंडी दिखाकर किया। देशभक्ति नारों और गीतों के साथ रैली राजकीय इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर जिलाधिकारी आवास, कलेक्ट्रेट होते हुए स्व. रविंद्र किशोर शाही स्टेडियम में संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक शिवनारायण सिंह, ग्रामीण विकास अभियंत्रण विभाग के परियोजना निदेशक अनिल कुमार, उपायुक्त स्व-रोजगार आलोक पांडेय, खंड शिक्षा अधिकारी देवरिया सदर देव मुनि वर्मा, जिला व्यायाम शिक्षक संजय सिंह, जिला स्काउट मास्टर संजय मिश्र, संजय तिवारी, आलोक पांडेय, नरेंद्र मोहन सिंह, कंचन लता मिश्र, नूतन तिवारी, नीतू सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि ?हर घर तिरंगा? कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय में तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सभी विद्यालय अपने-अपने ग्राम सभा अथवा वार्ड में रैली निकालेंगे, जिससे राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को और मजबूत किया जा सके। अंत में सभी का आभार व्यक्त करते हुए रैली का समापन हुआ।

## अब तक नहीं लगा आयुर्वेदिक अस्पताल में ट्रांसफार्मर

**भटनी(देवरिया)।** राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल बीरसिंहपुर भटनी मे अब तक नही लगा ट्रान्सफार्मर । अस्पताल मे औषधीय पौधे लगे है जो बरसात के पहले ही सुख गये । विद्युत विभाग सरकारी विभाग को भी चुना लगाने से बाज नही आ रहा है ।स्टीमेट जमा करने के बाद ठेकेदार द्वारा नया ट्रान्सफार्मर के बजाय पुराना मरम्मत वाला ट्रान्सफार्मर पाँच माह बाद अस्पताल पर गिरा दिया । बताया गया है कि अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डाँ महेन्द्र कुमार शुक्ल द्वारा अस्पताल मे विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन पत्र देकर विभाग को दिया ।अवर अभियंता भटनी द्वारा कनेक्शन के लिए एक लाख बत्तीस हजार चार सौ तिरपन सौ रुपया का स्टीमेट बनाया गया ।जिसे चिकित्सा प्रभारी द्वारा5मार्च 2025 को विभाग मे जमा करवा दिया गया ।इसके बाद अवर अभियंता व एस डी ओ द्वारा बताया गया कि सारी औपचारिकता पुरी कर दी गयी है ।ठेकेदार से सम्पर्क कर ट्रान्सफार्मर लगवाकर कनेक्शन करा लिजिए ।सारी औपचारिकता पुरी करने के बाद जब ट्रान्सफार्मर नही लगा तो चिकित्सा प्रभारी अपनी पीडा विधायक सुरेन्द्र चौरसिया को बतायी ।विधायक की पहल पर विभाग सक्रिय हुआ ।और पाँच माह बाद नया ट्रान्सफार्मर के लिए पैसा जमा हुआ और पुराना मरम्मत वाला ट्रान्सफार्मर अस्पताल पर अवकाश के दिन ठेकेदार उतार कर चला गया ।पता चला है कि नये के स्थान पर पुराने ट्रान्सफार्मर लगाने का विरोध जब चिकित्सा प्रभारी द्वारा किया गया तो ठेकेदार विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों के हाथ -पाँव फुलने लगे और पुराना ट्रान्सफार्मर ही लगाने का दबाव बनाने लगे ।जिससे सरकार व विभाग दोनो की किरकिरी हो रही है ।क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने पुरे प्रकरण की जाँच कराकर नया के स्थान पर पुराना ट्रान्सफार्मर भेजने व लाने वाले के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने की माँग की गयी है ।वही अवर अभियंता व एस डी ओ का फोन भी नही मिल रहा है ।जबकि शासनादेश है की फोन से बात कर उपभोक्ताओं की समस्याओं की जानकारी ली जाय ।लेकिन इस आदेश के ठीक विपरीत फोन की घण्टी बजने के बात नही उठाया जाता और अधिकतर नाट रिचेबिल का टोन ही बचता है ।

## भाकपा ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**तमकुहीराज, कुशीनगर।** जनहित से जुड़ी तमाम मांगों को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी तहसील इकाई तमकुहीराज के कार्यकताओं ने जिला मंत्री मतिउल्लाह एडवोकेट की अगुवाई में तमकुहीराज तहसील मुख्यालय पहुंच विरोध प्रदर्शन किया। बाद में राज्यपाल को संबोधित 12 सूत्रीय मांगों का पत्रक एसडीएम तमकुहीराज को देकर कारवाई की मांग की गई। मंगलवार को भाकपा के जिला मंत्री मतिउल्लाह एडवोकेट की अगुवाई में दर्नों कार्यकर्ता तमकुहीराज तहसील मुख्यालय पहुंच एसडीएम कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करने लगे। उन्होंने भाजपा सरकार पर तमाम गंभीर आरोप लगाते हुए इसे लोकतंत्र एवं जनविरोधी करार दिया। भाकपा पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान खाद्य पदार्थों एवं किसानों को मिलने वाले खाद यूरिया आदि की कालाबाजारी, परिषदीय विद्यालयों को मर्ज करने, अघोषित बिजली कटौती, बिजली विभाग का निजीकरण आदि को लेकर योगी सरकार को कटघरे में खड़ा किया। लगभग आधा घंटा तक चले विरोध प्रदर्शन के बाद मौके पर पहुंची एसडीएम आकांक्षा मिश्र को राज्यपाल को संबोधित 12 सूत्रीय मांगों का पत्रक देकर कारवाई की मांग की गई। इस दौरान कामरेड अजय राय, कामरेड घनश्याम कुशवाहा, रामचंद्र भारती, छोटेलाल कुशवाहा, वकील अहमद, सुदामा यादव, सलीम मंसूरी, ऐनुल हक, महमूद आलम आदि मौजूद रहे।

# देश हित में बलिदान की प्रेरणा देता है विश्वनाथ, जगरनाथ का शहीद स्मारक

**14 अगस्त बलिदान दिवस पर विशेष**




**बरहज,देवरिया।** बरहज नगर के मध्य पैना रोड स्थित शहीद स्मारक स्वाधीनता आंदोलन की इस क्षेत्र के युवाओं की क्रांतिकारी भूमिका का प्रत्यक्ष प्रमाण है। 1942 के स्वाधीनता आंदोलन में जब देश का कोना कोना स्वतंत्रता की चाह में मचल रहा था उस समय अध्यात्मिकता और राष्ट्रीयता की प्रेरणा स्रोत माने जाने वाले बाबा राघव दास की तपस्थली बरहज के क्रांतिकारियों ने आंखों में आशा के सपने हाथों में मौत का फूल तथा दिल में आजादी का तूफान छुपाए अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराएं।

पुण्य सलिला सरयू के पावन तट पर स्थित बरहज नगर प्राचीन काल से अपनी राजनीतिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, व्यापारिक गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध रहा है। इसका अतीत गौरवशाली रहा है। 1942 में जब देश के क्रांतिवीरों की गिरफ्तारी जोरो पर थी। उस समय क्षेत्र के युवा क्रांतिकारी अपनी जान की परवाह किए बगैर गांव में घूम घूमकर जन जागरण कर रहे थे। बाबा राघवदास के आह्वान पर 14 अगस्त 1942 को पैना,करजहा, गौरा,कपरवार, कुरह परसिया, बरौली गांव के लोगों की भारी संख्या में ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध आंदोलन हेतु बरहज सरयू तट पर एकत्र हुए। थाना घाट से अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध निकले इस जुलूस का नेतृत्व दो युवा क्रांतिकारी विश्वनाथ मिश्र तथा जगरनाथ मल्ल कर रहे थे। दोनों ही युवा में कुछ कर दिखाने की ललक तथा देश हित बलिदान हो जाने की अटूट अभिलाषा थी। दोनों ही क्रांतिकारियों के नेतृत्व में जुलूस अभी बरहज के मुख्य चौक तक पहुंचा ही था कि अंग्रेजी शासन का दमन प्रारंभ हो गया। तत्कालीन एसपी कैप्टन मूर के रिवाल्वर से निकली गोलियों ने जगरनाथ मल्ल, विश्वंनाथ मिश्र के शरीर को छलनी कर दिया। घटनास्थल पर ही दोनों नौजवान क्रांति की दास्तां कहते कहते बलिदान हो गए। प्रशासन ने उत्तेजित भीड़ को नियंत्रित करने के लिए दोनों शहीदों के पार्थिव शरीर को देवरिया पहुंचा दिया। काफी प्रयास के बाद बलिदानी विश्वनाथ मिश्र का शव उनके स्वजन को छह दिन बाद प्राप्त हो गया लेकिन विश्वनाथ मल्ल स्वजन शव के लिए प्रयास करते करते थक गए। नगर के मध्य स्थित शहीद स्मारक के प्रथम पुष्प शहीद पंडित विश्वनाथ मिश्र का जन्म 10 जुलाई 1917 को राप्ती तथा संगम तट पर स्थित कुरह परसिया गांव( वर्तमान में सरयू नदी में विलीन ) में श्री लक्ष्मी मिश्र के पुत्र के रूप में हुआ था। विश्वनाथ मिश्र बाल्यावस्था से निर्भीक और साहसी थे। प्राथमिक शिक्षा प्राथमिक पाठशाला कपरवार में हुई थी। तथा अध्ययन जारी रखने के उद्देश्य इन्होंने योगिराज अनंत महाप्रभु के सिद्ध पीठ बरहज आश्रम में प्रवेश लिया। आश्रम में योगीराज अनंत महाप्रभु के उपदेशों से प्रभावित होकर मात्र 25 वर्ष की अल्पायु में ही देश की स्वतंत्रता के लिए उन्होंने हंसते-हंसते मौत को गले लगा लिया। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरु ने इनके द्वारा किए गए त्याग को देखते हुए मरणोपरांत प्रशस्ति पत्र दिया। बरहज शहीद स्मारक के दूसरे पुष्प जगन्नाथ मल्ल का जन्म बरौली के संपन्न किसान प्रयाग मल्ल के पुत्र के रूप में हुआ। प्रारंभ से ही विद्रोही स्वभाव के होने के कारण जगनाथ मल्ल को घर त्यागना पड़ा ताकि घर वालों को ब्रिटिश हुकूमत की प्रताड़ना न सहनी पड़े। उनकी क्रांतिकारी धारा को गृह त्याग की घटना भी रोक नहीं सकी। मां भारती को ही जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य मानने वाले जगरनाथ मल्ल किसी भी प्रकार की सामाजिक बंधनों में नहीं पड़ना चाहते थे। क्योंकि वे अच्छी तरह जानते थे कि आजादी के दीवानों की कब मौत हो जाए या निश्चित नहीं। भारतीयता के सजग प्रहरी स्वाधीनता आंदोलन में कूदना ही श्रेयस्कर समझा। 1942 में ब्रिटिश हुक्मरानों की नादिरशाही का विरोध करते हुए 19 वर्ष की आयु में बलिदान हो गए।

# देशप्रेम से ओतप्रोत निकाली गयी तिरंगा यात्रा



- जनप्रतिनिधि गण के साथ डीएम, एसपी, सीडीओ ने दिखायी हरी झंडी

जिला संवाददाता (vol)

**कुशीनगर।** स्वतंत्रता दिवस के दृष्टिगत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवाह्न पर हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत होकर मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन से लेकर सुभाष चौक तक निकलने वाली बाईक रैली/ एवं रविन्द्र नगर चौराहे तक तिरंगा पद यात्र का शुभारंभ बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा व मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

बाइक रैली में पुलिस कर्मी, खेल विभाग सहित पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास द्वारा निकाली गई जो पुलिस लाइन से सुभाष चौक पडरौना तक एवं तिरंगा यात्रा अंतर्गत आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों स्कूली छात्र छात्राओं सहित स्काउट गाइड द्वारा पैदल तिरंगा यात्रा पुलिस लाइन से रविन्द्र नगर चौराहे तक निकाली गई। यहां 13 से 15 अगस्त तक घरों पर तिरंगा फहराने हेतु अपील की गई। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रैली में तिरंगे लिए आम जनमानस को घरों में तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित भी किया गया। स्काउट गाइड, एनसीसी कैडेट अपने बैंड के साथ , शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक, डीडीओ, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ जिला सचिव स्काउट गाइड एवम जिला व्यायाम शिक्षक अनिल मिश्र, जिला स्काउट मास्टर नीरज बंका आदि उपस्थित रहे।

# एसपी ने लार थाने का किया औचक निरीक्षण

**देवरिया।** आज एसपी देवरिया विक्रान्त वीर द्वारा थाना लार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान थाना भवन, परिसर में बने मेस तथा बैरकों का औचक निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही थाना मालखाना व थाना कार्यालय के महत्वपूर्ण रजिस्टरों का गहनता से अवलोकन कर संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

निरीक्षण के दौरान महोदय ने थाना कार्यालय के सभी रजिस्टरों का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । जिसके क्रम में भूमि विवाद रजिस्टर की चेकिंग के दौरान भूमि विवाद संबन्धित सभी मामलों को भूमि विवाद रजिस्टर में अंकित करने हेतु निर्देशित किया व राजस्व टीम के साथ समन्वय स्थापित कर समय से निस्तारण कराने व विवादित सभी प्रकरणों में निरोधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया। इसी क्रम में फ्लाई शीट रजिस्टर को चेक किया जिसमें थानें के सभी हिस्ट्रीशीटरों की प्रभावी निगरानी करने हेतु निर्देश दिया तथा समाधान रजिस्टर की चेकिंग की गयी जिसमें सम्बन्धित मामलों को समय से निस्तारण करने व फीडबैक लेने हेतु निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त थाने की साइबर यूनिट का निरीक्षण भी किया जिसके दौरान प्रशिक्षित कर्मियों को साइबर अपराधों से संबंधित मामलों के त्वरित व प्रभावी निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। थाना क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले बैंकों व ग्राहक सेवा केन्द्रों पर आवश्यक पुलिस बल लगाकर नियमित चेकिंग किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये । महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर का निरीक्षण किया गया जिसके क्रम में बताया गया कि महिला सबंधी अपराधों को महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर पर जरूर अंकित करें तथा सभी मामलों का समय से निस्तारण करने व उसका फीडबैक लेने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कम्प्यूटर कक्ष का निरीक्षण करते हुए सीसीटीएनएस कर्मचारियों को सीसीटीएनएस के सभी फार्मों की फीडिंग के बारे में पूछताछ की गयी तथा सम्बन्धित पुलिस कर्मियों को समय से फीडिंग करने हेतु निर्देश दिये गये तथा [illegible] से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समय से निस्तारण करवाकर जाँच आख्या समय से अपलोड करने हेतु निर्देशित किया गया ।

थाना परिसर में नवनिर्मित विवेचना कक्ष का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान विवेचकों को लंबित मुकदमों की त्वरित एवं गुणवत्तापरक विवेचना कर यथाशीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया । थाना परिसर के निरक्षण के क्रम में बैरक का निरीक्षण करते हुए सफाई आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए । अपराधों की रोकथाम हेतु थाना क्षेत्र में पुलिस की गतिविधि बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण पिकेट व गश्त पार्टी की समयानुसार ड्यूटी लगाने हेतु निर्देश दिए गए । सभी अधि/कर्म.गण को थाना परिसर की सफाई पर विशेष ध्यान देने व कार्यालय के सभी रजिस्टरों के सुसज्जित ढंग से रख-रखाव व कम्प्यूटर संबन्धित उपकरणों की उचित रख-रखाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए इसके उपरांत थाने पर मौजूद पुलिस कर्मियों को आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत व कानून-व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त बनाये रखने हेतु ब्रीफिंग की गयी।

## 280 मीटर लंबे तिरंगे के साथ निकली यात्रा



**पडरौना, कुशीनगर।** जिले के मिश्रौली से पडरौना कस्बे के बावली चौक तक 280 मीटर लंबा तिरंगा के साथ यात्रा निकाला गया। हाथों में तिरंगा और देशभक्ति के नारे लगाए हुए स्कूली बच्चे, शिक्षक, अभिभावक और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। मंगलवार को नगर पालिका परिषद पडरौना अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल के नेतृत्व में शुरू हुआ तिरंगा यात्रा गीतों, ढोल-नगाड़ों सहित देशभक्ति नारों में पूरा सराबोर रहा। यहां श्री जायसवाल ने कहा कि ॡआजादी हमें बलिदान और संघर्ष से मिली है, इसे बनाए रखना हम सबका कर्तव्य है ॡ उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने और देश की एकता, अखंडता एवं गौरव की रक्षा में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इस दौरान धनंजय तिवारी, महेंद्र दीक्षित प्रवीण, रामजीत चौहान, आध्या राय, बाके पांडे, राजेंद्र राय, शिवम दीक्षित, उपाध्यक्ष अनिरुद्ध पांडे, श्रीनिवास दीक्षित, प्रदीप पांडे, सनत कुमार पांडे, इंद्रजीत राय, डॉ आनंद तिवारी, गृजेश वर्मा, अरुण सिंह, दीपक पटेल, अभिषेक मल, घनश्याम मिश्रा, आलोक उपाध्याय, मनीष राय ,अमित तिवारी, अर्पिता दीक्षित, रिंकू जायसवाल, माधुरी पांडे, धर्मेंद्र पांडे, ऋषिका दीक्षित, इंदू यादव, कांति रौनियार,देवांश कुमार, प्रदीप पांडे, रोशन प्रसाद, मनीष गोड, धीरज यादव, मंजीत यादव, अनमोल तिवारी, अमन मद्धेशिया, प्रतीक कुमार, आयुष अभिषेक यादव, पुष्पा, लक्ष्मी, रेखा कुशवाहा, कुमकुम कुशवाहा, उजाला, सोनाली, चंदा यादव, सुनीता, पल्लवी, अमृता दीक्षित मोना वर्मा आदि यात्रा में शामिल रहे।

## तीन गुरु साहिबान की दुर्लभ निशानियों के दर्शन को उमड़ी भीड़

**आगरा।** गुरुद्वारा दूःख निवारण साहिब गुरु का ताल में आज श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350 साला शहीदी शताब्दी को समर्पित एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें तीन गुरु साहिबान से जुड़ी दुर्लभ निशानियां की प्रदर्शनी लगाई गई। इन निशानियां के दर्शन के लिए भारी संख्या में संगत गुरुद्वारा गुरु का ताल पहुंची। इन दुर्लभ निशानियां में तीन गुरु साहिबान से जुड़े शस्त्र और शास्त्र के साथ-साथ कुछ सिक्के बर्तन आदि भी शामिल था। यह दुर्लभ निशानियां लेकर गुरु साहिबान के समकालीन रहे परिवारों के वंशज डॉ भगवान सिंह खोजी इतिहासकार,भाई जसकरण सिंह जी विशेष तौर पर आगरा लेकर आये है। सिख गुरु साहिबान की ओर से इस्तेमाल की गई इन निशानियां का गुरुद्वारे में भव्य स्वागत किया गया गुरुद्वारा गुरु का लाल के मौजूदा मुखी संत बाबा प्रीतम सिंह व सेवक जत्थे के सेवादार पुष्प वर्षा करते हुए इन निशानियां को दरबार साहिब में लेकर आए और यहां इन्हें बहुत ही शानदार तरह से सजाया गया जिसके बाद संगत निरंतर इन निशानियां की दर्शन लाभ प्राप्त करती रही। गुरुद्वारा गुरु का ताल के मौजूदा मुखी संत बाबा प्रीतम सिंह जी ने बताया कि इन निशानियां को आगरा की संगत के लिए विशेष अनुरोध पर लाया गया है। सिख धर्म के दूसरे गुरु गुरु अंगद देव जी, छठवें गुरु श्री गुरु हरगोबिंद साहिब व दसवीं बादशाही गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के इस्तेमाल की गई वस्तुएं और उनके द्वारा लिखी गई पोथी पुस्तकों का एक साथ एक ही स्थान पर दर्शन करना संगत के लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है। इन निशानियां को लेकर आए डॉ भगवान सिंह खोजी इतिहासकार और भाई जसकरण सिंह ने बताया कि पिछली तीन शताब्दियों से उनके पूर्वज इन निशानियां को संभालते हुए चले आ रहे हैं।

# छात्र संसद राजनीतिक चेतना की पाठशाला



**देवरिया।** आमतौर पर राजनीति शब्द आज सम्मान से नहीं देखा जाता किंतु बिना राजनीतिक चेतना के समाज का अस्तित्व ही संभव नहीं है। राजनीतिक चेतना ही राजनीतिक कलुषता और उसके प्रतिकूल प्रभाव से समाज को बचाती है। विद्यालय, महाविद्यालय स्तर के छात्र संसद के गठन का मुख्य उद्देश्य भी यही है कि छात्रों में पदीय गंभीरता और सामूहिक नेतृत्व की क्षमता का विकास हो जिससे लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती मिले। उक्त बातें सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया के माधव सभागार में सत्र 2025/26 के लिए छात्र संसद के शपथग्रहण समारोह में बोलते हुए मुख्य अतिथि डा.अर्जुन मिश्र, प्राचार्य संत विनोबा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ने कही। डा.मिश्रा ने छात्र संसद के उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा लोकतंत्र की विशेषता ही है कि पद अपने साथ दायित्व के निर्वहन का भाव लेकर आता है ऐसी परिकल्पना और किसी राजनीतिक तंत्र में नहीं है। लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए यह आवश्यक है कि विद्यालयी स्तर पर ही छात्रों मे राजनीतिक नीर क्षीर विवेक के ज्ञान का अंकुरण हो,और विद्या भारती के बालक केंद्रीत शिक्षा को साधुवाद देता हूं कि विद्या भारती के शिक्षण परियोजना में राजनीतिक संस्कार भी शामिल है।

शपथग्रहण समारोह में विभिन्न पदों पर चयनित छात्रों का शपथग्रहण मुख्य अतिथि डा.मिश्रा ने कराया जिसमें पीएम पद के लिए भैया सात्विक प्रताप उपप्रधानमंत्री भैया आशीष यादव, मुख्य न्यायधीश पद हेतु भैया हर्षवर्धन, सेनापति के रूप में भैया अमृत मणि व नेता प्रतिपक्ष पद पर आदिदेव मिश्रा व मंत्रीमंडल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। विद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने सांसद छात्रों को उनके पद की शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य अनिरुद्ध सिंह ने कक्षा प्रमुख छात्रों को शपथ दिलाई।

इसके पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्ध सिंह जी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्या भारती के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य में राजनीतिक नेतृत्व क्षमता के विकास को प्रमुख सोपान बताया। प्रधानाचार्य जी ने छात्रों के विभिन्न पदों पर हुए निर्वाचन की पुरी प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यालय के प्रबंधक मुन्नी लाल शर्मा ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया । कार्यक्रम का संचालन अशोक यादव ने किया । इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य अखिलेश दीक्षित , जितेन्द्र मिश्र, दिलीप श्रीवास्तव, अक्षयवर त्रिपाठी, मीडिया प्रमुख मनोज कुंदन, कौशल सिंह, अमरेन्द्र उपाध्याय, देवेंद्र प्रजापति, हरिनाथ त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## ब्लूमिंग अकेडमी की भव्य तिरंगा यात्रा आयोजित

**देवरिया ।** आज सूचित दास सवाँरी देवी शिक्षण सेवा समिति द्वारा संचालित विद्यालय ब्लूमिंग रोज एकेडेमी, देवरिया द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। आजादी के 79वें स्वतव्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा हाथों में भारत की शान तिरंगा को लेकर देशभक्ति गीतों के साथ पैदल विद्यालय परिसर से न्यू कालोनी स्थित भारतमाता के बीर सपूत भगत सिंह के मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। कार्यकम तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ विद्यालय के सरंक्षक सेवा निवृत्त खण्ड विकास अधिकारी श्री रामरक्षा दास पटेल एवं प्रबंधक विजय पटेल ने संयुक्त रूप से व्हीसील बजाकर किया। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व वालेन्टीयर टीम के विपांशु प्रजापति, अशरफ खान, आयान काजी, नितेश मद्धेशिया, अर्शलान अहमद, आयान अहमद, आरूष जायसवाल, अराध्या यादव, इच्छा मिश्रा, आकृति यादव, इशिता जायसवाल, समृद्धि पाण्डेय, जान्हवी पासवान दिव्याशी वर्मा, रिमझिम कुमारी, खुशी कुमारी, फिजा परवीन, अंजली यादव, दिव्या प्रजापति, शिवानी मद्धेशिया, कंचन सोनकर, मानसी मद्धेशिया, अनामिका यादव, आदि रहें। कार्यकम में प्रमुख रूप से विद्यालय के टीचर्स स्नेहा गुप्ता, उज्जवल विश्वकर्मा, बृजेश प्रजापति, प्रिया पाठक, महेश्वर मिश्र, देवांश कुमार, सलोनी राय, पूर्णिमा शाही, अरुना श्रीवास्तव, अनुराधा त्रिपाठी, गीतांजलि सिंह, मनीषा यादव, अनप्रिया त्रिपाठी, धीरज तिवारी के साथ हिमांशु कुमार सिंह, विजय रौनियार एवं सभासद अजय कुमार मल्ल ने सहयोग किया।

संक्षेप

## साप्ताहिक जनता दर्शन में निपटे महज 4 मामले

पुरवा, उन्नाव। मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनता दर्शन में कुल 16 फरियादी आये। मौके पर 04 मामले निस्तारित कर शेष वादों के त्वरित निस्तारण के निर्देश उपजिलाधिकारी ने दिये हैं। मंगलवार को तहसील सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनता दर्शन में एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव कुल 16 फरियादियों से रुबरू हुए।मौके पर मात्र 04 मामलों का निस्तारण किया सका। शेष लम्बित 12 मामलों को निर्धारित समय में त्वरित गति से निस्तारण के निर्देश उपजिलाधिकारी ने दिए हैं। मोहल्ला शीतलगंज निवासी अंकित ने बताया कि उसके घर के बगल से एक सार्वजनिक रास्ता गया है जो देवी सहाय गुप्ता के घर के बगल से होता हुआ नगर के रास्ते में मिल जाता है उसी सार्वजनिक रास्ते में सुशील गुप्ता के द्वारा पेडों को लगाकर रास्ते को अवरुद्ध कर कब्जा कर रहे है। जबकि मोहल्ला जिन्दवाबाडी निवासिनी पुष्पा ने बताया कि गाटा संख्या 781 रकबा 0.5610 हेक्टेयर मे 1/4 भाग मे से एक किता आवासीय प्लाट 50 .40 फिट स्थिति ग्राम कस्बा पश्चिम के दर्ज खातेदार शिवम तिवारी से जरिये बैनामा क्रय किया है जिसमे उसने यूकेलिप्टस व आम के पौधे लगाये थे लेकिन मोहल्ला टेडीहटिया निवासी मनोज नन्दू व दो अज्ञात लोग प्लाट पर आये और पेडो को उखाडने लगे जब मना किया तो गालियाँ देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। मौके पर राजस्व निरीक्षक बृजेश सिंह व लेखपाल प्रशांत पाण्डेय व दिनेश कुमार, अरूण लाल चैधरी, मर्दन सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## चेयरमैन के पुत्र की नदी में डूबकर मौत

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। गंगा नहाने गये दो सगे भाई सहित तीन छात्र कानपुर के सरैया घाट पर डूब गये जहाँ गोता खोरो की मदत से दोनो को निकाल लिया गया दोनो को सी एच सी शिव राजपुर भेजा गया जहां डाक्टरों ने नगर पंचायत अध्यक्ष मिथलेश कुमार के 19 वर्षीय पुत्र हर्षित को मृत घोषित कर दिया दूसरे छात्र को रेफर कर दिया। मंगलवार दोपहर को हर्षित अपने भाई मयंक17 वर्ष और दोस्त राघव 20वर्ष के साथ बाईक से सरैया घाट पर गंगा नहाने गए थे। नहाते समय तीनों गहरे पानी में चले गए। घाट पर मौजूद लोगों ने मदद के लिए आवाज लगाई। गोताखोरों ने बीस मिनट की मशक्कत के बाद तीनों को बाहर निकाला। राघव की हालत गंभीर थी। हर्षित और मयंक को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने हर्षित को मृत घोषित कर दिया। मयंक और उनके साथी का इलाज जारी है। चेयर मैन के पुत्र की मौत की सूचना से कस्बे मे शोक छा गया।

## शराब सहित महिला गिरफ्तार

पाटन उन्नाव। जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र के कुशल नेतृत्व में दिनांक प्रतिभा सिंह आबकारी निरीक्षक बीघापुर मय हमराह एवं स्थानीय पुलिस स्टाफ के साथ तहसील बीघापुर, थाना बिहार अंतर्गत ग्राम अकवारा एवं गोबराहा में दबिश देकर 12 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए एक अभियुक्ता के विरुद्ध थाना बिहार में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्ता शकुन्तला पत्नी सतीश, निवासी अकवारा, थाना बिहार, की बतायी जा रही है।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष ने निकाली तिरंगा यात्रा

सीतापुर। विकास गोंदलामऊ क्षेत्र में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा संदना मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र अवस्थी उर्फ सीटू ने यात्रा का नेतृत्व किया। यात्रा संदना स्थित सुनदरनंद आश्रम से प्रारंभ हुई। यह संदना, कोरौना, जरिगवां होते हुए कल्ली चौराहा तक पहुंची। यात्रा का समापन पुनः सुन्दरानंद आश्रम में किया गया। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष सर्वेश रावत व गोंदलामऊ मंडल उपाध्यक्ष अभिनव सिंह उर्फ लक्की की अध्यक्षता में गोपालपुर भट्ठा चैराहे से मंगल चौराहे तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान भाजपा कल्ली मंडल अध्यक्ष अतुल कुमार वर्मा, अखिलेश मिश्रा, सोनू पाण्डेय, वैभव शुक्ला, मनोज अर्कवंशी, अभिषेक अर्कवंशी, इन्द्र प्रताप सिंह, आलोक पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन



सीतापुर। आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भव्य कार्यक्रम का आयोजन सम्पूर्ण जनपद में किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति की भावना एवं नागरिकों को अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना रहा। हर घर तिरंगा अभियान 2025 जनपद सीतापुर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त में तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा राखी बनाकर पुलिस एवं सेनाओं को भेजा गया। दीवारों एवं बोर्डों की तिरंगा सजावट आदि कार्य कराए गए। द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त में तिरंगा महोत्सव, मेला, म्यूजिकल कंसर्ट, तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा रैली, तिरंगा वितरण आदि कार्यक्रम कराए जा रहे हैं।

तत्क्रम में आज राजकीय इण्टर कालेज, सीतापुर प्रांगण से तिरंगा रैली निकाली गई। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के लगभग 700 छात्र-छात्रायें शामिल हुए। रैली को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्य विकास अधिकारी प्रणता एश्वर्या, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, उपायुक्त श्रम स्वतः रोजगार, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आदि ने रैली में उपस्थित बच्चों का उत्साहवर्धन किया। तिरंगा रैली राजकीय इण्टर कालेज से लालबाग चैराहा होते हुए, ऑख अस्पताल, तरणताल से मुड़कर राजकीय इण्टर कालेज में समाप्त हुई। अपरान्ह 12.00 बजे से विकास भवन सभागार में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालय मिश्रापुर, कम्पोजिट विद्यालय जमैयतपुर, आर्य कन्या इंटर कालेज, हिन्दू कन्या पाठशाला इंटर कालेज द्वारा देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। डीएलएड प्रशिक्षु उम्मे ऐमन द्वारा देशभक्ति गीत, आर्य कन्या इंटर कालेज की छात्रा हर्षिता ने राष्ट्रप्रेम पर कविता एवं राजकीय इंटर कालेज के छात्र अमन भारती ने भाषण दिया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद को पूर्व माध्यमिक विद्यालय जमैयतपुर की कक्षा-7 आशिका जायसवाल और प्रिया ने अपने हाथों से बनाये हुए गिफ्ट प्रदान किये। हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, गायन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य व तिरंगा पट्टी निर्माण में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित भी किया। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने अपने उद्बोधन में सभी प्रस्तुतियों की सराहना की। सभी को राष्ट्र एवं समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपेक्षा की कि हर घर तिरंगा अभियान का तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त भी इसी उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाये। अंत में उपायुक्त श्रमध्स्वतः रोजगार द्वारा जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं सभी उपस्थित अधिकारियों का तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र छात्राओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राज शर्मा जिला व्यायाम शिक्षक के द्वारा किया गया।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा

हरगांव (सीतापुर)। जनपद के अंतर्गत हरगांव विधानसभा के हरगांव नगर पंचायत क्षेत्र में कल्याणपुर से सूर्यकुंड तीर्थ हरगांव तक भाजपा के मंडल हरगांव के अध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद के अंतर्गत आदर्श नगर पंचायत हरगांव में भाजपा के सर्वोच्च नेतृत्व के द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार हरगांव विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के मंडल हरगांव के मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल के नेतृत्व में आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में सैकड़ों मोटरसाइकिलों पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा एक तिरंगा यात्रा ग्राम कल्याणपुर से हरगांव तीर्थ तक निकाली गई। जिसमें प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल, गया सिंह, सुमित्रा सिंह चैहान, महाविद्यालय कल्याणपुर के प्रबंधक इंद्र पाल सिंह चौहान, महिला मोर्चा अध्यक्ष विमला सिंह, रामू मिश्रा, रोहित मिश्रा, विपिन वर्मा, प्रकाश सिंह, प्रदीप मिश्रा, संदीप मिश्रा, सुनील भार्गव, अनिल भार्गव एवं भारती जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उर्वरक दुकानों का कृषि अधिकारी ने किया निरीक्षण

उन्नाव। जिला कृषि अधिकारी ने फतेहपुर चौरासी क्षेत्र में उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। जहां प्रतिष्ठानों पर स्टॉक बोर्ड, रेट बोर्ड वितरण,



रजिस्टर स्टॉक, रजिस्टर, कैश मेमो आदि की जांच की गई जांच में अनियमितता पाए जाने के स्थिति में मुकेश खाद भंडार , पटेल ट्रेडर्स तकिया चौराहा कनौजिया खाद भंडार उगू का लाइसेंस निलंबित किया गया। जिला कृषि अधिकारी शशांक चैधरी द्वारा समस्त विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि नियमानुसार उर्वरक की बिक्री करें दुकान पर रेट बोर्ड, स्टॉक बोर्ड, कैश मेमो, वितरण रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर अनिवार्य रूप से बनाए व संस्तुत मात्रा का बैनर अपने प्रतिष्ठान पर लगवाए। दुकान कदापि न बंद करे, तथा उर्वरक का वितरण निर्धारित मूल्य पर ही कृषकों को करे। किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने की स्थिति में संबंधित विक्रेता के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जनपद में यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरक की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है, जनपद में 13426 मैट्रिक टन यूरिया, 5062 मैट्रिक टन डीएपी एवं 4135 मैट्रिक टन एनपीके की उपलब्धता जनपद में है।

## रोटरी क्लब की कार्यकारिणी का स्थापना दिवस संपन्न




उन्नाव। रोटरी क्लब ऑफ उन्नाव रॉयल का चार्टर प्रेजेंटेशन एवं प्रथम स्थापना समारोह स्थानीय आवास विकास स्थित होटल विशाल रॉयल में भव्य रूप से आयोजित हुआ। इस अवसर पर चार्टर अध्यक्ष रोटेरियन आशीष शुक्ला सेक्रेटरी रो डी डी शुक्ला व उनकी कार्यकारिणी का स्थापना समारोह सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन राजेन विद्यार्थी, आई.पी.डी.जी. रोटेरियन नीरव निमेश, सदर विधायक पंकज गुप्ता, गेस्ट ऑफ ऑनर पी.डी.जी. रोटेरियन डी.सी. शुक्ला, डी.जी.ई. रोटेरियन जसबीर भाटिया, प्रेसियस गेस्ट पी.डी.जी. रोटेरियन अरविंद श्रीवास्तव, ऑनरेबल गेस्ट प्रवीण मिश्र भानु (नगरपालिका अध्यक्ष, उन्नाव प्रतिनिधि) की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश पूजन, दीप प्रज्वलन, राष्ट्रीय गान एवं गणेश वंदना के साथ हुई। सभी अतिथियों ने कहा एक नए क्लब का जन्म रोटरी के सेवा नेटवर्क को और सशक्त बनाता है। सभी लोगों ने चार्टर अध्यक्ष और पूरी टीम को शुभकामनाएँ दी। रोटरी क्लब ऑफ उन्नाव रॉयल सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से समाज में योगदान दे। विशेष आकर्षण के रूप में, ह्यरोटरी संकल्पह्न पत्रिका का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। जिसका संपादन रोटेरियन जी.एस. भदौरिया (क्लब ट्रेनर) ने किया। रोटरी कानपुर उन्नाव और गंगाघाट के अलग अलग क्लबों से अध्यक्ष और सेक्रेटरी उपस्थिति रहे जिनमें मुख्य रूप से रो भक्ति विजय शुक्ला (असिस्टेंट गवर्नर) रो गौरव अग्रवाल जैन, रो अजय महरोत्रा, रो जफर इकबाल, रो ओ के श्रीवास्तव, रो अनीता श्रीवास्तव, रो अमित पांडे, रो अवनीश शुक्ला, रो अशोक चतुर्वेदी, रो ए आर खान, रो कांति मोहन गुप्ता, रो राम तनेजा, रो विशाल सिंह, रो फूलचन्द्र जायसवाल, रो प्रेम सिंह, रो ओ पी तिवारी, रो प्रभात सिन्हा, रो गुरुसरण सिंह, रो रविशंकर, रो कुश सिंह आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन रो विश्वनाथ तिवारी ने बड़ी कुशलता के साथ किया।

## दो दिन से बिजली सप्लाई बाधित, उपभोक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



सीतापुर। खूबपुर की ध्वस्त बिजली व्यवस्था को लेकर मंगलवार को उपभोक्ता एडीएम व सिटी मजिस्ट्रेट से मिले। उपभोक्ताओं ने बताया कि यहां के बिजली हालात बहुत खराब है पूरी बिजली व्यवस्था बेपटरी हो गई है सरकार व प्रशासन की मंशा के अनुरूप उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिल पा रही है तार, पोल ट्रांसफार्मर सब कुछ खराब है 24 घंटे में नाम मात्र बिजली मिल पा रही है इससे जन जीवन बेहाल है। शहर के भवानीपुर पावर हाउस के श्रीनगर, विकास नगर, खूबपुर में जो नई केबल एनबीपी के 630 दाल मिल ट्रांसफार्मर के अंतर्गत डाली गई है। उसकी क्षमता कम है क्वालिटी भी उचित नहीं है। इस कारण यह केवल जगह-जगह सुलग रही है। न्यूटल भी बार-बार उड़ रहा है, दो दिन से बिजली सप्लाई बाधित है। बिजली स्टाप जहां मरम्मत करते परेशान हो रहे हैं। वहीं उपभोक्ताओं को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नई केबल डालने की मेहनत का नतीजा नहीं निकल पा रहा है। नए सिरे से तकनीकी निरीक्षण कर बेहतर 150 एम एम केबल को डालकर न्यूट्रल की समस्या का भी समाधान करें। इसके साथ ही पटेल चक्की के पास एक नया ट्रांसफार्मर सौ केवी का लगाया जाए जिसे दुर्गा शक्तिपीठ वाली गली सहित अन्य इलाकों से जोड़ा जाए, जिससे उपभोक्ताओं को शासन व कॉरपोरेशन की मंशा के अनुरूप बिजली मिल सके। इस अवसर पर उपभोक्ता उमेश चंद्र शुक्ला, शिवम यादव, पुनीत मिश्रा, विजय श्रीवास्तव, ओम प्रकाश मिश्रा, अनमोल अस्थाना, अंशुल अवस्थी, शशांक तिवारी, मधुप मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का एसडीएम ने किया निरीक्षण



पाटन उन्नाव। तहसील बीघापुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह ने तहसीलदार के साथ निरीक्षण किया निरीक्षण मे उपजिलाधिकारी ने निर्देश दिए गढ़ेवा पुल पर आवागमन जनहित को देखते हुए बंद किया जाये व क्षेत्रीय जनमानस सावधानी बरतें ताकि कोई हानि क्षेत्र को ना हो इसके लिये गढ़ेवा गंगा तट पर पुल पर आवागमन बंद करने के सख्त निर्देश दिए है व आसपास गाँवों को अलर्ट जारी किया है व इसी के परिपेक्ष्य मे क्षेत्रीय लोगो व स्वविवेक से पुल बंद करने का निर्णय लिया है। इसी के साथ उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह ने लोगो को हर परिस्थिति मे धैर्य रखने व सक्षम अधिकारियों को फोन करके सूचित करने की अपील की इस दौरान मुख्य रूप से गढ़ेवा प्रधान बैजनाथ, प्रधान लल्लन सिंह, रामसजीवन यादव, रामजी यादव, शनी यादव, इंद्रजीत सिंह, विनय पासवान सहित क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 16 को मनायें

फतेहपुरचौरासी, उन्नाव। आचार्य ऋषि कान्त मिश्र शास्त्री ने बताया भारतीय संस्कृति और संस्कारों से ओतप्रोत सम्पूर्ण भारत में करोड़ों भक्तों की खुशियों का पल आने वाला भगवान श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी महोत्सव पर्व इस बार अपनी विशिष्टता के साथ भाद्रपद कृष्ण पक्ष उदय कालिक अष्टमी दिन शनिवार 16 अगस्त को मनाईं जायेगी इस दिन उदयकालीन प्रधानता को मानते हुए सबके लिए श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत पर्व का मान होगा क्योंकि इस वर्ष रोहिणी नक्षत्र का संयोग नहीं मिल रहा है अतः सर्व मान्य काशी विश्व पंचांग शास्त्रीय मान्यता अनुसार तथा निर्णय सिंधु शास्त्र सम्मत श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत पर्व सभी सनातनी धर्मावलंबी भक्त श्रद्धा और विश्वास से युक्त होकर मनायें। तथा उदय व्यापिनी रोहिणी मतावलंबी भक्त वैष्णव जन श्री कृष्ण जन्म व्रत 17 अगस्त को मनायेंगे। धर्मावलंबी भक्तों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव सभी सनातनी भक्तों पर भगवान श्रीकृष्ण जी की कृपा प्राप्त होती रहें।

## गोंदलामऊ में बाघ के साथ दिखे दो शावक

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिले के गोंदलामऊ इलाके में मंगलवार को बाघ और उसके दो शावकों के दिखने से अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना के बाद वन विभाग और पुलिस की टीमें रेस्क्यू अभियान चला रही हैं। लेकिन अभी तक बाघ को पकड़ने में सफलता नहीं मिली है।

गोंदलामऊ ब्लॉक के अढनापुर गांव निवासी हंसराज मंगलवार दोपहर कुछ बच्चों के साथ खेत के लिए नहर किनारे गया था। इसी दौरान उसने एक बाघ को देखा जिसके साथ दो छोटे शावक भी थे। हंसराज ने यह नजारा मोबाइल कैमरे में कैद किया। वीडियो सामने आने के बाद लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वीडियो सामने आते ही वन विभाग और पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पांच दरोगा की टीम मौके पर पहुंचकर बाघ को ट्रेस करने की कोशिश शुरू की। जांच में पता चला कि बाघ गन्ने के खेत में छिपा हुआ है। ग्रामीण डर के मारे घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। स्थिति को देखते हुए वन विभाग ने ड्रोन कैमरे से बाघ की लोकेशन ट्रैक करने का प्रयास शुरू किया है। डीएफओ नवीन खंडेवाल का कहना है कि बाघ और शावकों को सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ा जाएगा। ताकि गांव में शांति बहाल हो सके।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

सीतापुर। समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट ने राष्ट्रीय सेवा भारती एवं गुलशन कुमार चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से संचालित मोबाइल क्लिनिक पहल के अंतर्गत मंगलवार को श्री साई सेवा समिति कुष्ठ आश्रम, खैराबाद की कालोनी जिसमें लगभग 17 परिवार के 55 लोग निवास कर रहे हैं में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

सीतापुर में आयोजित यह शिविर पूर्वी उप्र एवं बिहार के 16 जिलों में प्रस्तावित 24 शिविरों की श्रृंखला का प्रथम शिविर हैं। जिनमें उप्र के सीतापुर, बहराइच, बलरामपुर, अयोध्या, कुशीनगर, देवरिया, आजमगढ़, वाराणसी, भदोही, प्रयागराज, रायबरेली, लखनऊ तथा बिहार के पश्चिम चंपारण, सीतामढ़ी, मुजफ़्फ़रपुर, शिवान शामिल हैं। यह




सेवा यात्रा आज सीतापुर से आरंभ होकर 23 अगस्त 2025 को लखनऊ में संपन्न होगी। समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट की समर्पण चल चिकित्सालय सेवा के माध्यम से वर्तमान में 10 राज्यों (दिल्ली, बिहार, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश) में स्थित 245 कुष्ठ कॉलोनियों में रह रहे 1 लाख से अधिक परिवारों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इस पहल का उद्देश्य कुष्ठ प्रभावित परिवारों को उनके द्वार पर ही आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना है, जिससे उनकी जीवन-गुणवत्ता में सुधार हो सके।

## दबंगों की पिटाई से घायल युवक की मौत

सीतापुर। कोतवाली देहात इलाके के मधवापुर मजरा गद्दीपुर चितहरी में रक्षाबंधन की देर रात पड़ोस के ही दबंगों ने लात घूसो व लाठी डंडों व बेल्टो से निर्मम तरीके से पीट-पीट कर युवक को गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। जिसके बाद इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर लखनऊ में युवक की मौत हो गई। पीड़िता नीलम पत्नी शिव नन्दन निवासी मधवापुर मजरा गद्दीपुर चितहरी थाना कोतवाली देहात ने बताया कि प्रमोद कुमार पुत्र राम सहारे को 14 वर्ष से उसका पालन पोषण कर पढ़ाया लिखाया, तब से प्रमोद घर पर पुत्र की तरह ही रहता था। 09 अगस्त 2025 को रक्षाबंधन के दिन अपने मायके बिसुनपुर सरेली कोतवाली महोली अपने भाई को राखी बांधने के लिए गई थी। उसी दिन मौका पाकर रात्रि लगभग 10.45 बजे पड़ोस के ही विपक्षी करन और उसका भाई देवा पुत्रगण स्व. गया प्रसाद व छोटी पत्नी स्व. गया प्रसाद, पूजा पत्नी रिंकू निवासी हलुवापुर थाना रामकोट, सर्व विपक्षी गणों ने प्रमोद कुमार पुत्र रामसहारे 33 को गंदी-गंदी गालियां देते हुए लात घूसो व लाठी डंडों व बेल्टो से पीट कर बुरी तरह जख्मीं कर दिया। घायल अवस्था में 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल सीतापुर इलाज के लिए ले कर गई, वहां पर डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए, ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर लखनऊ मे इलाज के दौरान आज समय करीब 7 बजे सुबह प्रमोद कुमार की मौत हो गई। पीड़िता नीलम पत्नी शिवनंदन ने चार आरोपियों के खिलाफ कोतवाली देहात में लिखित तहरीर दे दी है। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

## कच्ची दीवार गिरने से मां-बेटी की मौत, दो घायल

महोली/सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीती रात कच्ची दीवार गिरने से मां बेटी की मौत हो गयी। और दो बेटियां घायल हो गयी हैं। कोतवाली क्षेत्र के नरनी गांव में संदीप का परिवार बीती रात अपने कच्चे मकान में सोया हुआ था। अचानक देर रात कच्चे कमरे की एक दीवार ढह गई जिसके मलवे मे चार लोग दब गये।परिजनों की चीख पुकार सुनकर एकत्रित हुए ग्रामीणों ने आनन फानन में मलबे को हटाया और चारों घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उर्मिला उम्र 36 वर्ष पत्नी संदीप दिव्या उम्र 6 वर्ष पुत्री संदीप को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वही सौम्या पुत्री संदीप उम्र 12 वर्ष प्रिया पुत्री संदीप उम्र 10 वर्ष की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है घटना की जानकारी पाकर कोतवाली पुलिस के साथ साथ-साथ तहसील प्रशासन के नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह, कानूनगो देशराज वर्मा, लेखपाल पीयूष पांडेय ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह ने बताया कि दैवीय आपदा के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता तहसील प्रशासन द्वारा शीघ्र परिजनों को उपलब्ध करा दी जाएगी। कोतवाली पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है।

# नवाबगंज कस्बे में निकाली तिरंगा यात्रा



जिला संवाददाता(vol)

नवाबगंज, उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत दिलीप लश्करी अध्यक्ष नगर पंचायत नवाबगंज के द्वारा आयोजित हर घर तिरंगा यात्रा का प्रारम्भ श्याम लाल इंटर कॉलेज से किया गया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ अर्चना मिश्रा प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी उन्नाव एवं जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यात्रा के दौरान नगर वासियों ने पुष्प से वर्षा कर के यात्रा का स्वागत किया। इस यात्रा में एन सी सी के बच्चे स्काउट के बच्चे राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नवाबगंज की बालिकाएं नगर के विशिष्ट लोग एवं स्वतंत्रता सेनानी परिवार भाजपा कार्यकर्ता व नवाबगंज की समस्त जनता इस तिरंगा यात्रा में शामिल होकर इसको भव्य रूप दिया। यह यात्रा श्याम लाल इंटर कॉलेज से होते हुए नगर भ्रमण करते हुए दिवेश बिहार में रैली का समापन किया गया। उसके बाद अर्चना मिश्रा का माल्या अर्पण व अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रामनाथ सिंह चैहान कराटे इंस्टिट्यूट जनसार के सभी बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। दिलीप लश्करी ने सभी बच्चों को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। कोच अंकित कुमार को सम्मानित किया गया। एनसीसी व स्काउट के बच्चों को भी सम्मानित किया गया। एनसीसी के बच्चों ने राष्ट्रीय गीत पर भव्य झांकी का प्रदर्शन किया। तिरंगा यात्रा में राजेंद्र द्विवेदी, शशिकांत राजपूत, सुशील श्रीवास्तव, धर्मेश प्रताप सिंह श्यामला इंटर कॉलेज प्रवक्ता, मनोज गुप्ता प्रबंधक श्याम लाल इंटर कॉलेज, प्रेम नारायण प्रेम प्रकाश, शमीम सर संतोष सर अंकित कुमार नेशनल कराटे कोच पिंकल कराटे कोच आरोही सिंह कराटे कोच अनुज सिंह पवन शर्मा पवन आशू मिश्रा ऋतुराज गुप्ता आशीष विमल रिशु तिवारी प्रधान अजगैन मनोज पांडे प्रधान कुसुंबी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा भ्रष्टाचार का विश्वविद्यालयः क्षत्रपाल

सीतापुर। मंगलवार समय 11 बजे समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय टाउन हाल सीतापुर में समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव जयसिंह ने किया। बैठक में जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव ने संगठन की समीक्षा करते हुए विधानसभा अध्यक्षों और यूथ के जिलाध्यक्षों को निर्देश दिया कि मासिक बैठक नियत समय पर होनी चाहिए। पीडीए जनपंचायत प्रत्येक विधानसभा में बूथ स्तर के गाँव गाँव में आयोजित कर के उसकी दैनिक रिपोर्ट जिला कार्यालय में जमा करवाते रहे।

जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव ने कहा है कि हुए उपचुनाव में भाजपा ने पुलिस के दम पर जो वोटों की लूट की, वो सब जनता ने देख लिया। पुलिस के लोग विपक्ष के पूर्व मंत्री ०पूर्व विधायक से किस तरह की बदतमीजी से बात की वो जिले की जनता ने सोशल मीडिया के माध्यम से सभी ने देखा है। अगर हर चुनाव में ये लोग ऐसा करेंगे तो जनता का विश्वास चुनाव आयोग से उठ जायेगा। अगर जनता का विश्वास किसी संवैधानिक संस्था से डिगा तो उसके परिणाम अच्छे नहीं होगे। ऐसा लगता है कि भाजपा भ्रष्टाचार का विश्वविद्यालय है और चुनावी भ्रष्टाचार का ब्रह्मांड विश्वविद्यालय सबसे ज्यादा फर्जी वोट भाजपा ने बनवाए है। भाजपा के चुनावी हथकंडे अब उजागर हो चले है। भाजपा कुछ लोगो की मिलीभगत से कभी अपने समर्थक फर्जी मतदाताओं का नाम बढ़ा देती है और चुनावी अधिकारियों से साठगांठ कर कभी अपने विरोधियों के नाम मतदाता सूची से गायब कर देती है। भाजपा चुनाव में लगे अपने चुनिंदा अधिकारियों को बाकायदा टारगेट देती है कि कितने फर्जी वोट डालना है। यह आशंका अब सच लगती है कि पिछले चुनाव में भाजपा ने अपने खिलाफ डाले गये वोट खारिज करवा के और डीएम के दबाव से जीत के सर्टिफिकेट बदला कर दो दर्जन से ज्यादा सीटों पर भाजपा को जिताने का काम किया गया था। मतदाता सूची में हेराफेरी के मामलों में 18 हजार एफिडेविट चुनाव आयोग को समाजवादी पार्टी ने दिए थे। आज तक उन पर क्या कार्यवाही हुई पता नहीं चला। आयोग कुंडली मारकर बैठ गया है। कार्यवाही होती तो फर्जी काम नहीं होते। अब जनता 2027 के चुनावों में उनकी इस बेरूखी का करारा जवाब देने का मन बना चुकी है। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री रामहेत भारती, वरिष्ठ नेता प्रमोद वर्मा, प्रदेश सचिव शब्बीर खां, जिला उपाध्यक्ष अशफाक खां, कय्यूम कुरैशी, सयुस महासचिव रोबिन सिंह यादव, चंद्रशेखर यादव, मो नादिर सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सीएम को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा

सीतापुर। आजाद अधिकार सेना सीतापुर के जिलाध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में जिला गन्ना अधिकारी के कार्यालय के पास से सीतापुर, मधवापुर, रामकोट मार्ग को नेशनल हाईवे संख्या 30 से जोड़ने वाले लगभग एक किलोमीटर लंबे हिस्से को डिवाइडर रोड बनाने की मांग की गई। नवल किशोर मिश्रा ने बताया कि यह मार्ग सीतापुर शहर से नेशनल हाईवे संख्या 30 तक पहुंचने का सबसे नजदीकी रास्ता है। वर्तमान में नेशनल हाईवे संख्या 30 वैदेही वाटिका के पास मिलता है, जिसकी दूरी अधिक है और उस सड़क पर माल गोदामों व दुकानों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यदि आरएमपी वाली सड़क को डिवाइडर रोड में बदल दिया जाए तो लखनऊ, शाहजहांपुर, हरदोई सहित कई स्थानों को जाने वाले लोगों को नेशनल हाईवे संख्या 30 तक कम दूरी में सीधा मार्ग मिल सकेगा, जिससे समय और ईंधन दोनों की बचत होगी।

संक्षेप

## रोडवेज, बाइक की टक्कर, युवक की मौत

बांदा। कोतवाली बबेरू क्षेत्र के बेरांव गांव के पास हुए सड़क हादसे में एक युवक की मृत्यु हो गयी जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक थाना मरका निवासी बन बरौली नीरज 20 पुत्र मुन्नीलाल और रामसुहावन 17 पुत्र चंद्रपाल बहन के यहां निमंत्रण देने जा रहे थे। इसी दौरान रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनो बाइक सवार युवक घायल हो गये। जानकारी मिलने पर डायल-112 और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा घायलों को बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद नीरज को मृत घोषित कर दिया जबकि साथी रामसुहावन को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज भेज दिया है।

## फर्जी नियुक्ति के नाम पर 1.5 लाख की ठगी, एफआईआर दर्ज

ललितपुर। कोतवाली पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता जयकुमार पाल निवासी मोहल्ला रामनगर ने तहरीर में बताया कि उनके पिता आनंद कुमार को डा.पंकज पुरोहित (पुत्र रामगुलाम, निवासी ग्राम खितवांस, थाना महरौनी) ने आश्वासन दिया था कि वह उनके दो बेटों को मेडिकल कॉलेज में नौकरी लगवा देंगे। इसके लिए प्रति व्यक्ति 2 लाख रुपये की मांग की गई थी। आरोप है कि 3 मार्च 2024 को जयकुमार पाल ने 1.50 लाख रुपये नगद डा.पंकज पुरोहित को दिए, शेष राशि नियुक्ति के समय देने की बात हुई। भुगतान का वीडियो भी उनके पास मौजूद है। लेकिन कई बार पैसे वापस मांगने पर भी आरोपी टालमटोल करता रहा और रकम नहीं लौटाई। 11 अगस्त 2025 को पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 (ठगी) और 406 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत एफआईआर दर्ज की है। मामले की जांच उपनिरीक्षक मंसूर अंसारी को सौंपी गई है।

## शराब के नशे में पुत्र ने पिता को उतारा मौत के घाट

ललितपुर। शराब के नशे में धुत्त एक युवक ने अपने ही पिता पर लाठियों से प्राणघातक हमला कर दिया। इस हमले में घायल पिता की मौत हो गयी। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि थाना गिरार अंतर्गत ग्राम हीरापुर निवासी गुंजा कुशवाहा का उसकी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हा गया था। इस विवाद को बढ़ता देख गुंजा के पिता गोरेलाल ने बीच-बचाव करते हुये दोनों को अलग कर दिया। इस दौरान गुंजा ने गुस्से में अपने पिता पर लाठियों से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिये, जिससे उसके पिता की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद से गांव में कोहराम की स्थिति बनी हुयी है।

## बाजार में डिब्बा-खोखा किये जायेंगे व्यवस्थित

ललितपुर। एसडीएम सदर/प्रशासक मनीष कुमार के निर्देशन व अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, वार्ड पार्षद अफजुल रहमान, पार्षद गिरीश पाठक सोनू, पार्षद प्रतिनिधि अमरदीप रजक की उपस्थिति में पालिका सभागार में मोहल्ला कटरा बाजार में डिब्बे-खोखे रखकर व्यवसाय कर रहे दुकान व्यवसायियों के बीच डिब्बों-खोखों को व्यवस्थित कर कटरा बाजार में शौचालय के निर्माण किये जाने हेतु बैठक आयोजित की गई। ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने समस्त दुकान व्यवसायियों को निर्देशित किया कि कटरा बाजार वार्ड नंबर 10 में आप लोगों द्वारा जो डिब्बे खोखे रखे गए है, उनके चलते एक ओर बाजार में आवागमन भी बाधित होता है तो वहीं दूसरी ओर मुख्य बाजार में शौचालय का भी अभाव बना हुआ है। बाजार में आने वाले खरीदकताओं के लिए शौचालय न होने से काफी परेशानी होती है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए समस्त डिब्बा-खोखा रखकर व्यवसाय कर रहे व्यवसायियों व्यवस्थित किये जाने हेतु पालिका द्वारा इन्हें व्यवस्थित किया जा रहा है। उक्त पर समस्त दुकान व्यवसायियों द्वारा सहमति व्यक्त की गई। बैठक में अतिक्रमण प्रभारी/कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, नजूल लिपिक सुधीर रावत, पुरूषोत्तम कुशवाहा, धीरेन्द्र सहित दुकान व्यवसायी उपस्थित रहे।

# तिरंगा महोत्सव और प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

## देशभक्ति से ओतप्रोत लोक नृत्य व गीतों पर मंत्रमुग्ध हुए दर्शक




ललितपुर। 79वे स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ह्यहर घर तिरंगा अभियानह्न के अंतर्गत तिरंगा महोत्सव एवं प्रदर्शनी का आयोजन जिला प्रशासन की ओर से कल्याण सिंह सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष बीजेपी हरिश्चंद्र रावत, सदस्य उप्र राज्य महिला आयोग अर्चना पटेल सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रदर्शनी का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी एवं विभागीय स्टॉलों व बच्चों के द्वारा बनाई गई रंगोली का अवलोकन किया और उनकी प्रशंसा की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र रावत ने इस बार के तिरंगा महोत्सव को और अधिक महत्वपूर्ण बताते हुए पहलगॉव की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे देश की सेना ने पाकिस्तानी आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा है और देश की बहादुर सेना ने आतंकियों की कमर तोड़ने का काम किया है, उन्होंने सभी से आह्वान करते हुए कहा कि हम सबको विशेषकर युवा और विद्यार्थियों को हमारे देश की महान संस्कृति को जानना चाहिए। उन्होंने सभी से तिरंगा महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाने एवं अपने-अपने घरो पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाने की अपील की। सदस्या उ0प्र0 राज्य महिला आयोग अर्चना पटेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि देशभक्ति की भावना को वलवति करने का संदेश देते हुए अपनी एक रचना न जाने मेरे देश के कितने शहीदों ने जान की बाजी लगाई थी, तब जाकर यह आजादी पायी थीह्नह्न के माध्यम से आजादी के महत्व को बताया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं की समस्याओं को सुनने और उससे निजात दिलाने का भरोसा दिलाया। आयोजन की श्रंखला में विभिन्न बुन्देली दलों व स्कूली बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी, जिनमें उच्च प्राथमिक विद्यालय पनारी की छात्राओं, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर की छात्राओं, प्राथमिक विद्यालय राजवारा की नन्ही बालिकाओं सहित राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र हेमंत ने अपनी प्रस्तुति दी। इसी प्रकार जनपद के प्रसिद्ध बुंदेली मोहिनी ग्रुप से जितेंद्र और उनकी तीन ने देशभक्ति गीत आज देश का बच्चा बच्चा फूलो नहीं समारव एवं राई नृत्य की प्रस्तुति दी, स्वयं सहायता समूह धमना से रानी ने, हर करम अपना करेंगे ए वतन तेरे लिए गीत, सुरेंद्र झा और टीम के द्वारा, जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा, वो भारत देश है मेरा गीत गाया। सभी प्रस्तुतियां एक से बढ़कर एक रहीं, जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए और तालियों का शोर चारो तरफ सुनाई दे रहा था। प्रतियोगिताओं व प्रस्तुतियों के लिए कलाकारों व बच्चों को प्रशस्ति पत्र वितरित किये गए। तिरंगा पेंटिंगध्पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय क्रम में शिवम नामदेव, सृष्टि चंदेल और रुपाली, तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता में डोली, द्रोपती और संदीपका, तिरंगा राखी प्रतियोगिता में सृष्टि चंदेल, कामिनी और सुनीता, तिरंगा मॉडल निर्माण प्रतियोगिता मंव कामिनी कुशवाहा, रागिनी विश्वकर्मा और सुनीता रैकवार, वाद विवाद प्रतियोगिता में वैष्णवी शर्मा, मोहिनी और कंचन को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 इम्तियाज अहमद, पीडी डीआरडीए दीपक कुमार यादव, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्रा, जिला पर्यटक अधिकारी हेमलता सहित भारी संख्या में जनसमूह आदि उपस्थित रहा।

## जनपद पुलिस ने निकाली भव्य तिरंगा रैली



महोबा। स्वतंत्रता दिवस के दृष्टिगत राष्ट्रभक्ति और सद्भावना का संदेश देने के उद्देश्य से मंगलवार के दिन जनपद महोबा में तिरंगा रैली का भव्य आयोजन किया गया। रैली को पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा रामलीला मैदान से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर पुलिस कार्यालय, पुलिस लाइन, थाना कोतवाली नगर, यातायात पुलिस सहित महिला एवं पुरुष पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही। रैली में देशभक्ति गीतों की धुनों के बीच प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ सहभागिता की। यह यात्रा सद्भावना यात्रा के रूप में निकाली गई, जिसका उद्देश्य आपसी भाईचारे और राष्ट्रीय एकता का संदेश देना था। रैली रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर तहसील चौराहा, आल्हा चौक, ऊदल चौक होते हुए सुभाष चौक पर सम्पन्न हुई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, आरआई शिवकुमार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर मनीष पाण्डेय, यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## हाथी दिवस के मौके पर टाइगर रिजर्व और भारतीय वन्य जीव ट्रस्ट की ओर से कार्यक्रम



कोटद्वार। कालागढ टाइगर रिजर्व प्रभाग के स्वागती केन्द्र में हाथी दिवस के उपलक्ष में कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग व भारतीय वन्य जीव ट्रस्ट (वीटीआई) का संयुक्त रूप से हाथी दिवस कार्यक्रम मनाया गया। मंगलवार को आयोजित हाथी दिवस कार्यक्रम में मेहरबान सिंह कण्डारी विद्या मंदिर कोटद्वार के लगभग 40 छात्र-छात्राओं व अध्यापक उपस्थित रहे। इस मौके पर हाथी के जीवन व हाथी कॉरिडोर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। साथ ही कार्बेट जी के जीवनी से सम्बन्धित कार्बेट लैगेसी फिल्म दिखाई गयी। कार्यक्रम में उप प्रभागीय वनाधिकारी सोनानदी उप प्रभाग अनामिका बुक्करवाल, उप प्रभागीय वनाधिकारी अदनाला उप प्रभाग, कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग शिप्रा वर्मा, ग्रीन कॉरिडोर चैंपियन राजीव बिष्ट, प्रधानाचार्य विद्या मंदिर चंदन सिंह नकोटी, स्वागती प्रभारी वन दरोगा रवीन्द्र देव, कुसुम, प्रिया डोबरियाल, आकाश रावत, मोहन चन्द्र, तिरथ रावत व अन्य राहगीर आगन्तुक मौजूद रहें।

# तिरंगा यात्रा में बूढ़े, युवा, दिव्यांग सभी ने हाथों में थामा राष्ट्रध्वज



ललितपुर। 79वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्र की एकता, अखण्डता, पंथ निरपेक्षता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द को सुदृढ़ करने तथा प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रप्रेम की भावना को पल्लवित करने के लिए पुलिस लाइन प्रांगण में जनपद के अधिकारियों, नागरिकों व विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडिट, स्काउट गाइड आदि को शामिल करते हुए एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह तिरंगा यात्रा पुलिस लाइन प्रांगण से प्रारंभ होकर कचहरी चैराहा, तुवन चैराहा, घण्टाघर होते हुए वापस पुलिस लाइन में समाप्त हुई। यात्रा का शुभारंभ तिरंगा ध्वज लहराकर किया गया। यात्रा में देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों एवं भारत माता की जयकारों से सड़कें व गलियां गूंज रही थीं, जिससे तिरंगा यात्रा की भव्यता और अधिक निखकर आकर्षण का केन्द्र बन रही थी। तिरंगा यात्रा से उत्साहित होकर लोग जगह-जगह पुष्पवर्षा कर रहे थे। तिरंगा यात्रा में छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट ने तिरंगा लहरा कर और ढोल बजाते अन्य लोगों में देश प्रेम की भावना जागृत किया और लोगों ने भी तिरंगा रैली के साथ जोरशोर से भारत माता की जय के नारे लगाये। यात्रा के दौरान बूढ़े, युवा, दिव्यांग सभी ने अपने हाथों में तिरंगा थामा और शान से तिरंगा लहराते हुए हजारों की संख्या में यात्रा में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, अधिशासी अभियंता नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारीगण, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडिट, स्काउट गाइड एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

## एसपी के नेतृत्व में निकाली गयी तिरंगा रैली



ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के नेतृत्व में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासन के निदेर्शानुसार चलाये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के क्रम में तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ रिजर्व पुलिस लाइन्स से वर्णी चैराहा, तुवन मंदिर, सदर कांटा, कंपनी बाग, घण्टा घर, सावरकर चैक, कलेक्ट्रेट चैराहा आदि स्थानों से होते हुये वापस पुलिस लाइन में समापन कर देश प्रेम का संदेश दिया गया। यात्रा के दौरान समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी व अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## आयुक्त, डीआईजी के नेतृत्व में निकली विशाल तिरंगा रैली



बांदा। हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयुक्त अजीत कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस के नेतृत्व में पुलिस लाइन से विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गयी। आयुक्त और डीआईजी ने यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसमें जिलाधिकारी जे0 रीभा, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, पुलिसकर्मियों, अनेक स्कूलों, कॉलेजों के छात्र-छात्राएं और लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। तिरंगा यात्रा पुलिस लाइन से शुरू होकर महाराणा प्रताप चैराहा होते हुए कालू कुआं चैराहा से वापस पुलिस लाइन में समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में देश के प्रति निष्ठा को जगाने के साथ ही देशवासियों में राष्ट्र प्रेम की भावना का संचार करना है। तिरंगा रैली में सहायक पुलिस अधीक्षक माविस टक, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू, क्षेत्राधिकारी पीयूष कुमार पाण्डेय के अलावा भारी संख्या में पुलिस बल, जन प्रतिनिधियों, स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हांथ में तिरंगा लेकर यात्रा में जोश के साथ भाग लिया। इस दौरान भारत माता की जय, स्वतंत्रता दिवस अमर रहे के नारों से वातावरण पूरी तरह से देश भक्ति से ओत-प्रोत दिखा।

## तहसील मड़ावरा में नवनिर्मित इंटर कॉलेज बनाये जाने की मांग ने पकड़ा जोर

ललितपुर। तहसील मड़ावरा एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, क्षेत्रवासियों एबं स्थानीय नागरिकों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी मड़ावरा शैलेन्द्र चैधरी को सौपा। बताया कि जिले के ब्लॉक मड़ावरा में 133 गांव है, जिसमें 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 12 लाख 21 हजार 592 जनसंख्या निबॉस करती हैं। क्षेत्र का अति पिछड़ापन एवं आर्थिक स्थिति को देखते हुये शासकीय इंटर कॉलेज की अति आवश्यकता है। क्षेत्र कि आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण आम जन मानस अपने बच्चों को शिक्षा से बंचित रखते हैं।

# पुलिस ने चोर गिरोह को दबोचा, चोरी का माल बरामद



बांदा। थाना कोतवाली देहात पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने 4 आरोपियों को अवैध तमंचा, कारतूस और चोरी के ई-रिक्शा व बैटरी, मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के चलते मंगलवार को कोतवाली देहात में सिविल लाइन निवासी छोटेलाल ने बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे महोखर के पास से और खाईं पार निवासी सुखराम ने ददरिया मोड़ के पास से बीती 26 जुलाई की रात को ई-रिक्शा चोरी होने के बारे में सूचना दी थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। पुलिस को रात्रि गश्त व चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि जमालपुर, महोखर नहर पुलिया के पास कुछ संदिग्ध लोग ई-रिक्शा व मोटरसाइकिल लिए बैठे हैं। तत्काल घेराबंदी कर पुलिस ने सभी को पकड़ लिया, तलाशी के दौरान आरोपी अखिलेश वर्मा के पास से अवैध तमंचा व कारतूस मिला। कड़ाई से पूंछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि यह ई-रिक्शा चोरी का है। इसे कुछ दिन पूर्व अखिलेश वर्मा व अजय वर्मा ने एक रिक्शा चालक से 200 रुपये भाड़ा तय कर स्टेशन से जौरही जा रहे थे इसी दौरान पवन, इंद्रभवन मोटरसाइकिल से पीछे-पीछे जाकर ददरिया मोड़ के पास जब रिक्शा चालक पेशाब करने चला गया तो चारों उस रिक्शे को लेकर चले गये और ई-रिक्शा एक स्थान पर खड़ा कर चारों वापस बस स्टैण्ड बांदा आए। इसी तरह वहां से एक ही रिक्शा चालक से 700 रुपये में बरगहनी चलने की बात कर चल दिए। जैसे ही बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे से बरगहनी की तरफ पहुंचे तभी रिक्शा चालक पेशाब करने उतरा उसे भी लेकर आरोपी फरार हो गये।

# हिस्ट्रीशीटर वसीम उर्फ चीची को 10 साल कैद व एक लाख जुर्माने की सजा

बिजनौर। पुलिस महानिदेशक अभियोजन दीपेश जुनेजा द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत कोर्ट ने हिस्ट्रीशीटर को 10 वर्ष 05 माह के कठोर कारावास व एक लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस नोट के अनुसार 21 जनवरी 2019 को थाना नगीना पुलिस द्वारा अभियुक्तगण सुहैल पुत्र हसीनुद्दीन निवासी मौ0 सरायमीर, शानू पुत्र तसलीम उर्फ गोल्टा निवासी मौ0 मनिहारी सराय, वसीम उर्फ चीची पुत्र अब्दुल शमी निवासी मौ0 सरायमीर निवासीगण थाना नगीना जनपद बिजनौर एंव शाकिर पुत्र अजीज निवासी मौ0 लालसराय थाना बढापुर जनपद बिजनौर को मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अभियुक्तगण के कब्जे से 1050 ग्राम अवैध चरस, दो अवैध तमंचे 315 बोर मय 03 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर, 01 अवैध चाकू व घटना में प्रयुक्त सैट्रो कार बरामद की गयी। घटना में अभियुक्त वसीम उर्फ चीची से 1050 ग्राम अवैध चरस व 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस बरामद किये गये। घटना के संबन्ध में थाना नगीना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना अधिकारी अजेन्द्र कुमार द्वारा जांच के उपरान्त न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में अभियोग में स्थानीय पुलिस एवं मॉनिटरिंग सैल एंव नगीना थाने के पेरोकार अरुण कुमार द्वारा न्यायालय में सशक्त प्रभावी पैरवी एंव अपर जिला शासकीय अधिवक्ता रितेश चैहान के तर्को से सहमत होकर सोमवार को अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश न्यायालय ने एनडीपीएस एक्ट के अभियुक्त वसीम उर्फ चीची पुत्र अब्दुल समी को 10 वर्ष 05 माह का कठोर कारावास व एक लाख रुपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अभियुक्त वसीम उर्फ चीची थाना नगीना का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है तथा उसके खिलाफ जनपद के अलावा अन्य जनपदों में हत्या, लूट, डकैती, चोरी, हत्या का प्रयास, लूट का प्रयास, गैंगस्टर अधिनियम, गौवध अधिनियम, शस्त्र अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट व पुलिस मुठभेड आदि गंभीर धाराओं में लगभग 61 मुकदमें दर्ज है। पुलिस के अनुसार वर्ष 2025 में अब तक 35 हिस्ट्रीशीटरों को सजा कराई गयी है।

## गंगा बैराज पुल सिलेब्स में आई दरार का डीएम ने निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिये



बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा सोमवार की शाम मध्य गंगा बैराज पुल सिलेब्स में आई हुई दरारों का स्थलीय निरीक्षण कर अद्यतन स्थिति का जायजा लिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह के अलावा एनएचआई विभाग एवं सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा निरीक्षण के दौरान गंगा बैराज पुल के गेट नंबर 1516 तथा 23 24 के सिलेबस में आई दरारों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने एनएचआई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सिलेबस में आने वाली दरारों की तत्काल तकनीकी जांच करें और इसको रोकने के लिए आवश्यक उपाय करें। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने यह भी निर्देश दिए कि जब तक दरारों की समस्या का हल नहीं हो जाता तब तक भारी वाहनों का आवागमन बंद रखें। इसके अलावा उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बैराज पुल के सभी गेटों के सिलेबों पर कड़ी निगाह रखते हुए उसकी स्थिति का पूरी सजगता और सटक सतर्कता के साथ निगरानी का कार्य जारी रखें।

## एचआईवी, टीबी शिविर का सीएमओ ने किया शुभारंभ



बांदा। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सघन अभियान के तहत एचआईवी एड्स जागरूकता, टीबी कार्यक्रम, हेपेटाइटिस, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय परिसर में किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विजेन्द्र सिंह व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ कृष्ण कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य चिकित्साधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक, जिला क्षय रोग एवं एड्य नियंत्रण अधिकारी एचआईवी एड्स, टीबी, हेपेटाइटिस तथा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर में एचआईवी, टीबी, हेपेटाइटिस, दंत मरीजों का एचआईवी जांच और स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में एआरटी केन्द्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ मोहसिन खान, डॉ प्रसून खरे दंत विशेषज्ञ, डॉ मुकेश कुमार ईएनटी, डॉ महेश गुप्ता ईएनटी सर्जन, नोडल ऑफिसर, एआरटी व आईसीटीसी केन्द्र डॉ हृदयेश पटेल के अलावा कार्यशाला में जिला कार्यक्रम प्रबंधक बृजेन्द्र कुमार ने 1097 एवं एक्ट 2017 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग का स्टॉफ मौजूद रहा।

## इण्डिया गठबंधन के युवा नेताओं ने किया जोरदार प्रदर्शन

ललितपुर। विगत दिवस नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक बुलाई, जिसमें वोटर लिस्टों में गड़बड़ी, मतगणना में धांधली, वोटिंग प्रक्रिया में धांधली, मतदान एजेंटों में भेदभाव आदि के सम्बन्ध में चुनाव आयोग द्वारा की जा रही वोट चोरी किये जाने का आरोप लगाया गया है। इसको लेकर 11 अगस्त 2025 को इंडिया गठबंधन के सांसद चुनाव आयोग जा रहे थे उन्हे बीच रास्ते मे रोककर असंवैधानिक रूप से गिरफ्तार किया गया। जिसके विरोध मे ललितपुर जनपद के इंडिया गठबंधन के युवा संगठन जिला युवा कांग्रेस एवं जिला मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के नेतृत्व मे कम्पनी बाग से जिला निर्वाचन कार्यालय तक मार्च कर प्रदर्शन किया।

# अधिवक्ता के खिलाफ साजिश रचने वाले शातिर पर मुकदमा दर्ज

शहजाद अंसारी

बिजनौर। अधिवक्ताओं के नाम से झूठी शिकायत कर अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज चैहान को बदनाम एंव उनकी छवि खराब करने के मांमले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर नगीना पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी है। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस झूठी शिकायत करने वाले उस शातिर का चेहरा बेनकाब करने की तैयारी में जुट गई है। नगीना के वरिष्ठ अधिवक्ता टीकम सिंह के नेतृत्व में अन्य अधिवक्तागणों ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा से मुलाकात कर एक शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि 12 मई 2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में किसी शातिर व्यक्ति ने नगीना के अधिवक्तागण अंकित विनित कुमार, पंकज कुमार, महबूब हसन, रविन्द्र प्रताप शर्मा, मुसव्विर हुसैन, राजेन्द्र सिंह, ललित कुमार जोशी, सईद अहमद, टीकम सिंह, इन्तेजार अहमद के नाम से अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश नगीना के न्यायालय में अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज चैहान को बदनाम कर उनकी छवि खराब करने एंव अभियोजन कार्य में दबाव डालने के मकसद से एक झूठी शिकायत की थी। झूठे शिकायती पत्र पर उस शातिर ने जो अधिवक्तागणों के हस्ताक्षर, स्टाम्प व मोहर लगाई है वो पूरी तरह फर्जी है और अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज चैहान पर जो आरोप लगाये गए है वह भी पूरी तरह झूठे व बेबुनियाद है।

शातिर व्यक्ति ने सिर्फ अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज चैहान को बदनाम करने एंव अभियोजन कार्य में दबाव डालने के लिए ऐसा घिनौना कार्य किया है। अधिवक्तागणों ने पुलिस अधीक्षक से यह भी मांग करी थी 12 मई 2025 के दिन के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लगे सीसीटीवी केमरों से वीडियों एंव फुटेज भी निकाले जाये जिससे झूठी शिकायत करने वाले उस शातिर का चेहरा बेनकाब हो सके। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने मांमले को गंभीरता से लेते हुए नगीना पुलिस को मुकदमा दर्ज कर उस शातिर पर कार्रवाही के आदेश दिये। नगीना पुलिस ने शातिर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 0153/2025 बीएनएस की धारा- 318 (4), 336 (3), 340 (2) के तहत मुकदमा दर्ज कर उस शातिर की तलाश शुरू कर दी है। सूत्रो की माने तो झूठी शिकायत कर अधिवक्ता की छवि खराब करने वाला शातिर पुलिस की रडार पर आ गया है जल्द ही उसका चेहरा बेनकाब होगा।

## भाजपा नेता के नेतृत्व में निकली बाइक तिरंगा रैली



बांदा। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की प्रेरणा पर भाजपा नेता श्याममोहन धुरिया के नेतृत्व में शहर में बाइक तिरंगा रैली निकाली गयी। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के सहयोग से निकली तिरंगा बाइक रैली में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं व लोगों ने भागीदारी की। रैली शहर के कटरा, कंचनपुरवा से प्रारंभ होकर पद्माकर चैराहा, स्टेशन रोड, बाबूलाल चैराहा, मुख्य बाजार होते हुए महेश्वरी देवी मंदिर चैराहा में समाप्त हुई। इस दौरान तिरंगा यात्रा में शामिल सैकड़ों की तादाद में लोगों ने भारत माता की जय, स्वतंत्रता दिवस अमर रहे के गगनभेदी नारे लगाए। तिरंगा बाइक रैली को देखने के लिए जगह-जगह लोगों की भीड़ रही। भाजपा नेता श्याममोहन धुरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा के चलते तिरंगा रैली का आयोजन किया गया है। उन्होने कहा कि रैली का उद्देश्य जन-जन में देश प्रेम की भावना जगाने के लिए आयोजन किया गया है।

# किसानों का संरक्षण

भारत विकासशील देश है और यहां अभी कुल श्रमबल का करीब-करीब 44 फीसद कृषि और इससे जुड़े कार्यों में लगा हुआ है। ऐसे में अगर अत्यधिक सब्सिडी वाले देश के डेयरी उत्पादों के लिए भारत के बाजार खोले गये तो इससे भारतीय किसानों, पशुपालकों को भारी नुकसान होगा और बड़ी बेरोजगारी आ सकती है। संभवतः इसीलिए भारत किसी भी सूरत में अमरीकी डेयरी उत्पादों के लिए अपना बाजर खोलने के लिए तैयार नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कहा है कि भारत अपने किसानों, डेयरी वालों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों से कभी भी समझौता नहीं करेगा। टैरिफ वॉर के दौरान मोदी का अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप को यह स्पष्ट संदेश है। बेशक टैरिफ के इस मजाक के कारण भारत के निर्यातकों को नुकसान हो सकता है। उनके लिए भी सरकार पैकेज देने और नये देशों के रास्ते तलाशने का काम कर रही है। दरअसल अमरीका मक्का, सोयाबीन, सेब, बादाम और इथेनॉल जैसे उत्पादों पर शुल्क कम करने के साथ-साथ अपने डेयरी उत्पादों को भारतीय बाजार में बेचने की मांग कर रहा है, लेकिन भारत ने लगातार इनकार किया है, क्योंकि इनका




सीधा असर किसानों पर पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी इस कड़े रुख के लिए व्यक्तिगत रूप से भी भारी कीमत चुकाने को तैयार हैं। वह कीमत क्या हो सकती है, यह गंभीर विमर्श का विषय है। बेशक भारत ने उचित और तार्किक कदम उठाया है कि अमरीका के लिए कृषि, डेयरी, मछली आदि उद्योगों के बाजार नहीं खोले। भारत लगातार इंकार करता रहा है। यही बुनियादी कारण है कि दोनों देशों के बीच व्यापार-समझौते की बात भी रुक गई है। अमरीका से जिस वार्ताकार का 25 अगस्त को भारत आना तय था, अब वह भी नहीं आएगी। भारत की 42 फीसदी आबादी खेती पर आश्रित है और 46 फीसदी कामगारों को रोजगार हासिल है। कुछ अंचल ऐसे हैं, जहां यह औसत 60 फीसदी से अधिक है। हालांकि जीडीपी में कृषि क्षेत्र का योगदान 20 फीसदी से भी कम है। भारत में ज्यादातर किसान छोटे और गरीब हैं। नाबार्ड की हालिया रिपोर्ट बताती है कि खेतिहार परिवार की औसत आय 13,661 रुपये प्रति माह है। खेती से असल आय 4476 रुपये है। शेष आय मजदूरी जैसे अन्य कामों से ही नसीब हो पाती है। अमरीका की अत्यधिक और उच्च स्तर की मशीनीकृत खेती के सामने हमारे छोटे, गरीब किसान कहां ठहर सकते हैं। मोदी सरकार की यही सोच और दृष्टि रही है और हमारे वाणिज्य-उद्योग मंत्रालयों के वार्ताकार साफ इंकार करते रहे हैं कि कृषि को अमरीका के लिए बिलकुल भी नहीं खोला जा सकता। प्रधानमंत्री मोदी ने भी बार-बार कहा है कि हमारे लिए हमारे किसानों का कल्याण ही सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम इस मुद्दे पर सहमत नहीं हो सकते।
दरअसल यह ऐसा समय है, जब भारत में किसानों का कल्याण संरक्षणवाद के परे भी होना चाहिए। सवाल उठाए जा सकते हैं कि प्रधानमंत्री किसानों की आय दोगुनी नहीं कर सके। अधिकतर किसान कर्जदार हैं। यह बेहद संवेदनशील और गंभीर सवाल है कि भारत सरकार और कई राज्य सरकारों ने किसानों के कर्ज माफ करने की घोषणाएं की हैं। यदि कर्ज माफ किए जाते रहे हैं, तो किसान कर्जदार क्यों है? बेशक अमरीका के साथ हमारा व्यापारिक मुद्दा है, लिहाजा उनका पक्ष मजबूती से लिया जाना चाहिए। अमरीका की मात्र 2 फीसदी आबादी ही खेतिहर है। जर्मनी, ब्रिटेन में मात्र 1 फीसदी और जापान में मात्र 3 फीसदी आबादी ही कृषि के भरोसे है। 1991 में चीन की 60 फीसदी और भारत की 63 फीसदी आबादी कृषि पर आश्रित थी, लेकिन चीन इसे नीचे ले आया और अब 22 फीसदी आबादी खेतिहर है, लेकिन भारत अब भी अफगानिस्तान (45 फीसदी), उत्तरी कोरिया (47 फीसदी) और म्यांमार (45 फीसदी) की जमात में शामिल है। चूंकि जनसंख्या बढ़ती जा रही है, लिहाजा प्रति व्यक्ति खंडित जमीन लोगों के हिस्से में आती है और इस कारण किसान गरीब हैं। छोटे-छोटे किसान अमरीकी उत्पादों का सामना नहीं कर सकते हैं। इसलिए कृषि और देश के किसानों का संरक्षण जरूरी है और सरकार यही कर रही है।

## विचार

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।
–कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।
–शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।
–एडीसन.

जिसकी हम अभिलाषा करते हैं और जिसकी सिद्धि के लिए संपूर्ण अंत:करण से प्रयास करते हैं, तो उसकी प्राप्ति हमे अवश्य होती है।
–स्वेट मॉर्डन.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।
–कन्फ्यूशियस.

# शुद्ध मतदाता सूची तैयार करे चुनाव आयोग

डॉ. अनिता राठौर

> मतदाता सूची शुद्ध नहीं है, इसलिए समय समय पर उनकी समीक्षा होती रहनी चाहिए, लेकिन बिहार में जो एसआईआर चल रही है, वह बहुत खराब उदाहरण है, क्योंकि यह विधानसभा चुनाव से पहले साक्ष्य का बोझ मतदाताओं पर डाले हुए है और अव्यावहारिक टाइमलाइन निर्धारित किये हुए है। वैसे इस किस्म का एक्सर साइज समय-समय पर होना जरूरी है, लेकिन जल्दबाजी में नहीं जैसा कि बिहार में हो रहा है।

मतदाता सूची में गड़बड़ी है, अब इसके प्रमाण निरंतर प्रकाश में आ रहे हैं- कहीं एक घर में 250 मतदाता पंजीकृत हैं तो कहीं 10 बाई 15 फीट के कमरे में 80 मतदाता रह रहे हैं और वह भी अलग अलग जातियों व क्षेत्रों के। कहीं बड़ी संख्या में मकानों का नंबर शून्य लिखा है, तो कहीं पिता का नाम एफजीएचआई लिखा है या एक ही व्यक्ति को दो एपिक कार्ड जारी किये हुए हैं, कहीं फॉर्म 6 पर 70-वर्षीय महिला को मतदाता बनाया हुआ है, जबकि इसका संबंध पहली बार के नये मतदाता से है, तो कहीं फोटो ऐसा लगाया हुआ है कि माइक्रोस्कोप से भी दिखायी न दे ... इस किस्म की अनेक त्रुटियां हैं, जिनको त्वरित सुधारने की जरूरत है ताकि मतदाताओं का चुनाव प्रक्रिया में विश्वास बना रहे। लेकिन चुनाव आयोग क्या कर रहा है? वह कहीं वोट बढ़ा देता है, कहीं वोट घटा देता है और सुप्रीम कोर्ट में दायर अपने जवाब में कहता है कि बिहार में मतदाता सूची से बाहर किये गये 65 लाख लोगों की न तो सूची शेयर करेगा और न ही यह बताने के लिए बाध्य है कि उनका नाम किस वजह से सूची से हटाया गया है। यह जानकारी अगर चुनाव आयोग नहीं देगा, तो फिर कौन देगा?
गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने अपनी साईट पर जो बिहार की डिजिटल मतदाता सूची अपलोड की थी उसे हटाकर ऐसे फॉर्मेट में सूची अपलोड की है, जिसे पढ़ना व डाउनलोड करना लगभग असंभव है। इससे चुनाव आयोग के इरादों पर विपक्षी दल शक करते हैं। विशेषकर इसलिए कि 'वोट चोरी' का आरोप लगाते हुए जब विपक्ष के 300 सांसदों ने 11 अगस्त 2025 को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मिलने के लिए समय मांगा, तो उन्होंने जगह की तंगी का हवाला देते हुए केवल 30 सांसदों से ही मुलाकात करने को कहा। लेकिन यह भी न हो सका, क्योंकि यह सांसद जब संसद भवन से निर्वाचन सदन की तरफ मार्च करते हुए जा रहे थे, तो पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया और दो घंटे बाद छोड़ा। क्या मजाक है, देश की राजधानी में इतनी जगह भी नहीं है ज्ञानेश कुमार 300 सांसदों से एक साथ मुलाकात कर सकें? लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हाल के दिनों में दो मुख्य आरोप लगाये हैं। एक, उन्होंने पिछले साल के महाराष्ट्र



विधानसभा चुनाव पर 'मैच फिक्सिंग' के आरोप लगाये। दो, उन्होंने 2024 कर्नाटक लोकसभा चुनाव में 'वोट चोरी' का आरोप लगाया। महाराष्ट्र से संबंधित आरोप मोटे ब्रश से पेंट किया गया था, जो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया से आरंभ होकर मतदान के आंकड़ों में वृद्धि तक पहुंचा। लेकिन कर्नाटक से संबंधित आरोप लगाने से पहले राहुल गांधी ने कुछ पड़ताल की और कुछ साक्ष्यों के आधार पर आरोप लगाये। भारत के चुनावी इतिहास में चुनाव आयोग पर इस तरह के आरोप लगाये जाते रहे हैं। काफी जद्दोजहद के बाद चुनाव आयोग बंगलोर सेंट्रल लोकसभा सीट के महादेवपुरा सेगमेंट की मतदाता सूची राहुल गांधी को देने के लिए तैयार हुआ और वह भी लाखों कागजों पर आधारित, जबकि वह डिजिटल भी दी जा सकती थी। इन कागजों की जांच करने में राहुल गांधी की टीम को लगभग छह माह का समय लगा। अगर यह डिजिटल फॉर्मेट में दी जाती तो यह काम एक दिन में ही हो जाता। यह भी सोचने का विषय है कि चुनाव आयोग ने डिजिटल फॉर्मेट में सूची देने की बजाय टनभर कागज में क्यों दिए?

### वोटर लिस्ट विवाद

बहरहाल, 7 अगस्त 2025 को डाटा पॉइंट प्रेजेंटेशन के रूप में अपनी प्रेस कांफ्रेंस में, अपने अध्ययन का हवाला देते हुए, राहुल गांधी ने दावा किया कि बीजेपी ने बंगलोर सेंट्रल की सीट 32,707 वोटों से जीती, जबकि उसके पक्ष में 1,00,250 जाली वोट पड़े थे। उनके अनुसार जाली वोट पांच श्रेणियों में थे- डुप्लीकेट मतदाता (11,965), नकली/अवैध पते (40,009), एक ही पते पर थोक के भाव में मतदाता (10,452), मतदाताओं के अवैध फोटो (4,132) और पहली बार वोटर बनने के लिए फॉर्म 6 का दुरूपयोग (33,692)। फाइल दिखाते हुए, उन्होंने उदहारण से बताया कि सीट के अलग अलग बूथों पर लोगों ने कई कई बार मतदान किया है, जबकि मतदाता सूचियों पर उनके पते 'स्ट्रीट 0, हाउस नंबर 0' थे। उन्होंने कहा कि एक पते पर तो 80 मतदाता थे और एक जगह एक कमरे के मकान में 50 मतदाता पंजीकृत थे। जब शोधकर्ताओं ने इसे क्रॉस चेक करने का प्रयास किया, तो उनके विरुद्ध हिंसा की गई या साफ इंकार कर दिया कि इस नाम का यहां कोई नहीं रहता। राहुल गांधी के अनुसार 'वोट चोरी' लोकतंत्र पर हमला है।
चुनाव आयोग पर प्रायः आरोप लगाये जाते रहे हैं लेकिन जब विपक्ष एकजुट होकर इस तरह के आरोप लगाये, तो इनकी गहराई से जांच होनी चाहिए क्योंकि लोकतंत्र में 'फ्री एंड फेयर इलेक्शन' तभी हो सकते हैं, जब मतदाता सूची पर कोई संदेह न हो और 18 वर्ष से ऊपर के किसी भी भारतीय नागरिक का नाम उसमें से गायब न हो। क्या राहुल गांधी मतदाता सूची में किसी का नाम शामिल करने या निकालने की मांग कर रहे हैं? नहीं। वह तो यह कह रहे हैं कि जिस मतदाता सूची के आधार पर 2024 का लोकसभा चुनाव कराया गया और जिसे चुनाव आयोग ने स्वयं उन्हें दिया उसमें 'धांधली' हुई है, जिसकी जांच होनी चाहिए? इसलिए चुनाव आयोग को राहुल गांधी से अनावश्यक लिखित शपथ पत्र मांगने के बजाय मतदाता सूची को दुरुस्त करने का गंभीरता से प्रयास करना चाहिए। वैसे भी अगर विपक्षी आरोप के कारण ही मतदाता सूची में सुधार होता है, तो इससे हमारा लोकत्रंत और मजबूत होगा और चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी जो कि लोकतंत्र के लिए बहुत जरूरी है। वैसे भारत का चुनाव आयोग अपनी निष्पक्षता, पारदर्शिता के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है।
गौरतलब है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव का कहना है कि उन्होंने उन 18,000 मतदाताओं के शपथ पत्र चुनाव आयोग को दिये थे, जिनके नाम मतदाता सूची से हटा दिये गये थे, लेकिन चुनाव आयोग ने अभी तक उसका कोई संज्ञान नहीं लिया है। मतदाता सूची शुद्ध नहीं है, इसलिए समय समय पर उनकी समीक्षा होती रहनी चाहिए, लेकिन बिहार में जो एसआईआर चल रही है, उससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है। क्योंकि यह विधानसभा चुनाव से पहले साक्ष्य का बोझ मतदाताओं पर डाले हुए है और अव्यवहारिक टाइम लाइन निर्धारित किये हुए है। वैसे इस किस्म की एक्सर साइज समय समय पर होना जरूरी है, लेकिन जल्दबाजी में नहीं जैसा कि बिहार में हो रहा है।
राहुल गांधी ने मतदाता सूची में अनियमितताओं के जो आरोप लगाये हैं, उनकी जांच होना भी आवश्यक है। इन आरोपों पर चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया सकारात्मक होनी चाहिए। इससे उसकी छवि और बेहतर होगी। अगर आरोप अनुमानित भी हैं, तो भी उनकी जांच होनी चाहिए, वह लोकसभा में विपक्ष के नेता द्वारा लगाये जा रहे हैं। राहुल गांधी से शपथ पूर्वक औपचारिक घोषणापत्र मांगने के विवाद में आयोग को नहीं उलझना चाहिए। जबकि पिछले सप्ताह ही उसने पश्चिम बंगाल में चार चुनाव अधिकारियों को मतों में गड़बड़ी के आरोपों के तहत निलम्बित किया था। इसी प्रकार की जिम्मेदारी उसे राहुल गांधी के आरोपों के संदर्भ में भी दिखानी चाहिए। इस चुनौती का सामना करने के लिए चुनाव आयोग को अनुच्छेद 324 के पीछे छुपने या यह उम्मीद रखना कि सरकार उसका बचाव करे की बजाय अपनी संस्थागत आवाज को वापस लाना चाहिए। उसकी प्रतिक्रिया सत्तारूढ़ दल के प्रवक्ता जैसी प्रतीत नहीं होनी चाहिए।

## सोशल मीडिया

चुनाव आयोग कार्टून का विषय बन जाये, ये न तो लोकतंत्र की प्रतिष्ठा के लिए अच्छा है, न ही निर्वाचन आयोग की अपनी छवि के लिए। आयोग आत्ममंथन करे। अखिलेश यादव.



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के फेज 1बी को मंजूरी दे दी है, यह कॉरिडोर 11 किमी लंबा होगा। राजनाथ सिंह.



राष्ट्रपति पुतिन से बहुत अच्छी व विस्तृत बातचीत हुई, हमने द्विपक्षीय एजेंडे में प्रगति की समीक्षा की, साल के आखिर में देश में पुतिन की मेजबानी को उत्सुक हूं। पीएम मोदी.



# क्रोध पर नियंत्रण

अंतर्दृष्टि

मानव के अंदर जितनी भी बुराइयां हैं अगर उन पर प्रभावी नियंत्रण नहीं रखता या उनसे बचने की पहल नहीं करता है, तो इससे उसके व्यक्तित्व का ह्रास होता है। बुइरायों पर विजय प्राप्त करना लक्ष्य सिद्धि के लिए जरूरी है। वासना, अत्यधिक लिप्सा और भोग की प्रवृत्ति हमारे व्यक्तित्व और चरित्र का ह्रास करती हैं। जिनके मन पर पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रत्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के र ाज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रत्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है।

# सेकुलर चक्की का आटा फ्री मिलेगा

व्यंग्यलोक

पास में पानी रखा हुआ है और मैं उसे पी भी सकता हूं। लेकिन इस इंतजार में बैठा हूं कि कोई भी दल-दल पार्टी का नेता आएगा और चुनावों की इस बेला पे यह घोषणा पत्र जारी कर देगा कि आपको मुफ्त में पानी पिलाने की हमारी जिम्मेदारी है। आप जब भी इशारा करेंगे, तब हम उठकर आएंगे। आप स्वयं को पानी पिला देंगे। अगर ऐसी कोई मुफ्त की घोषणा कोई दल-दल पार्टी कर दे, तो मेरी इच्छा है कि मैं उसका इंतजार करूं। कितनी ही तेज प्यास लग जाए लेकिन जो मजा मुफ्त के पानी में है, वह और कहां? वैसे फिजाओं में चुनावी लहरें ज्वार-भाटा मचा रही है। वहां मुफ्त-मुफ्त की आंधियां चलाई जा रही हैं। एक दल-दल पार्टी कह रही है कि हमें वोट दोगे, तो हमारी पार्टी आपके घर वालों के सारे कपड़े मुफ्त में धोने का काम करेगी। यही नहीं कपड़ों को धोकर सुखाने का काम भी करेगी। आपके पड़ोस में जो चक्की लगी हुई है, वहां से चना-चबीना पीसाकर आपके घर पहुंचा देगी। ये हमारा दावा है। हमारी पार्टी की मुफ्तगीरी का मुफ्तस्य, मुफ्तायाः, मुफ्ताणां मंत्र वाला यह हमारा सदाबहार संकल्प है। दल-दल पार्टी का यह संकल्प गीत सुनकर दल-बदल पार्टी भी बांग दे रही है। हम आपके कपड़े सुखाएंगे भी सही और उन्हें प्रेस करके आपको पहनाएंगे भी सही! आप हमारे नेताजी को वोट देकर तो देखिए! हम पुराने पीपल वाली गली के सेकुलर चक्की से चना-मक्का पिसवाकर आपके घर तक फ्री पहुंचाएंगे। फिर घर के पड़ोस में खड़े होकर खुद जनता छाप रोटियां बेलकर उन्हें दे सकेंगे। फिर अपनी वाली पार्टी के हाथों से आपको मुफ्त में खाना भी खिलाएंगे। ये हमारा दावा है। यही नहीं इन रोटियों को पचाने के लिए हम आपके बदले एक्सरसाइज भी करेंगे। हम जिम जाएंगे, लेकिन आपके स्वास्थ्य के साथ कभी खिलवाड़ नहीं करेंगे। यह हमारी पार्टी का संकल्प पत्र है। चुनावी फिजां में इस प्रकार के संकल्प को देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। ये जो मेरे मुंह के आगे मक्खी भिन-भिना रही है और वह मुंह में घुसने की तमाम तिकड़में लगा रही है, तो भी मैं उसे कुछ नहीं कह रहा हूं। इंतजार कर रहा हूं कि कोई पार्टी आएगी और इसे अपना चुनावी मुद्दा बनाएगी। वह संकल्प पत्र जारी करेगी। भौंपू में घुसकर कहेगी कि आप अपने सामने घूमती हुई मक्खी को हरगिज न उड़ाएं। सिर्फ हमारी पार्टी को वोट देकर देखें। फिर आपके सामने किसी भी मक्खी को उड़ने की हरगिज इजाजत नहीं दी जाएगी। मक्खी उड़ाने की ये सब सेवाएं मुफ्त में कर दी जाएंगी। वातावरण में इस तरह के चुनावी संकल्प गूंज रहे हैं। वादे इठला रहे हैं। मैं सामने पड़ा हुआ पानी अभी तक नहीं पी रहा हूं, कि कोई भी दल-खोर पार्टी आएगी और वह मुझे मुफ्त पानी पिलायेगी।


राम विलास जॉगिड़

# अंकुरित अनाज सेहत के लिए है 'कम्पलीट डाइट'


स्वास्थ्य/पोषण

राजकुमार दिनकर

भीगे हुए अंकुरित काले चने, उड़द, को भले किसी ने कंप्लीट डाइट न कहा हो, लेकिन यह सेहत के नजरिये से इतना फायदेमंद होता है कि कहना चाहिए कंप्लीट डाइट से भी बढ़कर है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि एनर्जी का पावर हाउस काला चना अकेले रहकर पढ़ने वाले छात्रों, नौकरी करने वाले युवाओं या किसी भी वजह से अकेले रहने वालों की सेहत का तो सबसे बड़ा शुभचिंतक है। रातभर भिगोकर सुबह खाये जाने वाले काले चने के दर्जनों गुण होते हैं। यह हमें भरपूर एनर्जी देता है। वजन को कंट्रोल में रखता है। इसे ब्रेकफास्ट के रूप में तो खाते ही हैं, लंच के रूप में भी खा सकते हैं। यह फाइबर और एंटी- ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, इसलिए भीगे हुए काले चने खाने के बाद घंटों भूख आसपास नहीं फटकती और ऐसा भी नहीं है कि यह महज भूख दूर करने का भ्रम पैदा करता हो।

दरअसल काने चले में इतने अधिक पोषक तत्व होते हैं कि सही मायने में इसे खाने के बाद कुछ समय तक भूख नहीं लगती है और यह शरीर के लिए सभी जरूरी पोषक अहार की पूर्ति करता है। काले चने में भरपूर कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, फाइबर तथा बहुत से जरूरी तत्व होते हैं। यह हमें एनर्जी तो देता ही है-मधुमेह के रोगियों के लिए उनके रक्त शर्करा के स्तर को संतुलित रखने में बहुत मददगार होता है। नियमित तौर पर भीगे हुए काले चने खाने से बॉडी बनती है, रोजाना खाने से कमजोरी दूर होती है, क्योंकि इसमें प्रोटीन भी अच्छी खासी मात्रा में होता है। यह मांसपेशियों में जान भर देता है। इसलिए जिसे भी बॉडी बनानी हो और मेवे उसकी पहुंच से दूर हों तो काला चना उपयुक्त विकल्प होता है। पानी के बजाय दूध में भिगोकर खाने से यह और भी पौष्टिक हो जाता है। मसलन-

- यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखता है
- यह शरीर में जमा थुलथुली चर्बी को गलाकर फेंक देता है
- पाचनतंत्र को दुरुस्त रखता है
- हड्डियों को मजबूत बनाता है
- हर समय शरीर में भरपूर ऊर्जा का एहसास देता है।
- कोलेस्ट्रोल कम करता है

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक दूध और काले चने का कॉम्बीनेशन इसलिए बेस्ट होता है, क्योंकि दोनो ही कैल्शियम और प्रोटीन से भरपूर होते हैं। इसके अलावा इन दोनों में ही विटामिन सी और डी भी भरपूर मात्रा में पायी जाती है। इसलिए यह एक कंप्लीट डाइट बन जाता है। दूध में भिगोये चने ब्लड प्रेशर को इसलिए आसानी से कंट्रोल में रखता है, क्योंकि इसमें पोटेशियम और मैग्नीशियम की पारंपरिक मात्रा कुछ बढ़ जाती है। इसलिए यह ब्लड शुगर को कंट्रोल में रखता है।

> यह फाइबर, एंटी ऑक्सी-डेंट से भरपूर होता है। इसलिए भीगे अंकुरित उड़द, चने, खाने के बाद घंटो भूख नहीं लगती। यह भरपूर एनर्जी देता है और वजन भी कंट्रोल रखता है।

कुछ लोगों ने काले चने में एक और प्रयोग किया है कि काले चने और किशमिश को साथ में भिगोकर खाते हैं। इसमें भी लगभग वही सारे फायदे मिलते हैं जो कि दूध में भीगे काले चने से मिलते हैं। किशमिश और चना दोनों में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है। इसलिए इनको भीगोकर खाने से कभी भी पेट की समस्या नहीं रहती और आजकल जिस चीज की हर किसी को तलाश रहती है, वह है किसी तरीके से वजन घटे और काला चना जब हम किशमिश के साथ या दूध के साथ भिगोकर खाते हैं, तो वजन घटाने की यह पारंपरिक क्षमता काफी बढ़ जाती है। ...तो इस तरह अकेले रहने वालों को रसोई के झंझट से मुक्ति दिलाने वाला काला चना उनकी सेहत पर भरपूर मेहरबान रहता है।

सेहत हमारे लिए सबसे बड़ी संपदा होती है। आज के प्रतिस्पर्धी युग में जब व्यक्ति अनाव, अनिद्रा आदि के कारण उच्च रक्तचाप, शुगर आदि का शिकार आसानी से हो जा रहा है जब यह जरूरी है कि हम अपने खान-पान, दिनचर्या आदि में सुधार अपनी सेहत को दुरुस्त रखने का प्रयास करें।

## आपकी बात

### जरूरी है मुक्त व्यापार समझौता

हमारी आर्थिक महत्वकांक्षा अब किसी से छिपी नहीं है। हम अपनी आजादी की 100वीं वर्षगांठ पर गरीबी, कुपोषण, बेरोजगारी जैसी चुनौतियों से पूरी तरह मुक्त होकर विकसित राष्ट्र बनने का सपना देख रहे हैं और इसे एक संकल्प के रूप में लेकर आगे बढ़ रहे हैं। यह भी कि यह महात्वाकांक्षी लक्ष्य किसी एक पार्टी या सरकार का वायदा नहीं है बल्कि देश का संकल्प है जिसे सामूहिक प्रयासों और वैश्विक विस्तार के साथ ही पूरा किया जा सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि भारत नये-नये व्यापारिक भागीदारों को जोड़े, वैश्विक स्तर पर आर्थिक, कूटनीतिक सहयोग विकसित करे ताकि हम अमरीका या चीन जैसे देशों से अपनी निर्भरता को कम कर पायें और कारोबारी विविधता के बीच नये-नये अवसरों को खोज कर देश की अर्थव्यवस्था को भी गति देते रहें। इस संदर्भ में दुनिया के विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता (फ्री ट्रेड एग्रीमेंट) हमारे कारोबार के वैश्विक विकास में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता करके भारत अमरीकी टैरिफ का कड़ाई से जवाब दे सकता है।

**विवेक कुमार पाण्डेय, लखनऊ.**

### जनाधिक्य चिंताजनक

देश बढ़ती जनसंख्या के बोझ से दब रहा है। इसलिए देश में विवेक पूर्ण जनसंख्या हमारी जरूरत है अन्यथा देश को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आज देश की जनसंख्या 144 करोड़ से अधिक है, जो विश्व में सर्वाधिक है। हालांकि 2021 में जनगणना नहीं की जा सकी, क्योंकि वह कोरोना महामारी का दौर था। जनगणना 2011 में की गई थी, उसके बाद 13 साल गुजर चुके हैं, लेकिन कोई अधिकृत जनगणना नहीं हुई है। 2011 में हिंदू आबादी 79.80 फीसदी थी, जबकि मुस्लिम आबादी 14.20 फीसदी थी। मुसलमानों की दशकीय बढ़ोतरी दर करीब 25 फीसदी थी, जबकि हिंदुओं की दशकीय बढ़ोतरी दर करीब 17 फीसदी थी। यानी हिंदुओं की तुलना में मुसलमानों की आबादी अधिक तेजी से बढ़ रही है। आजादी के बाद 1951 में देश में करीब 3.5 करोड़ मुसलमान थे, जिनकी आबादी 2023 में बढ़ कर 20 करोड़ के पार हो गई। अब तो यह आंकड़ा भी बदल चुका होगा! अब प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की एक रपट के जरिए चौंकाने वाले आंकड़े और रुझान सामने आए हैं। रपट में 1950 से 2015 तक जनसंख्या के रुझान के आंकड़े दिए गए हैं। ये इस कालखंड में जनगणना के दौरान भी सामने आए होंगे! तो फिर आर्थिक सलाहकार परिषद की ऐसी रपट तब क्यों सार्वजनिक की गई, जब आम चुनाव, 2024 के तीन चरण के मतदान सम्पन्न हो चुके हैं? लोकसभा की 282 सीटों, करीब 52 फीसदी पर जनादेश ईवीएम में दर्ज हो चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक 1950 से 2015 तक की 65 साल की अवधि में बहुसंख्यक हिंदू आबादी 84.68 फीसदी से घट कर 78.6 फीसदी हो गई है, जबकि मुस्लिम आबादी 9.84 से बढ़ कर 14.09 फीसदी हो गई है। हिंदू करीब 8 फीसदी घटे हैं और मुसलमानों की बढ़ोतरी 43.15 फीसदी हुई है। आबादी का यह असंतुलन चुनौतीपूर्ण, खतरनाक, चिंताजनक और विस्फोटक हो सकता है। भारत इंडोनेशिया, मलेशिया, सूडान, सर्बिया आदि देशों में आबादी के असंतुलन के कारण विभाजन देख चुका है। देश दो फाड़ हुए हैं और नए देश बने हैं। इंडोनेशिया कभी हिंदू, बौद्ध बहुल देश था, लेकिन आज दुनिया के सबसे अधिक मुसलमान इंडोनेशिया में ही रहते हैं और बौद्ध अल्प संख्यक हो गए हैं। भारत में मुसलमान आबादी में वे शामिल नहीं हैं, जो जनगणना जैसे अभियानों का बहिष्कार करते रहे हैं। इस लिहाज से मुस्लिम आबादी की बढ़ोतरी अधिक हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, हिंदुओं के साथ-साथ जैन और पारसी की आबादी भी घटी है। मुसलमानों के अलावा सिख, बौद्ध, ईसाई की आबादी बढ़ी है।

**प्रवीण कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## 45 आशा बहुओं का रोका गया वेतन

सोहावल-अयोध्या। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोहावल के खेल निराले हैं। यहाँ सर्जन प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर फातिमा हसन के नाम सीजर प्रसव कराने का कीर्तिमान स्थापित हो रहा है। इन प्रसव के पीछे खड़ी रहने वाली गाँव की आशा बहू का रिकार्ड जीरो बताया जा रहा है। इस आरोप में यहाँ कि 45 आशा बहुओं का वेतन रोक दिया गया। जिसे लेकर आशा बहुओं में आक्रोश है। मंगलवार को सीएचसी पर आक्रोशित आशा बहू का जमावड़ा हुआ। विभाग से अपने साथ हुई कार्रवाई को लेकर आक्रोशित आशाओं ने इसे अपने साथ हुए एक खेल का हिस्सा बताया। आरोप लगाया कि केन्द्र पर आकर प्रसव कराने वाली प्रसूताओं की देखभाल गांव में आशा बहू ने किया है ।यहां रिकार्ड में इनका नाम ही नहीं लिखा गया। सीएचसी रिकार्ड के अनुसार 16 जुलाई तक गत एक माह में सीएचसी में कुल 107 प्रसव कराए गए। इनमें 27 सिजेरियन और 80 नार्मल प्रसव थे। इन सभी प्रसव के दौरान आशा बहुएं अपनी ड्यूटी से नदारद थीं। लगातार पिछले दो महीने में उनके द्वारा एक भी प्रसव नहीं कराया गया। इस लापरवाही के कारण मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर सभी आशा बहू का वेतन रोक दिया गया है।

## खड़ी कार में पिकअप ने मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र में बीते सोमवार की रात नेशनल हाइवे 27 पर बरई खुर्द के पास सड़क किनारे अपनी कार खडी कर आराम कर रहे वाहन सवार दो लोगों को पीछे से आ रही पिकप एम पी 07 जेड आर 9095 ने टक्कर मार दी दोनों वाहन सामने बने तालाब की झाड़ियों में जा गिरे। इस सड़क दुर्घटना में तीन लोगों को चोट आयी। इन्हे पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। वहां एक घायल की मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार करीब मध्य रात्रि सामने आयी इस सड़क दुर्घटना में लखनऊ से गोरखपुर जा रही कार सवार किनारे खड़े थे। इन्हे पीछे से आ रही पिकप ने टककर मारा तो दोनों वाहन क्षतिग्रस्त होकर बगल तालाब में जा गिरे।

# मरीजों को नहीं मिल पा रही एक्स-रे फिल्म

- सीएमएस का मौखिक आदेश मरीजों पर भारी
- संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज में अव्यवस्थाओं का अंबार
- सीएमएस की हठधर्मिता मरीजों पर पड़ रही भारी
- आखिर कब सुधरेंगे संयुक्त चिकित्सालय से अव्यवस्थाएं



मिल्कीपुर-अयोध्या। नगर पंचायत कुमारगंज क्षेत्र स्थित 100 सैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज में व्याप्त अव्यवस्थाएं सुधारने का नाम नहीं ले रही हैं। विगत दो माह से अस्पताल पर एक-रे प्लेट न होने के चलते पीड़ित मरीजों को उनके मोबाइल फोन से फोटो खींचकर एक्स-रे फिल्म की खाना पूरी की जा रही है। और तो और अस्पताल में दवावों का भी टोटा बरकरार हो गया है। अस्पताल के जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं अब पूरी तरह से ठप होती नजर आ रही हैं। बताते चलें कि जिले में पिछड़े क्षेत्र के रूप में माने जाने वाले मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र की सीमा स्थित कुमारगंज से 2 किलोमीटर दूरी पर 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय स्थापित किया गया है। उक्त अस्पताल से अयोध्या सुल्तानपुर और अमेठी जनपद से आने वाले मरीज लाभान्वित हो रहे हैं। उक्त अस्पताल का संचालन कोरोना महामारी के दौरान हुआ था। तत्कालीन सीएमएस डॉ रजत चैरसिया के अथक प्रयास के चलते अस्पताल में एक दर्जन से अधिक डॉक्टरों सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती के साथ अस्पताल में एक-रे अल्ट्रासाउंड सहित बड़ी पैथोलॉजी में काम शुरू हो सका था। अस्पताल में प्रतिदिन 500 से 600 मरीज का पंजीकरण होता है। प्रतिदिन 70 से 90 मरीज का एक्सरे भी होता है, किंतु विगत दो माह से अस्पताल में एक-रे फिल्म उपलब्ध होने के बावजूद भी एक्स-रे करने वाले मरीजों को एक-रे फिल्म न देकर उनके मोबाइल में एक्स-रे मशीन पर उपलब्ध फिल्म की फोटोग्राफ्स खींचकर थमा दी जाती है। जिसके चलते मरीज का समुचित उपचार चिकित्सकों द्वारा न करते हुए केवल अंधेरे में तीर मारा जा रहा है।

उक्त मनमानी को लेकर क्षेत्रवासी ग्रामीणों द्वारा कई बार अस्पताल के सीएमएस एवं एक्स-रे टेक्नीशियन से शिकायत भी की गई किंतु एक्स-रे फिल्म न होने के चलते इंडेंट भेजे जाने का बहाना बात कर शिकायतकताओं मांग दबा दी जाती है। मंगलवार को सुल्तानपुर जनपद के उमरा गांव से अपने हाथ का इलाज कराने आए युवक विकास ने बताया कि डॉक्टर साहब ने हमारे हाथ का एक्सरे लिखा था। एक्स-रे तो हो गया लेकिन एक्स-रे फिल्म नहीं दी मिली। हमारे मोबाइल में ही फोटो खींचकर दे दी गई है। अब भगवान जाने इस फोटो से कैसे इलाज हो पाएगा। अस्पताल के सूत्रों को कहना है कि आज भी अस्पताल में हजारों की संख्या एक-रे फिल्म डंप पड़ी है केवल सीएमएस की मनमानी के चलते यह सब हो रहा है। मामले की शिकायत मंगलवार को अस्पताल के डिप्टी सीएमएस संतोष सिंह से जब मरीज ने की तब उन्होंने बताया कि सीएमएस सर ने रोक रखा है कि मरीजों को एक्स-रे फिल्म न दी जाए, क्योंकि जो भी फिल्म उपलब्ध है वह केवल मेडिको लीगल के लिए रखी गई है। उधर दूसरी ओर एक्स-रे टेक्निशियन श्याम दयाल का कहना है कि हम लोगों को एक्स-रे फिल्म देने के लिए सीएमएस डॉ रवि पांडे द्वारा मौखिक रूप से रोका गया है, कोई लिखित आदेश नहीं दिया गया है। लेकिन उच्चाधिकारी के मौखिक आदेश का भी पालन हम लोगों को करना है। फिलहाल यह तो मात्र वानगी भर है, अस्पताल में तमाम महत्वपूर्ण दवाएं भी विगत कई महीनों से नहीं है। जिसके चलते अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा ओपीडी में स्वास्थ्य परीक्षण करने वाले मरीजों को बाहर से दवा खरीदने हेतु पर्ची थमा दी जाती है।

## भाजपा ने बारुन बाजार में निकाली तिरंगा यात्रा

मिल्कीपुर-अयोध्या। विकासखंड मिल्कीपुर के बारुन बाजार में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भाजपा ने तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यात्रा का नेतृत्व जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने किया। तिरंगा यात्रा के संयोजक सुरेंद्र गिरी बाबा ने बताया कि यात्रा बारुन बाजार स्थित सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी से निकलकर बारुन चैराहा तक गई और फिर वापस हनुमानगढ़ी पर आकर समाप्त हुई। कार्यक्रम के व्यवस्थापक और भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिवम विक्रम सिंह ने बताया कि यात्रा में युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया, डीजे की धुन पर युवाओं ने अपना राष्ट्रप्रेम प्रदर्शित किया और देशभक्ति की भावना से ओत प्रोत नजर आए। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष कुचेरा संदीप कोरी, जिला पंचायत सदस्य अशोक मिश्रा, ग्राम प्रधान गजेंद्र सिंह गुड्डू, लल्लन दुबे, अजीत सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पूरा व करियप्पा मंडल में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

अयोध्या। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व उत्साह और देशभक्ति के रंग में रंगी अयोध्या की धरती पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरा व करियप्पा मंडलों में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में ढोल-नगाड़ों की गूंज, भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से वातावरण गूंज उठा। पूरा मंडल की यात्रा बिल्हर घाट से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार से गुजरते हुए दशरथ समाधि मोड़ पर संपन्न हुई, वहीं करियप्पा मंडल की यात्रा नियावां से निकलकर जोश व उत्साह के साथ रिकाबगंज में समाप्त हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा व वरिष्ठ नागरिक तिरंगे के साथ शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के मार्ग में लोगों ने फूल बरसाकर यात्रा का स्वागत किया गया।

भाजपा महामंत्री शैलेन्द्र कोरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वाहर घर तिरंगाह अभियान ने राष्ट्रभक्ति की अलख जगाई है। आज तिरंगा यात्रा में हर वर्ग का उत्साह इस बात का प्रमाण है कि भारत की एकता और अखंडता को कोई चुनौती नहीं दे सकता। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधिआलोक सिंह रोहित ने कहा कि आज की यह यात्रा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को स्मरण कर, राष्ट्र के प्रति निष्ठा की शपथ लेने का अवसर है।

## पूरे देश की जीडीपी का 6 प्रतिशत होना चाहिये शिक्षा का बजट: बृजमोहन वर्मा

### भाकपा ने सरकारी स्कूलों के विलय के विरोध में किया प्रदर्शन



बाराबंकी। प्रदेश में सरकारी प्राथमिक एवं जूनियर हाईस्कूलों के विलय के विरोध में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा प्रदर्शन करते हुये महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रशासनिक अधिकारी को सौपा। इस मौके पर भाकपा जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि पूरे देश की जीडीपी का 6 प्रतिशत शिक्षा का बजट होना चाहिए। परन्तु वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4.65 प्रतिशत ही जारी किया गया। जिससे देश का युवा शिक्षा से वंचित होगा। पार्टी के राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा कि सरकार की गलत शिक्षा नीतियाँ गरीबों और ग्रामीणों के बच्चों को शिक्षा से वंचित कर रही हैं। कोषाध्यक्ष शिवदर्शन वर्मा ने कहा कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत प्रत्येक बच्चे को शिक्षा देने के लिए ही प्रत्येक गांव में सरकारी स्कूल खोले गये थे, जिन्हे सरकार बंद कर रही है। ज्ञापन सौपने वालो मे विनय कुमार सिंह, प्रमेन्द्र कुमार, मुनेश्वर गोस्वामी, ज्ञानेश्वर वर्मा, एड0 श्याम सिंह, अंकुल वर्मा, दीपक वर्मा, दीपक शर्मा, संदीप वर्मा, राजेंद्र सिंह, निर्मल वर्मा, सच्चिदानंद श्रीवास्तव, करण राजपूत, आशीष शुक्ला, प्रेमचंद वर्मा, जितेन्द्र श्रीवास्तव, आशीष वर्मा, रामनरेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

## जयंती पर याद किये गये मुकेश सिंह



बाराबंकी। शोषितों और पीड़ितों की आवाज व सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले स्वः मुकेश सिंह की जयंती पर भारतीय किसान यूनियन के तत्वाधान मे जिला अस्पताल मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे रक्तकोष प्रभारी डॉ0 गौरव वर्मा की देख-रेख मे 25 कार्यकर्ताओ बृजेश कुमार, अतुल वर्मा, राहुल वर्मा, जितेन्द्र सिंह, संजय वर्मा, शशिकांत, मनोज कुमार, रवि कुमार, रामफेर, सुजीत कुमार, विवेक कुमार, शिवम वर्मा, अमन, अल्ताफ, नितिन कुमार, महेश, शिव नरायन सिंह, शाहिद अली, वीरेन्द्र कुमार, शिवचन्द्र, सुनील वर्मा ने रक्तदान कर महादानी बनने का गौरव हासिल किया। इसके उपरान्त स्वः सिंह की याद मे पौधारोपण कर पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। बताते चले कि भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव रहे स्वः सिंह ने किसान, गरीब और मजदूरों की लड़ाई लड़ने के साथ ही नेत्रदान, देहदान, रक्तदान और सामूहिक विवाह जैसे पुनीत कार्यक्रमो का आगाज कर जनपद में एक कुशल जननेता के रूप में अपनी पहचान बनाई थी। इस अवसर पर राम किशोर पटेल, मीडिया प्रभारी सतीश वर्मा रिन्कू, ओम प्रकाश वर्मा, मुन्नालाल, रामानंद, देवेंद्र कुमार, शिव नरायन सिंह, जागेश्वर चैधरी, राजेश कुमार, संजय रस्तोगी, पन्नालाल, हाजी इम्तियाज, अरविन्द वर्मा, कुलदीप वर्मा, पप्पू वर्मा मौजूद रहे।

# 3 दिवसीय स्मार्ट मीटरिंग विषय पर प्रशिक्षण जागरूकता का आयोजन

## प्रशिक्षण कार्यक्रम में अयोध्या क्षेत्र के 30 तकनीशियनों व कर्मचारियों ने किया प्रतिभाग



अयोध्या। राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली द्वारा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अयोध्या क्षेत्र में रिवैंप डिसटीब्यूशन स्कीम के अंतर्गत 12 अगस्त से 14 अगस्त तक तीन दिवसीय स्मार्ट मीटरिंग और एटी एंड सी लॉस में कमी विषय पर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अयोध्या क्षेत्र के 30 तकनीशियनों/कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, अयोध्या क्षेत्र के मुख्य अभियंता (वितरण) अशोक कुमार चैरसिया द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। अपने उद्बोधन में अशोक कुमार चैरसिया ने एडवांस मीटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के महत्व को बताते हुए यह अवगत कराया की यह प्रशिक्षण सभी कर्मचारियों के लिए आवश्यक है और यह विश्वास दिलाया कि इसके द्वारा डिस्काम के एटी एंड सीलॉसेस अवश्य कम होंगे। जिसका लाभ सभी डिस्कॉम को अधिक रेवेन्यू के रूप में मिलेगा। एनपीटीआई के डिप्टी डायरेक्टर राजेश शुक्लने रिवैंप डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पीएफसी द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम को एनपीटीआई के द्वारा एक प्रशिक्षण सहभागी के रूप मैं कार्य करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश के सभी डिस्काम के साथ साथ देश के सभी प्रदेशों के डिस्कॉम के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है उद्घाटन समारोह में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की ओर से मुख्य अभियंता (वितरण) श्री अशोक कुमार चैरसिया , अयोध्या जोन, अधीक्षण अभियंता श्री प्रदीप वर्मा,राजेश शुक्ल,उपनिदेशक, एन पीटी आई , डॉ जे के गर्ग, द्वारा संबोधित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेश शुक्ल उपनिदेशक एनपीटीआई द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अयोध्या क्षेत्र के अयोध्या धाम, दर्शननगर, मिल्कीपुर, रूदाली वितरण खंड के तकनीशियनों व कर्मचारियों ने प्रतिभाग ले कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## निजी वाहन से स्कूली बच्चे ले जाते मिलने पर प्रवर्तन दल ने की कार्यवाही, 5 सीज



बाराबंकी। नियमो को ताक मे रखकर फरार्टा भरने वाले वाहनो के विरुद्ध परिवहन विभाग ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बकाया टैक्स, ओवरलोड़ समेत निजी वाहन का स्कूल वाहन के रूप में इस्तेमाल करने पर चालान और जब्ती की कार्यवाही की गई। अभियान की जानकारी लेने पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि आज मंगलवार को यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने ओवरलोड़, बकाया टैक्स, परमिट समेत निजी वाहन से स्कूल बच्चो को ढ़ोते मिलने पर 5 वाहनो को सीज किया गया। एआरटीओ ने आगे बताया कि स्कूली बच्चों को ढोने में प्रयोग हो रहे निजी वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे वाहनों चालान एंव साथ में उनको जब्त भी किया जायेगा।

# पूजा स्थल तोड़ने के विवाद में अब तक 14 गिरफ्तार

जिला संवाददाता

बहराइच। रामगांव थाना क्षेत्र के पड़ोहिया गांव में 10/11 अगस्त की रात अज्ञात लोगों ने अंकुर बाजपेयी के खेत में लगे नीम के पेड़ों को काटकर गिरा दिया। वहीं, खेत में स्थित देवस्थान के चबूतरे को भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कर वहां लगे झंडे को उल्टा कर दिया गया। यह मार्ग पूर्व में ताजिया ले जाने के लिए प्रयुक्त होता रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही उ०नि० रूप नारायण गौड़ की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मु०अ०सं० 282/2025 धारा 298, 324(4) बीएनएस तथा 4/10 उत्तर प्रदेश ग्रामीण एवं पर्वतीय क्षेत्रों में वृक्षों का संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता देखते हुए तत्काल टीम गठित कर घटना के अनावरण और आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

सामाजिक सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था को देखते हुए पुलिस ने 14 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जांच के बाद सर्वोच्च न्यायालय एवं मानवाधिकार आयोग के निदेर्शों का पालन करते हुए गिरफ्तार कर सभी आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर जिला कारागार भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में मुरतजा पुत्र सहादत अली, सज्जन पुत्र लड्डुन, जाकिर हुसैन पुत्र अली अहमद, मो० नफीस पुत्र मो० हनीफ, मो० शमीम पुत्र मुख्तार अहमद, मुसर्रफ पुत्र लड्डुन खां, गुलाम मुस्तफा पुत्र इमामदीन, मो० रईस पुत्र शौकत अली, नबी अहमद पुत्र रमजान, मो० कलीम पुत्र याकूब, मो० सलमान पुत्र रफीक, मो० रफीक पुत्र रमजान, लड्डुन पुत्र कल्लू खां और कलीम पुत्र मेहदी हसन शामिल हैं।

ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने क्षतिग्रस्त चबूतरे की मरम्मत करा दी है। बताया गया कि चबूतरा ग्रामसभा की बंजर भूमि पर निर्मित है। पूर्व प्रधान वीरेन्द्र वर्मा एवं समर्थकों ने वैकल्पिक मार्ग तय करने की मांग की, जिस पर प्रशासन ने दोनों पक्षों से वार्ता कर वैकल्पिक रास्ते की तलाश शुरू कर दी है। वर्तमान में क्षेत्र में शांति व्यवस्था सामान्य है और पुलिस ने भ्रामक तथ्य फैलाकर सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले तत्वों पर सतर्क निगरानी रखी है।

# कुमारगंज कस्बे में दबंगों ने ढाया कहर

## फल विक्रेता परिवार को बर्बरता पूर्वक पीटा

मिल्कीपुर-अयोध्या। नगर पंचायत कुमारगंज स्थित कस्बा कुमारगंज में फल विक्रेता परिवार की दबंगों ने बर्बरता पूर्वक लाठी डंडों से पिटाई की पीऔर इससे भी जी नहीं भरा तो उपद्रवी लोगों ने दुकान की गुमटी तोड़कर दुकान में रखें सामान भी नष्ट कर दिए। बेखौफ मनबढ़ हमलावरों ने महिलाओं एवं बच्चियों के साथ छेड़खानी करते हुए जमकर अभद्रता की। घटना की जानकारी मिलते ही कुमारगंज थानाध्यक्ष ओम प्रकाश भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और हमलावरों की पकड़ धङ में जुट गए। घटना के बाद पीड़ित फल विक्रेता महिला ने मामले में मुकदमा कायम किए जाने हेतु कुमारगंज पुलिस को तहरीर दी। हालांकि तहरीर मिलने के तुरंत बाद कुमारगंज थानाध्यक्ष ने 14 लोगों के खिलाफ छेड़खानी व लूट सहित गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुमारगंज कस्बे में पंचायत भवन के पास अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे महिला कलावती पत्नी केदारनाथ विगत 42 वर्षों से गुमटी व टिन सेड रखकर फल की दुकान चलाती है। महिला कलावती ने कुमारगंज पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बीते 11 अगस्त की रात करीब 9:00 बजे भाजपा नेता विजय कुमार उपाध्याय अपने परिवार के सदस्यों कृष्णधर उपाध्याय, दिलीप कुमार, चंद्र प्रकाश, चंचल, अंचल, आयुष, अजय कुमार उपाध्याय, वेद प्रकाश, जयप्रकाश, वंश उपाध्याय एवं ज्ञानेंद्र तिवारी तथा वीरेश आदि दर्जन लोगों के साथ गैंग बनाकर उनकी दुकान पर आ गए और उनके परिवार पर टूट पड़े। महिला का आरोप है कि उपरोक्त लोगों ने उनके घर की बेटियों तथा महिलाओं के साथ छेड़खानी करते हुए उनसे जमकर अभद्रता की व मारा पीटा। महिला का आरोप है कि उपरोक्त लोग उसके आभूषण भी छीन ले गए तथा गुमटी एवं टिन सेड तोड़कर नष्ट कर दिया। महिला का आरोप है कि उनकी नाबालिक बेटियों के साथ बदनियती से क्रूरता की गई है। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष ओम प्रकाश ने बताया कि पीड़ित महिला कलावती की तहरीर पर 14 लोगों के खिलाफ छेड़खानी मारपीट एवं ल सहित गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा कायम कर लिया गया है इसके साथ ही पीड़ित महिला का क्षतिग्रस्त हुआ टिन सेड एवं दुकान गुमटी पूर्व की भांति यथावत रखवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि पीड़ितों का चिकित्सीय परीक्षण कराते हुए अन्य विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है।

## पीड़ित को साइबर सेल ने वापस करवायी रकम



बाराबंकी। टेलीग्राम पर इन्वेस्टमेंट कर दोगुने लाभ मिलने का लालच देकर पीड़ित को साइबर ठगो ने निशाना बनाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित राहुल सिंह पुत्र राज बहादुर निवासी थाना दरियाबाद ने टेलीग्राम पर इन्वेस्टमेंट में दोगुना लाभ मिलने का लालच देकर 2,33,000 रुपए का साइबर फ्रॉड किये जाने को लेकर आनलाइन 1930 पर शिकायत की। शिकायत मिलने के उपरान्त साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय प्रकाश राय, उ0नि0 इफलाक अहमद, उ0नि0 सत्येंद्र पांडेय, मुख्य आरक्षी नीरज यादव, ?आरक्षी सुधाकर सिंह भदौरिया, आरक्षी अभिषेक चपराणा, आरक्षी राजन यादव, मनोज कुमार, आरक्षी पंकज सिंह, अनुराग सिंह, अंकित कुमार, म0का0 मोहिनी तिवारी की टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुये पीड़ित को सम्पूर्ण धनराशि खाते मे वापस करवाई।

# डीएम अक्षय त्रिपाठी ने तहसील नानपारा का किया निरीक्षण




## किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए डीएम ने संभाली कमान

बहराइच 12 अगस्त। तहसील नानपारा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान नानपारा नगर स्थित 02 उर्वरक बिक्री केन्द्रों का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के साथ औचक निरीक्षण किया। उर्वरक विक्रेता बुद्धीलाल एण्ड सन्स व मोहित इन्टरप्राइजेज के निरीक्षण के दौरान उर्वरक की उपलब्धता तथा वितरण इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि शासन द्वारा गाईडलाइन के अनुसार कृषकों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की बिक्री की जाय। डीएम ने सचेत किया कि ओवररेटिंग, टैगिंग जैसी शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने बिक्री केन्द्र पर मौजूद कृषकों से संवाद कर उर्वरक के सम्बन्ध में फीड बैक प्राप्त किया। इस अवसर पर एसडीएम लालधर यादव व पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्न सिंह मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि सोमवार को देर शाम जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में उर्वरक की उपलब्धता एवं बिक्री समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिक्री प्रतिष्ठानों की सघन जांच की जाय। सीमा पर उर्वरक की तस्करी के सम्बन्ध में प्राप्त हो रही शिकायतों के सम्बन्ध डीएम द्वारा एसएसबी, पुलिस व वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि नेपाल सीमा से लगे प्रमुख मार्गों, तस्करी के लिए संदिग्ध स्थानों को चिन्हित कर सघन चेकिंग सुनिश्चित की जाय। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि यदि कोई व्यक्ति उर्वरक की तस्करी करते हुए पाया जाय तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि भारत नेपाल सीमा पर स्थित वनों से आच्छादित तथा आबादी के आस-पास के क्षेत्रों में विशेष चैकसी बरती जाय। डीएम ने एसडीएम व बीडीओ को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्र में स्थित उर्वरक दुकानों की आकस्मिक जांच करते रहें।

बहराइच । प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व शासन के निदेर्शानुसार राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण के साथ-साथ जनशिकायतों व समस्याओं का समयबद्ध रूप से गुणवत्तापरक निस्तारण, तहसील आने वाले फरियादियों की सुविधाओं, अभिलेखों के रख-रखाव, पार्किंग, सुरक्षा, सी.सी.टी.वी. कैमरों की स्थापना, तहसील भवन व परिसर की साफ-सफाई इत्यादि का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के साथ तहसील नानपारा का निरीक्षण किया। तहसील के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने तहसील अधिवक्ता संघ के शिष्टमण्डल के साथ शिष्टाचार भेंट भी की।

तहसील के निरीक्षण के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने तहसील परिसर व तहसील भवन की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण करते हुए डीएम ने अभिलेखों के रख-रखाव की जानकारी लेते हुए धारा-24 से सम्बन्धित वाद रजिस्टर, उपयोगिता प्रभार रजिस्टर, वसूली रजिस्टर, अंश निर्धारण, भू लेख रजिस्टर, ऑन लाइन पोर्टल पर राजस्व ग्राम सम्पत्ति रजिस्टर, निर्वाचन, बैंक बंधक परवाना इत्यादि अभिलेखों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान डीएम ने आये हुए फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई भी की तथा अन्त में तहसील सभागार में डीएम ने तहसील अधिवक्ता संघ के शिष्ट मण्डल के साथ शिष्टाचार भेंट करते हुए न्यायिक प्रक्रिया में बार-बेंच के बीच परस्पर सहयोग बनाये रखने का आहवान किया।

## डीएम व एसपी ने रूपईडीहा में किया रूट मार्च



बहराइच। आसन्न त्यौहारों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने भारत-नेपाल सीमा स्थित रूपईडीहा क्षेत्र का भ्रमण किया। सर्वप्रथम डीएम व एसपी ने थाना रूपईडीहा पहुंचकर थाने पर मौजूद संभ्रान्तजन व मीडिया प्रतिनिधियों से परिचयात्मक भेंट कर क्षेत्रीय गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम व एसपी ने सभी सम्बन्धित से अपील की कि आसन्न त्यौहारों के अवसर पर साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने में जिला प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। इसके उपरान्त डीएम व एसपी ने सुरक्षा बल के साथ भारत-नेपाल सीमा स्थित प्रवेश द्वार तक रूटमार्च किया। डीएम व एसपी ने एसएसबी चेकपोस्ट के निकट स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन हेतु सामूहिक दवा सेवन के लिए लगाये स्टाल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि अपने समक्ष की लोगों को दवा खिलायें।

## दो पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित




बाराबंकी। बीती 15 जून 2025 को लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुलिस नवचयनित 60,244 आरक्षियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम मे परिवहन, आवास एवं आवागमन जैसी जटिल व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता एवं दक्षता से संचालन कर अपनी जिम्मेदारी निभाते हुये सम्पूर्ण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने वाले उ0नि0 रामयतन यादव एंव निरीक्षक गीता द्विवेदी को अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन एस0बी0 शिरडकर द्वारा प्रशस्ति पत्र को आज पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने देकर सम्मानित किया।

संक्षेप

## दो घरों से चोरी

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** बीती रात स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मठा भुसुंडा गांव में अज्ञात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए।परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। सोमवार की रात मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मठा भुसुंडा गांव निवासी अमृतलाल के घर में घुसे अज्ञात चोरों ने नकदी समेत लाखों के जेवरात लूट कर फरार हो गए। चोरों ने दो घरों में रखे गृहस्थी के सामान नकदी समेत लाखों के जेवरात चोरी कर भागने में सफल रहे।सुबह जब परिजनों को जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया।सूचना पर कोतवाली पुलिस ने घटना का निरीक्षण कर पीड़ित की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।कोतवाल विवेक सिंह ने बताया कि शीघ्र ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**चांदा, सुलतानपुर।** विकासखंड प्रतापपुर कमैचा के तहत मंडल प्रतापपुर कमैचा एवं अमरूपुर में सोमवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। देशभक्ति के रंग में रंगी यह यात्रा भाजपाके नेतृत्व में कोथरा स्थित आनंदमयी कॉलेज से शुरू होकर आईटीआई कॉलेज, डाक बंगला, चांदा चौराहा होते हुए ब्लॉक मुख्यालय तक पहुंची। सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों ने भारत माता की जय के नारों से यात्रा का जोरदार स्वागत किया। यात्रा में शामिल लोगों के चेहरों पर गर्व, उत्साह और राष्ट्रभक्ति की चमक स्पष्ट झलक रही थी। इस तिरंगा यात्रा का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि पंकज पटेल तथा ब्लॉक प्रमुख सुषमा जायसवाल ने किया। उनके साथ किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल, भाजपा नेता डॉ. अवनीश सिंह, इंद्रदेव मिश्रा, एल.के. दुबे, प्रधान अमरदेव सिंह, मंडल अध्यक्ष मुकेश तिवारी, अमित त्यागी और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं, युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इसे एक ऐतिहासिक आयोजन बना दिया। यात्रा के माध्यम से एकता, देशभक्ति व सांस्कृतिक चेतना का संदेश पूरे क्षेत्र में प्रसारित हुआ।

## केएनआई में मनाया गया संस्कृत दिवस

**सुलतानपुर।** कमला नेहरू संस्थान के संस्कृत विभाग द्वारा विश्व संस्कृत दिवस के अवसर पर 11 और 12 अगस्त को दिवसीय संस्कृत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह की शुरूआत 11 अगस्त को विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना सिंह के प्रेरणात्मक उद्बोधन से हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि श्रावणी पूर्णिमा के दिन मनाया जाने वाला संस्कृत दिवस हमारे ऋषि परंपरा और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। इस अवसर पर डॉ. सर्वेश कुमार ने कहा कि वर्ष 1969 से भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर यह दिवस राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है। उन्होंने वेदों एवं ऋषियों-याज्ञवल्क्य, अंगिरा और पुलस्तिकृके योगदान को स्मरण करते हुए संस्कृत भाषा की सांस्कृतिक महत्ता को रेखांकित किया। द्विदिवसीय समारोह के पहले दिन श्लोक वाचनएवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें अभिषेक ने प्रथम एवं पूर्णिमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दूसरे दिन आयोजित स्मरण प्रतियोगिता व निबंध लेखन में मरियम साहिबा प्रथम और अल्पना सिंह द्वितीय रहीं।

# भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा



जिला संवाददाता (vol)

**लालगंज, रायबरेली।** भाजपा ने लालगंज में मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली, जिसमें कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह आयोजन स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत किया गया।

उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को जगाना और स्वतंत्रता दिवस के महत्व को उजागर करना है। भाजपा नेता अनूप पांडे और कैलाश वाजपेई ने बताया कि तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया, जिन्होंने तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए और भारत माता की जय के उद्घोष किए। भाजपा महामंत्री सत्येंद्र सिंह, शानू वाजपेई, अखिलेश बाजपेई, राजेश ने कहा कि इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने लोगों से अपने घरों और सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा फहराने का आग्रह किया। भाजपा ने 10 से 14 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाने का निर्णय लिया है, जिसमें पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को तिरंगा वितरित करेंगे और देशभक्ति का संदेश देंगे। इस अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता शहीद स्मारकों की सफाई भी करेंगे और शहीदों के परिजनों का सम्मान करेंगे। तिरंगा यात्रा के मौके पर यतीन सिंह चौहान, रमेश सिंह, रविंद्र सिंह, बाबू तिवारी शिव प्रकाश पांडे, नागेंद्र गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, मंटू बाजपेई, शिवम मिश्रा, अर्पितबाजपेई, सुनील मिश्रा, अवधेश सविता, शीतला सविता, के के सिंह, जयशंकर वर्मा, टप्पू शुक्ला, राहुल सिंह, बच्चा लाल प्रधान, संजय बाजपेई प्रधान, बीके सिंह , महेश सोनी, बबलू पांडे आदि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूदरहे।

## निकाली गयी बाइक तिरंगा रैली

**रायबरेली।** जिला बीजेपी अध्यक्ष बुद्धि लाल और एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत गुरु गोविन्द सिंह उद्यान से मोटर साइकिल तिरंगा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। बाइक रैली नगर के विभिन्न स्थानों डिग्री कालेज चौराहा, दीवानी न्यायालय, रामकृपाल चैराहा, घंटाघर, सुपरमार्केट, चंदापुर कोठी, कचेहरी रोड होते उद्यान पर ही आ कर समाप्त हुई। इस रैली में बेसिक, जूनियर और मा. शिक्षा विभाग के अधिकारियों, अध्यापकों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। रैली भारत माता की जय का नारे लगाते हुए विभिन्न स्थानों से गुजरी, जहां नगर वासियों ने उत्साह पूर्वक स्वागत किया। रैली में जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र सिंह, ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह, एसडीएम न्यायिक अहमद फरीद खान, जिला पर्यटन अधिकारी सुधीर गिरी, शिवेंद्र, अभिषेक व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।इसी क्रम में विकास भवन से युवा कल्याण व प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा पीआरडी स्वयं सेवक, मंगल दल व जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार महिला कल्याण विभाग द्वारा हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन के कार्मिक शेफाली सिंह आदि सहित जनपद से समस्त जवान उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार और समस्याओं को लेकर शिक्षकों ने दिया धरना

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के शिक्षकों ने आज अपराह्न में डीआईओएस कार्यालय बैरिसर में एक विशाल धरना प्रदर्शन कर शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और शिक्षकों की लंबित समस्याओं को लेकर विरोध जताया। धरने की अगुवाई ह्यशिक्षक पत्रिकाह्न के सम्पादक राजेन्द्र प्रसाद सिर ने की। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जीपीएफ लोन, पदोन्नति वेतनमान, स्थानांतरण और अन्य कार्यों में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है।

राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि पदोन्नति के नाम पर जिन शिक्षकों को लाभ मिलना चाहिए, उन्हें दरकिनार कर आर्थिक लेन-देन के आधार पर लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने सभी शिक्षकों से एकजुट होकर संघर्ष की पुरानी परंपरा को फिर से जीवित करने का आह्वान किया। धरने को संबोधित करते हुए वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा कि जनपद की शिक्षक टीम न केवल संगठित है, बल्कि प्रदेश स्तर पर अन्य जनपदों की अपेक्षा समस्याओं के समाधान में अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होंने एनपीएस, पेंशन निर्धारण, जीपीएफ लोन, सेवा निवृत्ति भुगतान जैसे मुद्दों पर संगठन की प्रतिबद्धता दोहराई। जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने भी शिक्षकों को आश्वस्त किया कि संगठन हर नियम संगत कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने को तत्पर है। धरने के अंत में शिक्षक प्रतिनिधियों ने डीआईओएस को ज्ञापन सौंपा, जिस पर उन्होंने समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

## शहीद स्थल पर नगर पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने की साफ-सफाई

**बछरावां, रायबरेली।** विकासखंड की सेंहगो ग्राम सभा में स्थित अमर शहीद चैधरी हजारीलाल की प्रतिमा पर आज नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने साफ सफाई अभियान चलाया। वहीं इसके बाद माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर अमर शहीदों के पावन स्थल को साफ सफाई करके उनके त्याग और बलिदान को आम जनमानस में जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष परवेश वर्मा, आशुतोष वर्मा, जीपी पटेल हरिश्चंद्र वर्मा, संतोष वर्मा, सतीश तिवारी, नरेंद्र चैधरी, हरि ओम चतुर्वेदी, अखिलेश पटेल, प्रदीप कुमार, विजय कुमार मौजूद रहे।

# देशभक्ति की कविताओं से बना रहे अलग पहचान



**सुलतानपुर (वीओएल)।** आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए देशभर में स्वतंत्रता दिवस की गूँज है। इसी राष्ट्रभक्ति की भावना को शब्दों में पिरोकर सुलतानपुर के एक नवोदित कवि ने साहित्य जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है। ग्राम उगईपुर भादा निवासी आशीष कुमार श्रीवास्तव स्वरलमष वर्तमान में राष्ट्रीय मार्ग डिवीजन, लोक निर्माण विभाग सुलतानपुर में सीनियर असिस्टेंट के पद पर कार्यरत हैं। सरकारी सेवा के साथ-साथ वे अपने खाली समय में कहानियाँ, कविताएँ और अन्य साहित्यिक रचनाएँ करते हैं, जिनमें देशप्रेम की गहरी छाप होती है।

**पहली पुस्तक कहानी बनके मिट से मिला पहचान :** आशीष की पहली पुस्तक कहानी बनके मिटहाल ही में लखनऊ से प्रकाशित हुई, जिसे साहित्य प्रेमियों ने सराहना मिली। उनकी चर्चित रचनाओं में मिटना है तो कहानी बनके मिट, बांध ले तू सर कफन खुद, फिर हमें ऐसा हिंदुस्तान चाहिए, मैं हूँ अकेला चला हूँ सूरज की ओर, हिन्द का सलाम चाहता हूँ, कहानी फिर दोहराई जाएगी, ऐ लाल किले तुझे सलाम और ओ कलम क्या, जिसमें धार न हो तलवार सी प्रमुख हैं। इन रचनाओं में मातृभूमि के प्रति समर्पण और वीर सपूतों के बलिदान की झलक मिलती है।

**परिवार से मिली प्रेरणा, बलिदानियों को समर्पण:** आशीष जी अपनी लेखनी के लिए माँ उषा श्रीवास्तव, पिता अशोक कुमार श्रीवास्तव और छोटे भाई सचिन पुजारी से प्रेरणा लेते हैं। उनका मानना है कि कलम तभी सार्थक है जब वह मातृभूमि की सेवा में हो। स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर उन्होंने अपनी रचनाएँ माँ भारती के वीर सपूतों को नमन स्वरूप समर्पित की हैं।

# एनएसपीएस त्रिपुला में मना अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस




जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में युवाओं का समाज में अमूल्य योगदान और उनकी भागीदारी तथा उन्हें सही मार्गदर्शन एवं उनके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। छात्रा दिशा यादव ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि हम 26 वाँ अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मना रहे हैं। यह दिवस हम युवाओं से जुड़े मुद्दों ,समस्याओं तथा देश के विकास में हमारी सहभागिता और भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने का अवसर देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का विषय प्रौद्योगिकी और साझेदारी के माध्यम से बहुपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाते युवा है।

प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने देश के भविष्य को आकार देने में युवाओं की शक्ति पर जोर दिया और छात्रों को दृढ़ संकल्प के साथ अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया, साथ ही उन्होंने बताया कि वर्तमान में सब कुछ डिजिटल हो चुका है और आने वाला समय इससे भी ज्यादा टेक्नोलॉजी वाला होगा इसलिए युवाओं को कम्प्यूटर की समझ जरूर होनी चाहिए।

इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, अभिषेक श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं ने निकाली हर घर तिरंगा रैली, किया जागरूक



**सुलतानपुर (वीओएल)।** आगामी स्वतंत्रता दिवस-2025 के उपलक्ष्य में ह्यहर घर तिरंगाह्न अभियान के अंतर्गत कमला नेहरू संस्थान के इंजीनियरिंग संकाय में देशभक्ति और सद्भावना से ओतप्रोत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में संस्थान के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और देश के प्रति अपने समर्पण का संदेश दिया।

रैली को संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ. डी.एस. पुन्डीर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को स्वतंत्रता संग्राम के महान बलिदानियों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। संस्थान के डीन एकेडमिक्स रत्नेश सिंह ने कहा कि अमर शहीदों के त्याग और बलिदान के कारण ही आज हम आजादी की सांस ले पा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र सेवा की भावना को आत्मसात करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के संयोजक मनोज भार्गव, सरस प्रकाश सिंह व अखंड प्रताप सिंह सहित संस्थान के कई शिक्षककृडा. रामसागर सिंह, डा. सरबप्रीत सिंह, अजय कुमार सिंह, कौस्तुभ कुन्दन, सैनुद्दीन, डा. सुधांशु शेखर, डा. ज्योति प्रकाश व जय चन्द आदि उपस्थित रहे। संस्थान के प्रबंधक एवं शहर विधायक विनोद सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। परिसर में रैली के माध्यम से देशभक्ति की भावना प्रबल रूप से देखने को मिली।

## एंटी रैगिंग दिवस व सप्ताह का हुआ शुभारंभ, छात्रों को किया जागरूक

जिला संवाददाता (vol)

**सुलतानपुर।** केएनआई में मंगलवार को ह्लएंटी रैगिंग दिवसह्न के अवसर पर ह्लएंटी रैगिंग सप्ताहह्न की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन अंबेडकर हॉल में संस्थापक बाबू के.एन. सिंह के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर छात्रों को रैगिंग पर आधारित डाक्यूमेंट्री दिखाई गई और उन्हें इस गंभीर सामाजिक अपराध से दूर रहने की सलाह दी गई।

मुख्य अनुशासक एवं एंटी रैगिंग कमेटी के समन्वयक सुधांशु प्रताप सिंह ने बताया कि 12 से 18 अगस्त तक सभी संकायों में पोस्टर, रंगोली, भाषण, वाद-विवाद एवं लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिससे छात्र रैगिंग के दुष्परिणामों से परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि रैगिंग अब एक जघन्य अपराध की श्रेणी में आता है, जिससे कई छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ जाता है। उपप्राचार्य डॉ. शक्ति सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार देशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों में यह सप्ताह मनाया जा रहा है। संस्थान के प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह के निर्देशन में जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। उप परीक्षा नियंत्रक अतुल कुमार सिंह ने छात्रों से अपील की कि यदि कोई रैगिंग का शिकार हो रहा हो तो तुरंत एंटी रैगिंग समिति को सूचित करे। दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर डॉ. आर.पी. मिश्र, डॉ. वैभव सिंह, डॉ. सुशील मिश्र, एनएसएस स्वयंसेवक एवं 250 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत अमेठी में तिरंगा रैली का आयोजन




**अमेठी।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा विकासखंड तिलोई, सिंहपुर, अमेठी और जामों में भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं, स्वयंसेवकों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला युवा कल्याण अधिकारी काशीनाथ ने बताया कि रैली का उद्देश्य जनसामान्य को 13 से 15 अगस्त 2025 के बीच अपने-अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है, जिससे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति का संदेश घर-घर तक पहुंचे। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति से ओत-प्रोत नारों के साथ लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और सही तरीके से फहराने के महत्व से अवगत कराया।

# डीएम ने स्मार्ट क्लास का किया उद्घाटन

**रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर ने पीएम श्री राजकीय बालिका इन्टर कालेज में एचडीएफसी बैंक के सहयोग से सीएसआर मद से कराए गए स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास के माध्यम से छात्राओं को आधुनिक शिक्षा की सुविधा प्रदान की जाएगी, जिससे उनकी शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार होगा व विभिन्न विषयों को रोचक और प्रभावी तरीके से सीख सकेंगी। स्मार्ट क्लास में स्मार्ट टीवी,स्मार्ट ब्लैकबोर्ड, डेस्क बेंच आदि आधुनिक सुविधाओं उपलब्ध है। स्मार्ट क्लास में बच्चों को मिलेंगी शिक्षा की डिजिटल सुविधाएं। एचडीएफसी बैंक द्वारा सीएसआर फंड से लगभग 5 लाख रुपए से स्मार्ट क्लास का निर्माण कराया गया है। इसी क्रम में एचडीएफसी बैंक द्वारा लगभग 28 लाख रुपए की लागत से जनपद के 15 पीएम श्री विद्यालयों में बच्चों के बैठने हेतु सीट बेंच उपलब्ध कराई जाएंगी। डीएम ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और स्मार्ट क्लास जैसी आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने से छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने सीएसआर मद से स्मार्ट क्लास की सुविधा प्रदान करने के लिए एचडीएफसी बैंक की सराहना की और कहा कि इस



तरह के सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति हो सकती है। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक शशांक श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य जीजीआईसी स्मिता मिश्रा सहित शिक्षकगण व छात्राएं उपस्थित रहीं।

**हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत छात्राओं ने बनाई तिरंगा रंगोली व राखी :** डीएम हर्षिता माथुर ने पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं द्वारा बनाई गई तिरंगा रंगोली का अवलोकन किया। उन्होंने छात्राओं व अध्यापिकाओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं जिनमें सभी अध्यापक और छात्राएं बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं और बधाई। डीएम ने बच्चों द्वारा बनाई गई तिरंगा राखी की भी प्रशंसा की।

## नाले में गिरने से बच्ची की मौत

गोरखपुर। तिवारीपुर थाना क्षेत्र में खुले नाले में गिरने से आठ साल की बच्ची की डूबकर मौत हो गयी। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को तिवारीपुर थाना क्षेत्र के घोसीपुर मोहल्ले में लाला टोली निवासी अनीस की बेटी आफरीन मदरसे में पढ़ने के बाद घर लौट रही थी, तभी भारी बारिश के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह खुले नाले में गिर गई। स्थानीय लोगों ने उसे बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हादसे से स्थानीय निवासियों में रोष व्याप्त है। उनका आरोप है कि नाले के निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई है। अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह ने इस घटना को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि निगम इस घटना से बेहद आहत है और दुख की इस घड़ी में वह शोकाकुल परिवार के साथ है। अपर नगर आयुक्त ने कहा कि यह एक हृदय विदारक घटना है। मौत के सही कारण की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगी। रिपोर्ट के आधार पर, हम सभी आवश्यक और निष्पक्ष कार्रवाई करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि हर पहलू से गहन जांच की जाएगी।

## वाहन चालक से शिक्षण कार्य कराने पर प्रधानाचार्य निलंबित

हमीरपुर। जिले के मौदहा क्षेत्र में स्थित एक सरकारी स्कूल में अपनी जगह अपने वाहन चालक से शिक्षण कार्य कराने के आरोप में एक प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि गत शुक्रवार को एक अभिभावक ने सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार कमल से शिकायत की थी कि प्रधानाध्यापक वीरू सिंह और शिक्षिका माधुरी स्कूल नहीं आये हैं। उनके स्थान पर प्रधानाध्यापक का वाहन चालक राम सहाय और एक निजी शिक्षक शिक्षण का कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि कमल ने मामले की पड़ताल की तो पता लगा कि शिक्षिका माधुरी अवकाश पर थी जबकि प्रधानाध्यापक वीरू सिंह बिना किसी पूर्व अनुमति के स्कूल से अनुपस्थित थे। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जांच के बाद प्रधानाध्यापक वीरू सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उन्हें उच्चतर प्राथमिक विद्यालय टिकरी बुजुर्ग से संबद्ध कर दिया गया। उन्होंने बताया कि सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रभाकर तोमर को जांच सौंपते हुए एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है।

## हवाई अड्डे की एनओसी बगैर हरित पट्टी का स्थानांतरण

बरेली। संभागीय आयुक्त सौम्या अग्रवाल ने शहर के मास्टर प्लान में बदलाव और अनिवार्य हवाई अड्डे की मंजूरी के अभाव के बावजूद, मुड़िया अहमदनगर गांव के सहारा सिटी क्षेत्र में बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) द्वारा एक आंशिक लेआउट को मंजूरी दिए जाने की जांच के आदेश दिए हैं। अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने इस मामले की जांच अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन) जायसवाल को सौंप दी है और सात दिनों के भीतर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा, पर्यावरणीय प्रभाव और प्रक्रियागत खामियों के मद्देनजर जांच पूरी होने तक स्वीकृत लेआउट को स्थगित रखने का आदेश दिया है। यह विवाद मास्टर प्लान-2021 को लेकर है, जिसमें पीलीभीत रोड के किनारे सहारा सिटी के भीतर 35 एकड़ जमीन एक पार्क के लिए निर्धारित की गई है। एक शिकायत के अनुसार संशोधित मास्टर प्लान ने इस हरित पट्टी को 500 मीटर उत्तर की ओर स्थानांतरित कर दिया और बीडीए ने मामले की प्रारंभिक जांच पूरी होने से पहले ही मूल स्थान पर एक आंशिक लेआउट को मंजूरी दे दी। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि मंजूरी देने से पहले हवाई अड्डे के अधिकारियों से कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं लिया गया था। अग्रवाल ने कहा कि मामले को राष्ट्रीय सुरक्षा और पर्यावरण संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए गंभीरता से लेते हुए उन्होंने अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन) जायसवाल को जांच का जिम्मा सौंपा है और उन्हें सात दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। संभागीय आयुक्त ने यह भी आदेश दिया है कि जांच पूरी होने तक स्वीकृत लेआउट को निलंबित रखा जाए।

## छत से गिरकर बच्चे की मौत, मां पर लगे आरोप

हापुड़। हापुड़ में डेढ़ वर्षीय बच्चे की छत से गिरकर संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। परिवार ने मां पर उसे नीचे फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार देर शाम मजीदपुरा इलाके की है। उसने बताया कि कबाड़ कारोबारी वसीम का बेटा अहद छत पर खेल रहा था तभी वह खेलते-खेलते किनारे पर पहुंच गया और नीचे गिर गया। परिवार के लोग उसे अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है। बच्चे की दादी और चाचा ने वसीम की पत्नी शबाना पर बच्चे को जानबूझकर नीचे फेंकने का आरोप लगाया और दावा किया कि परिवार में अक्सर झगड़े होते रहते थे। थाना प्रभारी मुनीश प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी है।

## प्राथमिक विद्यालय में पीडीए पाठशाला संचालित करने पर केस दर्ज

प्रयागराज। गंगा नगर के हंडिया विकास खंड के लमही गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में पीडीए पाठशाला संचालित करने पर एक नामजद और 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बेसिक शिक्षा अधिकारी देवव्रत सिंह ने बताया कि लमही कंपोजिट विद्यालय में इस घटना का वीडियो संज्ञान में आने के बाद खंड शिक्षा अधिकारी से इसकी जांच कराई गई जिसके उपरांत यह कार्रवाई की गई। वीडियो में ग्रामीण अतुल यादव के नेतृत्व में बच्चों को इकट्ठा कर पीडीए पाठशाला संचालित करते देखा जा रहा है। इसका संज्ञान देने के बाद यादव समेत 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बीएसए ने बताया कि इसी तरह, गंगा नगर के सैदाबाद स्थित गौहपुर में एक प्राथमिक विद्यालय के पास पीडीए की पाठशाला संचालित करने वाले समाजवादी पार्टी के नेता अवधेश नारायण के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसके अतिरिक्त यमुना नगर के जसरा स्थित रघुवीर का पूरा गांव में करीब 10 दिन पूर्व एक प्राथमिक विद्यालय के पास इसी तरह पीडीए पाठशाला संचालित करने का मामला संज्ञान में आने के बाद सपा के एक नेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया जारी है और संबंधित प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने 50 से कम छात्र-छात्राओं वाले 10 हजार से ज्यादा प्राथमिक और उच्चतर प्राथमिक स्कूलों का पास के ही स्कूलों में विलय करने की कवायद शुरू की है। सपा ने इसका विरोध करते हुए प्रदेश के उन गांवों में पीडीए पाठशालाएं खोलकर बच्चों को पढ़ाने का अभियान शुरू किया है जहां राज्य सरकार की विलय की नीति की वजह से स्कूल बंद हुए हैं। सपा पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक के लिए पीडीए शब्द का इस्तेमाल करती है।

## फतेहपुर में मकबरे के एक किलोमीटर के दायरे में सभी सड़कें बंद, सुरक्षा कड़ी की गयी

कानपुर। फतेहपुर जिले में शांति सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और जिला प्रशासन ने मकबरे के एक किलोमीटर के दायरे में सभी सड़कें बंद कर दी हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। फतेहपुर जिले के एक मकबरे में सोमवार को हिंदू दक्षिणपंथी संगठनों के सदस्यों ने घुसकर हंगामा किया और धार्मिक नारेबाजी की। हंगामा करने वालों का दावा है कि कई सदी पुराना नवाब अबू समद का मकबरा जहां स्थित है, वहां पहले कभी मंदिर हुआ करता था। इस घटना के बाद पुलिस और जिला प्रशासन ने मकबरे के एक किलोमीटर के दायरे में उन सभी सड़कों को बंद कर दिया है जो मकबरे तक पहुंचती हैं। अधिकारी ने बताया कि अब यह इलाका लगातार ड्रोन निगरानी में है और मकबरे के ध्वस्त किए गए हिस्सों की मरम्मत कल रात तक पूरी हो गई। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने कहा कि कड़ी निगरानी रखी जा रही है और पूरा इलाका अब लगातार ड्रोन निगरानी में है। किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। इस बीच, अपर पुलिस महानिदेशक (प्रयागराज) संजीव गुप्ता ने सोमवार रात घटनास्थल का दौरा किया और पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ पूरे मामले पर चर्चा की। उन्होंने मामले को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने और आगे किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने की रणनीति बनाई। गुप्ता ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पड़ोसी जिले कौशांबी और प्रयागराज से अतिरिक्त बल बुलाने की मंजूरी दी है। उन्होंने सोमवार को इलाके में फ्लैग मार्च भी निकाला। जिलाधिकारी को लिखे एक पत्र में उलेमा काउंसिल ने घटना की निंदा की और कुछ संगठनों पर मंदिर के दावों के बहाने एक ऐतिहासिक स्मारक को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। इसने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और राष्ट्रीय धरोहर स्थल की सुरक्षा की मांग की। हिंदू दक्षिणपंथी संगठनों के सदस्यों ने सोमवार को फतेहपुर जिले में एक मकबरे में घुसकर हंगामा किया और दावा किया कि यह एक मंदिर स्थल है जहां उन्हें प्रार्थना करने का अधिकार है। पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और शांति भंग करने के आरोप में 150 से अधिक लोगों पर मामला दर्ज किया है।

संक्षेप

## मुठभेड़ में 3 शातिर चोर गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना नसीरपुर पुलिस टीम द्वारा 03 शातिर चोरों को मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार की रात्रि में बटेश्वर-शिकोहाबाद रोड पर ग्राम छटनपुर के पास देव स्थल पीपल के पेड से 02 पीतल के घंटे जिनका बजन क्रमश 21 किलो व 31 किलो था जो चोरी हो गये थे। जिसके सम्बंध में थाना नसीरपुर पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में थाना पुलिस को सूचना मिली कि नसीरपुर से सिरसागंज रोड पर कुछ बदमाश चोरी करने के उद्देश्य से आ रहे है, सूचना पर प्रभारी निरीक्षक नसीरपुर व उनकी टीम द्वारा फतेहपुर करखा अण्डर पास के निकट चैकिंग की जा रही थी तभी 03 संदिग्ध आते हुए दिखायी दिये पुलिस टीम द्वारा उन्हें चैकिंग हेतु रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को अपनी ओर आते देख बदमाशों ने पुलिस पार्टी के ऊपर बदमाशों ने फायर कर दिया। जिससे पुलिस पार्टी बाल-बाल बची, जवाबी कार्यवाही में पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिगं की गयी जिसमें अभियुक्त सुमित के पैर में गोली लगने से घायल हो गया , अभियुक्त सुमित घायल अवस्था में व अन्य 02 अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड में गिरफ्तार किया गया जिनकी पहचान सुरजीत पुत्र प्रेमपाल व आकाश पुत्र सर्वेश के रुप में हुई । अभियुक्तों के कब्जे से 02 तमंचा 04 जिंदा कारतूस व 03 खोखा कारतूस बरामद हुये है। तीनों से चोरी किये घंटे बेचने से प्राप्त 6000 रुपये भी बरामद हुये, घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है।

## मैक्स हॉस्पिटल नोएडा ने मथुरा में शुरू की विशेष स्पाइन सर्जरी ओपीडी

**मथुरा।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल नोएडा ने शहर के डॉ. मनीष फिजियोथेरेपी एंड रिहैब क्लिनिक के सहयोग से स्पाइन एवं डिफॉर्मिटी करेक्शन ओपीडी सेवाओं की शुरूआत की है। इस ओपीडी सेवा का शुभारंभ मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल नोएडा के स्पाइन सर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. प्रमोद सैनी की उपस्थिति में हुआ। वे प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक प्राथमिक परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। ओपीडी लॉन्च के अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के स्पाइन सर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. प्रमोद सैनी ने कहा रीढ़ से जुड़ी ज्यादातर समस्याएं, इलिाज बिना सर्जरी के ही सफलतापूर्वक किया जा सकता है। अधिकांश मरीज दवा, फिजियोथेरेपी, आराम और व्यायाम से ठीक हो जाते हैं लेकिन कुछ मरीज जिन्हें इन उपचारों से लाभ नहीं होता उन्हें सर्जरी की आवश्यकता पड़ती है। डॉ. सैनी ने बताया कि आजकल हम कम उम्र के मरीजों में भी पीठ और गर्दन की समस्याएं देख रहे हैं जिसका मुख्य कारण निष्क्रिय जीवनशैली, लंबे समय तक स्क्रीन का उपयोग और घंटों एक ही जगह बैठना है। डिजिटल आदतें, गलत बैठने का तरीका और शारीरिक गतिविधि की कमी रीढ़ पर अत्यधिक दबाव डाल रही हैं। समय रहते समस्या की पहचान, जीवनशैली में सुधार और उचित इलाज से लंबे समय तक रीढ़ की सेहत को बनाए रखा जा सकता है। इस ओपीडी सेवा की शुरूआत का उद्देश्य मथुरा और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को एडवांस्ड स्पाइन सर्जरी सेवाएं उनके ही शहर में उपलब्ध कराना है ताकि स्थानीय निवासियों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं अपने घर के पास ही मिल सकें।

# संस्कृति विवि के दीक्षांत समारोह में 2045 छात्रों को मिली डिग्री

## शिक्षाविद् डॉ. जेसी चौधरी और फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा मानद् उपाधि से सम्मानित

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय का छठवां दीक्षांत समारोह संतों की उपस्थिति में भव्य और दिव्य वातावरण में संपन्न हुआ। विद्यार्थियों के अथक परिश्रम के परिणामस्वरूप प्राप्त फल के रूप में उनको पदक और उपाधियां प्रदान की गईं। मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और राष्ट्रीयगान की परंपरा को पूर्ण करते हुए दीक्षांत समारोह का शुभारंभ हुआ। समारोह के दौरान संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता द्वारा आकाश इंस्टीट्यूट के संस्थापक, ख्यातिप्राप्त शिक्षक, न्यूमरोलॉजिस्ट डा. जेसी चैधरी और बालीवुड के प्रसिद्ध कलाकार, कवि, लेखक और वक्ता आशुतोष राणा को मानद उपाधि से विभूषित किया। समारोह में लगभग 2045 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। इसके साथ ही 20 विद्यार्थियों को पीएचडी की डिग्री से विभूषित किया गया।



दीक्षांत समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा ने अपने गुरुजनों को धन्यवाद देते हुए कहा कि तीन चीजों से एक इंसान को सदैव बच कर रहना चाहिए, आदि, व्याधि और उपाधि क्योंकि बाकी दोनों का इलाज हो सकता है पर उपाधि का घमंड अगर हो जाये तो उसका इलाज नहीं है। नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के पूर्व छात्र और हिंदी, तेलुगू और तमिल फिल्म में अपने अभिनय का डंका बजा चुके आशुतोष राणा ने कहा कि वे विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता के आभारी हैं जिन्होंने उन्हें इस उपाधि से नवाजा और वे खुद को खुशकिस्मत मानते हैं की उन्हें यह उपाधि संस्कृति विश्वविद्यालय से मिली है।

मानद् उपाधि से सम्मानित प्रख्यात शिक्षाविद्, अनेक पुस्तकों के लेखक डा.जेसी चैधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज आपको मिली यह डिग्री आपकी शिक्षा का अंत नहीं है, यह सच है कि अभी तक आपने जो समय व्यतीत किया वो आपके जीवन का सबसे गोल्डन पीरियड था, असली जिंदगी तो अब शुरूआत है, यह दीक्षा का अंत नहीं है। अभी तो जिंदगी शुरू हुई है। जिंदगी में जो मिल जाये उससे कभी भी संतुष्ट नहीं होना चाहिए और अपने लिए हमेशा बेहतर की तलाश करते रहना चाहिए। यदि परमात्मा आपको किसी मुसीबत में डाल रहे हैं तो वे चाहते हैं कि आप उससे जूझ कर कुछ सीखें और अपने भविष्य को उज्जवल बनायें। उन्होंने कहा कि मैं आज भी लगातार कुछ नया सीखने का प्रयास करता हूं, आपको यह प्रयास हमेशा करते रहना है।

संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आपको जीवन में कभी हार नहीं माननी है। हमारे सामने कैसी भी चुनौती आए डटे रहना है, एक दिन सफलता जरूर मिलेगी। छात्र कल्याण डीन डॉ धर्मेंद्र एस तोमर ने कार्यक्रम में सभी अध्यापकों, छात्रों एवं अभिभावकों का स्वागत किया। कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने मंच पर आसीन आशुतोष राणा, अनन्तश्री विभूषित जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी सतीशाचार्यजी महाराज, महामंडलेश्वर हेमांगी सखी माँ, पूज्य चिन्मयानंद बापू जी, डॉ नलिनाक्ष एस व्यास आईआईटी कानपुर, शारदा सर्वज्ञ पीठाधीश्वर अनंतश्री स्वामी अमृतानंद देवतीर्थजी, आचार्य मनीष जी( हिम्स चंडीगढ़ ), डॉ जे सी चैधरी जी ( आकाश इंस्टिट्यूट ), सुदीप गोयंका ( गोल्डी ग्रुप ), प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ( चेयरमैन ए आई यू ), डॉ सचिन गुप्ता ( कुलाधिपति संस्कृति विश्वविद्यालय ), राजेश गुप्ता प्रति कुलाधिपति संस्कृति विवि ), मुकेश गुप्ता( चेयरमैन विजन ग्रुप ), डॉ एम बी चेट्टी ( कुलपति संस्कृति विश्वविद्यालय ), डॉ मीनाक्षी शर्मा ( सीईओ संस्कृति विश्वविद्यालय ) का पटुका ओढ़ाकर एवं स्मृतिचिह्न देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन संस्कृति प्लेसमेंट सेल की अधिकारी ज्योति यादव एवं विकास कौशिक ने किया।

### 21 को मिली पीएचडी की डिग्री

कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी ने 21 पीएचडी की उपाधि वाले छात्रों को मंच पर आमंत्रित किया और सभी अतिथियों ने मिलकर उनको उपाधि से नवाजा। उसके बाद मास्टर्स वाले 232 छात्रों, उनके बाद 1277 बैचलर्स और 515 डिप्लोमा वाले छात्रों को उनकी उपाधि प्रदान की गई और उन्हें शपथ दिलवायी गई। साथ ही अपने विषय में विशेष दक्षता हासिर करने वाले 45 विद्यार्थियों को गोल्ड, 44 को सिल्वर और 39 विद्यार्थियों को ब्रोंज मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा, गूंजे देशभक्ति के नारे




**फिरोजाबाद।** जिला विद्यालय निरीक्षक के नेतृत्व में स्कूली बच्चों द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, यह तिरंगा यात्रा तिलक इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर सुभाष चौराहे होते हुए गांधी पार्क पहुंची, तिरंगा यात्रा में डी0ए0वी0 इंटर कॉलेज इस्लामिया इंटर कॉलेज, एमजी बालिका इंटर कॉलेज, तिलक इंटर कॉलेज किड्स कॉर्नर और दाऊ दयाल कॉलेज के बच्चों ने प्रतिभाग किया, हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे बच्चों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम्‌ के गगनभेदी नारे लगाए। इस दौरान रास्ते में लोगों ने तालियों और पुष्प वर्षा से बच्चों का उत्साह बढ़ाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत करना और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों में विशेष उत्साह और जोश देखने को मिला। इसमें बच्चों के साथ-साथ स्कूल के अध्यापकों अधिकारियों और संभ्रान्त नागरिकों ने भी प्रतिभाग किया। इस दौरान रास्ते में लोगों ने तालियों और पुष्प वर्षा से बच्चों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में शिक्षकों, अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## रक्षाबंधन पर बटेश्वर में मामा के घर गया था बल्केश्वर का करन, यमुना में डूबकर मौत

**आगरा।** बल्केश्वर निवासी एक किशोर की बटेश्वर में यमुना नदी में डूबने से मौत हो गई। परिजनों और दोस्तों के भरसक प्रयास के बावजूद वह तेज बहाव में बह गया। गोताखोरों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। आगरा के बल्केश्वर निवासी आनंद गोस्वामी का 14 वर्षीय पुत्र करन रक्षाबंधन पर अपने मामा गौरीशंकर गोस्वामी के घर बटेश्वर आया हुआ था। सोमवार सुबह करीब 10 बजे वह रानीघाट पर परिजनों और दोस्तों के साथ नहा रहा था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसने बचाने के लिए शोर मचाया, लेकिन साथी चाहकर भी मदद नहीं कर सके। सूचना मिलते ही बटेश्वर पुलिस चौकी प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की। एक घंटे बाद करन को पानी से बाहर निकाला गया और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाह ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। मामा-मामी और अन्य सदस्य दहाड़ें मारकर रोने लगे। आगरा से भी परिजन बटेश्वर पहुंच गए और सभी का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## आगरा में यमुना खतरे के निशान के करीब

**आगरा।** यमुना नदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि के कारण आगरा में स्थिति गंभीर हो गई है। नदी का जलस्तर खतरे के निशान के बेहद करीब पहुंच गया है, जिसे देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में आ गया है। मथुरा के गोकुल बैराज से 70 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद यमुना का जलस्तर बढ़कर 493.2 फीट हो गया है, जबकि आगरा में लो फ्लड लेवल 495 फीट है। इस तरह, नदी खतरे के निशान से सिर्फ 1.8 फीट दूर है। योगी सरकार की आपदा प्रबंधन नीतियों के तहत, प्रशासन ने किसी भी संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। यमुना के बढ़ते जलस्तर पर पैनी नजर रखने के लिए प्रशासन ने नदी किनारे स्थित प्रमुख घाटों जैसे बटेश्वर, हाथी घाट, बल्केश्वर और दशहरा घाट पर कर्मचारियों को तैनात किया है। अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार ने बताया कि निगम क्षेत्र में दो- दो कर्मचारियों की शिफ्ट वाइज ड्यूटी लगाई गई है, जो सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक हर घंटे जलस्तर की जानकारी नगर निगम के कंट्रोल रूम को भेज रहे हैं। मुख्यालय में बैठे अधिकारी लगातार कंट्रोल रूम से स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं, ताकि किसी भी अप्रत्याशित वृद्धि की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों तक पहुंचे। जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने बताया कि यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और हम पूरी तरह से अलर्ट मोड में हैं। गोकुल बैराज से छोड़े गए पानी के बाद स्थिति पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है। बाढ़ जैसी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने बताया कि संभावित खतरे को देखते हुए सर्वे किया गया है और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने के लिए आश्रय स्थलों को चिह्नित कर लिया गया है। फतेहाबाद और बाह क्षेत्रों में निचले इलाकों के खेतों तक पानी पहुंच चुका है। उन्होंने लोगों से अपील कि वे नदी के करीब न जाएं और यमुना घाटों पर स्नान करने से बचें। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन से संपर्क करें। संभावित बाढ़ जैसी स्थितियों से निपटने के लिए नगर निगम ने अपनी तैयारियां पुख्ता कर ली हैं।

● बाढ़ से निपटने की तैयारियां तेज, गोकुल बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद 493.2 फीट पर पहुंचा जलस्तर

## जिला भाजपा ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा



**मथुरा।** भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को जगह जगह तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रमो का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पाण्डे ने किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, स्कूल के बच्चे अध्यापक और सैकड़ों कार्यकर्ता, युवा, महिलाएं शामिल हुए।

इसी प्रकार से एक तिरंगा यात्रा मांट विधानसभा के सोनई मंडल में निकाली गई वह यात्रा रमेश चंद्र इंटर कॉलेज सोनई से विभिन्न बाजार होते हुए डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतीमा पर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा में शामिल सैकड़ो के तादात में स्कूल के बच्चे अध्यापक आदि लोगो ने भी तिरंगा हाथ में लेकर जोर दार नारे लगाए, और देशभक्ति के गाने गाए।

यात्रा के दौरान कार्यकर्ता व पदाधिकारी हाथों में तिरंगा लिए भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिंद के गगनभेदी नारे लगाते रहे। जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं भव्य स्वागत देखने को मिला। यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद देखने को मिला। वरिष्ठ भाजपा नेता एवम सोनई मण्डल के प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने कहा कि तिरंगा हमारे गौरव, बलिदान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। इसे केवल फहराना ही नहीं, बल्कि इसके सम्मान और मूल्यों को जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे मौजूद रहे उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि तिरंगा भारत की समृद्धि, सामर्थ्य और सम्मान का प्रतीक है। प्रधानमंत्री के आह्वान पर भाजपा जन-जन में राष्ट्रभक्ति का भाव बढ़ाने का अभियान चला रही है। मण्डल अध्यक्ष राजेश चैधरी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने अपनी शौर्य का प्रदर्शन पूरे विश्व के सामने किया है। यह भारतीय सेना के अदम्य साहस और 140 करोड़ राष्ट्रभक्त जनता के समर्थन से संभव हुआ है। कार्यक्रम में कोपरेटिव सोसायटी के चेयरमैन संजय चैधरी, अजय परखम, तरुण सैनी, मण्डल उपाध्यक्ष सोनू चैधरी, मंडल महामंत्री कृष्ण मुरारी मोर मुकुट वर्मा मंजू देवी, टीना, सुमन देवी, प्रतीक, सतीश आईटी का संयोजक प्रदीप, वरिष्ठ नेता केरन सिंह रावत, मूलचंद, कुलदीप, राहुल शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष नितेश, विक्रम, गिरी प्रसाद चंद्र मोहन अग्रवाल सहित मातृ शक्ति मौजूद रहे।

## रेलवे फाटक के पास अज्ञात युवती का शव मिला, हत्या की आशंका

**आगरा।** अछनेरा रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब झाड़ियों में एक अज्ञात युवती का शव बरामद हुआ। शव की हालत देखकर पुलिस को आशंका है कि हत्या करने के बाद उसे यहां फेंका गया है। गले में दुपट्टा लिपटा हुआ था और मुंह में कपड़ा ठुंसा हुआ था। शव पेट के बल पड़ा हुआ था। कचौरा रोड स्थित रेलवे फाटक के पास आज सुबह एक महिला पहुंची तो उसकी नजर झाड़ियों में पड़े युवती के शव पर पड़ी। महिला के शोर मचाने पर भीड़ एकत्रित हो गई। लोगों की सूचना पर अछनेरा थाने की पुलिस पहुंची और मौका मुआयना किया। रेलवे क्षेत्र का मामला होने के कारण जीआरपी और आरपीएफ भी पहुंच गई थी। मृतका ने लाल रंग की कुर्ती और काले रंग की सलवार पहन रखी थी। उसके चेहरे पर चोट के स्पष्ट निशान थे, जिससे यह आशंका गहराती जा रही है कि वारदात से पहले उसके साथ खींचतान हुई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका की पहचान के लिए शव के फोटो आसपास के थानों में भेजे जा रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए। आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही हैं। घटनास्थल पर भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## भाजपा की तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक आयोजित



**टूंडला।** भाजपा शिविर कार्यालय एटा रोड पर जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज 13 अगस्त 2025 सायं 5 बजे दीपा चौराहा से तहसील तक आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा के निमित्त आवश्यक बैठक आहूत की गई। तिरंगा यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी ब्रज बहादुर भारद्वाज उपस्थित रहेंगे। बैठक तिरंगा यात्रा की व्यवस्था पक्ष व संख्या पक्ष की विस्तृत चर्चा उपस्थित टूंडला नगर व जिले के कार्यकर्ताओं के साथ की गई। तिरंगा यात्रा भव्य दिव्य व सुंदर हो इसकी बिन्दुवार चर्चा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से की। अभी तक जिले के 11 स्थानों मंडलों में तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया जा चुका है व समस्त जिले में 61000 तिरंगा झंडे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत वितरित हो चुके हैं। 14 अगस्त की शाम तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत हर घर तिरंगा वितरण करना है व 15 अगस्त की प्रातः सभी बूथ अध्यक्ष शक्ति केंद्र संयोजक, मंडल अध्यक्ष व पदाधिकारी मंडल के सभी मोर्चों के अध्यक्ष जिला के पदाधिकारी, मोर्चों के सभी जिला अध्यक्ष क्षेत्र के पदाधिकारी निवर्तमान व वर्तमान जनप्रतिनिधि निवर्तमान जिलाध्यक्ष सभी को अपने अपने घर पर तिरंगा लगाना है व सरल ऐप पर सेल्फी अपलोड करनी है। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका कार्यक्रम के अंतर्गत मौन जुलूस, जिला स्तरीय प्रदर्शनी व गोष्ठी का आयोजन जिले में एक स्थान पर किया जाएगा। इन सभी अभियानों के साथ साथ मतदाता पुनर्निरीक्षण व आगामी चुनावों से संबंधित विषयों पर चर्चा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने की। बैठक में शैलेंद्र सिंह, नीलम दिवाकर सुशील चक शिव शंकर शर्मा वीरेन्द्र प्रताप सिंह दिनेश गुप्ता, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन सीताराम सुनील पाठक, ब्रजवीर सिंह चौहान हनी जादौन नीरेश रावत राजन सिंह निषाद, विष्णु तिवारी, अंकित पाठक जुबीन भारद्वाज विनोद कुमार प्रशांत धाकरे, कोमल वाल्मीकि, विकास डागौर संजीव दीक्षित विश्वनाथ शर्मा, गुरप्रीत सिंह गौरव सिसौदिया आदि लोग उपस्थित रहे।

## पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने को डीएम ने किया सामौर बाबा धाम का भ्रमण

जिला संवाददाता (vol)

**फिरोजाबाद।** समौर बाबा धाम को वृहद पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने हेतु जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी के साथ किया सामौर बाबा धाम का भ्रमण किया। मंगलवार को जिलाधिकारी रमेश रंजन ने अपर जिलाधिकारी विशु राजा के साथ सिरसागंज स्थित पर्यटन स्थल सामौर बाबा धाम के विस्तारीकरण हेतु साथ ही साथ इस पर्यटन स्थल को जनपद के वृहद पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए इस स्थल का भ्रमण किया।

● अपनी विरासत और संस्कृति को संजोना बहुत जरूरी है ताकि आने वाले समय में युवा पीढ़ी इससे परिचित और प्रेरित हो सके : डीएम

निरीक्षण के दौरान उन्होंने इस पर्यटन स्थल को और विस्तार हेतु किसानों की भूमि को उनकी सहमति के आधार पर अधिग्रहित करने और वहां पर सामौर बाबा से जुड़े स्मृतियों को आने वाले पर्यटकों की जानकारी हेतु विकसित करने हेतु निर्देशित किया, उन्होंने कहा कि यह स्थल आने वाले समय में पर्यटन की गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण स्थल साबित होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि अपनी विरासत और संस्कृति को संजौना बहुत जरूरी है, ताकि आने वाले समय में युवा पीढ़ी अपने इन धरोहरों से परिचित और प्रेरित हो सके, डीएम ने इस दौरान यहां से निकलने वाली आव गंगा नदी का भी निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि इस नदी का पुनरोद्धार सिरसा नदी की तर्ज पर ही किया जाए, जिससे आने वाले समय में यह नदी भी जनपद की

## विकास खंड नारखी के गांव जौंधरी में लगाया गया जनकल्याणकारी शिविर




**फिरोजाबाद।** पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के मार्गदर्शन और जिलाधिकारी रमेश रंजन के नेतृत्व में जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत जौंधरी विकासखंड नारखी में आयोजित किया गया, इस शिविर में भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ जनपद स्तरीय अधिकारियों और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस शिविर में शासन द्वारा संचालित संपूर्ण योजनाओं को स्टालों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया, इसमें आवास योजना उद्योग विभाग की योजनाएं श्रम विभाग की योजनाएं, मनरेगा से संबंधित योजनाओं को प्रदर्शित किया गया, जहां पर भारी संख्या में इस क्षेत्र की जनता ने पहुंच, इन योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की, साथ ही साथ अपनी समस्याओं का समाधान भी पाया, जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस प्रकार का आयोजन अब हर ब्लॉक में किया जाएगा, साथ ही साथ सभी अधिकारियों से इस शिविर में किए गए कार्यों का फीडबैक भी प्राप्त किया जाएगा। इसलिए कोई भी अधिकारी लापरवाही नहीं करेगा और इन शिविरों को पूरी गंभीरता से लेगा।

## एंटी-सैबोटाज टीम ने स्निफर डॉग टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया



**फिरोजाबाद।** एसएसपी के निर्देशन में एंटी-सैबोटाज टीम फिरोजाबाद द्वारा अपने उपकरणों एवं स्निफर डॉग टीम के साथ शहर के विभिन्न संवेदनशील, महत्वपूर्ण एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। आगामी स्वतंत्रता दिवस एवं निकट भविष्य में आने वाले त्यौहारों के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन विभिन्न कार व बाइक पार्किंग स्थलों प्रमुख भीड़-भाड़ वाले बाजारों आदि में चैकिंग की गई। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों एवं छोड़े गए सामान की बारीकी से जांच की गई तथा आमजन को सतर्क एवं जागरूक रहने हेतु भी अपील की गई। इसके अतिरिक्त शहर के प्रवेश निकास मार्गों पर भी सघन चैकिंग कर सुरक्षा के सभी बिंदुओं को सुनिश्चित किया गया, जिससे कोई भी असामाजिक तत्व जनपद की शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था में व्यवधान न डाल सके।

## संस्कृति विवि दीक्षांत समारोह में मेधावी सम्मानित

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह में डिग्रियां पाकर विद्यार्थियों के चेहरे चमक उठे। ये डिग्रियां उनके अथक परिश्रम का परिणाम थीं, जो उनके भविष्य का निर्माण करेंगी। समारोह में विभिन्न विषयों में कुल 2045 उपाधियां वितरित की गईं। इस दौरान शोध पूरा करने वाले 20 शोधार्थियों को पीएचडी की डिग्री प्रदान की गईं।



छठे दीक्षांत समारोह में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में शांभवी विश्वास, शाइली मकूकू, निकिता भदौरिया, मोहिनी कुमारी, मोनिका गोयल, शालू, छवि यादव, करिश्मा गुप्ता, दिव्यांशी वार्ष्णेय, वर्षा अग्रवाल, दर्शिका, शर्मा नंदिनी हरेंद्र, महेश, कुलदीप सिंह, सौरभ, कुमारी अंशिका सिंह चाहर, लक्ष्मी नारायण, शीला कुमारी, तनीषा चाहर, निमिषा स्वरूप, लक्ष्मी, आरती कुमारी, निधि अरविंद, सोनम गौतम, सीजल रोहिल्ला, तृषा शर्मा, कृर्त शिवांग, दिगाला परिमला रानी, मोहिनी कुंतल, प्रिंस, प्रभात कुमार, तेजवीर, आदित्य शर्मा, रामवीर, प्रीति लोधी, सुमित सिंह, प्रत्यक्षा रोहिल्ला, नीतीश यादव, धीरज राजपूत, दीपांशी, इति, वसीम, रोहित अरोड़ा, फारूकी मुस्कान अनीस अहमद, कुमारी खुशबू अहेरिया, लवली को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान पाने वाली विद्यार्थी साधना, राहुल सिंह, कुमारी चांदनी बानो, निखिल बेनीवाल, हिमांशी शर्मा, आयुष गर्ग, दीपाली सिंह, नरेश सिंह, च्येष्ठा अग्रवाल, पूजा, लखन कुमार, अनुकृति झा, सौम्या गुप्ता, चंद्र प्रताप सिंह, सचिन कुशवाहा, यश सोनी, आदित्य उपाध्याय, सुमन कुमारी, प्रथु भारद्वाज, आलोक वर्मा, वंशिका अग्रवाल, हिमांशी टुटेजा, कुमारी काजल, दीपक, अभिषेक कुमार राजन, अनुष्का, हैसविनी मेगांडा, आरती चैधरी, लेखराम, उमाशंकर शर्मा, अभिषेक कुमार, सत्य प्रकाश, उत्तम सिंह, आनंद सिंह, करिश्मा, अनुष्का अग्रवाल, प्रकाश चंद, चारू शर्मा, नूतन यादव, कुमारी योग प्रभा गर्ग, प्रियंका वर्मा, जावेद अहमद, कृष्ण चंद्र सिंह, सुनील कुमार को रजत पदक देकर सम्मानित किया गया। कांस्य पदक प्रदान कर मोहित, कुमारी हर्षिता दुबे, निशा कुमारी, निशी अंसारी, लता सिरोही, निधि सिंह, पुष्पेंद्र कश्यप, गरिमा यादव, प्रेमा भार्गव, दिया जैन, सुमित कुमार सिकरवार, अभिषेक त्यागी, रितेश तिवारी, पारिजात पंवार, राजन शर्मा, साक्षी सिंह, खुशबू, योजना गुप्ता, अंकुश मीना, महिपाल सिंह, निशी शर्मा, रितु गौतम, रेनू पटेल, बाले यग्नेश्वर, कुमारी रितु, कृष्णा, धर्मेश कुमार, क्रिशन, अमीर हमजा, फैजिया खान, हिमांशी, हर्ष अग्रवाल, अनुज कुमार, ज्योति शर्मा, धनंजय देवनाथ, नितिन लाक्रा, कुमारी श्रेया त्रिपाठी, कुमारी सना खान, उदय राम को सम्मानित किया गया।

## कार ने अधेड़ को उड़ा दिया, मौके पर ही मौत, जाम लगाती भीड़ को पुलिस ने खदेड़ा

**आगरा।** सिकंदरा थाना क्षेत्र के शास्त्रीपुरम-दहतोरा इलाके में सोमवार शाम करीब साढ़े चार बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। दहतोरा निवासी 50 वर्षीय हरी सिंह पुत्र कैलाशी को तेज रफ्तार से दौड़ती कार ने उड़ा दिया। कार की टक्कर से हरी सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद गांववासियों ने रास्ता जाम कर दिया, जिसे पुलिस ने लाठियां फटकार कर खुलवाया। यह हादसा प्राची टावर पुलिस चौकी से बाबूजी चौराहे की ओर जाने वाली सड़क पर देशदीपक स्कूल से पहले कट पर हुआ। दहतोरा निवासी हरी सिंह अचानक सड़क के डिवाइडर पर खड़ी झाड़ियों से निकलकर अचानक सड़क पर आए, जहां तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही हरी सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। कार चालक ने घटना के बाद मौके से कार को दौड़ा दिया और फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। मृतक के परिजन व स्थानीय लोग घटनास्थल पर आकर सड़क को जाम कर दिया, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन भारी भीड़ के कारण स्थिति तनावपूर्ण हो गई। प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए पुलिस ने लाठियां फटकार कर लोगों को तितर-बितर किया। इस बीच पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है ताकि हादसे के दोषी कार चालक का पता लगाया जा सके। टक्कर मारने वाली कार मैनपुरी की बताई जा रही है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को भरोसा दिया है कि आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मृतक के परिजन को पुलिस ने सांत्वना दी और मामले की तफ्तीश जारी है।

संक्षेप

## येज्दी रोडस्टर 2025 की घोषणा

बंगलुरू। जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स ने येज्दी रोडस्टर 2025 की घोषणा की है, येज्दी ब्रांड कीयहनवीनतम बाइकक्लासिक सेगमेंट में एक सच्चा भारतीय चैलेंजरहै और इसका डिजाइन'बॉर्न आउट ऑफ लाइन' है। इसकी कीमत 2.09 लाख रुपये से शुरू होती है। येज्दी रोडस्टर पुराने तौर-तरीकों को चुनौती देतीहै और अपनी खासपहचान के साथ आगे बढ़ती है। यह अपने बोल्ड डिजाइन, दमदारपरफॉर्मेंसऔर 50 से ज्यादा कंबीनेशनविकल्पों वाले छह फैक्टरी कस्टम कंबीनेशनके साथ आती है।

## स्कोडा ऑटो ने अपनी 25वीं वर्षगांठ मनायी

नई दिल्ली। अपनी 25वीं वर्षगांठ और वैश्विक स्तर पर 130 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपने सबसे अधिक बिकने वाले मॉडल्सरू कुशाक, स्लाविया और कायलाक के लिमिटेड एडिशन उतारे हैं। खास, लिमिटेड एडिशन में खास डिजाइन एन्हांसमेंट्स और प्रीमियम फीचर्स शामिल हैं, साथ ही स्पेशल 25वीं वर्षगांठ का बैज भी है जो इस अहम पड़ाव और भारतीय बाजार के लिए ब्रांड की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## केनस्टार का राखी टू द कूलेस्ट ब्रो कैम्पेन लॉन्च

बंगलुरू। केनस्टारने रक्षा बंधन के अवसर पर राखी टू द कूलेस्ट ब्रो नामक एक भावनात्मक देशव्यापी कैम्पेन शुरू किया। इस पहल का उद्देश्य देश के सशस्त्र बलों को सम्मानित करना और नागरिकों व सैनिकों के बीच भावनात्मक जुड़ाव को और मजबूत करना था। कैम्पेन के तहत, केनस्टार ने पूरे भारत के लोगों से अपील की कि वे सीमाओं पर तैनात उन सैनिकों के लिए अपने हार्दिक संदेश भेजें, जो त्योहारी मौसम में अपने परिवार से दूर रहते हैं।

## बीएलएस ई-सेवाएं ने जारी की परिचालन प्रदर्शन की रिपोर्ट

नई दिल्ली। बीएलएस ई-सेवाएं लिमिटेड ने 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अपने समेकित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। हमें एफवाई26 की मजबूत शुरूआत करने में प्रसन्नता है, क्योंकि हमारी क्यू1 प्रदर्शन हमारी व्यावसायिक मॉडल की गहराई और लचीलापन को दर्शाता है। तिमाही के लिए कुल आय में 205.3% की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है, जो हमारे व्यवसायों में स्वस्थ गति और आदिफिडेलिस सॉल्यूशंस के एकीकरण के कारण है।

## एक्सिस मैक्स लाइफ ने 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की

बंगलुरू। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में विकास की अपनी गति को बनाए रखते हुए एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस ने न्यू बिजनेस ग्रोथ में 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी का इंडीविजुअल एडजस्टेड फर्स्ट ईयर प्रीमियम 1,553 करोड़ रुपये रहा। इससे कंपनी का प्राइवेट मार्केट शेयर 121 आधार अंक बढ़कर 10 प्रतिशत पर पहुंच गया। समीक्षाधीन अवधि में नई रिटेल पॉलिसी की संख्या 10 प्रतिशत बढ़ गई।

## टैफे के मैसी डाइनास्टार कॉन्टेस्ट सीजन 2 का सफल समापन

बंगलुरू। टैफे - ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड ने अपने मैसी डाइनास्टार कॉन्टेस्ट सीजन 2, 2025 सबसे बड़ा ऑलराउंडर की तलाश का सफल समापन किया। टैफे की यह अग्रणी पहल बहुमुखी मैसी फर्ग्यूसन डाइनाट्रैक 241 ट्रैक्टर की क्षमता से संचालित मौलिक, विस्तार योग्य और सामाजिक रूप से प्रभावशाली विचारों को खोजने और सम्मानित करने का उद्देश्य रखती है। सीजन 2 में हुई प्रतियोगिता को लोगों ने बहुत पसंद किया।

## एचसीएल टेक ने लगाये 49,000 पौधे

नोएडा। एचसीएल फाउंडेशन ने आज एचसीएल समूह की 49वीं वर्षगांठ के अवसर पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया, जिसके तहत पूरे भारत में 49,000 पौधे लगाए गए। यह पहल नोएडा, नागपुर, पुणे, बेंगलुरु और राजधानी सहित प्रमुख शहरों में आयोजित की गई।

## ऑपरेशन तिरंगा लॉन्च

नईदिल्ली। जियो हॉटस्टार ने ऑपरेशन तिरंगा लॉन्च किया है, जो देश की आजादी की भावना को सम्मान देने की एक खास कोशिश है। तिरंगा एक, कहानियां अनेक के तहत, इस प्लेटफॉर्म ने देशभक्ति से जुड़ी खास कहानियों को चुना है, जो भारतीय तिरंगे में समाए अलग-अलग रंग, भावनाएं और आदर्श को दिखाती हैं। इस 15 अगस्त को पूरे दिन के लिए जियो हॉटस्टार की पूरी कंटेंट लाइब्रेरी फ्री में देखने को मिलेगी।

# सेंसेक्स 368 अंक फिसला



मुंबई। मुद्रास्फीति का आंकड़ा आने से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने और बैंकों के शेयरों में बिकवाली होने से मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट रही। सेंसेक्स 368 अंक टूटा जबकि निफ्टी को 98 अंकों का नुकसान हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 368.49 अंक यानी 0.46 प्रतिशत गिरकर 80,235.59 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 833.31 अंकों का उतार-चढ़ाव देखा गया और यह 80,997.67 के ऊपरी एवं 80,164.36 के निचले स्तर तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 97.65 अंक यानी 0.40 प्रतिशत गिरकर 24,487.40 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि सतर्क निवेशक 15 अगस्त को होने वाली अमेरिका-रूस वार्ता से भी आने वाले संकेतों का इंतजार कर रहे हैं। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, इटर्नल, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर गिरकर बंद हुए। हालांकि, मारुति, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एनटीपीसी में तेजी का रुख देखने को मिला। वैश्विक व्यापार से जुड़े घटनाक्रम और आने वाले मुद्रास्फीति आंकड़ों को देखते हुए घरेलू बाजार में उतार-चढ़ाव के साथ कारोबार हुआ। अगर अमेरिकी मुद्रास्फीति पर शुल्क वृद्धि का कोई संकेत दिखता है तो फेडरल रिजर्व के नीतिगत रुख पर उसका असर देखने को मिल सकता है। मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.25 प्रतिशत गिर गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 0.04 प्रतिशत की मामूली बढ़त रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में से बैंकिंग खंड में 0.83 प्रतिशत, पूंजीगत उत्पाद खंड में 0.76 प्रतिशत और रियल्टी खंड में 0.75 प्रतिशत की गिरावट रही। हालांकि तेल एवं गैस, स्वास्थ्य देखभाल, धातु एवं उपयोगिता खंड में तेजी रही। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी गिरावट के साथ बंद हुआ जबकि जापान का निक्की सूचकांक, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोपीय बाजारों में कारोबार का मिला-जुला रुख देखा गया। अमेरिकी बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.18 प्रतिशत बढ़कर 66.75 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को।,202.65 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध रूप से बिकवाली की थी।

# रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 87.72 प्रति डॉलर पर बंद



मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में नकारात्मक रुख के बीच रुपया मंगलवार को एक सीमित दायरे में रहा और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मात्र तीन पैसे की बढ़त के साथ 87.72 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू बाजारों में गिरावट और विदेशी पूंजी की निकासी के कारण रुपया एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है। इसके अलावा, भारत और अमेरिका के बीच व्यापार शुल्क मुद्दे पर अनिश्चितताओं के बीच एक नकारात्मक रुख बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.70 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान 87.59 से 87.72 प्रति डॉलर के दायरे में घट-बढ़ के बाद 87.72 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से मात्र तीन पैसे अधिक है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.75 पर बंद हुआ था। भारत और अमेरिका के बीच शुल्क युद्ध के कारण हमारा अनुमान है कि रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर निकासी भी रुपये पर दबाव डाल सकती है। अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और कच्चे तेल की घटती कीमतों से रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है। निवेशकों की नजर अब इस हफ्ते अमेरिका और भारत के मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर है। डॉलररुपये का हाजिर भाव 87.40 से 87 के बीच रहने के आसार हैं।

इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.55 पर आ गया।

## गोल्ड ईटीएफ में निवेश जुलाई में 40 प्रतिशत घटकर 1256 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में निवेश जुलाई में इससे पिछले महीने के मुकाबले 40 प्रतिशत घटकर।,256 करोड़ रुपये रहा। सोने की उंची कीमतों, खासकर शुल्क से जुड़ी खबरों को लेकर चिंताओं के कारण इसमें कमी आई।

इस गिरावट के बावजूद, जुलाई के आंकड़े लगातार तीसरे महीने सकारात्मक निवेश को दर्शाते हैं। पिछले दो वर्षों में मजबूत प्रदर्शन के बावजूद इस वक्त निवेशकों के लिए सोने की चाल का अनुमान लगाना मुश्किल है। इस बात को लेकर चिंता लगातार बढ़ रही है कि क्या निवेशक उंचे स्तरों पर खरीदारी जारी रखेंगे। कई निवेशक बचाव के तौर पर सोने में कुछ निवेश करना चाहते हैं।

## जीरा ड्रिंक अब पूर्वी, पश्चिमी और मध्य यूपी में उपलब्ध

नई दिल्ली। भारत का पहला जीरा ड्रिंक 'बिंदु फिज जीरा मसाला' हाउस ऑफ बिंदु का प्रमुख उत्पाद है, अब पूर्वी, पश्चिमी और मध्य उत्तर प्रदेश में उपलब्ध है। यह उत्पाद 14,000 से अधिक खुदरा दुकानों के जरिए वितरित किया जा रहा है, जिसमें 30 सुपर स्टॉकिस्ट और 78 सब-डिस्ट्रीब्यूटर जुड़े हैं, जो शहरों से लेकर तहसील स्तर तक अपनी सेवाएँ दे रहे हैं।

# बिकवाली के बीच सोना 1000 रुपये गिरा



नयी दिल्ली। वैश्विक बाजारों में बिकवाली के चलते मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत।,000 रुपये गिरकर।,01,520 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना।,02,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।

स्थानीय बाजारों में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को।,000 रुपये टूटकर।,01,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यह स्पष्ट करने के बाद कि सोने के आयात पर कोई शुल्क नहीं लगाया जाएगा, सोने की कीमतों में गिरावट आई। हालांकि व्हाइट हाउस की ओर से आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है, लेकिन इस घोषणा से व्यापार संबंधी चिंताएं कुछ कम हो गई हैं। इसके अलावा व्हाइट हाउस ने सोमवार को घोषणा की कि चीन पर लगाया गया भारी शुल्क अब 11 नवंबर तक निलंबित रहेगा। इस फैसले से फिलहाल वृहत आर्थिक तनाव को कम करने में मदद मिली है, जिससे सोने की कीमतों में गिरावट आई। मंगलवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे बढ़कर 87.65 पर पहुंच गया। इस बीच, मंगलवार को चांदी 2,000 रुपये की गिरावट के साथ।,12,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के भाव पर थी। सोमवार को यह।,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में हाजिर सोना 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,347.18 डॉलर प्रति औंस पर रहा। सोमवार को ट्रंप के सोने पर शुल्क न लगाने की घोषणा से धातु के आयात मूल्य में भारी वृद्धि की चिंताएं कम हो गईं, जिससे कीमतें 3,400 डॉलर प्रति औंस से नीचे आ गईं। विदेशी बाजारों में हाजिर चांदी लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 37.90 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

## 5-स्टार रेटिंग वाली नयी निसान मैग्नाइट लॉन्च

नई दिल्ली। निसान मोटर इंडिया ने आज नई निसान मैग्नाइट के लिए अपनी तरह का पहला 10 साल का एक्सटेंडेड वारंटी प्लान लॉन्च किया। यह सेगमेंट में अपनी तरह का पहला प्लान है, जो गुणवत्ता, भरोसे और मन के सुकून को लेकर ब्रांड की लॉन्ग-टर्म कमिटमेंट (प्रतिबद्धता) को दर्शाता है। एओपी (एडल्ट ऑक्युपेंट सेफ्टी) में परफेक्ट 5-स्टार रेटिंग के साथ ओवरऑल पैसेंजर सेफ्टी में नई निसान मैग्नाइट को 5-स्टार रेटिंग मिलने की सफलता के बाद कंपनी ने इस एक्सटेंडेड प्लान का एलान किया है।

## सोशल परोस रहा है अपना पसंदीदा बनारसी पटियाला

नई दिल्ली। सोशल एक बार फिर अपने सबसे पसंदीदा पेय पदार्थों में से एक, बनारसी पटियाला पर एक विशेष पेशकश के साथ महीने के मध्य में माहौल को और भी बेहतर बना रहा है। 13 और 14 अगस्त को, मेहमान अपने पहले बनारसी पटियाला का आनंद ले सकते हैं, जो ताजा गन्ने के रस और अपनी पसंदीदा स्पिरिट के मिश्रण से बना एक स्वादिष्ट और देसी मिश्रण है, और इसकी कीमत सिर्फ.रुपये199 + कर है। देश भर के सोशल आउटलेट्स पर उपलब्ध, यह दो-दिवसीय विशेष ऑफर लंबे वीकेंड से पहले शुरूआत करने का एक बेहतरीन तरीका है।

## कृषि क्षेत्र में मौजूद अवसरों और चुनौतियों पर जोर

लखनऊ। धानुका एग्रीटेक लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश में कृषि की अप्रयुक्त क्षमता के सदुपयोग के लिए अच्छी गुणवत्ता के कृषि इनपुट की भूमिका पर रोशनी डाली तथा राज्य के कृषि क्षेत्र में मौजूद अवसरों और चुनौतियों पर भी जोर दिया, जिन पर जल्द से जल्द ध्यान देने की जरूरत है। धानुका एग्रीटेक लिमिटेड के चेयरमैन एमेरिटस डॉ. आर. जी. अग्रवाल ने कहा कि देश की सबसे उपजाऊ जमीन होने के बावजूद भी उत्तर प्रदेश में फसल उत्पादकता में काफी असमानता देखने को मिलती है। उदाहरण के लिए राज्य में गन्ने की औसत उत्पादकता लगभग 84 टन प्रति हेक्टेयर है, जबकि कुछ विशेष क्षेत्रों में यह 284 टन प्रति हेक्टेयर तक भी है। इससे स्पष्ट है कि राज्य में बहुत अधिक क्षमता है जिसका सही उपयोग किया जा सकता है। इसी तरह यूपी में गेंहू की औसत उत्पादकता 50 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है, जबकि पंजाब में यह 67.4 क्विंटल है, यानि प्रदेश में गेंहू का उत्पादन 2-3 गुना बढ़ाया जा सकता है।

## सैमसंग ने की गैलेक्सी जेड फ्लिप7 पर नयी घोषणा

नई दिल्ली। गुरुग्राम सैमसंग ने आज हाल ही में लॉन्च किए गए गैलेक्सी जेड फ्लिप7 और जेड फ्लिप7 एफई पर सीमित समय के आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की। नए ऑफर्स में, गैलेक्सी जेड फ्लिप7 अधिकतम 12,000 रुपये तक के बैंक कैशबैक या अपग्रेड बोनस के साथ केवल 97,999 रुपये में उपलब्ध होगा। इसी तरह, गैलेक्सी जेड फ्लिप7 एफई अधिकतम 10,000 रुपये के बैंक कैशबैक या अपग्रेड बोनस के साथ केवल 85,999 रुपये में उपलब्ध होगा।

## सेठ आनंदराम जयपुरिया ने पेश की मिसाल



लखनऊ। सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, शहीद पथ, लखनऊ, अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन, जिम्मेदार नेतृत्व, तकनीकी नवाचार और सतत प्रयासों के लिए आज एक मिसाल बन चुका है। हाल ही में अर्जित की गई उपलब्धियों को साझा की गई। इस अवसर पर सेठ आनंदराम जयपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष शिशिर जयपुरिया ने नेतृत्व किया। उनके साथ स्कूल और आईटी निदेशक हरीश संदुजा, प्रधानाचार्या पूनम कोचिट्टी तथा उप- प्रधानाचार्य पंकज राठौर उपस्थित रहे।

## कोटक महिंद्रा बैंक और ज्योति सीएनसी ने की साझेदारी

मुंबई। कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने ज्योति सीएनसी के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। इस सहयोग के तहत, मशीन टूल सेक्टर से जुड़े छोटे और मध्यम उद्यमों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार विशेष रूप से डिजाइन किए गए उपकरण फाइनेंसिंग समाधान उपलब्ध कराए जाएंगे। ये सुविधाएं स्टैंडअलोन आधार पर दी जाएंगी, जिससे कारोबारियों को सीधे लाभ मिलेगा। इस साझेदारी का उद्देश्य उन्नत सीएनसी मशीनरी में निवेश करने वाले व्यवसायों के लिए पूंजी तक पहुंच को सरल और तेज बनाना है। इस व्यवस्था के तहत, कोटक महिंद्रा बैंक डिजिटल माध्यम से 3 करोड़ रुपये तक के उपकरण ऋण प्रदान करेगा, जिससे फाइनेंसिंग प्रक्रिया और तेज व सुविधाजनक हो सकेगी।

## खुदरा मुद्रास्फीति घटकर आठ साल के निचले स्तर 1.55 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी से खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई में घटकर आठ साल के निचले स्तर 1.55 प्रतिशत पर आ गई। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी मिली।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जून में 2.1 प्रतिशत और जुलाई 2024 में 3.6 प्रतिशत थी। जुलाई 2025 की मुद्रास्फीति जून 2017 के बाद सबसे कम है। उस समय यह 1.46 प्रतिशत दर्ज की गई थी। जुलाई 2025 के महीने के दौरान कुल (हेडलाइन) मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट की मुख्य वजह अनुकूल तुलनात्मक आधार प्रभाव और दालों व उत्पादों, परिवहन व संचार, सब्जियों, अनाज व उत्पादों, शिक्षा, अंडे तथा चीनी और कन्फेक्शनरी के सामान की कीमतों में नरमी रही।

## बिरलानू लीकप्रूफ पाइप्स का नया कैम्पेन लॉन्च

नई दिल्ली। सीके बिरला समूह की मल्टीबिलियन डॉलर कंपनी की शाखा बिरलानू ने एक नया ब्रांड अभियान लॉन्च किया है, जो एक दमदार वादे पर आधारित है बिरलानू लीकप्रूफ पाइप्स के साथ अनंत मानसिक शांति। यह अभियान उपभोक्ताओं की सबसे बड़ी समस्या, यानी पाइप में रिसाव, को सीधे संबोधित करता है और बिरलानू के लीक-प्रूफ पाइप्स को एक भरोसेमंद और टिकाऊ समाधान के रूप में स्थापित करता है।

## 2025 हंटर 350 नये ग्रेफाइट ग्रे कलर वैरिएंट में लॉन्च

बंगलुरू। मिड-साईज मोटरसायकल सेगमेंट में ग्लोबल लीडर, रॉयल एनफील्ड ने 2025 हंटर 350 का नया ग्रेफाइट ग्रे रंग का वैरिएंट लॉन्च किया है। इस नए रंग के साथ मिड वैरिएंट में कुल तीन नए रंग हो गए हैं, जिनमें अन्य दो रंग, रियो व्हाईट और डैपर ग्रे हैं। इसके बाद हंटर 350 कुल सात रंगों में उपलब्ध हो गई है। सड़कों पर शुद्ध ऊर्जा से प्रेरित 2025 हंटर 350 का नया ग्रेफाइट ग्रे वैरिएंट उन राईडर्स के लिए बनाया गया है, जो शहर की सड़कों पर आत्मविश्वास और अपने विशेष स्टाईल के साथ चलना चाहते हैं, जो उनका बोल्ड अंदाज पेश करे। मैट फिनिश और स्ट्रीमलाईंड फॉर्म में उपलब्ध यह मोटरसाईकल आधुनिक होने के साथ मिनिमलिस्ट भी है। यह उन लोगों के लिए बेहतरीन है, जो तीव्रता के साथ बढ़त पसंद करते हैं।

पेज एक का शेष

## अब पुराने

संवाददाताओं को देते हुए कहा कि ये प्रस्ताव इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के तहत स्वीकृत किए गए हैं। इस मिशन के तहत सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयों की स्थापना में वित्तीय मदद देने के लिए 76,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वैष्णव ने कहा मंत्रिमंडल ने चार सेमीकंडक्टर संयंत्रों को स्वीकृति दी है जिनकी स्थापना ओडिशा, पंजाब एवं आंध्र प्रदेश में की जाएगी। वैष्णव ने कहा कि ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में सिलिकॉन कार्बाइड सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इस पर सिकसेम प्राइवेट लिमिटेड 2,066 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इस संयंत्र की वार्षिक क्षमता 9.6 करोड़ सेमीकंडक्टर चिपों के विनिर्माण की होगी। केंद्र सरकार ने मंगलवार को 700 मेगावाट क्षमता वाली तातो-दो जलविद्युत परियोजना के निर्माण के लिए 8146.21 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि अरुणाचल प्रदेश के शियोमी जिले में स्थित इस परियोजना के पूरा होने की अनुमानित अवधि 72 महीने है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने मंगलवार को तातो-दो जलविद्युत परियोजना (एचईपी) के निर्माण के लिए 8,146.21 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी। कुल 700 मेगावाट (175-175 मेगावाट की चार इकाइयां) स्थापित क्षमता वाली इस परियोजना से 273.80 करोड़ यूनिट बिजली का उत्पादन होगा।

इस चरण का उद्देश्य पुराने लखनऊ के प्रमुख क्षेत्रों को निर्बाध रूप से जोड़ना है, जिनमें अमीनाबाद, यहियागंज, पांडेयगंज और चौक जैसे व्यावसायिक केंद्र शामिल हैं। वक्तव्य के अनुसार, यह कॉरिडोर महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं, विशेष रूप से किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (मेडिकल कॉलेज), बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा, भूल-भुलैया, घंटाघर और रूमी दरवाज़ा जैसे अहम पर्यटक केंद्रों, शहर की समृद्ध और ऐतिहासिक खाद्य संस्कृति के लिए प्रसिद्ध पाक-कला स्थलों को भी जोड़ेगा। इसमें कहा गया है, इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों को मेट्रो नेटवर्क से जोड़कर, चरण-1बी न केवल यातायात सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि आर्थिक गतिविधियों एवं पर्यटन को भी बढ़ावा देगा तथा लखनऊवासियों और आगंतुकों दोनों के लिए शहरी आवागमन को आसान बनाएगा।

चरण1बी से बेहतर यातायात व्यवस्था, जाम की समस्या में कमी, पर्यावरणीय लाभ, आर्थिक विकास और जीवन स्तर में सुधार होगा। बयान में कहा गया है कि प्रमुख शहरी चुनौतियों का समाधान करके और भविष्य के विस्तार के लिए आधार प्रदान करके, चरण-1बी शहर के विकास पथ और स्थायित्व को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## राजनाथ सिंह

और व्यावसायिक सुविधाओं को जोड़ते हुए यह मेट्रो न केवल राजधानी की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाएगी, बल्कि रोजगार, पर्यटन और निवेश के नए अवसर भी प्रदान करेगी। हार्दिक आभार। वहीं लखनऊ के सांसद और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की एक पोस्ट की प्रतिक्रिया में सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन एवं आपके सतत सहयोग का ही यह प्रतिफल है कि उत्तर प्रदेश आज अभूतपूर्व विकास यात्रा पर अग्रसर है। लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के विस्तार को मिली स्वीकृति प्रदेश की विकास यात्रा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। हार्दिक आभार रक्षा मंत्री ! रक्षा मंत्री व लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह ने लखनऊ मेट्रो के फेज 1-बी के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर विस्तार को प्रतिदिन पुराने शहर क्षेत्र में भीड़भाड़ का सामना करने वाले यात्रियों के लिए वरदान बताया है। सांसद ने लखनऊ में प्रस्तावित मेट्रो विस्तार के लिए पीएम नरेंद्र मोदी व यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के मंत्री मनोहर लाल का भी आभार व्यक्त किया।

## फतेहपुर की

संशोधन अधिनियम-7 और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा-2,3 के तहत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि ये धाराएं इस बात का संकेत हैं कि सरकार इस घटना को बेहद गंभीरता से ले रही है और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। सुरेश खन्ना ने कहा कि घटना के संबंध में दर्ज की गई रिपोर्ट से स्पष्ट है कि सरकार अपना काम कर रही है। इसमें कानून अपना काम कर रहा है और जो भी व्यक्ति कानून अपने हाथ में लेने की कोशिश करेगा, उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत दंड जरूर मिलेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर हाल में लॉ एंड ऑर्डर को मेंटेन रखना है और किसी भी तरह की अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## विपक्षी हंगामे

सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़े। फतेहपुर में मकबरे में हंगामे की घटना पर कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने भी सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि घटना के सात दिन पहले एक नेता ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की। तय समय पर घटना भी की। सारे साक्ष्य सबके सामने हैं। इसके बाद भी सरकार उस नेता को बचा रही है। सपा विधायक ने बलिया में पेपर लीक और हाथरस में सामूहिक दुष्कर्म की घटनाओं का जिक्र करते हुए पत्रकारों के खिलाफ की गई कार्रवाई की तुलना करीब 50 साल पहले की घटनाओं से करते हुए सरकार को घेरा।

कोविड के दौरान पत्रकारों के खिलाफ की कार्रवाई का भी जिक्र किया। सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र की हत्या की घटना पर भी सरकार को सवालों के घेरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को खुलकर काम करने का मौका नहीं मिल रहा है। उन्होंने सरकार से सवाल पूछा कि क्या सरकार ऐसी कमेटी का गठन करेगी जो पत्रकारों की सुरक्षा पर काम करे। इसके जवाब में मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार पत्रकारों का पूरा सम्मान करती है। कोविड में पत्रकारों के निधन पर सरकार ने 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद की। सीतापुर में जिस पत्रकार की हत्या की गई, उनके आरोपियों का संबंध कहीं न कहीं सपा से जुड़ता है।

**पॉलिटेक्निक की खाली सीटों का मामला उठाया**

इससे पहले एडेड कॉलेजों के विषय विशेषज्ञों को पुरानी पेंशन देने के मामले में काफी लंबी बहस हुई। अंत में माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने सदस्यों व अधिकारियों के साथ बैठक कर विचार करने का आश्वासन दिया। पॉलिटेक्निक की खाली सीटों का मामला निर्दल समूह के आकाश अग्रवाल ने उठाया। प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि पारदर्शिता को देखते हुए प्रवेश के नियमों में बदलाव किया गया है। छात्रहित में आने वाले किसी भी सुझाव पर सरकार विचार करेगी।

## न्यायमूर्ति वर्मा

हुई है, जिसमें न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को न्यायाधीश जांच अधिनियम 1968 की धारा 3 के साथ संविधान के अनुच्छेद 124 (4) के साथ पठित अनुच्छेदों 217 और 218 के अंतर्गत उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद से हटाने के लिए राष्ट्रपति को एक समावेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव है।

## पुराने वाहन

आग्रह किया कि वह कोई दंडात्मक कदम न उठाने का आदेश देने पर विचार करे। पीठ ने कहा, नोटिस जारी करें, जिसका चार सप्ताह में जवाब दिया जाए। इस बीच, हम निर्देश देते हैं कि वाहन मालिकों के खिलाफ इस आधार पर कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाए कि उनके डीजल वाहन 10 साल और पेट्रोल वाहन 15 साल पुराने हैं। दिल्ली सरकार ने 10 साल से ज्यादा पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया है।

## जेकेएलएफ के

हुई है। एजेंसी के अधिकारियों ने जेकेएलएफ के पूर्व नेता पीर नूर-उल-हक शाह उर्फ एयर मार्शल के आवास पर भी तलाशी ली। अधिकारियों ने कहा, श्रीनगर जिले में आठ स्थानों पर की गई रणनीतिक तलाशी के परिणामस्वरूप कुछ अपराध से जुड़े साक्ष्य बरामद हुए हैं, जिससे पीड़िता और उसके परिवार को न्याय दिलाने के अंतिम उद्देश्य के साथ पूरी आतंकवादी साजिश का पर्दाफाश करने में मदद मिलेगी। भाजपा के सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भट्ट की हत्या उन अत्याचारों की सबसे भयावह याद दिलाती है, जिनके कारण 1990 में कश्मीरी पंडितों का बड़े पैमाने पर पलायन हुआ था।

## 95 प्रतिशत

राज्य के रूप में आगे बढ़े, इसके लिए राज्य सरकार हिल से हाइटेक के मंत्र पर कार्य कर रही है। आज प्रदेश में सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ी 5 महत्वपूर्ण पहलों की शुरूआत की गई है। ये सभी नवाचार शासन व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के साथ ही विभिन्न सेवाओं में गति एवं पारदर्शिता भी लाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की कि भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए राज्य में नेक्स्ट-जनरेशन डेटा सेंटर स्थापित किया जाएगा, जिसके तहत डिजास्टर रिकवरी के लिए भी एक अलग से मैकेनिज्म बनाया जाएगा। राज्य में शीघ्र ही भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए एआई मिशन प्रारंभ किया जाएगा, जिसे एक्सीलेंस सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री धामी ने घोषणा की कि गुड गवर्नेंस की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए राज्य में नेक्स्ट-जनरेशन रिमोट सेंसिंग एवं ड्रोन एप्लीकेशन सेंटर का विकास किया जाएगा। राज्य में एक विशिष्ट आईटी कैडर स्थापित करने के लिए सरकार प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल इंडिया अभियान के माध्यम से प्रौद्योगिकी और नवाचार का विस्तार हुआ है। उनके डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करने के लिए राज्य सरकार भी निरंतर प्रयास कर रही है। डिजिटल उत्तराखण्ड एप के माध्यम से लोग घर बैठे ही अनेक सरकारी सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। अब लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। यह एप प्रधानमंत्री के मिनिमम गवर्नमेंट मैक्सिमम गवर्नेंस के मंत्र को साकार करने में सहायक होगा। इससे सरकारी सेवाओं को एकीकृत, सरल और सुलभ बनाने में सहायता मिलेगी और विभिन्न गतिविधियों की मॉनिटरिंग भी आसानी से होगी।

## संसद ने

को 8 अगस्त को वापस ले लिया था। उन्होंने लोकसभा में सोमवार को विधेयक का अद्यतन संस्करण पेश किया, जिसमें प्रवर समिति की लगभग सभी सिफारिशों को शामिल किया गया है। इससे पहले दोनों विधेयक पर हुई संयुक्त चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा के नरेश बंसल ने कहा कि प्रस्तावित कानून में जनता के विचारों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि नया कानून 2047 की चुनौतियों को सामना करने के लिए रोडमैप होगा। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के एस. निरंजन रेड्डी ने कहा कि देश इस कानून का इंतजार कर रहा था। उन्होंने कहा कि मौजूदा आयकर कानून काफी जटिल है लेकिन नए कानून को सरल बनाया गया है और शब्दावलियों को भी आसान बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के सामने कई चुनौतियां भी हैं जिनमें आयकर देने वाले लोगों की संख्या का काफी कम होना शामिल है।

## बदायूं, शाहजहांपुर

इतनी जोरदार थी कि दोनों ठेले वाले उछलकर दूर जा गिरे और उनमें से एक सुरेश (55) की मौत हो गई जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में कार सवार लोग भी शामिल हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।




# सेंट्रल दिल्ली किंग्स डीपीएल में 12 रन से जीता

## सेंट्रल दिल्ली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 161 रन बनाये, आउटर दिल्ली वारियर्स को 49 रन पर रोक दिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां आउटर दिल्ली वारियर्स पर 12 रन की जीत दर्ज की। सेंट्रल दिल्ली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 161 रन बनाने के बद आउटर दिल्ली वारियर्स को आठ विकेट पर 149 रन पर रोक दिया। सेंट्रल दिल्ली किंग्स के लिए आदित्य भंडारी ने 27 गेंद में 41 रन की पारी खेली। सिमरजीत सिंह ने आठ गेंद में 19 रन बनाए जिससे टीम प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

वारियर्स की ओर से सिद्धांत शर्मा ने 33 रन देकर तीन जबकि शिवम शर्मा ने 21 रन देकर दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए वारियर्स की टीम की शुरुआत खराब रही और टीम ने 43 रन पर पांच विकेट गंवा दिए। केशव डबास (64 रन, 45 गेंद) और हर्ष त्यागी (31) ने छठे विकेट के लिए 64 रन जोड़कर पारी को संभाला लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। किंग्स की ओर से सिमरजीत और मनी ग्रेवाल ने दो-दो विकेट चटकाए।



**आयुष म्हात्रे अखिल भारतीय बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट में मुंबई की कप्तानी करेंगे**

मुंबई। युवा सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को इस महीने चेन्नई में शुरू होने वाले बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट के लिए मंगलवार को मुंबई की 17 सदस्यीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया जिसमें भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान भी शामिल हैं।

पिछले सत्र में मुंबई के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण करने वाले म्हात्रे ने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए प्रभावी प्रदर्शन किया और बाद में उन्हें भारत की अंडर-19 टीम का कप्तान बनाया गया जो एक बहु प्रारूप दौरे के लिए इंग्लैंड गई थी। सत्रह वर्षीय म्हात्रे 21 सितंबर से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया के एक और बहु प्रारूप दौरे में भी भारत की कप्तानी करेंगे। मुंबई के लिए आठ प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके सुवेद पार्कर को 18 अगस्त से नौ सितंबर तक होने वाले बुची बाबू टूर्नामेंट के लिए टीम का उप कप्तान बनाया गया है।

टीम में मुशीर खान भी शामिल हैं जो एक कार दुर्घटना में लगी चोटों के कारण 2024-25 सत्र के अधिकांश हिस्से में नहीं खेल पाए थे।

**वहीं दूसरी ओर**

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर रोजर बिन्नी पिछले महीने 70 बरस के हो गए लेकिन मंगलवार को संसद में राष्ट्रीय खेल विधेयक के पारित होने के बाद 1983 विश्व कप में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाला यह दिग्गज कम से कम सितंबर में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) तक बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में काम करता रहेगा। अगर बीसीसीआई की राज्य इकाइयों के सदस्य सहमत होते हैं तो बिन्नी 75 वर्ष की आयु तक पद पर बने रह सकते हैं जो अब राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के पदाधिकारियों के लिए कट ऑफ आयु है।

## दीप्ति टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर, मंधाना बल्लेबाजों की सूची में फिसली

दुबई। भारत की दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी20 की नवीनतम रैंकिंग में गेदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना बल्लेबाजों के बीच शीर्ष से दूसरे स्थान पर खिसक गईं। दीप्ति पाकिस्तान की सादिया इकबाल के साथ 732 रेटिंग अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। सादिया रैंकिंग में पहले स्थान से दूसरे स्थान पर खिसक गयी जबकि ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड चार रेटिंग अंकों की बढ़त के साथ पहली बार शीर्ष रैंकिंग की टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज बनने में सफल रही। सादिया ने आयरलैंड के खिलाफ शृंखला में सिर्फ़ तीन विकेट लेने के बाद रेटिंग अंक गवां दिये। पाकिस्तान महिला टीम इस शृंखला को 1-2 से हार गई थी। सदरलैंड ने मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ चार विकेट लेने के बाद से सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में कोई मैच नहीं खेला है। इससे उनके रेंटिंग अंक (736) में कोई बदलाव नहीं आया है। टी20 अंतरराष्ट्रीय हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में दीप्ति 387 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। वह वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज (505) और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर (434) से पीछे हैं। कलात्मक खब्बू बल्लेबाज मंधाना (728 रेटिंग अंक) एक स्थान फिसल कर इंग्लैंड की नैट सिवर-ब्रंट (731) के बाद दूसरे पायदान पर आ गयी है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर 10 पायदान की छलांग लगाकर शीर्ष 10 बल्लेबाजों में शामिल होने के करीब पहुँच गई हैं। वह फिलहाल 11वें नंबर पर हैं। आयरलैंड की हरफनमोला ओर्ला प्रेंडरगैस्ट को पाकिस्तान के खिलाफ उनके शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। वह अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 19वें स्थान पर पहुँच गई हैं। प्रेंडरगैस्ट पाकिस्तान के खिलाफ हाल ही में आयरलैंड की 2-1 की शृंखला जीत के दौरान शानदार फॉर्म में थीं। इस 23 साल की खिलाड़ी ने बल्ले और गेंद दोनों से बेहतरीन योगदान दिया और शृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता।

## राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक पारित होने से महत्वपूर्ण सुधार हासिल : मांडविया



नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक के पारित होने से भारत के खेल परिदृश्य में बदलाव आएगा और निर्णय प्रक्रिया खिलाड़ी केंद्रित होगी। लोकसभा से मंजूरी मिलने के एक दिन बाद राज्यसभा में विधेयक पारित होने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मांडविया ने कहा कि सरकार अब अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित करने के लिए पदक रणनीति बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

मांडविया ने कहा इस सुधार से देश का खेल क्षेत्र बदलेगा। दुनिया के 20 देशों के पास खेल कानून हैं और भारत अब उनके बराबर होगा। उन्होंने कहा आने वाले दिनों में हम अपनी पदक तालिका रणनीति तैयार करेंगे जिसके आधार पर अगले 10 वर्षों में हम विश्व स्तर पर शीर्ष स्थान पर होंगे। एक अरब से अधिक की आबादी वाले देश भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ ओलंपिक प्रदर्शन 2021 तोक्यो खेलों में हासिल किए गए सात पदक हैं जिसमें भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा एकमात्र स्वर्ण पदक विजेता रहे थे। निचले सदन में तेजी से पारित होने के बाद खेल विधेयक पर राज्यसभा में दो घंटे से अधिक समय तक चर्चा हुई। खेल विधेयक की तीन महत्वपूर्ण विशेषताएं हैं। राष्ट्रीय खेल बोर्ड, जिसके पास राष्ट्रीय खेल महासंघों को मान्यता देने और उनकी मान्यता रद्द करने का अधिकार होगा। विवादों के त्वरित समाधान के लिए राष्ट्रीय खेल पंचाट और महासंघों के चुनावों की निगरानी के लिए राष्ट्रीय खेल चुनाव पैनल (एनएसईपी) होगा। इसके अलावा इसमें महासंघों में महिलाओं और खिलाड़ियों के अनिवार्य प्रतिनिधित्व का प्रावधान भी है।

मांडविया ने कहा खेल क्षेत्र में सुशासन लाने के लिए राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक पहले लोकसभा में और आज राज्यसभा में पारित किया गया। खेल प्रशासन विधेयक के माध्यम से देश में खिलाड़ी केंद्रित माहौल होगा, महासंघों में पारदर्शिता आएगी और विवादों के समाधान में तेजी आएगी। उन्होंने आगे कहा, इसके साथ ही महिलाओं और पैरा खिलाड़ियों को प्रतिनिधित्व मिलेगा।

## संक्षेप

### हरियाणा को हराकर झारखंड बना जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियन

काकीनाडा। झारखंड ने रोमांचक मुकाबले में मंगलवार को यहां हरियाणा को 2-1 से हराकर 15वीं जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप डिविजन ए का खिताब अपने नाम कर लिया। स्वीटी डुंगडुंग (10 वें मिनट) और शांति कुमारी (12वें मिनट) ने पहले क्वार्टर में गोल करके अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। हरियाणा की कीर्ति (52वें मिनट) ने आखिरी क्षणों में गोल करके मैच में टीम की वापसी कराने की कोशिश की। हरियाणा के खिलाड़ी हालांकि इसके बाद कोई और मौका बनाने में नाकाम रहे। इससे पहले कांस्य पदक के मैच में उत्तर प्रदेश ने छत्तीसगढ़ को 2-0 से हराया। उत्तर प्रदेश के लिए सुनीता कुमारी (10वां मिनट) और मनीषा पटेल (60वां मिनट) ने गोल किये।

### विभु त्यागी बधिर ओलंपिक गोल्फ चयन ट्रायल में शीर्ष पर

ग्रेटर नोएडा। महाराष्ट्र के विभु त्यागी यहां जेपी ग्रीन्स गोल्फ कोर्स में दो दौर के बाद बधिर ओलंपिक के 2025 गोल्फ चयन ट्रायल में पुरुष प्रतिभागियों के बीच शीर्ष पर रहे। त्यागी ने दो दिन में 24 ओवर 168 का कुल स्कोर बनाया। चयन ट्रायल अखिल भारतीय बधिर खेल परिषद (एआईएससीडी) द्वारा भारतीय गोल्फ संघ के मार्गदर्शन में आयोजित किए गए थे। छह से आठ अगस्त तक आयोजित ट्रायल में एक महिला प्रतिभागी सहित छह खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। उत्तर प्रदेश के हर्ष सिंह और चंडीगढ़ के जस्तर सिंह बिलिंग ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

### गोल्फ : संधू ने मैसुरु ओपन में बढ़त बनायी

मैसुरु। चंडीगढ़ के गोल्फर युवराज संधू ने मंगलवार को यहां पीजीटीआई प्रतियोगिता मैसुरु ओपन के पहले दिन नौ अंडर 61 के शानदार स्कोर से बढ़त बना ली। बांग्लादेश के जमाल हुसैन आठ अंडर 62 के स्कोर से संधू से एक शॉट पीछे दूसरे स्थान पर हैं। ओम प्रकाश चौहान और हनी बैसोया सात अंडर 63 के समान स्कोर के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। स्थानीय खिलाड़ी ध्रुव बोपन्ना और बेंगलुरु के एस चिकारंगप्पा छह अंडर 64 के स्कोर से संयुक्त पांचवें पायदान पर हैं।

### एटलेटिको मैड्रिड ने जियाकोमो रास्पाडोरी के साथ करार

मैड्रिड। स्पेन के फुटबॉल क्लब एटलेटिको मैड्रिड ने इटली के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जियाकोमो रास्पाडोरी के साथ अनुबंध किया है जो अभी तक नेपोली की तरफ से खेल रहे थे।

## गुकेश सेंट लुई रैपिड एवं ब्लिट्ज में तीसरे स्थान पर

एजेंसी

सेंट लुई (अमेरिका), 12 अगस्त (भाषा) मौजूदा विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने अमेरिका के लेवोन अरोनियन से पहले दौर में मिली हार के बाद वापसी करते हुए ग्रिगोरी ओपेरिन और लिएम ले क्वांग पर जीत दर्ज की और ग्रैंड शतरंज टूर के तहत खेले जा रहे सेंट लुई रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के पहले दिन संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे।

गुकेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्हें पहले दौर के एक कड़े मुकाबले में अरोनियन से हार का सामना करना पड़ा। लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की और सोमवार को खेली गई अन्य बाजियों में ओपेरिन और लिएम को हराकर संभावित छह में से चार अंक हासिल किए। लास वेगास में हाल ही में संपन्न फ्रीस्टाइल शतरंज टूर्नामेंट में जीत दर्ज करने वाले अमेरिकी ग्रैंडमास्टर अरोनियन ने उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव और फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव को हराकर अपना परफेक्ट स्कोर बनाए रखा। अरोनियन छह अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि उनके हमवतन फैबियानो कारुआना दो जीत और एक ड्रॉ के बाद पांच अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। गुकेश एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो के साथ संयुक्त रूप से तीसरे, जबकि वाचियर-लाग्रेव और लीनियर



डोमिन्गुएज़ पेरेज़ तीन-तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं। लिएम और ओपेरिन दो-दो अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। नोडिरबेक के खाते में एक अंक है, जबकि सैम शैंकलैंड अपने सभी मैच हारने के बाद अंतिम स्थान पर हैं। गुकेश को पहले दौर में कैरो कान के डिफेंस गेम के कारण पैदा हुई जटिलताओं के कारण हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे दौर में सफेद मोहरों से खेलते हुए ओपेरिन को शह और मात देने के लिए अपनी रानी की बलि दे दी और आसानी से जीत हासिल की। दिन के आखिरी मुकाबले में लिएम के खिलाफ काले मोहरों से खेल रहे गुकेश को फिर से मुश्किलों का सामना करना पड़ा। लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने दबाव बनाए रखा और आखिर में वह जीत हासिल करने में सफल रहे।

## नेपाल की टीम ने बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र में अभ्यास किया

नयी दिल्ली। नेपाल की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप क्वालीफ़ायर के लिए बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) में अभ्यास किया। यह भारत और नेपाल के बीच बढ़ते सहयोग का एक और उदाहरण है। बीसीसीआई पड़ोसी देश को क्रिकेट टीम के रूप में अपनी साख बेहतर बनाने में मदद कर रहा है। बीसीसीआई ने एक्स पर लिखा, आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप क्वालीफायर की तैयारी के तहत नेपाल की राष्ट्रीय टीम ने दो सप्ताह के विशेष शिविर में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र में अभ्यास किया। टीम ने सुविधाओं का पूरा उपयोग किया और आगामी चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करने के लिए कौशल, फिटनेस और खेल की विभिन्न स्थितियों पर काम किया। इस शिविर का उद्देश्य टी-20 विश्व कप क्वालीफायर से पहले खिलाड़ियों के कौशल को बेहतर करना था। नेपाल की पुरुष टीम ने पिछले साल अगस्त में भी बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र में अभ्यास किया था।

## आईओए की एसजीएम में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों को मंजूरी

नयी दिल्ली। भारत की 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए बोली को बुधवार को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की विशेष आम बैठक (एसजीएम) के दौरान औपचारिक मंजूरी मिल जाएगी क्योंकि देश इस बहु-खेल आयोजन की मेजबानी का मजबूत दावेदार बनकर उभरा है। आईओए मुख्यालय में एसजीएम का मुख्य एजेंडा भारत में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए राष्ट्रमंडल खेल (पूर्व सीजीएफ) को बोली प्रस्तुत करने की मंजूरी और इससे संबंधित अन्य कार्य है। एसजीएम में दो अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी जिसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए लेखापरीक्षित खातों के विवरण पर विचार और उसे पारित करना और वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सांविधिक लेखा परीक्षक को नियुक्त करना। यह एसजीएम बैठक है इसलिए चर्चा केवल तीन उल्लिखित एजेंडे तक ही सीमित रहेगी। भारत ने 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए पहले ही रुचि पत्र प्रस्तुत कर दिया है। इसमें अहमदाबाद को मेजबान शहर के रूप में चुना गया है। भारत को हालांकि 31 अगस्त की समय सीमा से पहले अंतिम बोली के लिए प्रस्ताव जमा करना होगा। कनाडा के इस दौड़ से हटने के बाद भारत को इसकी मेजबानी मिलने की संभावना बढ़ गई है।

# शुभमन गिल ने जीता आईसीसी पुरस्कार

एजेंसी



दुबई। इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई पांच टेस्ट मैचों की शृंखला में 754 रन बनाने वाले भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने मंगलवार को आईसीसी का महीने (जुलाई 2025) का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने जाने के बाद कहा कि एजबेस्टन में टीम की जीत में योगदान देने वाला उनका दोहरा शतक उन्हें हमेशा याद रहेगा। गिल ने इस दौरे पर युवा खिलाड़ियों से सजी भारतीय टीम को कप्तान और बल्लेबाज के तौर पर काफ़ी प्रेरित किया। उन्होंने पांच मैचों की इस शृंखला में चार शतक लगाए जिससे विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों की गैरमौजूदगी में भी भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला को 2-2 से बराबर करने में सफल रही। गिल ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला वियन मुल्डर को पछाड़कर यह पुरस्कार जीता। गिल ने उम्मीद जताई कि वह आने वाले सत्र में भी अपनी इस लय को जारी रखेंगे। गिल ने आईसीसी से जारी विज्ञप्ति में कहा जुलाई महीने का आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने पर बहुत अच्छा लग रहा है। इस बार इसका महत्त्व और भी ज्यादा है, क्योंकि यह कप्तान के रूप में मेरी पहली टेस्ट शृंखला में मेरे प्रदर्शन के लिए मिला है। बर्मिंघम (एजबेस्टन मैदान) में लगाया गया दोहरा शतक ऐसी उपलब्धि है जिसे मैं हमेशा संजोकर रखूंगा और यह इंग्लैंड के मेरे दौरे के खास पलों में से एक होगा। इस 25 साल के खिलाड़ी ने कहा इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला मेरे लिए कप्तान के तौर पर सीखने का अनुभव रही और दोनों टीमों की तरफ से कुछ बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिले। मुझे यकीन है कि दोनों टीमों के खिलाड़ी लंबे समय तक याद रखेंगे। उन्होंने आने वाली श्रृंखलाओं में इस लय को जारी रखने की उम्मीद जताते हुए कहा मैं इस पुरस्कार के लिए मुझे चुनने के लिए जूरी और इस रोमांचक श्रृंखला के दौरान मेरे साथ रहे मेरे साथियों को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं अपनी फॉर्म जारी रखने और देश के लिए और अधिक सम्मान हासिल करने की उम्मीद करता हूं। गिल आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार चार बार जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड दौरे पर जुलाई में खेले गए तीन टेस्ट मैचों में 94.50 की औसत से 567 रन (कुल 754 रन में से) बनाए थे। वह इससे पहले जानवरी 2023, सितंबर 2023 और फरवरी 2025 में इस खिताब को अपने नाम कर चुके है। गिल ने इस दौरान बर्मिंघम में खेले गये दूसरे टेस्ट मैच में कुल 430 रन (पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन) बनाये। यह ग्राहम गूच (456 रन) के बाद एक टेस्ट में किसी बल्लेबाज के द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। उनकी इन पारियों से भारत दूसरा मैच जीत कर श्रृंखला को 1-1 से बराबरी करने में सफल रहा था। महिला वर्ग में इंग्लैंड की सोफिया डंकले को जुलाई महीने की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। डंकले ने इस सम्मान के लिए अपनी टीम की साथी सोफी एक्लेस्टोन और आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस को पीछे छोड़ा। उन्होंने इस दौरान वनडे और टी20 दोनों में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर दोनों प्रारूप में हुए सभी सात मैच खेले, जिसमें तीन वनडे और चार टी20 में कुल 270 रन बनाए। डंकले टी20 शृंखला में इंग्लैंड की तरफ़ से सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी थीं और साउथम्पटन में पहले वनडे में 92 गेंदों में शानदार 83 रन बनाए थे।

वहीं दूसरी ओर

क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने अपने पूर्व खिलाड़ियों के साथ आपात बैठक के बाद लगभग सौ चीजों की पहचान की है जिनमें सुधार की आवश्यकता है।

# टीआरएयू एफसी को हराकर भारतीय नौसेना एफटी क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी

इम्फाल। पिंटू मेहता और श्रेयस वीजी के गोल से भारतीय नौसेना एफटी ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मंगलवार को यहां टीआरएयू एफसी को 2-1 से हराकर 134वें डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। टीआरएयू एफसी को 29वें मिनट में मोइरेंगथेम नेल्सन सिंह ने बढ़त दिलाई लेकिन पिंटू ने 87वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। श्रेयस ने इसके बाद इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में गोल दागकर भारतीय नौसेना एफटी की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से नौसेना की टीम ग्रुप एफसी में सात अंक के साथ शीर्ष पर रही। रीयल कश्मीर एफसी ने छह अंक हासिल किए और दूसरे स्थान पर रहे।



**रोनाल्डो ने अपनी पार्टनर जॉर्जिना से सगाई की**

वाशिंगटन। स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लंबे समय से उनकी पार्टनर रही जॉर्जिना रोड्रिग्स ने सगाई कर ली है। जॉर्जिना 31 साल की हैं। उन्होंने सोमवार को इंस्टाग्राम पर अपनी उंगली में एक बड़ी अंगूठी दिखाते हुए एक तस्वीर के साथ इस खुशखबरी की घोषणा की। जॉर्जिना ने तस्वीर के साथ स्पेनिश में कैप्शन में लिखा, हां हमने सगाई कर ली है। यह मेरी जिंदगी का सबसे खूबसूरत पल है। जॉर्जिना और 40 वर्षीय रोनाल्डो की दो बेटियां हैं। उन्होंने रोनाल्डो के अन्य तीन बच्चों की परवरिश में भी मदद की है। जॉर्जिना ने 2022 में जुड़वां बच्चों को जन्म दिया था लेकिन उनमें से एक लड़के की मौत हो गई थी। रोनाल्डो की जॉर्जिना से 2016 में मुलाकात हुई थी जब वह मैड्रिड के एक स्टोर में काम करती थीं। रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर यूनाइटेड पूर्व स्टार रोनाल्डो अब सऊदी अरब में अल-नासर के लिए खेलते हैं।

**पंजाब एफसी ने पंजाब राज्य लीग के लिए 26 सदस्यीय टीम की घोषणा की**

मोहाली। इंडियन सुपर लीग की टीम पंजाब एफसी ने आगामी राज्य सुपर फुटबॉल लीग के लिए मंगलवार को 26 सदस्यीय रिजर्व टीम की घोषणा की, जिसमें नौ अंडर-19 खिलाड़ी शामिल हैं। पिछले सत्र की उपविजेता पंजाब एफसी शनिवार को न्यू चंडीगढ़ में दलबीर एफए के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। पंजाब एफसी में पंजाब के 16 खिलाड़ी हैं। पंजाब के मुख्य कोच प्रवीण कुमार ने छह खिलाड़ियों को स्टैंडबाय पर भी रखा है। डूरंड कप के लिए सीनियर टीम में जगह बनाने वाले मानव सिंह को भी टीम में रखा गया है। प्रवीण ने एक विज्ञप्ति में कहा हमारे अधिकतर खिलाड़ियों को पिछले सत्र में पंजाब लीग में खेलने का अनुभव है। हमारी टीम संतुलित है और हमें पिछले सत्र से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

**सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट 19 अगस्त से**

नयी दिल्ली। चार अंतरराष्ट्रीय टीम सहित कुल 106 टीम 19 अगस्त से यहां शुरू हो रहे 64वें सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट में तीन आयु वर्ग में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयेजन जूनियर लड़कों (अंडर-17), जूनियर लड़कियों (अंडर-17) और सब जूनियर (अंडर-15) वर्ग में किया जाएगा। वायु सेना खेल नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसइटी द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट का आयोजन दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु के विभिन्न स्थलों पर 25 सितंबर तक किया जाएगा।

# हमला किया तो चुकानी होगी पाक को बड़ी कीमत

## भारत ने ऑपरेशन महादेव व सिंदूर के जरिये लिया था पाकिस्तान से बदला



जम्मू। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को कहा कि भारत ने ऑपरेशन महादेव और ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान की नृशंसता का बदला लिया है और अगर आतंकवादी देश ने भारतीय नागरिकों का खून बहाया तो उसे बहुत भारी कीमत चुकानी होगी।

सिन्हा 79वें स्वतंत्रता दिवस से पहले सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा आयोजित एक भारत, श्रेष्ठ भारत के लिए साइकिल चलाओ रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर रैली में भाग लेने वाले 79 साइकिल चालकों (40 स्थानीय युवाओं और 39 बीएसएफ जवानों) को सम्मानित भी किया। इससे पहले, उपराज्यपाल ने डल झील से तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वह स्वयं झील से बॉटनिकल गार्डन तक यात्रा में शामिल हुए। सिन्हा ने इस साल 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि ऑपरेशन महादेव और ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से हमने पाकिस्तान की नृशंसता का बदला ले लिया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, यदि आतंकवादी देश पाकिस्तान हमारे नागरिकों का खून बहाएगा तो उसे बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उपराज्यपाल ने ऑपरेशन महादेव में शामिल सशस्त्र बलों और जम्मू कश्मीर पुलिस के बहादुर जवानों और अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा, उन्होंने पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले का बदला लिया और राष्ट्र की गरिमा की रक्षा की। सिन्हा ने लोगों से शांति और सामाजिक सद्भाव को बाधित करने की कोशिश कर रहे विभाजनकारी तत्वों के प्रति सतर्क और सावधान रहने की भी अपील की। सुरक्षाबलों ने पहलगाम हमले में शामिल लश्कर-ए-तैयबा के तीन वरिष्ठ कमांडरों को 28 जुलाई को श्रीनगर के बाहरी इलाके में ऑपरेशन महादेव के तहत मुठभेड़ में मार गिराया था। पहलगाम के बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। इसके जवाब में भारत ने छह मई की देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में स्थित आतंकियों के नौ ठिकानों को निशाना बनाया था। उपराज्यपाल ने देश की प्रथम रक्षा पंक्ति बीएसएफ को उन बहादुर सैनिकों और अधिकारियों को उचित श्रद्धांजलि देने के लिए बधाई दी, जिन्होंने राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अविश्वसनीय वीरता, साहस का प्रदर्शन करते हुए बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि यह रैली युवाओं को बीएसएफ, सेना और पुलिस में शामिल होने के लिए भी प्रोत्साहित करेगी। कई कस्बों और गांवों से गुजरते हुए इस रैली ने युवा पीढ़ी को प्रेरित किया और उन्हें हमारे संस्थापकों के दृष्टिकोण और निस्वार्थ सेवा के उनके आदर्शों की याद दिलाई।

# प्रियंका गांधी ने फलस्तीन पर भारत सरकार की चुप्पी की आलोचना की



नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को कहा कि इजराइल नरसंहार कर रहा है और भारत सरकार फलस्तीन के लोगों पर इजराइल द्वारा बरपाए जा रहे कहर पर चुप है।

कांग्रेस नेता पर पलटवार करते हुए भारत में इजराइल के राजदूत रियूवेन अजार ने कहा, शर्मनाक बात आपका ढकोसला है। इजराइल ने 25,000 हमास आतंकवादियों को मार गिराया। मानव जीवन की भयानक क्षति का कारण हमास की घृणित रणनीतियां हैं जिनमें नागरिकों के पीछे छिपना, बाहर निकलने या सहायता प्राप्त करने की कोशिश कर रहे लोगों पर गोली चलाना, और रॉकेट दागना। अजार ने प्रियंका गांधी के पोस्ट को टैग करते हुए एक्स पर कहा, इज़राइल ने गाज़ा में 20 लाख टन भोजन पहुंचाया, जबकि हमास उसे ज़ब्त करने की कोशिश कर रहा है, जिससे भुखमरी पैदा हो रही है। पिछले 50 साल में गाज़ा की आबादी 450 प्रतिशत बढ़ी है, लेकिन वहां कोई नरसंहार नहीं हुआ। हमास के आंकड़ों पर यकीन मत कीजिए। कांग्रेस ने इजराइली राजदूत की टिप्पणी को अस्वीकार्य बताया और प्रियंका गांधी की ओर से व्यक्त दर्द एवं पीड़ा के जवाब में उनके द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्दों की निंदा की। प्रियंका गांधी ने कहा कि इजराइल गाजा में नरसंहार कर रहा है और 60,000 से अधिक लोगों की हत्या कर चुका है, जिनमें से 18,430 बच्चे थे। इसने कई बच्चों समेत सैकड़ों लोगों को भूखा रखकर मार दिया है और अब लाखों को भूखा मारने की धमकी दे रहा है। प्रियंका ने कहा कि इन अपराधों पर चुप रहना और कोई कार्वाई न करना भी एक अपराध है। यह शर्मनाक है कि भारत सरकार फलस्तीन के लोगों पर इजराइल द्वारा बरपाए जा रहे इस कहर पर चुप है।

## संक्षेप

### 700 रंगरूटों ने असम में पूरा किया प्रशिक्षण

देरगांव (असम)। गोवा पुलिस के 700 रंगरूटों ने मंगलवार को असम के गोलाघाट जिले में स्थित लचित बरफुकन पुलिस अकादमी (एलबीपीए) से अपना प्रारंभिक प्रशिक्षण पूरा किया। उन्हें शारीरिक तंदरुस्ती, मानसिक दृढ़ता, सामरिक कौशल और हथियार संचालन में कठोर प्रशिक्षण दिया गया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत प्रथम, द्वितीय और तृतीय भारतीय रिजर्व बटालियन के रंगरूटों की पासिंग आउट परेड में शामिल हुए। एक अधिकारी ने बताया कि ये रंगरूट पिछले साल चार अक्टूबर को 43 सप्ताह के प्रारंभिक प्रशिक्षण के लिए यहां पहुंचे थे। उन्होंने कहा, यह अकादमी के लिए एक ऐतिहासिक बैच था, क्योंकि यह एक अद्वितीय अवधि थी, जिसमें असम, मणिपुर और गोवा राज्यों की पुलिस ने एक साथ प्रशिक्षण लिया और इससे अंतर-राज्यीय सौहार्द और पेशेवर आदान-प्रदान को बढ़ावा मिला। पासिंग आउट परेड में शपथ ग्रहण, औपचारिक मार्च पास्ट, पुरस्कार वितरण और पैंथर्स ऑन व्हील्स इकाई द्वारा एक विशेष प्रदर्शन भी शामिल था। देश के शीर्ष पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों में से एक के रूप में विकसित किए जा रहे एलबीपीए के पहले चरण का उद्घाटन इस वर्ष मार्च में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया था।

# खाई में गिरी वैन का चालक गिरफ्तार गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे जिले में सोमवार को खाई में गिरी एक वैन के चालक को गिरफ्तार करके पुलिस ने उसके खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इस दुर्घटना में 10 महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी।

पिंपरी-चिंचवड़ पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि वैन चालक ज षिकेश करांडे के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, दूसरों की जान को खतरे में डालने वाले कृत्य को अंजाम देने और अवैध परिवहन में शामिल होने का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि सोमवार दोपहर यात्रियों से भरी एक पिकअप वैन पहाड़ी इलाके की एक खाई में गिर गई थी। पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना में 10 महिलाओं की मौत हो गई थी और 30 अन्य यात्री घायल हो गये थे। वाहन में सवार सभी यात्री पुणे जिले में एक मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक, 40 से ज्यादा यात्रियों को ले जा रहा वाहन अपराह्न करीब एक बजे रास्ते में ढलान पर चढ़ने में नाकाम रहा और फिसलते हुए 25 से 30 फुट नीचे गिर गया।

# विपक्षी सदस्यों ने सदन की गरिमा गिरायीः रिजीजू



नयी दिल्ली। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मुद्दे पर लोकसभा में विपक्ष की नारेबाजी और हंगामे को लेकर मंगलवार को कहा कि विपक्षी सदस्यों ने आसन की ओर कागज के टुकड़े फेंक कर सदन की गरिमा को गिराया है। रीजीजू ने सदन में शोर-शराबे के बीच कहा, हम लोगों ने बार-बार कहा है कि हिम्मत है तो चर्चा में भाग लेना चाहिए। देश के समक्ष हम लोग विधेयक लेकर आये हैं।

उन्होंने नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों से कहा, आप लोग चर्चा में हिस्सा नहीं लेते हैं और अनाप-शनाप बातें कहते हैं, फिर बोलते हैं कि (सदन में) बोलने नहीं दिया जाता। रीजीजू ने कहा कि हम लोगों ने जिंदगी भर विपक्ष में बैठकर काम किया है। ऐसा व्यवहार हमने जिंदगी में नहीं देखा है। हम लोग भी संघर्ष करते थे, प्रोटेस्ट (विरोध-प्रदर्शन) करते थे लेकिन हम लोग तरीके से करते थे। आप लोगों ने इस पूरे सदन की गरिमा को गिराया है। मैं इस बात का खंडन करता हूं। देश आपको माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा, मैं विपक्ष के साथियों को कहना चाहता हूं कि अब भी समय है, सुधर जाएं। चर्चा में भाग लेकर देश के लिए काम करने का अब भी वक्त है। टाइम बर्बाद मत कीजिए। हम सबको यहां सदन में काम करने के लिए भेजा गया है...कागज उठाकर चेयर की ओर फेंकने के लिए नहीं भेजा गया है। आसन की ओर कागज के टुकड़े फेंके जाने के संबंध में पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने कहा, कांग्रेस के उपनेता (गौरव गोगोई) ने इशारा किया, आपने कागज दिया फाड़ने के लिए। कोई उपनेता इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना हरकत नहीं करेगा।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा ने तिरंगा साइक्लोथॉन को दिखायी हरी झंडी

नयी दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को सिविल लाइंस स्थित दिल्ली विधानसभा से राजघाट तक लड़कियों के लिए तिरंगा साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज की असली महिमा तब साकार होगी जब लड़कियों को पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त होगी और उनकी सरकार उनके बेहतर भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस साइक्लोथॉन को मुख्यमंत्री गुप्ता ने दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस बीच, केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय की हर घर तिरंगा बाइक रैली को केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू, केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, मुख्यमंत्री गुप्ता और कई सांसदों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री गुप्ता ने बाइक रैली में कहा कि क्या आपने 2014 से पहले कभी देखा है कि कोई प्रधानमंत्री हाथों में तिरंगा थामे लोगों का नेतृत्व कर रहा हो? नेताओं ने आजादी से पहले ही तिरंगा छोड़ दिया था। आज, जो लोग संविधान की प्रति अपनी जेब में रखते हैं, उनके हाथों में तिरंगा नहीं है। ये वही लोग हैं जो दावा करते थे कि उन्होंने देश को आज़ाद करवाया, लेकिन आज वही लोग देश की अखंडता में विश्वास नहीं रखते। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारा जीवन इसी तिरंगे पर टिका है और इसके तीन रंग देश की समृद्धि के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा, हर भारतीय चाहता है कि हमारा तिरंगा ऊंचा और अमर रहे। इस तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय के नारों से आसमान गुंजायमान है। उन्होंने कहा कि सांसदों से लेकर हमारे वीर सैनिकों तक, हर कोई अपनी देशभक्ति का इजहार कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, आजादी के 78 साल बाद भी देश के प्रति हमारा प्यार हर गुजरते साल के साथ लगातार बढ़ रहा है।

# राहुल ने दोहराये वोट चोरी के आरोप, कहा- पिक्चर अभी बाकी है



नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग पर एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत को लागू करने का अपना कर्तव्य नहीं निभाने का आरोप लगाया और मतदाता सूची में अनियमितताओं के दावों का हवाला देते हुए कहा कि अभी पिक्चर बाकी है। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी संविधान की रक्षा कर रही है और ऐसा करती रहेगी।

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि यह सिर्फ एक सीट की बात नहीं है (जहां वोट चोरी हो रही है), बल्कि कई सीटों की बात है। यह राष्ट्रीय स्तर पर और व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है। चुनाव आयोग जानता है और हम भी जानते हैं। उन्होंने कहा कि पहले सबूत नहीं था, लेकिन अब है। हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं। एक व्यक्ति, एक वोट संविधान की नींव है और इसे लागू करना चुनाव आयोग का कर्तव्य है और उन्होंने अपना कर्तव्य नहीं निभाया। इसलिए हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं और करते रहेंगे। हम रुकेंगे नहीं। बिहार की मतदाता सूची में कथित तौर पर दर्ज 124 वर्षीय मिंता देवी के बारे में पूछे जाने पर राहुल गांधी ने कहा, ऐसे अनगिनत मामले हैं। अभी पिक्चर बाकी है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भी कहा कि ऐसे कई मामले हैं जिनमें पते और रिश्तेदारों आदि के नाम फर्जी हैं। इससे पहले, मंगलवार को इंडिया गठबंधन के कई सांसदों ने संसद परिसर में बिहार में निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के खिलाफ प्रदर्शन किया। कई सांसदों ने सफेद टी-शर्ट पहन रखी थी जिस पर 124 वर्षीय मतदाता का नाम लिखा था जो कथित तौर पर राज्य की मतदाता सूची में दर्ज पायी गयी है। संसद के मकर द्वार पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस के संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, तृणमूल कांग्रेस सांसद डेरेक ओ ब्रायन, द्रमुक के टीआर बालू, राकांपा (शरदचंद्र पवार) की सुप्रिया सुले समेत अन्य विपक्षी सांसदों ने पोस्टर लेकर नारे लगाए और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को वापस लेने की मांग की। प्रियंका गांधी सहित कई सांसद सफेद टी-शर्ट पहने नजर आए, जिस पर मिंता देवी और उनकी तस्वीर छपी थी और पीछे 124 नॉट आउट लिखा था। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने आरोप लगाया कि राजीव कुमार और ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का एक विभाग बन गया है। उन्होंने प्रदर्शन में भाग लेते हुए आरोप लगाया, मिंता देवी को पहली बार की मतदाता दिखाया गया है जबकि उनकी उम्र 124 साल है। मतदाता सूची में उनका नाम पहली बार मतदाता के रूप में दर्ज है। हम ऐसे मुद्दों पर चर्चा चाहते हैं। चुनाव आयोग कैसे भाजपा की पार्टी बन गया है? मतदाता सूची ऐसे ही फर्जीवाड़े से भरी पड़ी है। बिहार में एसआईआर को लेकर संसद में गतिरोध बना हुआ है।

# भारत ने जांबिया के साथ सहकारी निर्यात बढ़ाने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये

नयी दिल्ली। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भारत ने जांबिया और अपनी सहकारी समितियों के बीच व्यापार गठजोड़ को बढ़ावा देने के लिए उसके साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। शाह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सहकारिता मंत्रालय विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों के माध्यम से भारत के सहकारी निर्यात परितंत्र को मजबूत करने के लिए काम कर रहा है। जांबिया के साथ सहकारिता को बढ़ावा देने और दोनों देशों की सहकारी समितियों के बीच व्यापार गठजोड़ के लिए सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से 18 जुलाई को जांबिया के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

## इंटरटेनमेंट...

# 'छावा-द केरल स्टोरी' की सफलता पर जॉन ने उठाया सवाल




मुंबई। जॉन अब्राहम जल्द ही फिल्म 'तेहरान' में दिखेंगे। आजकल एक्टर फिल्म के प्रमोशन में बिजी है। इसी दौरान उन्होंने एक इंटरव्यू में 'छावा' और 'द केरल स्टोरी' जैसी फिल्मों की पॉपुलैरिटी, सेंसरशिप और आजकल बनने वाली राष्ट्रवादी फिल्मों पर अपनी राय दी है। इंडिया टुडे को दिए एक इंटरव्यू में जॉन सेंसरशिप पर बात करते हुए कहा 'हमें सेंसरशिप की जरूरत है, लेकिन जिस तरह से इस कंट्रोल किया जा रहा है, उस पर थोड़ा सवालिया निशान है। वे हमारे साथ अच्छे रहे हैं, लेकिन मैं भी अपनी फिल्में जिस तरह से बनाता रहा हूं, उसके लिए जिम्मेदार रहा हूं। मैं राइट विंग या लेफ्ट विंग का नहीं हूं। मैं अराजनीतिक हूं। मेरे लिए चिंता की बात यह है कि दक्षिणपंथी फिल्मों को बहुत ऑडियंस मिलती है। तब एक फिल्मकार के रूप में आप खुद से पूछते हैं कि आप किस राह पर चलेंगे? क्या मैं कमर्शियल रास्ता अपनाऊंगा या अपनी बात पर अडिग रहूंगा? मैंने दूसरा रास्ता चुना है। फिल्म में जॉन के साथ नीरू बाजवा और मानुषी छिल्लर भी नजर आएंगी। जब उनसे पूछा गया कि क्या वो 'छावा' या 'द कश्मीर फाइल्स' जैसी फिल्में बनाने पर विचार करेंगे, तो जॉन ने खुलकर जवाब दिया। मैंने 'छावा' और 'द कश्मीर फाइल्स' नहीं देखी है, लेकिन मुझे पता है कि लोगों को यह पसंद आई है। लेकिन जब फिल्में अति-राजनीतिक माहौल में लोगों को प्रभावित करने के इरादे से बनाई जाती हैं और ऐसी फिल्मों को दर्शक मिल जाते हैं, तो यह मेरे लिए डरावना होता है। आपके सवाल का जवाब ये है कि नहीं, मुझे कभी भी ऐसी फिल्में बनाने का लालच नहीं हुआ और मैं कभी भी ऐसी फिल्में नहीं बनाऊंगा।

❍ मैं राइट या लेफ्ट विंग का नहीं हूं, मैं कभी ऐसी फिल्में नहीं बनाऊंगा

# कोर्ट जाना पड़े तो जाऊंगा : मुकेश

मुंबई। पॉपुलर इंडियन सुपरहीरो शो शक्तिमान पर लंबे समय से फिल्म बनाए जाने की तैयारी जारी है। सोनी पिक्चर्स ने एक्टर मुकेश खन्ना से फिल्म के राइट्स मांगे थे, लेकिन जैसे ही खबर सामने आई कि फिल्म में रणवीर सिंह शक्तिमान का रोल करेंगे, तो मुकेश खन्ना ने राइट्स देने से साफ इनकार कर दिया। उन्हें मनाने के लिए रणवीर सिंह उनके दफ्तर भी पहुंचे थे और 3 घंटे तक बातचीत की थी, लेकिन बात तब भी नहीं बनी। अब मुकेश खन्ना ने कहा है कि वो कतई रणवीर सिंह के साथ शक्तिमान नहीं बनने देंगे, भले ही उन्हें कोर्ट तक क्यों न जाना पड़े। हाल ही में गलाटा इंडिया को दिए इंटरव्यू में मुकेश खन्ना से पूछा गया था कि शक्तिमान (फिल्म) कब आएगी।

# सारा अली ने रोहित शेट्टी से मांगा काम

**मुंबई।** सारा अली खान आज अपना 30वां जन्मदिन मना रही हैं। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी सारा अली खान ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा से इंडस्ट्री में अपनी एक खास जगह बनाई है। हालांकि, वो फिल्मों से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। नेपोटिज्म की वजह से अक्सर ट्रोल होती रहती हैं। ट्रोलिंग पर सारा अली खान ने कहा था, 'मैं अपने मां- बाप को तो नहीं बदल सकती। मैं हमेशा चाहती हूं कि लोग मुझे मेरे काम से पहचानें। आइए आज सारा के जन्मदिन पर उनकी जिंदगी और करियर के बारे में जानते हैं। शिकागो में ऐश्वर्या राय की स्टेज परफॉर्मेंस देखकर सारा ने एक्ट्रेस बनने के बारे में सोचा था।

# भारत में बैन, वर्ल्डवाइड रिलीज होगी 'अबीर गुलाल'




मुंबई। फिल्म अबीर गुलाल 9 मई को रिलीज होने वाली थी, जिसे पहलगाम आतंकी हमले के बाद बैन कर दिया गया था। खूबसूरत और ऐ दिल है मुश्किल जैसी बेहतरीन बॉलीवुड फिल्मों में नजर आ चुके पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान फिल्म अबीर गुलाल से बॉलीवुड कमबैक करने वाले थे। उनकी ये फिल्म 9 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी कलाकारों पर पूर्णतः रोक लगा दी गई, जिससे फिल्म का जमकर विरोध हुआ था और मेकर्स को रिलीज रोकनी पड़ी थी। अब लंबे विवाद के बाद फिल्म अबीर गुलाल 29 अगस्त को वर्ल्डवाइड रिलीज हो रही है, हालांकि ये फिल्म बैन के चलते भारत में रिलीज नहीं होगी।

फिल्म अबीर गुलाल की रिलीज डेट आते ही एआईडब्ल्यूसीए (ऑल इंडिया सिने वर्कर्स एसोसिएशन) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेटर लिखकर इसके खिलाफ सख्त एक्शन लिए जाने की मांग की है। साथ ही एसोसिएशन ने इसे देशद्रोह बताते हुए एक्ट्रेस वाणी कपूर और फिल्म के डायरेक्टर-प्रोड्यूसर की नागरिकता रद्द किए जाने की भी मांग की है। एआईडब्ल्यूसीए फिल्म अबीर गुलाल के प्रोड्यूसर, एक्ट्रेस वाणी कपूर और डायरेक्टर आरसी एस बागदी पर इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में काम करने से पूरी तरह बैन लगाता है। यह निर्णायक कदम राष्ट्रहित में उठाया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जो लोग राष्ट्रविरोधी तत्वों के साथ सहयोग करना चुनते हैं, उनका हमारे देश के कल्चरल इकोसिस्टम में कोई स्थान न हो। यह गहरी शर्म की बात है कि भारतीय नागरिक, जो हमारी सशस्त्र सेनाओं के अनगिनत बलिदानों से पूरी तरह अवगत हैं, खुलेआम एक पाकिस्तानी नागरिक के साथ सहयोग कर रहे हैं, जो एक आतंकी देश से है। यह फैसला हमारे शहीदों की याद का अपमान है, जिनमें पुलवामा (2019), 26/11 मुंबई हमले, पहलगाम आतंकी हमला और कई अन्य घटनाएं शामिल हैं।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com